GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-30-08-2023

# पहले तहरीर फिर सुलह

**जासं, झंगहा :** थाना क्षेत्र के शिवपुर फार्म टोला की संगीता ने मंगलवार को पुलिस को तहरीर देकर रामपुर मोतीराम चौराहा के तीन नामजद और तीन अज्ञात के विरुद्ध घर में घुसकर गाली और तोड़फोड़ का आरोप लगाया। संगीता का कहना है एक आरोपित ने गैस कनेक्शन दिलाने के लिए छह हजार रुपये लिए। गैस चूल्हा, रेग्युलेटर तथा दो गैस सिलेंडर देने के लिए कहा था, परंतु एक ही सिलेंडर दिया। कोई दस्तावेज भी नहीं दिया। पूछने पर घर में घुसकर गाली देने के साथ ही तोड़फोड़ की। संगीता ने मोतीराम अड्डा चौकी प्रभारी पर आरोपितों की मदद का आरोप लगाया है। हालांकि देर शाम मामले में पुलिस ने सुलह करा दिया।

# रक्षाबंधन : जाम से निपटने को पुलिस तैयार

## एसपी सिटी ने तैयार की योजना, नौकायन की तरफ नहीं जा सकेंगे चार पहिया वाहन

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : रक्षाबंधन पर्व पर शहर में जाम न लगे इसे लेकर पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है। बुधवार को ही नौकायन, गोरखनाथ मंदिर समेत सभी प्रमुख स्थानों पर फोर्स तैनात कर दी जाएगी। भीड़ बढ़ने पर नौकायन की तरफ चार पहिया वाहनों को जाने से रोका जाएगा।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि शहर क्षेत्र में सुगम यातायात व्यवस्था के लिए नौकायन, चिड़ियाघर, गोरखनाथ मंदिर, झूलेलाल मंदिर, जेपी हास्पिटल, सिटी माल, ओरियन, एडी माल, गोलघर, विजय चौक, पैडलेगंज, गौतमबुद्ध द्वार, चंपा देवी पार्क, प्रेक्षागृह, एनेक्सी भवन, सर्किट हाउस, ट्रांसफार्मर तिराहा, दिग्विजयनाथ पार्क, हनुमान मंदिर, देवरिया बाईपास, चिड़ियाघर मुख्य द्वार के पास अतिरिक्त फोर्स रहेगी। यातायात नियंत्रित करने के लिए डायवर्जन व पार्किंग की व्यवस्था की गई है।



रक्षाबंधन का त्योहार बहन और भाई के प्रेम व स्नेह के पर्व के रूप में मनाया जाता है। रक्षा पर्व को लेकर बाजार भी रंग बिरंगी राखियों से सज जाता है। बहनें भी अपने भाई की कलाई सजाने के लिए बहुत मन से राखी की खरीदारी करती हैं। गोलघर में राखी की खरीदारी करती बहनें • जागरण

### नौकायन क्षेत्र में यहां खड़े होंगे वाहन

नौकायन क्षेत्र में आने वाले चार पहिया वाहन महंथ दिग्विजयनाथ पार्क में खड़े होंगे। दो पहिया वाहनों की पार्किंग सर्किट हाउस मुख्य द्वार के बगल में की गई है। बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह के सामने, पीछे व बगल में चार पहिया वाहन और चंपा देवी पार्क में आटो, ई-रिक्शा और बस पार्किंग की व्यवस्था है।

### महिलाओं को आज व कल बसों में निशुल्क यात्रा की सौगात

जासं, गोरखपुर : रक्षा बंधन पर्व पर इस बार महिलाओं को 30 और 31 को रोडवेज और इलेक्ट्रिक बसों में निशुल्क यात्रा की सौगात मिलेगी। परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक पीके तिवारी के अनुसार रोडवेज की बसें जहां तक जाएंगी, महिलाओं को निशुल्क यात्रा की सुविधा दी जाएगी। उन्हें टिकट तो दिया जाएगा, लेकिन किराया नहीं लिया जाएगा। उनके साथ चलने वाले पुरुष यात्रियों का पूरा किराया लगेगा। महिला यात्रियों की सुविधा का पूरा ख्याल रखा जाएगा। इसके लिए आवश्यक निर्देश जारी कर दिया गया है। सभी रूटों पर नियमित बसों के फेरे बढ़ा दिए गए हैं। लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज और दिल्ली रूटों पर अतिरिक्त बसें लगाई गई हैं। रोडवेजकर्मियों की छुट्टी रद कर दी गई है। 29 अगस्त से 03 सितंबर तक लगातार ड्यूटी करने वाले कर्मियों को निर्धारित प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

# सड़क हादसे में युवक के घायल होने के मामले में केस दर्ज

जासं, पिपरौली : गीडा के छपिया में सड़क हादसे में घायल संतकबीरनगर धनघटा के भैंसाटिकर के रहने वाले रामवृक्ष के मामले में पुलिस ने मंगलवार को केस दर्ज कर लिया है।

# जिलाधिकारी-एसएसपी ने जांची बाजारों की सुरक्षा



त्योहारों को लेकर पांडेयहाता का भ्रमण करते जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर व अन्य पुलिस अधिकारी। संवाद

गोरखपुर। आगामी त्योहार को देखते हुए डीएम कृष्णा करुणेश व एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने मंगलवार को शहर के प्रमुख बाजारों में पैदल गश्त कर सुरक्षा जांची। रक्षाबंधन को देखते हुए 30 और 31 अगस्त को शहर के प्रमुख बाजार, मॉल, नौकायन पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स के अलावा ट्रैफिक पुलिस की तैनाती का आदेश भी दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक, डीएम व एसएसपी ने फोर्स के साथ मंगलवार को सर्राफा बाजार, घंटाघर, गोलघर आदि इलाकों में पैदल गश्त किया। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि भीड़भाड़ वाले स्थान जैसे नौकायन, चिड़ियाघर, गोरखनाथ मंदिर, झूलेलाल मंदिर, सिटी मॉल, ओरियन मॉल, एडी मॉल, गोलघर, विजय चौक, पैडलेगंज के पास अतिरिक्त फोर्स लगाई गई है। संवाद

# दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। शाहपुर व गोरखनाथ पुलिस ने शादी का झांसा देकर किशोरी को अगवा करने व दुष्कर्म के आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। शाहपुर में पकड़े गए आरोपी की पहचान महराजगंज के घुघली के करौता निवासी प्रवीण कुमार सिंह के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। वहीं गोरखनाथ में गिरफ्तार आरोपी की पहचान चिलुआताल के संझाई निवासी मिठ्ठू यादव के रूप में हुई है। ब्यूरो

# चोरी के चार स्कूटर संग युवक गिरफ्तार

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने मंगलवार को चोरी के चार स्कूटर के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान चौरीचौरा के जंगल मठिया निवासी नागेश्वर पांडेय के रूप में हुई है। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों का नाम भी बताया है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जल्द उसे भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा। ब्यूरो

# चौरीचौरा में टैंकरों से हो रही थी डीजल की चोरी

## एसडीएम, एएसपी और प्रशिक्षु सीओ की अगुवाई में मारा गया छापा

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। चौरीचौरा इलाके के सतहवा में मंगलवार को बैतालपुर डिपो के टैंकरों से डीजल चोरी का मामला पकड़ा गया। एसडीएम प्रशांत वर्मा, एएसपी मानुष पारीक और प्रशिक्षु सीओ ओंकार दत्त त्रिपाठी की अगुवाई में छापा मारा गया। वहां चोरी हुआ डीजल, तीन डीजल टैंकर, एक बोलेरो, एक बाइक और टैंकरों से डीजल निकालने के उपकरण भी बरामद हुए हैं। एक टैंकर चालक भी पकड़ा गया है।

जानकारी के मुताबिक, कि गोरखपुर-देवरिया मार्ग स्थित चौरी गांव के सतहवा में टैंकरों से डीजल की चोरी की जानकारी प्रशासन को मिली। इस पर एसडीएम प्रशांत कुमार व एएसपी मानुष पारीख मंगलवार की दोपहर पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां टैंकरों से डीजल चोरी की जा रही थी। पुलिस और प्रशासन की गाड़ी देखते ही डीजल चोरी करने वाले भागने लगे।



चौरीचौरा में मंगलवार को कार्रवाई करती पुलिस। संवाद

### तीन टैंकर, बोलेरो, बाइक, डीजल निकालने के उपकरण और डीजल बरामद

एक डीजल टैंकर चालक मौके से पकड़ा गया।

एसडीएम ने बताया कि बरामद वस्तुएं निरीक्षक चौरीचौरा इंद्रेश तिवारी को सुपुर्द कर अगली कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है। चर्चा है कि यहां लंबे समय से डीजल व पेट्रोल टैंकरों से तेल की चोरी होती है। इसे सस्ते दाम पर बेच दिया जाता है। एसडीएम ने कहा कि डीजल चोरी के धंधे में जिन लोगों की भी संलिप्तता है, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### जुआ खेलते तीन पकड़े

कैंपियरगंज। इलाके के करमैनीघाट पुलिस चौकी से सटे भगवानपुर गांव से पुलिस ने तीन लोगों को जुआ खेलते हुए पकड़ लिया। मौके से पुलिस ने पांच बाइक व ताश के पत्ते बरामद किया है। थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने कार्रवाई की है।

# पति पर पिटाई का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

गोरखपुर। रामगढ़ताल इलाके के इंदिरानगर की एक महिला ने पति पर उसे और बच्चों को पीटने का आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक, संजना यादव अपने दोनों बेटियों को लेकर एसएसपी ऑफिस का चक्कर लगा रही है। मंगलवार को फिर वह पुलिस ऑफिस पहुंची, लेकिन एसएसपी से मुलाकात नहीं हो पाई। संजना ने बताया की वो एडीजी, आईजी, एसपी क्राइम व अन्य अधिकारियों से मिल चुकी है। आदेश के बाद भी पुलिस ने अब तक केस दर्ज नहीं किया है। ब्यूरो

# जालसाजी से बैनामा कराने वाला गिरफ्तार

सरदारनगर। चौरीचौरा पुलिस ने जमीन के कारोबार में धोखाधड़ी कर बैनामा कराने और रुपये हड़पने के आरोपी शिवसागर यादव को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि डुमरी खास निवासी चर्चित भूमाफिया रामगोपाल यादव के खिलाफ डुमरी खास गांव निवासी रामसजन ने चौरीचौरा में केस दर्ज कराया था। रामसजन का आरोप है कि जमीन दिलाने के नाम पर दिए गए रुपयों को वापस मांगने पर रामगोपाल यादव और चार अन्य लोगों ने मिलकर उसे कमरे में बंधक बनाकर पिटाई भी की थी। ब्यूरो

# पत्नी की खुदकुशी मामले में आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। चिलुआताल पुलिस ने पत्नी की खुदकुशी के मामले में पति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि उकसाने पर ही उसने खुदकुशी की थी। आरोपी की पहचान चिलुआताल के कृतपुरा निवासी अनिल चौहान के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। ब्यूरो

# भटहट में युवक ने खुदकुशी की कोशिश की

भटहट। गुलरिहा इलाके के जंगल हरपुर निवासी शहबुद्दीन ने मंगलवार को खुदकुशी की कोशिश की। उसे एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि पत्नी ने दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है, जिस वजह से उसने आत्मघाती कदम उठाया है। शाहबुद्दीन के पिता जमालुद्दीन ने बताया कि उसका पुत्र विदेश में रहता है। वह लगभग एक माह पहले घर आया है। इसी बीच पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसके बाद शहाबुद्दीन की पत्नी इबराना खातून ने पति, ससुर एवं सास के खिलाफ दहेज उत्पीड़न के साथ ही अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज करा दिया। इस वजह से बेटे ने खुदकुशी की कोशिश की है। ब्यूरो

# कूड़ा हटाने के लिए दो पक्षों में मारपीट, केस दर्ज

गीडा। इलाके के हरदिया गांव में कूड़ा हटाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों की तहरीर पर गीडा पुलिस ने सोमवार को आठ लोगों पर बलवा और मारपीट का केस दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक, हरदिया निवासी शौर्य निधि मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि उनके पिता बाहर घर की सफाई करके कूड़ा हटा रहे थे। तभी पड़ोसी पिता को गाली देने लगे। जब मैंने विरोध किया तो सभी ने मुझे अपने घर में खींचकर पिटाई कर दी। इस मामले में गीडा पुलिस ने संतोष, भगवानदास और सत्यम निवासी हरदिया पर मारपीट का केस दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष से संतोष मदुदेशिया ने गीडा पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्हें उनके पड़ोसी शौर्य निधि मिश्रा ने अपने सहयोगियों के साथ कट्टे के बट से मारकर घायल कर दिया। ब्यूरो

# छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

झंगहा। पुलिस ने छेड़खानी के आरोप में सोमवार की शाम एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान बिहार के बक्सर जिले के राजपुर गांव निवासी जितेंद्र राय के रूप में हुई है। आरोपी क्षेत्र के एक गांव में अपने ससुराल में रहता है। रविवार को पड़ोस की एक किशोरी को खेत की तरफ जाकर छेड़खानी करने लगा। ब्यूरो

# एम्स थाने से सौ मीटर दूर महिला से जेवरात-पर्स लूटे

गोरखपुर। एम्स थाने के गेट से महज 100 मीटर दूर ऑटो सवार दो बदमाशों ने एक महिला से गहने व पर्स लूट लिए। महिला की तहरीर पर पुलिस लूट व धमकी का केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, गिरधरगंज निवासी सोहनलाल गुप्ता ने तहरीर में लिखा है कि पत्नी लक्ष्मी देवी 26 अगस्त की शाम सब्जी खरीदकर महादेव झारखंडी गेट से एक ऑटो में बैठी। ऑटो में दो लोग पहले से बैठे थे। ऑटो जैसे ही एम्स थाने के आगे मूर्ति लॉन के पास पहुंची तो दोनों ने धमकाकर कान का टाप्स व चेन उतरवा लिए और पर्स छीन लिया। उसे सिंघड़िया चौराहे पर उतार दिया। एम्स इलाके में पिछले चार दिन में यह दूसरी घटना है। इसके पहले झारखंडी के पास बाइक सवारों ने महिला से लूट की थी। ब्यूरो

खून माफिया

# खून देने वाले मजदूर का नाम रिकॉर्ड से गायब, बीआरडी के 4 स्टाफ घेरे में

## पुलिस ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन से रक्तदाताओं की सूची मांगी, करेगी जांच

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में जिस मजदूर गोरख का रक्तदान कराकर खून बेचने का मामला सामने आया था, उसका नाम रिकॉर्ड में नहीं है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन की इस रिपोर्ट के बाद पुलिस को यकीन हो गया है कि खून माफिया का नेटवर्क बहुत अंदर तक और बड़ा है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज की मदद से गुत्थी सुलझाने में जुट गई है।

वहीं, पुलिस ने एक महीने में रक्तदान करने वालों की सूची भी मेडिकल कॉलेज प्रशासन से मांगी है। सूची आने के बाद सभी रक्तदाताओं की पुलिस जांच करेगी। अगर इसमें से कोई मजदूर निकलता है तो उससे इस नेटवर्क से संबंध खंगालने की तैयारी है। उधर, दो वार्ड बॉय समेत चार कर्मचारियों की भूमिका की जांच मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने अपने स्तर से भी शुरू करा दी है।

जांच में सामने आया है कि खून माफिया तिवारीपुर के बिंद टोला निवासी वसील खान व एजेंट महराजगंज के परेंदा निवासी केशव देव ने पिछले 6 महीने में 50 से ज्यादा लोगों को खून निकलवाकर दिया है। यानी इतने मजदूरों से ये लोग

### 50 से अधिक लोगों को खून माफिया ने बनाया है शिकार सीसीटीवी से खुलेगा राज



29 अगस्त को प्रकाशित खबर।

खून निकलवा चुके हैं। पुलिस अब गिरफ्तार वसील खान व केशव देव के मोबाइल फोन की सीडीआर भी निकलवाकर जांच कर रही है। 50 से ज्यादा खून लेने व देने वालों को भी बुलाकर बयान दर्ज कराया जाएगा।

जांच में सामने आया है कि ब्लड बैंक के रजिस्टर में खून देने वाले गोरख का नाम ही दर्ज नहीं है। अब पुलिस यह जांच कर रही है कि इसमें किसकी मिलीभगत है। अभी तक की जांच में पुलिस को पुख्ता जानकारी मिली है कि बीआरडी के कर्मचारी भी इस नेटवर्क में शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार, सरगना वसील पहले नगर निगम का सफाई कर्मी था। वर्तमान में वह खून की दलाली कर रहा है। खजांची चौराहे से मजदूरों को 5 से 6 हजार प्रति यूनिट खून डोनेट करने पर तय कर ब्लड बैंक ले जाते हैं। वहां खून निकलवाकर जरूरतमंद को 10 हजार प्रति यूनिट बेचते हैं और 1500 से 2500 प्रति यूनिट मुनाफा कमाते हैं। एजेंट केशव देव भी मजदूर है। ये लोग हर हफ्ते 2 से 3 लोगों से खून निकलवाकर बेचते थे।

### मजदूर ने बताया था बेचा गया था खून, आ गया था चक्कर

पुलिस ने रविवार को शाम को वसील खान खजांची चौराहे से महराजगंज के पनियरा निवासी मजदूर गोरख चौहान को 6 हजार में एक यूनिट खून देने की बात कहकर ले गया। मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में केशव देव मिला। उसने उसका खून निकलवाया। खून, पिपराइच के रसूलपुर के मोहन को 10 हजार में बेच दिया। बाद में खून देने वाले गोरख को सिर्फ 1100 रुपये देकर मारपीट कर भगा दिया था। इसके बाद गोरख की तहरीर पर



पुलिस ने केस दर्ज कर वसील और केशव को गिरफ्तार कर लिया था। उसने यह भी बताया था कि खून निकलने के बाद उसे चक्कर आ गया था। इससे वह गिर भी गया था। यह बात दर्ज एफआईआर में भी लिखी गई है।

### पुलिस की पहल, इमरजेंसी एप लांच किया



अब पुलिस विभाग ने एक इमरजेंसी एप लांच किया है। एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने बताया कि जिसे भी खून की जरूरत हो, वह इस एप पर ब्लड जरूरत की सूचना देगा तो रक्तदान करने वाले सिपाही तत्काल निशुल्क रक्त उपलब्ध कराएंगे। साथ ही लोग सिपाही राजन को 8924091231 पर कॉल कर सकते हैं। यह रक्तदान निशुल्क करेंगे।

पुलिस सीडीआर खंगाल रही है। मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक के रजिस्टर में केस दर्ज कराने वाले पीड़ित का नाम दर्ज नहीं था। सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। आगे अन्य जो भी दोषी मिलेगा, कार्रवाई की जाएगी। - **मानुष पारिक, एएसपी**

### प्राचार्य ने किया ब्लड बैंक का निरीक्षण

*गोरखपुर। बीआरडी मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक के कर्मचारियों के भी खून माफिया गैंग से मिले होने की आशंका सामने आने पर प्राचार्य डा. गणेश कुमार ने मंगलवार को ब्लड बैंक की जांच की। उन्होंने रजिस्टर मंगाकर चेक किया। शनिवार को जिन तीन कर्मचारियों की ड्यूटी थी, उनका नाम नोट कर ले गए। चर्चा है जिस गोरख चौहान का खून निकाला गया था, उनका नाम रजिस्टर में दर्ज नहीं मिला। कर्मचारियों का कहना है कि ब्लड बैंक के गलियारे में सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है। ब्यूरो*

---

# खिलौना असलहा से रील बनाना पड़ा महंगा, 14 युवक हिरासत में

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। हाईवे पर स्कार्पियो के बोनट पर बैठकर हाथ में खिलौना असलहा लेकर रील बनाना व उसे वायरल करना युवकों को महंगा पड़ गया। गीडा पुलिस ने पहचान कर सभी 14 युवकों को हिरासत में ले लिया। बाद में पुलिस ने सभी का शांतिभंग में चालान कर दिया।

गीडा के थानेदार रतन पांडेय ने बताया कि सोमवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें कुछ युवक एक गाड़ी के बोनट पर बैठकर हाथ में असलहा लिए थे। जांच में पता चला कि असलहा असली नहीं बल्कि खिलौना था। पुलिस ने वायरल वीडियो से पहचान कर सभी 14 युवकों अभिषेक सरगम, विनोद मौर्य, प्रमोद मौर्य, लवकुश साहनी, सुभाष निषाद, पवन त्रिपाठी, अक्षय पाल, दिनेश प्रसाद, अर्जुन पाल, अजय पाल, राजन पाल, राकेश निषाद व चौथी को हिरासत में लिया। उनके पास से लाइटर नुमा पिस्टल (खिलौना) बरामद किया गया।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था वीडियो, पुलिस ने शांतिभंग में किया चालान

---

# सॉल्वर गैंग के पांच आरोपियों पर गैंगस्टर

गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने सॉल्वर गैंग के पांच आरोपियों पर मंगलवार को गैंगस्टर की कार्रवाई की है। गैंग का सरगना भेड़ियागढ़ निवासी आकाश श्रीवास्तव है। यह लोग ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षाओं में दूसरे की जगह साल्वर बैठाकर परीक्षा दिलवाते थे। इसके बदले रुपये कमाते थे।

शाहपुर थाने के इंस्पेक्टर शशिभूषण राय ने बताया कि गैंग में नीरज लाकड़ा निवासी जाहरी सोनीपत, अभिनाश यादव निवासी उन्नाव, विनय मोहन यादव निवासी सौरहा थाना पनियरा महराजगंज एवं संतोष यादव निवासी तीतनपार थाना सहजनवां शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, शाहपुर क्षेत्र के विष्णुपुरम भेड़ियागढ़ निवासी आकाश श्रीवास्तव उर्फ अंकित गिरोह चलता है। गिरोह के सदस्य प्रतियोगी परीक्षाओं में ऑनलाइन परीक्षा केंद्रों पर केंद्र संचालकों से सेटिंग कर सॉल्वर को बैठा देते हैं। ब्यूरो

# बड़हलगंज कस्बा में पुलिस ने किया मार्च

बड़हलगंज (एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अरुण कुमार सिंह की अगुवाई में



पुलिस ने बड़हलगंज कस्बा में मार्च कर स्थानीय लोगों को उनकी सुरक्षा का भरोसा दिलाया। एसपी साउथ शाम को अचानक बड़हलगंज कोतवाली पहुंचे। उसके उपरांत कोतवाल कल्यान सिंह सागर व एसएसआई संतोष सिंह व पीएसी बल के साथ कस्बे का भ्रमण कर व्यवसायियों से वार्ता की और उनको सुरक्षा का एहसास दिलाया। इस दौरान उन्होंने नगर में बेतरतीब खड़े ठेले वालों को सड़क छोड़कर ठेला लगाने का निर्देश दिया। मार्च के दौरान कस्बा के व्यापारियों ने एसपी साउथ का स्वागत भी किया।

# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष भिड़े, तीन पर केस

हरपुर-बुदहट (एसएनबी)। थाना अन्तर्गत सोनबरसा बाबू पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत मियां पकड़ी निवासी अतुल सिंह पुत्र जीत बहादुर सिंह और धर्मेन्द्र पुत्र जीत बहादुर रास्ते में सिसवा चौराहे पर आपस में मारपीट कर ली। पुलिस ने दोनों के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

बताते चलें कि अतुल सिंह पुत्र जीत बहादुर सिंह और सौरभ सिंह पुत्र उपेन्द्र सिंह अपने घर मियां पकड़ी से शाम 6 बजे के करीब सिसवा चौराहे पर जा रहे थे कि धर्मेन्द्र पुत्र गिरजा निवासी मियां पकड़ी सिसवा चौराहे से कुछ घरेलू सामान लेकर घर आ रहे थे। रास्ते में पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। पुलिस ने दोनों पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संदीप यादव ने बताया कि दोनों पक्ष की तहरीर पर मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# धोखाधड़ी कर पैसा गबन करने का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। धोखाधड़ी कर पैसा गबन करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में फरार चल रहे अभियुक्त को हरपुर बुदहट पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम शाहिद रजा पुत्र शब्बीर अली निवासी सोनाड़ी (हैंसर बाजार) थाना धनघटा जनपद सन्तकबीरनगर बताया। पुलिस आरोपित को आईपीसी की धारा I 420, 406, 504 व 506 के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गुडवर्क टीम में एसआई राम बहादुर, आरक्षी धर्मराज सोनकर, आरक्षी सचिन यादव, आरक्षी पारस कुमार थाना हरपुर बुदहट शामिल रहे।

# नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपित गिरफ्तार

झंगहा (एसएनबी)। नाबालिग से छेड़छाड़ करने के मामले में आरोपित अभियुक्त को झंगहा पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम जितेन्द्र राय पुत्र उमाशंकर राय निवासी उत्तमपुर थाना राजपुर जनपद बक्सर बिहार बताया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धारा 354, 323 भादवि० व 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया। गुडवर्क टीम में एसआई आदित्य उपाध्याय, आरक्षी चंदन कुमार, आरक्षी विकास कुमार व महिला आरक्षी अंकिता सिंह शामिल रहीं।

# नौकरी के नाम पर विदेश भेजने वाले पर केस

**गोरखपुर (एसएनबी)। विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपया ठगने वाले एक ठग के खिलाफ झंगहा पुलिस मुकदमा दर्ज कर उसे तलाश रही है।**

मिली जानकारी के अनुसार स्टील फिटर के पद पर विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर मोतीराम अड्डा में आफिस खोल कर बैठे विजेन्द्र सिंह उर्फ सन्नी सिंह ने करीब डेढ़ लाख रुपया पीड़ित से वसूला था। आरोपी ने पहले उसे सऊदी भेजा फिर वहां से लिबिया लेकिन नौकरी नहीं दिलवाया। घर से वापसी टिकट गया तब वह किसी तरह लौटा। वापस लौटे भागीरथ यादव पुत्र रामदुलारे यादव ने झंगहा थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने धारा 420,406,504 एवं 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त विजेन्द्र उर्फ सन्नी सिंह की तलाश शुरू कर दी है। हमारे झंगहा प्रतिनिधि के अनुसार बड़हलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मोहल जलकल खैरवा मठिया निवासी भागीरथी यादव पुत्र रामदुलारे यादव ने झंगहा पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर बताया कि विजेन्द्र उर्फ सनी सिंह ने उसे सऊदी में नौकरी दिलाने का झूटा आश्वासन देकर पैसा ले लिया। 8 मार्च 023 को दुबई जाने का बीजा दिया। वहां से बीस दिन बाद हमको लिबिया भेज दिया। लिबिया जाने के बाद कोई काम नहीं मिला। उसे स्टील फिटर का काम दिलाने के आश्वासन पर वहां भेजा गया था। कई माह तक इंतजार करने के बाद घर से पैसा मंगा कर किसी तरह 26 जुलाई को वापस घर पहुंचे। लौट कर मोतीराम अड्डा चौराहे पर स्थित विजेन्द्र सिंह के आफिस पर गया और पैसा वापस मांगस तो विजेन्द्र सिंह ने उसे गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस विजेन्द्र सिंह उर्फ सन्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। विजेन्द्र घर छोड़ कर भागा हुआ है। अभी भी बड़हलगंज क्षेत्र के चार युवक लीबिया में फंसे हुए हैं। उनके टूरिस्ट बीजा की समय-सीमा खत्म हो चुकी है। उनके साथ बिहार के बेतिया और सिवान जनपद के 10 युवक हैं। इनको भी किसी ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर भेजा है।

> बड़हलगंज के चार और अभी फंसे हुए हैं लीबिया में
>
> मोतीराम अड्डा में विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर विजेन्द्र सिंह उर्फ सन्नी सिंह ने खोल रखा है आफिस
>
> अभियुक्त विजेन्द्र उर्फ सन्नी को तलाश रही है झंगहा पुलिस

### संपति की भी हो सकती है

**जांच :** विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर टूरिस्ट बीजा थमाने वाले विजेन्द्र उर्फ सनी सिंह के संपत्ति की भी जांच हो सकती है। इस प्रकरण को लेकर पुलिस अधिकारी खासा गंभीर हैं। बताया जाता है कि विजेन्द्र का सिर्फ मोतीराम अड्डा के अलावा कई जगह कार्यालय है ।

# दारोगा पर पैसा लेने का आरोप एएसपी ने की पूछताछ

**खोराबार (एसएनबी)।** खोराबार थाने के एक दारोगा ने एक मामले में बुजुर्ग से काम करने के बदले पैसा लिया था। बुजुर्ग का काम नहीं हुआ तो उसने पैसे की मांग की। दारोगा ने पैसा नहीं लौटाया तो पीड़ित बुजुर्ग ने एसएसपी से शिकायत दर्ज करायी। एसएसपी ने मामले की जांच एएसपी को सौंप दी। एएसपी ने खोराबार थाने पर पहुंच कर दारोगा से पूछताछ की हैं।

मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सूबा देवरिया बाईपास स्थित एक देशी शराब की दुकान के पास चीखना बेचने वाले दो पक्षो में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। हल्के के एक दरोगा ने एक पक्ष के लगभग 75 वर्षीय वृद्ध से 1500 रुपये मदद करने के नाम पर ले लिया था।

कई दिन थाने पर दौड़ने के बाद भी जब दरोगा ने वृद्ध की कोई मदद नही किया तो थक हार करके वृद्ध वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। मामले पर त्वरित कार्यवाही करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच अंडर ट्रेनिग एएसपी आदित्य को सौप दी। मंगलावर की दोपहर में थाने पहुचे ए एसपी ने घण्टो दारोगा से पूछताछ किया।

**कुछ दिन पूर्व मारपीट के मामले में बुजुर्ग से दरोगा ले लिये थे रुपये**

**पीड़ित ने एसएसपी से मिलकर की थी शिकायत**

### पहले भी हो चुकी है शिकायत

खोराबार थाना क्षेत्र का हल्का न0 तीन के उस दारोगा की कई मामले में पहले भी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से पीड़ित शिकायत कर चुके है। कुछ माह पूर्व एक मामले में युवक को मारने पीटने के मामले में भी पीड़ित ने उक्त दरोगा की शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से किया था और मामले में कई दिन पीड़ित के घर जांच पड़ताल करने तत्कालीन सीओ पहुंचे थे। यही नही इसके पूर्व में दूसरे थाने पर तैनाती के दौरान कार्यो में लापरवाही और भ्रष्ट्राचार के मामले में उक्त दोराग के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज हुआ था।

# कैम्पियरगंज पुलिस ने जुआ अड्डा पर की छापेमारी

**कैम्पियरगंज (एसएनबी)।** स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र के भगवानपुर बाग में जुए के अड्डे पर छापेमारी कर तीन जुआरियों को पकड़ा। मौके से पांच बाइक, ताश का पत्ता व 320 रूपये नगदी बरामद किया। पकड़े गये जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई कर बाद में उन्हें निजी मुचलके पर छोड़ दिया।

क्षेत्र के भगवानपुर व गोपलापुर में बड़े पैमाने पर जुआ खेलने की शिकायत मिल रही थी। सोमवार को कैम्पियरगंज पुलिस ने भगवानपुर बाग में जुए के अड्डे पर छापेमारी की तो भगदड़ मच गयी। जुआरी अपनी बाइक छोड़कर भाग गये। मौके से चौमुखा निवासी रंजीत वर्मा, शिवपुर टोला विशुनपुर निवासी ताहिर अली व तबारक अली तीन लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया। जामा तलाशी व मौके से 320 रूपये, 25 ताश के पत्ते व पांच बाइक बरामद किया।

# केस दर्ज होने से आहत युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**पत्नी ने दर्ज कराया है दहेज उत्पीड़न का मुकदमा**

**भटहट (एसएनबी)।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल हरपुर निवासी एक युवक ने माता-पिता एवं स्वयं पर पत्नी द्वारा दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज करने से आहत होकर मंगलवार की सुबह लगभग 8 बजे पेट में चाकू मार कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे परिजनों ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

मिली जानकारी के अनुसार जंगल हरपुर निवासी जमालुद्दीन की बहू इमराना ने 25 अगस्त को पति सहाबुद्दीन के साथ ही सास व ससुर के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है। इमराना के पति शहाबुद्दीन ने मंगलवार की सुबह 8 बजे एक वीडियो बनाया जिसमें उसने बताया कि दो साल से वह विदेश में था। अपनी पत्नी के खाते में लगभग चार लाख रुपये भेजा था। उसके विदेश रहते ही उसकी पत्नी द्वारा विभिन्न प्राइवेट समूहों से लाखों रुपए का कर्ज लेकर अपने प्रेमी के साथ खर्च किया गया है। 15 अगस्त को उसने पत्नी को प्रेमी के साथ रंगे हाथ पकड़ा था , जिसमें लिखित सुलहनामा भी हुआ था । इसके बावजूद उल्टे ही उसके व माता-पिता पर फर्जी मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। जिससे वह मानसिक रूप से काफी आहत है। यह वीडियो वायरल करने के बाद शहाबुद्दीन ने अपने पेट में चाकू मार लिया। शहाबुद्दीन के पिता जमालुद्दीन ने गांव के ही दो युवकों एवं एक महिला व बहू के विरुद्ध तहरीर देकर अपने बेटे को आत्महत्या के लिए मानसिक रूप से प्रताड़ित करने एवं उकसाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दिया है।

# धोखाधड़ी कर भूमि बैनामा कराने वाला गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। धोखाधड़ी कर भूमि बैनामा कराने तथा पैसा हड़पने के मामले में आरोपित एवं फरार चल रहे अभियुक्त को चौरीचौरा पुलिस ने गिरफ्तार किया। अभियुक्त ने अपना नाम शिवसागर यादव पुत्र भीमसेन यादव निवासी ग्राम गनेशपुर थाना हाटा जनपद कुशीनगर बताया। पुलिस ने आरोपित को दर्ज मुकदमे की धाराओं 328, 323, 504, 506, 406, 420, 343, 120 बी आईपीसी के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया। चौरीचौरा प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में आरोपित तीन अभियुक्तों को पहले ही पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेजवा चुकी है।

# पति ने पत्नी व दो बच्चों को पीट कर घर से निकाला, पुलिस नहीं सुन रही

**गोरखपुर (एसएनबी)।** रामगढ़ताल क्षेत्र में इंदिरानगर में रहने वाली महिला व उसकी दो मासूम बेटियों को बेरहमी से पीट कर घर से निकाल दिया। महिला पिछले 15 दिनो से रामगढ़ताल थाने से लेकर अधिकारियों के दफ्तर का चक्कर लगा रही है, लेकिन न्याय मिलना तो दूर अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। महिला का कहना है कि पति ने उसे मकान से निकाल दिया है। वह दो बच्चों के साथ दूसरे के घर पर रहने का मजबूर है।



एसएसपी कार्यालय पर फरियाद लेकर पहुंचे बच्चे।

संजना यादव पत्नी राजेंद्र यादव अपने दोनो मासूम बेटियो को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आफिस का चक्कर पिछले कई दिनों से लगा रही है। मंगलवार को भी वह पुलिस आफिस पहुंची थी । संयोग से एसएसपी एक कार्यक्रम में शामिल होने चले गए जिससे महिला की उनसे मुलाकात नहीं हो पाई। संजना ने बताया कि वो एडीजी, आईजी, एसपी क्राइम एवम अन्य अधिकारियों से मिल चुकी है। लेकिन उनके आदेश के बाद भी उसका मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। उन्होने बताया कि उनके पति ने 14 अगस्त की रात में उसे और दोनो मासूम बेटियो को मारपीट कर घर से खदेड़ दिया। घर में रखा सारा खाना फेंक दिया। घर से 3 हजार रुपए लेकर फरार हो गया। दोनो बेटियां खाली पेट अपने घाव की पीड़ा से रोते रोते सो गई। पति ने घर का पानी भी बंद करवा दिया है। संजना ने बताया की उसकी शादी वर्ष 2009 में हुई थी। इस दौरान उसे दो बेटियां भी हुई। पति आए दिन उन्हे मारता पीटता है। उसने हर संभव प्रयास किया की पति और उसके परिवार को संतुष्ट रखे लेकिन पति के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। तंग आकर उसने पुलिस से सहायता मांगी और रामगढ़ताल थाने पर पहुंची कि पुलिस से पति की शिकायत की लेकिन पुलिस ने पति को बुलाया तक नहीं। कोई कार्रवाई नहीं किया। पुलिस की कार्यप्रणाली से परेशान होकर आज एसएसपी से मिलने आयी थी लेकिन संयोग रहा कि उसकी मलाकात नहीं हो सकी।

**15 दिनो से रामगढ़ताल थाने और अधिकारियों से महिला बच्चों के साथ लगा रही है न्याय की गुहार नही हुई कार्रवाई**

# रक्षाबंधन त्योहार को लेकर ट्रैफिक पुलिस अलर्ट

**गोरखपुर (एसएनबी)।** आगामी रक्षाबधन के त्योहार को लेकर यातायात पुलिस मुस्तैद है। त्योहार में भीड़ भाड़ के इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है जिससे जाम की स्थिति न आए।

यातायात पुलिस ने महानगर के क्षेत्र में सुगम यातायात व्यवस्था के लिए भीड़-भाड़ वाले स्थान जैसे, नौकायन, चिड़ियाघर, श्री गोरखनाथ मंदिर, झूलेलाल मंदिर, जेपी हास्पिटल, सिटी मल, ओरियन मल, ए0डी0 मल, गोलघर, विजय चौराहा, पैण्डलेगंज, गौतमबुद्ध द्वार, चम्पा देवी पार्क, प्रेक्षागृह, एनेक्सी भवन, सर्किट हाउस, ट्रांसफार्मर तिराहा, दिग्विजयनाथ पार्क, हनुमान मंदिर देवरिया बाई पास, चिड़ियाघर मुख्य द्वार के सामने आदि जगहो पर यातायात पुलिस की अतिरिक्ततैनाती रहेगी। इसके अलावा यातायात नियन्त्रण के लिए डायवर्जन और पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

**भीड़ भाड़ के इलाके में यातायात पुलिस ने की अतिरिक्त तैनाती, पार्किंग की भी अतिरिक्त व्यवस्था**

**नौकायान क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था-**

महन्थ द्विग्विजय नाथ पार्क पर चार पहिया वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई है और दो पहिया वाहन पार्किंग की व्यवस्था सर्किट हाउस मुख्य द्वार के बगल में की गई है। वहीं बाबा गम्भीरनाथ प्रेक्षागृह के सामने, पीछे व बगल में चार पहिया वाहन पार्किंग और चम्पा देवी पार्क में आटो, ई-रिक्शा और बस पार्किंग की व्यवस्था है।

# साल्वर गैंग के पांच आरोपितों पर लगा गैंगस्टर

## ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठाते थे साल्वर

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शाहपुर पुलिस ने साल्वर गैंग के 5 आरोपियों पर मंगलवार को गैंगस्टर की कार्यवाई की। गैंग का सरगना भेडियागढ़ निवासी आकाश श्रीवास्तव है। ये लोग आनलाइन प्रतियोगी परीक्षाओं में दूसरे की जगह बैठ कर परीक्षा देते थे उसके बदले में मोटी रकम की वसूली करते थे।

इंस्पेक्टर शाहपुर शशिभूषण राय ने बताया कि गैंग में नीरज लाकड़ा निवासी जाहरी सोनीपत, अभिनाश यादव निवासी उन्नाव, विनय मोहन यादव निवासी सौरहा थाना पनियरा महराजगंज एवं सन्तोष कुमार यादव निवासी तीतनपार थाना सहजनवा शामिल हैं।पुलिस के अनुसार आकाश श्रीवास्तव उर्फ अंकित गैंग का सरगना है। वह विभिन्न भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में आनलाइन परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र संचालको से सेटिंग कर अभ्यर्थी की जगह साल्वर बैठा कर एवं एप के माध्यम से नकल कराने जैसे अपराध में संलिप्त था। वह 2021 में नकल कराते पकड़ा गया था। इस संदर्भ में वह जेल भी जा चुका है।

**शाहपुर का रहने वाला आकाश श्रीवास्तव है गैंग लीडर**

# पति समेत सात पर दहेज उत्पीड़न का केस

**हरपुर-बुदहट (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर-गुल्टही निवासी रामअजोर मौर्या पुत्री शशि कला ने थाना पुलिस को तहरीर देकर पति इन्द्रेश मौर्या निवासी शनिचरा थाना महुली संतकबीरनगर सहित सात लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न एवं जान से मारने पीटने का मुकदमा दर्ज कराया है।

**ससुराल के लोगों ने पंचायत के फैसले को भी नहीं माना**

**पांच लाख रुपए दहेज की कर रहे थे मांग**

शशिकला पुत्री रामअजोर मौर्या ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि हमारी शादी 26 नवंबर, 2020 में शनिचरा निवासी इन्द्रेश मौर्या पुत्र बलिराम मौर्या थाना महुली संतकबीरनगर के साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ हुई थी। पिता द्वारा शादी में दो लाख चालीस हजार रूपए नगद सहित दो पहिया गाड़ी, अंगूठी, माला सहित गृहस्थी के सभी सामान दिए थे। ससुराल जाने के बाद से ही पति सहित ससुराल वालों ने और दहेज की मांग करते हुए हमें हमेशा प्रताड़ित करते रहे। 13 जुलाई, 2023 को पति इन्द्रेश मौर्या, ससुर बलिराम मौर्या, सास चन्दा देवी, जेठ राम अशीष, जेठानी संध्या देवी तथा जेठ श्याम सुंदर मौर्या और उनकी पत्नी सुमन देवी गालियां देते हुए पीटने लगे। उक्त लोग मायके से 5 लाख रुपए की और मांग करने लगे। इस मामले में हमने डायल 112 पुलिस को फोन से सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने मायके वालों को सूचना देकर बुलाया। मामला पंचायतन शान्त हुआ, लेकिन 21 जुलाई, 2023 को 9 बजे रात में उक्त सातों लोगों ने एक राय गोलबंद हो कर गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। हमने मायके वालों को सूचना देकर बुलाया तो किसी तरह जान बची। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संदीप यादव ने बताया कि तहरीर मिली है सुसंगत धाराओं में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# चार माह की गर्भवती पत्नी व बेटी को घर से निकाला

**भटहट (एसएनबी)।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला की तहरीर पर पुलिस ने उसके पति, सास व ससुर देवर और ननद समेत छह के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के जैनपुर के मोहम्मद बरवा निवासी राजमती पुत्री मिठाई यादव का विवाह स्थानीय प्रदीप यादव के साथ हुआ है। जिनके विवाह का रजिस्ट्रेशन फरवरी, 2019 में हुआ है।

**पति समेत छह पर दहेज उत्पीड़न का केस**

आरोप है कि उसका पति प्रदीप यादव, ससुर बृजेश यादव सास विन्दू देवी, देवर अभिषेक व माधव यादव, ननद विनीता द्वारा पीड़िता के मायके वालों से चार लाख दहेज की मांग की जाती है। पीड़िता ने ससुराल वालों को बताया कि उसके वृद्ध पिता चार लाख रुपए की रकम देने में असमर्थ है, तो उसका उत्पीड़न किया जाने लगा है।

आरोप है कि 14 अगस्त को चार माह की गर्भवती पीड़िता को ससुराल वाले मारपीट कर तीन वर्षीय बेटी परी के साथ घर से निकाल दिए। दहेज की रकम लेकर वापस न आने पर जान से मारने की धमकी दिए।

पुलिस आरोपितों के विरूद्ध धारा 498ए, 323, 506, आईपीसी और 3/4 दहेज़ प्रतिषेध अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# छापेमारी में लोडेड तीन तेल टैंकर जब्त

**फुटहवा ईनार(एसएनबी)।** चौरीचौरा के ग्राम सभा चौरी टोला सतहवा में टैंकर चोरी कर तेल बेचने की सूचना पर एसडीएम चौरीचौरा प्रशांत वर्मा, एएसपी/सीओ चौरीचौरा मानुष पारीक एवं अंडर ट्रेनी सीओ ओंकार दत्त तिवारी ने औचक छापेमारी की।

**संबंधित चालकों द्वारा टैंकर से तेल चोरी कर बेचा जा रहा था**

**एसडीएम, एएसपी, प्रशिक्षु सीओ ने की छापेमारी**

छापेमारी के दौरान तेल चोरी के उक्त अड्डे से टीम ने लोडेड तेल के तीन टैंकर, एक मोटर साईकिल,एक चार पहिया वाहन, दो बड़े व 12 छोटे ड्रमों में भरा हुआ तेल,पाइप,कुप्पी सहित अन्य उपकरण बरामद किया। इस दौरान चोरी कर तेल बेचने वाले टैंकर के दो चालक, खलासी और चोरी से तेल खरीदने वाले कारोबारी मौका पाकर भागने में कामयाब रहे। टीम ने एक टैंकर के चालक को मौके से पकड़ लिया है। तहसील प्रशासन की इस कार्यवाही से तेल माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

छापेमारी के दौरान चौरीचौरा थाने के दारोगा सुशील त्रिपाठी, जेपी त्रिपाठी व हल्का पुलिस मौजूद रही। एसडीएम ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर टैंकर से तेल चोरी की सूचना पर यह छापेमारी किया गया। मौके से तीन टैंकर,एक मोटर साईकिल,एक बोलेरो सहित गैलनो में भरा हुआ तेल का ड्रम बरामद किया गया है। पुलिस को सुपुर्द कर अग्रिम कार्रवाई के लिए जिला खाद्य पूर्ति अधिकारी को अवगत कराया है।



फुटहवा ईनार में टैंकर से तेल चोरी करने के अड्डे पर छापेमारी करती पुलिस टीम।

# एम्स थाने के पास महिला का पर्स लूटा

**गोरखपुर (एसएनबी)।** एम्स थाने के गेट से महज 100 मीटर दूर ही आटो सवार दो बदमाशो ने महिला से उसके गहने व पर्स लूट का मामला सामने आया है। महिला की तहरीर पर पुलिस लूट व धमकी का केस दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रही है। पुलिस को दी तहरीर में एम्स इलाके के गिरधरगंज निवासी सोहनलाल गुप्ता की पत्नी लक्ष्मी देवी ने बताया है कि वह 26 अगस्त 2023 की शाम को 7.30 बजे सब्जी मार्किट से सब्जी लेकर निकली। महादेव झारखण्डी गेट से एक अटो में बैठी। आटो में दो लोग और बैठे थे। जैसे ही एम्स थाने के आगे मूर्ति लान के पास पहुचा दोनो ने धमकाकर सजा कान का टाप्स व चेन उतरवा लिये और पर्स छीन लिया।

**एम्स इलाके में चार दिन में दूसरी घटना :** एम्स थाना क्षेत्र में इस समय लुटेरों का आतंक है। पुलिस की गश्त नाकाम साबित हो रही है। पिचले 4 दिन में यह दूसरी घटना है। 3 दिन पहले पूजा में शामिल होने जा रही एक महिला से बाइक सवार दो बदमाशों ने चेन लूट लिया था।

# दहेज हत्या का आरोपित गिरफ्तार

**भटहट (एसएनबी)।** दहेज हत्या के मामले में आरोपित एवं फरार चल रहे अभियुक्त को गुलरिहा पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम कन्हैया लाल पुत्र जगदीश निषाद निवासी ग्राम करमौरा टोला पतरकी थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धारा 498ए, 323, 304 बी, 506 भादवि 3/4 डीपी एक्ट के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया। गुडवर्क टीम में प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा जय नारायण शुक्ला, एसआई अंजनी तिवारी, आरक्षी विजय सरोज थाना गुलरिहा शामिल रहे।

# पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने वाला गिरफ्तार

**चिलुआताल (एसएनबी)।** पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोपित एवं फरार चल रहे अभियुक्त को चिलुआताल पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम अनिल चौहान पुत्र इन्द्रासन चौहान निवासी तपुरा थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धाराओं 498ए,306 भा0द0सं0 व 3/4 डी0पी0 एक्ट के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया। गुडवर्क टीम में थानाध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा, आरक्षी प्रदीप शर्मा, आरक्षी शैलेष कुमार, आरक्षी पवन यादव शामिल रहे।

# रक्षाबंधन पर दो दिन शहर में रहेगा डायवर्जन

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (29 Aug):** रक्षाबधन पर्व को लेकर यातायात पुलिस मुस्तैद है. त्योहार में भीड़भाड़ के इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है, जिससे जाम की स्थिति न आए, यातायात पुलिस ने महानगर के क्षेत्र में सुगम यातायात व्यवस्था के लिए भीड़-भाड़ वाले स्थान जैसे, नौकायन, जू, गोरखनाथ मंदिर, झूलेलाल मंदिर, जेपी हास्पिटल, सिटी मॉल, ओरियन मॉल, एडी मॉल, गोलघर, विजय चौराहा, पैडलेगंज, गौतमबुद्ध द्वार, चम्पा देवी पार्क, प्रेक्षागृह, एनेक्सी भवन, सर्किट हाउस, ट्रांसफार्मर तिराहा, दिग्विजयनाथ पार्क, हनुमान मंदिर देवरिया बाई पास, चिड़ियाघर मुख्य द्वार के सामने आदि जगहों पर यातायात पुलिस की अतिरिक्त तैनाती रहेगी. इसके अलावा यातायात नियन्त्रण के लिए डायवर्जन और पार्किंग की व्यवस्था की गई है.

## नौकायन क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था

महंत दिग्विजय नाथ पार्क पर चार पहिया वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई है और दो पहिया वाहन पार्किंग की व्यवस्था सर्किट हाउस मुख्य द्वार के बगल में की गई है. वहीं, बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह के सामने, पीछे व बगल में चार पहिया वाहन पार्किंग और चम्पा देवी पार्क में आटो, ई-रिक्शा और बस पार्किंग की व्यवस्था है.

# 'साहबजादे! अब गोरखपुर में रंगदारी नाही चलेला'

**अच्छे घरों के लड़के नकली तमंचे, गाड़ियों पर चढ़कर शूट करा रहे थे रील, पहुंचे हवालात**

gorakhpur@inext.co.in

**GIDA (29 Aug):** गोरखपुर के कुछ मनचले युवकों को भोजपुरी सॉन्ग 'रंगदारी चलेला गोरखपुर में' पर असलहा लहराते हुए रील बनाना महंगा पड़ गया. गोरखपुर के इन साहबजादों का वीडियो वायरल होते ही पुलिस एक्शन में आई और उन्हें हवालात पहुंचा दिया. रोड पर आधा दर्जन लक्जरी गाड़ियों पर खड़े होकर असलहा लहराते वीडियो बनाने वालों पर कार्रवाई कर पुलिस ने बताया कि गोरखपुर में रंगदारी नाही चलेला. इसमे शामिल कुल 14 युवकों का पुलिस ने मंगलवार को शांति भंग में चालान किया.



वायरल वीडियो से ली गई तस्वीर.

## बोनट पर लहराया असलहा

सोमवार को एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमे गीडा थाना अंतर्गत पड़ने वाले हाइवे पर आधा दर्जन से अधिक लक्जरी गाड़िया लाइन से खड़ी हैं. एक युवक स्कार्पियो के बोनट पर बैठकर भोजपुरी गाने पर असलहा लहरा रहा है, जिसमे अन्य गाड़ियों पर लटककर साथी हाथ हिलाकर झूमते हुए साथ दे रहे हैं. वीडियो बनाने को बाकायदा डीएसएलआर कैमरे का यूज किया जा रहा है.

## भोजपुरी गायक है अभिषेक

वीडियो वायरल होते ही पुलिस हरकत में आई. गीडा थाने के इंस्पेक्टर रतन पाण्डेय ने बताया कि वायरल वीडियो से पहचान कर भोजपुरी गायक अभिषेक सरगम व उसके 14 सहयोगी विनोद मौर्य, प्रमोद मौर्य, लवकुश साहनी, सुभाष निषाद, पवन त्रिपाठी, अक्षय पाल, दिनेश प्रसाद, अर्जुन पाल, अजय पाल, राजन पाल, राकेश निषाद और चौथी को हिरासत में लिया.

## लाइटर वाली पिस्टल

पुलिस की पूछताछ में युवकों ने बताया कि उनके पास लाइटर वाली एक पिस्टल थी, जिससे वह वीडियो बना रहे थे. पुलिस ने युवकों के पास से लाइटरनुमा पिस्टल भी बरामद कर ली है.

## बाइक स्टंट कर बनाई रील

वीडियो वायरल होने के बाद 4 जनवरी 2023 को रामगढ़ताल थाने की पुलिस ने एक युवक को अरेस्ट किया. पकड़े गए युवक की पहचान रामजानकी नगर निवासी इल्ताफ के रूप में हुई. वह नौकाविहार रोड पर बाइक पर खड़ा होकर स्टंट करता था, जिसकी रील बनाकर ग्रुप में शेयर करता था. गोरखनाथ एरिया में दिसंबर 2022 में एक वीडियो वायरल हुआ. जिसमे नकहा ओवरब्रिज पर एक लक्जरी गाड़ी की बोनट पर बैठकर युवक ने रील बनाई. वीडियो वायरल होते ही गोरखनाथ थाने की पुलिस ने स्टंट करने वाले युवक को अरेस्ट कर लिया.



**"गीडा एरिया का एक वीडियो वायरल हो रहा था. जिसमें कुछ युवक गाड़ियों के बोनट पर बैठकर नकली असलहा लहराते हुए रील बना रहे थे. वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने उन युवकों को अरेस्ट कर शांतिभंग में चालान किया है.**

मनोज कुमार अवस्थी, एसपी नार्थ

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT

# दहेज हत्यारोपित पति भेजा गया जेल

गोरखपुर। गुलरिहा क्षेत्र के करमौरा टोला पतरका निवासी महिला की 22 अगस्त को मौत हो गई थी। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस आरोपित पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है।

पिपराइच थाना क्षेत्र के चकजलाल निवासी बृजेश सहनी के बहन प्रेमशिला की शादी 24 में 2022 को हुई थी। भाई का आरोप है कि उसके बहन का पति कन्हैया लाल, ससुर जगदीश व सास मैना देवी और दहेज की मांग को लेकर मारते-पीटते,मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर जान से मारने की धमकी देते थे। बहन के बार बार शिकायत करने पर ससुराल वालो को कई बार समझाया बुझाया लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यह भी आरोप है कि 22 अगस्त 2022 को बहन का फोन आया कि ससुराल वाले मारपीट रहे है।

# विदेश भेजने में धोखाधड़ी का आरोप, मुकदमा दर्ज

- वीजा कहीं और का लगाया भेज दिया कहीं और
- रुपया वापस मांगने पर दे रहा जान-माल की धमकी

झंगहा/चौरीचौरा, हिन्दुस्तान संवाद। झंगहा थानाक्षेत्र के मोतीराम अड्डा चौराहे पर विदेश भेजने वाले के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है। आरोप है कि वीजा कही और का लगाया गया था और कही और देश में भेज दिया गया।

बड़हलगंज थानाक्षेत्र के मोहाल जलकल खैरवा मठिया निवासी भागीरथी यादव का आरोप है कि 8 मार्च को मोतीराम अड्डा में विदेश भेजने का कार्य करने वाले विजेंद्र सिंह ने दुबई जाने के लिए उन्हें वीजा दिया था। वह दुबई चले गए। 20 दिन बाद उन्हें वहां से लीबिया भेजा गया। लीबिया जाने के बाद कोई काम नहीं मिला। वह 20 दिनों तक काफी परेशान रहे। किसी तरह से 26 जुलाई को वापस अपने घर आ गए। विजेंद्र सिंह को दिया गया रुपया मांगने पर विजेंद्र सिंह द्वारा गाली गुप्ता व जान से मारने की धमकी दी जा रही है। भागीरथी के तहरीर पर पुलिस ने विजेंद्र सिंह उर्फ सन्नी सिंह के विरुद्ध धारा 420, 406, 504 तथा 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# कड़ी मेहनत से आता है बेहतर परिणाम



कड़ी मेहनत के बाद अच्छा परिणाम आता है। जीवन में सफल होने के लिए अंक महत्वपूर्ण नहीं है। जीवन में सफलता के लिए कर्म करें। जिनके अंक कम आए, उनकी मदद कैसे कर सकते हैं, इसके बारे में विचार कर उनकी मदद करें। खुद को खेल से जोड़कर रखें। खेल हमें टीम भावना, कम्युनिकेशन, स्वास्थ्य तो देता ही है, हारना भी सिखाता है। खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहित करें। वे भी सम्मान पाएं। इस विशेष आयोजन के लिए 'हिन्दुस्तान' को बधाई।

**- अखिल कुमार,** एडीजी

# शीर्ष पर हों तो विनम्र रहना चाहिए व्यवहार



जो बच्चे इस वर्ष हाईस्कूल में टॉप किए हैं, उनके पास फिर अगले साल टॉप करने का मौका होगा। जो टॉप नहीं कर पाए, वे और मेहनत से कोशिश करें। बच्चे अभिभावकों की बातों को गंभीरता से सुनें और उसे जीवन में उतारें। अभिभावक हमेशा आपके हित के लिए ही कहते हैं। यदि आप टॉप कर रहे हैं तो व्यवहार मानवीय रखें, विनम्र रहें। हमेशा शीर्ष पर रहेंगे। सैकड़ों मेधावियों को चिह्नित कर उनका सम्मान करने के लिए 'हिन्दुस्तान' को बहुत बहुत धन्यवाद।

**- कृष्णा करुणेश,** डीएम

# इंटरनेट के इस्तेमाल में सावधानी बरतें



आज सभी के हाथ में मोबाइल है। इंटरनेट का सभी इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके कई फायदे हैं लेकिन नुकसान के प्रति सतर्क रहना है। इस दौर में जरूरी है कि हर किसी की निजता और आत्मसम्मान का ख्याल रखें। सभी बच्चे पूरी साल मेहनत करके सफल होते हैं। इस सफलता में उनके शिक्षकों और अभिभावकों की भी उतनी ही मेहनत है। बच्चे आज करियर में अच्छा कर रहे हैं। आप ही देश का भविष्य बनेंगे। 'हिन्दुस्तान' का प्रयास सराहनीय है।

**डॉ. गौरव ग्रोवर,** एसएसपी

# पांडेयहाता में कपड़े की दुकान में आग से लाखों का नुकसान

**गोरखपुर (एसएनबी)।** राजघाट थाना क्षेत्र के पांडेयहाता बाजार में मंगलवार को दिन में कपड़े की एक दुकान में आग लग गई। दमकल विभाग की चार गाड़ियों ने एक घंटे में बड़े मुश्किल से आग पर काबू पाया। इस दौरान वहां काफी अफरा -तफरी रही । आग लगने की सूचना पर डीएम कृष्णा करुणेश एसएसपी डा. गौवर ग्रोवर मौके पर पहुंचे और दुकान का जायजा लिया। आगजनी में काफी क्षति होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

- दमकल की चार गाड़ियों ने आग पर पाया काबू
- लाखों का नुकसान होने की आशंका, सर्किट सर्किट से लगी आग
- मौके पर पहुंचे डीएम और एसएसपी



पाण्डेयहाता-राजघाट क्षेत्र में स्थित कपड़े की दुकान में आग लगने के बाद पुलिस बल के साथ पहुंचे जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश साथ में एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर। फोटो : एसएनबी

मिली जानकारी के मुताबिक राजघाट थाना क्षेत्र के पाण्डेयहाता में वैष्णवी साड़ी सेंटर नाम से एक दुकान है, जिसके मालिक अरविंद गुप्ता व शिव प्रकाश गुप्ता हैं।वह उसी भवन में रहते भी हैं। उनका थोक साड़ी का कारोबार है। अरविंद गुप्ता इलाहाबाद गए हुए हैं। मंगलवार होने की वजह से बाजार बंद था केवल राखी की दुकान खुली थी। बाजार में थोड़ी भीड़ भी थी । मंगलवार को दिन में लगभग 2 बजे मकान के ऊपरी हिस्से से धुआं उठने लगा और आग के लपेटे दिखाई देने लगी। दुकान थोड़ा सा अंदर होने की वजह से बाहर खड़े लोगों ने इसकी जानकारी नीचे बैठे लोगों को दी। इसके बाद घर वाले सक्रिय हुए। उन्होने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां किसी तरह मौके पर पहुंची। दुकान मकान के अंदर होने के कारण काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस संबंध में दमकल कर्मी ने बताया कि सूचना मिलते ही हम लोग मौके पर पहुंचे। उपरी मंजिल पर धुआं उठ रहा था । दरवाजे को किसी तरह खोला गया। घंटो मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग का कारण शार्ट सर्किट बताया जाता है। भारी क्षति की आशंका जताई जा रही है।

# पत्नी व मासूम बच्चों की पिटाई कर फरार

गोरखपुर। रामगढ़ताल के इंदिरा नगर की रहने वाली संजना यादव का पति राजेंद्र यादव उसे और दोनों मासूम बेटियों को बेरहमी से पीटकर फरार है। महिला पिछले 15 दिनों से थाने से लेकर अधिकारियों के दफ्तर के चक्कर लगा रही है लेकिन मुकदमा तक दर्ज नहीं हुआ।

# सॉल्वर गैंग के 5 आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने सॉल्वर गैंग के पांच आरोपियों पर मंगलवार को गैंगस्टर की कार्रवाई की है। गैंग का सरगना भेडियागढ़ निवासी आकाश श्रीवास्तव है। ये लोग ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षाओं में दूसरे की जगह परीक्षा देते हैं।

इंस्पेक्टर शाहपुर शशिभूषण राय ने बताया कि गैंग में नीरज लाकड़ा निवासी जाहरी सोनीपत, अविनाश यादव निवासी उन्नाव, विनय मोहन यादव निवासी सौरहा थाना पनियरा महराजगंज एवं सन्तोष कुमार यादव निवासी तीतनपार थाना सहजनवा, गोरखपुर शामिल हैं। पुलिस के अनुसार आकाश श्रीवास्तव उर्फ अंकित गिरोह चलाता है। गैंग के सदस्य विभिन्न भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में ऑनलाइन परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र संचालकों से सेटिंग कर अभ्यर्थी की जगह सॉल्वर बैठाकर एवं एप के माध्यम से नकल कराने जैसे अपराध में संलिप्त रहते हैं। ये 2021 में नकल कराते पकड़े गए थे। शाहपुर पुलिस ने उन्हें जेल भिजवाया था। इसमें आरोप पत्र भी कोर्ट में दाखिल हो चुका है। अब इनके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई हुई है।

# पुलिस बूथ के बगल से दस हजार उड़ाए

पीपीगंज। पीपीगंज कस्बे में बाजार में आई एक महिला के पर्स से मंगलवार शाम उचक्कों ने दस हजार रुपये के साथ ही आधार कार्ड और एटीएम कार्ड उड़ा दिया। यह घटना पुलिस बूथ के बगल में फल की दुकान पर हुई। पीपीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा रायपुर निवासिनी पल्लवी मिश्रा व प्रतिभा पांडेय रक्षाबंधन पर रखी बांधने अपने मायके आई हैं। दोनों रक्षा बंधन का बाजार करने पीपीगंज आई थीं। पुलिस बूथ से मात्र दस मिटर की दूरी पर उचक्कों ने दस हजार उड़ा दिए।

# असलहा लेकर रील बनाना पड़ा महंगा

गोरखपुर। हाईवे पर स्कार्पियो के बोनट पर बैठकर हाथ में असलहा लेकर रील बनाना व उसे वायरल करना युवकों को महंगा पड़ गया। गीडा पुलिस ने पहचान कर सभी 14 युवकों को हिरासत में लिया। हालांकि 'हिन्दुस्तान' वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता।

इंस्पेक्टर गीडा रतन पांडेय ने बताया कि सोमवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमे कुछ युवक एक गाड़ी के बोनट पर बैठकर हाथ मे असलहा लिए थे। पुलिस ने वायरल वीडियो से पहचान कर सभी 14 युवकों अभिषेक, सरगम, विनोद मोर्य, प्रमोद मोर्य, लवकुश साहनी, सुभाष निषाद, पवन त्रिपाठी, अक्षय पाल, दिनेश प्रसाद, अर्जुन पाल, अजय पाल, राजन पाल, राकेश निषाद व चौथी को हिरासत में लिया।

# एम्स थाने से 100 मीटर दूर महिला से जेवरात व पर्स लूटा

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। एम्स थाने के गेट से महज 100 मीटर दूर ही ऑटो सवार दो बदमाशों ने महिला से उसके गहने व पर्स लूट लिया। महिला की तहरीर पर पुलिस लूट व धमकी का केस दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रही है।

पुलिस को दी गई तहरीर में गिरधरगंज निवासी सोहनलाल गुप्ता की पत्नी लक्ष्मी देवी ने बताया है कि वह 26 अगस्त 2023 की शाम को 7:30 बजे बाजार से सब्जी लेकर निकली। महादेव झारखण्डी गेट से एक ऑटो में बैठी। ऑटो में दो लोग और बैठे थे। जैसे ही एम्स थाने के आगे मूर्ति लॉन के पास आटो पहुंचा, दोनों ने धमका कर कान का टाप्स और चेन उतरवा लिए और पर्स छीन लिया। महिला को सिंघड़िया चौराहे पर उतार दिया।

एम्स थाना क्षेत्र में इस समय लुटेरों का आतंक है। पुलिस की गश्त नाकाम साबित हो रही है। पिछले 4 दिन में यह दूसरी घटना है।

# मेहनत को मिला मंच तो झूम उठे मेधावी

## 'हिन्दुस्तान प्रतिभा सम्मान' में 350 मेधावी किए गए सम्मानित, भविष्य में और बेहतर करने का संकल्प लेकर लौटे छात्र

गोरखपुर, निज संवाददाता। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं में जिले में शीर्ष स्थान हासिल करने वाली मेधाओं को मंगलवार को एक साथ मंच मिला तो वे खुशी से झूम उठे। उन्होंने भविष्य में न सिर्फ बेहतर करने का संकल्प लिया बल्कि देश और समाज के लिए भी बेहतर करने की प्रेरणा लेकर गए। बड़े मंच से बड़े अधिकारियों के हाथों सम्मान पाकर बच्चे काफी गदगद दिखे।

अवसर था आपके अपने अखबार 'हिन्दुस्तान' की ओर से आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह- 2023 का। गोकुल अतिथि भवन में आयोजित इस समारोह में यूपी बोर्ड, सीबीएसई और आईसीएसई के हाईस्कूल और इंटर में 80 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले 350 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। बोर्ड परीक्षाओं में अच्छा करने के परिणामस्वरूप पुरस्कार पाने का गर्व बच्चों के चेहरे पर साफ झलक रहा था। अतिथि के रूप में पहुंचे अधिकारियों ने भी बच्चों की भावनाओं का पूरा ख्याल रखा। एडीजी अखिल कुमार, डीएम कृष्णा करुणेश, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एनईआर के सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सदर नेहा बंधु ने मंच से बच्चों को न सिर्फ प्रेरित किया बल्कि रूबरू भी हुए। बच्चों ने इस दौरान शिक्षा, करियर को लेकर कई सवाल पूछे। अधिकारियों ने उन सवालों का जवाब देकर बच्चों की जिज्ञासा को शांत किया।

अधिकारियों ने मंच से एक-एक कर सभी मेधावियों को प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान किया। इस समारोह को लेकर बच्चों में उत्साह का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि शहर से लेकर दूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में बच्चों ने प्रतिभाग किया। इससे पूर्व दीप प्रज्ज्वलित कर व मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि कर अतिथियों ने समारोह का शुभारंभ किया। उसके बाद 'हिन्दुस्तान' परिवार की ओर से अतिथियों को बुके भेंटकर स्वागत किया गया।



मंगलवार को 'हिन्दुस्तान प्रतिभा सम्मान' समारोह का डीएम कृष्णा करुणेश व एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह, ऐश्प्रा समूह के निदेशक अतुल सराफ, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा बंधु, डीआईओएस अमरकांत सिंह, आरपीएम के निदेशक अजय शाही व अन्य विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम के प्रायोजक**

आयोजन में मुख्य प्रायोजक टाइटल स्पॉन्सर ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स, पॉवर्ड बाई- केआईपीएम, कोस्पॉन्सर- इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा, बीएन पब्लिक स्कूल, पार्टनर मोमेंटम छात्रसंघ चौराहा, युनिवर्सल कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस, जीएम एकेडमी, हितेश पांडे क्लासेज, प्रोविडेंस द मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, अरिहंत करियर इंस्टीट्यूट रहे।

### अफसरों ने बढ़ाया हौसला

### ऐलान: हर साल 10 बच्चों को छात्रवृत्ति



गोरखपुर। 'हिन्दुस्तान' के प्रतिभा सम्मान समारोह के मंच से ऐश्प्रा समूह के निदेशक अतुल सराफ ने आने वाले सत्र में 10 बच्चों को स्कॉलरशिप देने की घोषणा की। मौके पर उन्होंने स्कॉलरशिप देने के लिए एक बच्चे को चिन्हित भी किया।

सराफ ने कहा कि कई बच्चे ऐसे हैं, जो हाईस्कूल व इंटर की पढ़ाई में मेधावी होते हुए भी पैसे के अभाव में आगे नहीं पढ़ पाते। ऐश्प्रा समूह ऐसे बच्चों को अखबार एवं अन्य माध्यमों से चिन्हित कर पढ़ाई में होने वाले खर्च को वहन करेगा। इस घोषणा का हॉल में मौजूद छात्र-छात्राओं ने ताली बजाकर स्वागत किया। हाल में उपस्थित मेधावियों ने कहा कि 'हिन्दुस्तान' के मंच पर एक बड़ी पहल हुई है। इसका बच्चों को लाभ होगा।

# वाहन चोरी का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में एक आरोपितों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की चार स्कूटी बरामद किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान नागेश्वर पाण्डेय पुत्र बलराम पाण्डेय निवासी सरदार नगर जंगल मठिया टोला बेलहिया थाना चौरीचौरा के रूप में हुई है। रामगढ़ताल पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

# पिकअप व बाइक की टक्कर में युवक की मौत

ब्रह्मपुर। झंगहा थाना क्षेत्र के गोबड़ौर से बौहाबार मार्ग पर शिकारगढ़ गांव के पास पिकअप और बाइक में टक्कर हो गई। हादसे में करौता निवासी 40 वर्षीय मनोज की मौत हो गई। वहीं, चचेरी बहन अर्चना व अर्चना की तीन वर्ष की बेटी अदिति घायल हो गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजकर शव को पोस्टमार्टम भेज दिया। मनोज अपने चचेरी बहन अर्चना व उसकी बेटी अदिती को लेकर महुअरकोल गांव में पाछ (झाड़ फूक) कराने गया था।

# पांडेयहाता में दुकान में लगी आग

- दमकल की 4 गाड़ियों ने आग पर पाया काबू, रेस्क्यू कर कुत्ते को बचाया
- परिवार के लोग गए थे वाराणसी, ऊपरी मंजिल पर बंधा था कुत्ता

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। राजघाट थाना क्षेत्र के पांडेयहाता बाजार में मंगलवार को दिन में कपड़े की एक दुकान में आग लग गई। आग की सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल विभाग की चार गाड़ियों ने एक घंटे में आग पर काबू पा लिया।

आग के दौरान मकान मालिक परिवार के साथ वाराणसी गए थे। घर में सिर्फ एक कुत्ता था। टीम ने रेस्क्यू कर कुत्ते को बचाया। उसके बाद आग पर काबू पाया गया। फिलहाल आग की सूचना पर डीएम और एसएसपी ने भी मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि आग से किसी तरह की कोई जन हानि नहीं हुई है। राजघाट थाना क्षेत्र के पाण्डेय हाता में वैष्णवी साड़ी सेंटर के नाम से एक दुकान है। उसके मालिक अरविंद गुप्ता व शिव प्रकाश पुत्र स्वर्गीय कृष्ण चरण गुप्ता हैं। दुकान के ऊपर मकान में वे रहते भी हैं और उनके थोक में साड़ी का कारोबार भी करते हैं। अरविंद गुप्ता अपने परिवार के साथ वाराणसी गए हुए हैं। मंगलवार होने की वजह से बाजार बंद था। केवल राखी की दुकानें खुली थीं जिसकी वजह से बाजार में थोड़ी बहुत भीड़ भी थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक दिन में 2 बजे मकान के ऊपरी हिस्से से धुंआ उठने लगा और दुकान में आग की लपटें दिखाई देने लगी।

दुकान अंदर होने की वजह से बाहर खड़े लोगों ने इसकी जानकारी नीचे बैठे लोगों को दी। इसके बाद अरविंद गुप्ता के भाई व अन्य ने आग बुझाने का प्रयास करते हुए इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां किसी तरह मौके पर पहुंची। आग की वजह शार्ट सर्किट बताई जा रही है। दुकान मालिक के आने के बाद ही आग से हुए नुकसान का सही आकलन किया जा सकता है। उनके भाई के मुताबिक 40 लाख से ज्यादा के नुकसान का अनुमान है।



मंगलवार को पांडेयहाता में कपड़े की दुकान में लगी आग को बुझाते दमकलकर्मी।

# नाबालिग से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

झंगहा। बिहार प्रान्त के बक्सर जिले में स्थित राजपुर थानाक्षेत्र निवासी जितेंद्र राय को झंगहा पुलिस ने एक किशोरी के साथ छेड़खानी करने के आरोप में झंगहा क्षेत्र के डुमरैला मोड़ के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा है। चौकी प्रभारी बरही आदित्य उपाध्याय ने बताया कि जितेंद्र राय की क्षेत्र के एक गांव में ससुराल है। वह रविवार को पड़ोस की एक किशोरी को चाकलेट दिखाकर खेत की तरफ ले गया और छेड़खानी करने लगा।

# अपहरण कर दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने अपहरण और दुष्कर्म के आरोपित प्रवीण कुमार सिंह उर्फ पिन्टू सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट करौता उर्फ नेबुइया थाना घुघली जिला महराजगंज को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया है।

### एसडीएम व पुलिस की छापेमारी में डीजल चोरी का भंडाफोड़

# टैंकर से तेल चुराने वाले नेटवर्क का खुलासा

- तीन डीजल टैंकर, एक बोलेरो, एक बाइक व चोरी का डीजल बरामद
- एसडीएम ने एएसपी मानुष पारीक व प्रशिक्षु सीओ ने की कार्रवाई

चौरीचौरा, हिन्दुस्तान संवाद।

चौरीचौरा में मंगलवार को पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों की टीम ने डीजल चोरी के रैकेट का भंडाफोड़ किया है। अधिकारियों ने क्षेत्र के चौरी सतहवा में टैंकर से डीजल की चोरी कर बेचते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। आरोपी टैंकरों के टूल बॉक्स के जरिए सुराख कर तेल चुरा रहे थे। सभी टैंकर इंडियन ऑयल कंपनी से जुड़े हैं। इस दौरान एक टैंकर चालक को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

बताया जा रहा है कि मौके पर डीजल के खरीदार भी मौजूद थे। कार्रवाई करने वाली टीम में एसडीएम प्रशांत वर्मा, एएसपी मानुष पारीक व प्रशिक्षु सीओ ओंकार दत्त त्रिपाठी शामिल रहे। इस कार्रवाई में मौके से तीन डीजल टैंकर, एक बोलेरो, एक बाइक, डीजल निकालने का उपकरण और कई गैलनों में भरा चोरी का डीजल बरामद हुआ है।

एसडीएम ने बताया कि मुखबिर से पता चला कि क्षेत्र में गोरखपुर-देवरिया मार्ग पर स्थित चौरी गांव के सतहवा में टैंकरों से डीजल की चोरी की जा रही है। सूचना एएसपी मानुष पारीक को दी। मंगलवार को दोपहर पुलिस व प्रशासन ने संयुक्त रूप से छापेमारी की तो सतहवा में टैंकरों से डीजल चोरी की जा रही थी। पुलिस व प्रशासन की गाड़ी देखते ही टैंकर से डीजल चोरी करने वाले मौके से भाग निकले। एक डीजल टैंकर चालक मौके से पकड़ा गया। इस छापेमारी में मौके से तीन डीजल टैंकर, एक बोलेरो, एक बाइक, डीजल निकालने का उपकरण और भारी मात्रा में कई गैलनों में भरा चोरी का डीजल बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि बरामद वस्तुओं को निरीक्षक चौरीचौरा झिरेश तिवारी के सुपुर्द कर आगे की कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है। इससे पूर्व तत्कालीन एसडीएम शिवम सिंह व एएसपी मानुष पारीक द्वारा डीजल चोरी की घटना का भंडाफोड़ किया गया था।

**डिपो से जुड़ा है तेल चोरों का नेटवर्क :** बताया जा रहा है कि टैंकरों से डीजल चुराने वालों का नेटवर्क कंपनी के डिपो से जुड़ा है। यह तेल की चोरी टैंकर के डिपो से निकलकर पेट्रोलपंप तक पहुंचने के बीच में हो रही है। इस नेटवर्क में टैंकर चालक से लेकर संचालक तक शामिल हैं।

**टूल बॉक्स के जरिए बनाया था सुराख :** बताया जा रहा है कि चोरों ने टैंकर के डिजायन में ही गड़बड़ी कर रखी है। टैंकर से तेल को चुराने के लिए टूल बाक्स के अंदर से एक बारीक सुराख टैंकर तक बनाया है। इस सुराख को बाहर से खोला जा सकता है।



चौरीचौरा में पकड़े गए टैंकर व तेल की जांच करते पुलिस अधिकारी।

## कंपनी के अधिकारियों की मिलीभगत से होता है खेल

पेट्रोल पंप एसोसिएशन के अध्यक्ष विश्व नारायण सिंह ने बताया कि यह खेल लंबा है। कंपनी में टैंकरों की जांच के लिए अलग टीम होती है। उसकी स्पेशल ऑपरेटिंग प्रोसीजर है। इससे साफ है कि टैंकर में डीजल भरने से पहले उसकी फिटनेस और सिक्योरिटी जांच नहीं हो रही है। इसमें चपत पेट्रोल पंप संचालकों को लगती है। इस खेल में कंपनी के अधिकारी शामिल हैं।

# तीन जुआरी पकड़े पांच बाइक बरामद

कैम्पियरगंज। कैम्पियरगंज क्षेत्र के भगवानपुर व गोपलापुर में बड़े पैमाने पर जुआ खेलने की शिकायत मिल रही थी। सोमवार को कैम्पियरगंज पुलिस ने भगवानपुर बाग में जुए के अड्डे पर छापेमारी की तो भगदड़ मच गयी। जुआरी अपनी बाइक छोड़कर भाग गए। मौके से चौमुखा निवासी रंजीत वर्मा, शिवपुर टोला विशुनपुर निवासी ताहिर अली व तबारक अली तीन लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया। जामा तलाशी व मौके से 320 रुपये, 25 ताश के पत्ते व पांच बाइक बरामद किया।

# विदेश भेजने के नाम पर ठगी, केस दर्ज

उरुवा बाजार। सुल्तानपुर निवासी महेंद्र कुमार ने विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर में बताया है कि विदेश भेजने के नाम पर उनसे सत्तर हजार लिया गया है। पुलिस ने इस मामले में इस्लाम अहमद निवासी बकुची थाना हरपुर बुदहट, शाहिद निवासी भैंसा बाजार थाना बांसगांव तथा कुछ अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# बीआरडी के रिकॉर्ड से पुलिस की कहानी का मेल नहीं

**फॉलोअप**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। बीआरडी मेडिकल कालेज में ब्लड बैंक एक बार फिर पुलिस के निशाने पर है। पुलिस ने खून के काले धंधे का खुलासा किया है। इसमें दो लोग गिरफ्तार किए गए। ब्लड बैंक कर्मचारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाया।

हालांकि पुलिस की कहानी बीआरडी मेडिकल कॉलेज के आंतरिक जांच में फिट नहीं हो रही है। मंगलवार को मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ गणेश कुमार की अगुवाई में टीम ने ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। टीम ने ब्लड बैंक के रक्तदाता (डोनर) और रक्तग्राही (रेसिपेंट) के रिकॉर्ड की भी जांच की। इस रिकॉर्ड में पुलिस के दावे के साक्ष्य नहीं मिले हैं। इसके बावजूद बीआरडी प्रशासन ने जांच जारी रखने और ब्लड बैंक में सख्ती बढ़ाने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

**नहीं मिला संदिग्ध रक्तदाता का नाम :** प्राचार्य डॉ. गणेश कुमार ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक के गलियारी में सीसी कैमरा लगा हुआ है। इसमें हर आने-जाने वाले का रिकॉर्ड है। हर रक्तदाता का रिकॉर्ड एक रजिस्टर में रखा जाता है। रक्तदाता से उसका विवरण भी भराया जाता है। पुलिस ने जिन नामों का उल्लेख किया। वह नाम कहीं भी, किसी रजिस्टर में नहीं मिले हैं।

**हर कमरे में लगेगा सीसी कैमरा :** प्राचार्य ने बताया कि पुलिस के आरोपों के साक्ष्य नहीं मिले हैं। इसके बावजूद ब्लड बैंक में निगरानी बढ़ेगी। अब ब्लड बैंक के इंतजाम को और सख्त किया जाएगा। रक्तदाता को रक्तदान से पूर्व अपना आधार कार्ड भी दिखाना होगा। रक्त लेने वाले का भी आधार नंबर और मोबाइल नंबर दर्ज होगा। रक्तदाता और रिसीवर दोनों के मोबाइल नंबर पुष्ट होने के बाद ही ब्लड यूनिट दिया जाएगा। इसके अलावा गलियारे के साथ ही रक्तदान करने वाले कमरे में भी सीसी कैमरा लगाया जाएगा। इस दौरान एसआईसी डॉ राजेश राय, प्रभारी डॉ कंचन श्रीवास्तव और डॉ अर्चना त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

## रजिस्टर में नहीं दर्ज है ब्लड देने का रिकार्ड

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। पुलिस की जांच में सामने आया है कि मजदूर गोरख से खून बीआरडी मेडिकल कालेज के ब्लड बैंक में निकलवाया गया था लेकिन वहां के रजिस्टर में उसका नाम ही दर्ज नहीं है। जांच में पता चला है कि तिवारीपुर के बिंद टोला निवासी वसील खान व एजेंट फरेंदा निवासी केशरदेव ने पिछले छह महीने में 50 से ज्यादा लोगों को खून निकलवा कर दिया है। पुलिस अब गिरफ्तार वसील खान व केशर देव के मोबाइल फोन की सीडीआर निकलवा कर जांच कर रही है। खून लेने व देने वालों को भी बुलाकर बयान दर्ज कराया जाएगा।

इस मामले में मेडिकल कालेज के कुछ वार्डब्वाय व सफाई कर्मी की भी भूमिका सामने आई थी। अब जांच में सामने आया है कि ब्लड बैंक के रजिस्टर में खून देने वाले गोरख का नाम ही दर्ज नहीं है। अब पुलिस यह जांच कर रही है कि यह कैसे हुआ और किसकी मिलीभगत से हुआ। इससे यह भी साफ है कि कोई न कोई कर्मचारी भी इस गिरोह से मिला है। यहीं इस गिरोह ने पिछले 6 माह में 50 से ज्यादा लोगों से खून निकलवा कर जरूरतमंद मरीजों को महंगे दाम में बेचकर दलाली कमाई है।

पुलिस के अनुसार सरगना वसील पहले नगर निगम का सफाई कर्मी था। एसपी मानुष पारीख ने बताया कि सीडीआर खंगाल रहे हैं। रजिस्टर पर पीड़ित का नाम दर्ज नहीं था।

# कपड़े की दुकान में लगी आग, लाखों की क्षति

## पांडेयहाता में है दुकान, डीएम व एसपी ने निरीक्षण कर घटना की ली जानकारी



पांडेय हाता मे स्थित कपड़े की दुकान मे लगी आग • जागरण

जासं, गोरखपुर : पांडेयहाता बाजार में मंगलवार की दोपहर दो बजे एक कपड़े की दुकान में आग लग गई। इससे उसके अंदर रखे सभी कपड़े जल गए। राजघाट थाना पुलिस व दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया। आग लगने का स्पष्ट कारण पता नहीं चल सका है। यद्यपि पुलिस शार्ट सर्किट से आग लगने की बात कह रही है। बाजार बंद होने से दमकल वाहन भी मौके पर पहुंच गए। इससे बड़ा हादसा होने से बच गया। देर शाम जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

राजघाट क्षेत्र के पांडेयहाता कपड़ा बाजार में अरविंद कुमार गुप्ता की वैष्णवी साड़ी सेंटर नाम से दुकान है। मंगलवार बंदी होने के कारण पूरा बाजार बंद था। इसी दौरान दोपहर दो बजे दुकान से धुंआ निकलता देख अफरा-तफरी मच गयी। सूचना पर पहुंचे पुलिस व दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। आग पर काबू पाने में दमकल विभाग के दो वाहन लगे। दुकान मालिक अरविंद ने बताया कि दुकान के अंदर 10 लाख से अधिक के कपड़े थे, जो पूरी तरह से जल गए। एसएसपी ने बताया समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। थाना प्रभारी राजघाट को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।

**बाजार बंद नहीं होता तो कैसे पहुंचती दमकल की गाड़ी:** पांडेयहाता बाजार की सड़कें सकरी हैं। बाजार खुले होने पर यहां पैदल चलना मुश्किल होता है। ऐसे में घटना के बाद लोग यह चर्चा करते रहे कि अगर बाजार बंद नहीं होता तो दमकल के वाहनों का पहुंचना मुश्किल होता है।

**बाजार में नहीं है पानी की व्यवस्था:** पांडेयहाता बाजार में कपड़ा से लेकर अन्य दुकानें भी हैं। कुछ दुकानों पर अग्निशमन यंत्र रखे गए हैं, लेकिन पूरे बाजार में आग बुझाने का कोई उपकरण नहीं है। ऐसे में बाजार खुलने के दौरान आग लगने पर बड़ी घटना को कोई नहीं टाल सकता है। मंगलवार की घटना के बाद दुकानदार यही बात करते रहे।

# पत्नी व बच्चों को बेरहमी से पीटा पुलिस दर्ज नहीं कर रही मुकदमा

जासं, गोरखपुर: पत्नी व बच्चों को युवक ने बेरहमी से पीट दिया और भाग गया। एसएसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देने के बाद भी थाना पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।

प्रार्थना पत्र लेकर पुलिस कार्यालय पहुंची इंदिरा नगर की संजना यादव ने बताया कि 14 अगस्त की रात में पति ने उसे और दोनों मासूम बेटियों को पीट दिया। घर में पका भोजन व सारा सामान फेंकने के बाद फरार हो गया। शिकायत लेकर वह रामगढ़ताल थाने गई, लेकिन थाना पुलिस ने आपसी मामला बताकर लौटा दिया।

# जमीन बैनामा और रुपये हड़पने का आरोपित गिरफ्तार

मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा पुलिस ने मंगलवार को धोखाधडी कर जमीन बैनामा कराने और रुपये हड़पने के मामले में आरोपित कुशीनगर के हाटा गनेशपुर के शिवसागर यादव को गिरफ्तार किया है। वह डुमरीखास का रहने वाले रामगोपाल का रिश्तेदार है। थाना प्रभारी सुधीर सिंह ने बताया कि डुमरी खास के रामसजन ने तहरीर देकर बताया था कि रामगोपाल और उसके साथी कमरे में बंधक बनाकर मारे पीटे। जबरन जमीन बैनामा करा लिया। जहर देकर फोरलेन के किनारे फेंक दिये। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच में पता चला है कि आरोपित लोगों का जमीन बैनामा कराकर उन्हें फर्जी चेक देकर रुपये हडप लेते थे। (जासं)

## किशोरी से छेड़खानी करने का आरोपित गिरफ्तार

झंगहा : थाना पुलिस ने मंगलवार को क्षेत्र के एक गांव की किशोरी से छेड़खानी करने के आरोपित बिहार के बक्सर के राजपुर के रहने वाले जितेन्द्र राय को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी झंगहा गौरव राय कन्नौजिया ने बताया कि आरोपित की एक गांव में ससुराल है। बीते रविवार को वह किशोरी को चाकलेट दिखाकर खेत की तरफ ले गया और उससे छेड़खानी की। पिता की तहरीर पर पुलिस केस दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही थी। (जासं)

## वाहन की टक्कर से आटो पलटा, एक युवक की मृत्यु

मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा के बिलारी मठिया के रहने वाले छोटेलाल की बस्ती के हरैया में मृत्यु हो गई। वह सोमवार की रात गांव के भगवती, मीना, ईमरती, लालचन के साथ आटो से अयोध्या जा रहे थे। मंगलवार भोर में 4:30 बजे हरैया के पास पीछे से किसी वाहन ने टक्कर मार दी। इससे आटो पलट गया। उसमें सवार छोटेलाल की मौके पर मृत्यु हो गई। अन्य चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। (जासं)

# विदेश भेजने के नाम पर की ठगी, केस दर्ज

झंगहा : मोतीराम अड्डा चौराहे पर कार्यालय खोलकर जालसाज ने विदेश भेजने के नाम बड़हलगंज के मोहाल जलकर खैरवा के भागीरथी यादव से ठगी कर ली। तहरीर के आधार पर झंगहा पुलिस ने मंगलवार को जालसाज विजेंद्र सिंह उर्फ सन्नी सिंह के विरुद्ध धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। भागीरथी ने बताया कि विजेंद्र ने उन्हें विदेश भेजने के लिए पैसा लिया था। आठ मार्च को उसने दुबई जाने का बीजा दिया। दुबई पहुंचने पर 20 दिन बाद उन्हें लीबिया भेज दिया गया। वहां जाने पर उन्हें कोई काम नहीं मिला। परेशान होकर 26 जुलाई को वह वापस घर आ गए।

# पुलिस चौकी के पास उचक्कों ने महिला के 10 हजार उड़ाए

पीपीगंज : स्थानीय बाजार में स्थित पुलिस बूथ के पास उचक्कों ने रायपुर की रहने वाली महिला के 10 हजार रुपये व आधार कार्ड उड़ा दिए। सूचना पर पुलिस सीसी कैमरे फुटेज से उचक्कों की तलाश कर रही है। पल्लवी ने बताया कि वह प्रतिभा पांडेय के साथ रक्षाबंधन का बाजार करने पीपीगंज चौराहे के पास आई थी। इसी दौरान दो युवक उनके पास आए और खड़े थे। बाजार करने के बाद जब अपना पर्स देखी तो पर्स, पैसा और एटीएम कार्ड गायब था। पीड़िता का आरोप है कि बूथ पर कोई भी पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था। (जासं)

# भोजपुरी गायक ने हाईवे पर बनाया रील, पुलिस ने 14 को पकड़ा

## बिना अनुमति 'रंगदारी चलेला गोरखपुर' गाने पर कर रहे थे शूटिंग

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** लाइटर पिस्टल हाथ में लेकर लखनऊ हाईवे पर रील बनाने वाले भोजपुरी गायक अभिषेक सरगम व उसके 14 सहयोगियों को गीडा थाना पुलिस ने मंगलवार को हिरासत में ले लिया। बिना अनुमति के यह लोग हाईवे पर चार पहिया वाहन खड़ाकर रील बनाने के आरोप में सभी का शांति भंग में चालान कर दिया। साथ में मौजूद गायिका को पुलिस ने चेतावनी देकर छोड़ा।

गगहा के डेमुसा का रहने वाला अभिषेक सरगम सोमवार को गायिका ज्योति कुमारी व साथियों संग रील बनाने नौकायन पर आ रहा था। लखनऊ हाईवे पर बाघागाड़ा के पास चार पहिया वाहन को रोककर बोनट पर बैठकर भोजपुरी गीत 'रंगदारी चलेला गोरखपुर गाने' पर रील बनाने लगा। अभिषेक की हाथ में पिस्टल वाला लाइटर था। शूटिंग का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद किसी ने गोरखपुर पुलिस को ट्वीट कर दिया। बिना अनुमति हाईवे पर चार पहिया वाहन खड़ा कर रील बनाने की शिकायत पर मंगलवार की सुबह गीडा थाना पुलिस ने भोजपुरी सिंगर अभिषेक सरगम के साथ ही उसके सहयोगी विनोद मौर्य, प्रमोद मौर्य, लवकुश साहनी, सुभाष निषाद, पवन त्रिपाठी, अक्षय पाल, दिनेश प्रसाद, अर्जुन पाल, अजय पाल, राजन पाल, राकेश निषाद व चौथी को हिरासत में ले लिया। उनके पास से लाइटर पिस्टल (खिलौना) बरामद हुआ। थानाध्यक्ष गीडा रतन पांडेय ने बताया कि सभी आरोपितों का शांतिभंग में चालान कर दिया गया। गायिका ज्योति कुमारी को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।



हाइवे पर रील बनाता यूट्यूबर अभिषेक सरगम और उसके साथी ● सौ. इंटरनेट मीडिया

# गोलघर में पार्किंग के बाहर गाड़ियों का होगा चालान

गोरखपुर : गोलघर की सड़कों पर पार्किंग को लेकर नगर निगम सख्ती बरतने जा रहा है। मंगलवार को प्रवर्तन दल ने गोलघर में घोषणा की कि वाहनों को लोग पार्किंग में ही खड़ा करें। इधर-उधर गाड़ी खड़ी करने पर जुर्माना वसूल किया जाएगा। टीम ने काली मंदिर से लेकर शास्त्री चौक तक अभियान चलाकर घोषणा की। दुकानदारों के साथ ग्राहकों को भी पार्किंग को लेकर जागरूक किया गया। चार पहिया वाहन से एक हजार जबकि दो पहिया से 200 रुपये वसूल किए जाएंगे। लोगों से अपील की गई कि वे अपने वाहन मल्टीलेवल पार्किंग में खड़ा करें। प्रवर्तन दल ने दाउदपुर चौराहे पर घोषणा की कि वहां सड़क पर दुकान न लगाई जाए। कूड़ाघाट में टीम ने डेढ़ किलो प्रतिबंधित पालिथीन बरामद की। (जासं)

# पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने वाला गिरफ्तार

गोरखपुर : पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपित को चिलुआताल थाना पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। कृतपुरा गांव के रहने वाले अनिल चौहान पर दहेज उत्पीड़न व पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज था। घटना के बाद से ही फरार चल रहा था।

## पुलिस ने वाहन चोर को पकड़ा, चार स्कूटी बरामद

**गोरखपुर :** रामगढ़ताल थाना पुलिस ने मंगलवार की सुबह चौरी चौरा बेलहिया के रहने वाले वाहन चोर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से चोरी की चार स्कूटी बरामद हुई। एसएसआइ रामगढ़ताल थाना कमलेश सिंह ने बताया कि आरोपित नागेश्वर पांडेय चौरी चौरा जंगल मठिया टोला बेलहिया का रहने वाला है। न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। (जासं)

## किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म करने वाले को भेजा जेल

**गोरखपुर :** किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म के आरोपित को गोरखनाथ थाना पुलिस ने मंगलवार की सुबह बरगदवा के पास से गिरफ्तार किया। न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। सीओ गोरखनाथ रत्नेश सिंह ने बताया कि चिलुआताल संझाई के मिट्ठू यादव पर किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज था। तलाश करने पर किशोरी को छोड़कर वह फरार हो गया था। सर्विलांस की मदद से मंगलवार की सुबह उसे गिरफ्तार किया गया। (जासं)

# चौरी चौरा में टैंकर से तेल चोरी का भंडाफोड़



मझने नाला के पास टैंकर को पकड़े एसडीएम प्रशांत वर्मा, सीओ मानुष पारीक व प्रशिक्षु सीओ ओंकार दत्त त्रिपाठी •जागरण

जासं, मुंडेरा बाजार : एसडीएम चौरी चौरा प्रशांत वर्मा ने मंगलवार को मझने नाला के पास टैंकर से डीजल चोरी का भंडाफोड़ किया। यहां तीन डीजल व पेट्रोल से भरे टैंकर, एक बोलेरो, एक बाइक, तेल निकालने के उपकरण, एक दर्जन खाली गैलन व कुछ तेल भरे गैलन मिले। इसे पुलिस चौरी चौरा थाने पर लायी। एसडीएम ने बताया कि सूचना के आधार पर गोरखपुर-देवरिया मार्ग पर मझने नाला के पास छापेमारी की गई।

यहां देखा गया कि बैतालपुर डिपो से तेल लेकर आये टैंकरों से डीजल की चोरी की जा रही थी। प्रशासन की गाड़ी देखते ही टैंकर से डीजल चोरी करने वाले आधा दर्जन लोग व दो टैंकर चालक गाड़ी छोड़कर भाग गए। एक टैंकर चालक मौके से पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि बरामद वाहन व वस्तुओं को पूर्ति निरीक्षक चौरी चौरा इंद्रेश तिवारी को सिपुर्द कर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है। इस दौरान सीओ मानुष पारीक, प्रशिक्षु सीओ ओंकारदत्त त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

**डीजल चोरी करने वालों पर होगी कार्रवाई:** एसडीएम प्रशांत वर्मा ने कहा कि टैंकर से डीजल व पेट्रोल की चोरी के कारोबार पर पुलिस और प्रशासन की पैनी नजर है। इस कारोबार में जिन लोगों की भी संलिप्तता है उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज होने पर युवक ने की खुदकुशी की कोशिश

**जासं, भटहट :** गुलरिहा क्षेत्र के जंगल हरपुर के सहाबुद्दीन ने मंगलवार की सुबह पेट में चाकू मारकर कर खुदकुशी की कोशिश की। अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है। पिता जमालुद्दीन ने बताया कि पत्नी ने दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। इससे वह दुखी रहता है। पिता ने थाने में बहू, एक महिला व दो युवकों के विरुद्ध तहरीर दी है। युवक के मोबाइल फोन से पुलिस को घटना के पहले बनाया गया एक वीडियो मिला है।

वीडियो में सहाबुद्दीन बता रहा है कि दो वर्ष से विदेश में था। इस दौरान उसने पत्नी के खाते में चार लाख रुपये भेजे थे। पत्नी ने इसके अतिरिक्त विभिन्न प्राइवेट समूहों से लाखों रुपये कर्ज लेकर एक युवक के साथ खर्च कर दिया। घर वापस आने पर 15 अगस्त को उसने पत्नी को एक युवक के साथ पकड़ा था। लिखित सुलहनामा के बाद मामले को खत्म कर दिया। इसके बाद पत्नी ने माता-पिता के साथ उस पर फर्जी तरीके से दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करा दिया। इस वीडियो को कुछ लोगों के पास भेजकर युवक ने खुद ही पेट में चाकू मार लिया। विवेचना कर रहे दारोगा पंकज सिंह ने बताया कि घायल युवक की हालत खतरे से बाहर है। मामले की जांच चल रही है आरोपितों पर कार्रवाई होगी।

# निलंबित लेखपाल व साल्वर गैंग के चार सदस्यों पर गैंगस्टर एक्ट

- 24 नवंबर 2021 को एसटीएफ ने किया था गैंग का पर्दाफाश
- शाहपुर के भेड़ियागढ़ में रहने वाला आकाश श्रीवास्तव है सरगना

जासं, गोरखपुर: साल्वर गैंग चलाने के आरोपित निलंबित लेखपाल आकाश श्रीवास्तव उर्फ अंकित समेत पांच आरोपितों पर शाहपुर थाना पुलिस ने मंगलवार को गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया। तीन सदस्य सोनीपत, उन्नाव व महराजगंज जिले के रहने वाले हैं। एसएससी परीक्षा में धांधली किए जाने की शिकायत पर एसटीएफ की टीम ने लेखपाल के घर छापा डाल सभी आरोपितों को गिरफ्तार किया था।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि 24 नवंबर 2021 को एसटीएफ की गोरखपुर यूनिट ने शाहपुर के भेड़ियागढ़ स्थित मकान में छापा डाल लेखपाल आकाश श्रीवास्तव उर्फ अंकित, सोनीपत (हरियाणा) जाहिरी के नीरज लाकड़ा, उन्नाव में आदर्शनगर के अविनाश यादव, पनियरा (महराजगंज) सौरहा के विनय मोहन यादव, सहजनवां में तीतनपार के संतोष यादव को गिरफ्तार किया था। गिरोह के सदस्यों के पास से 10 लैपटाप, कंप्यूटर, सीपीयू, प्रिंटर, कूटरचित दस्तावेज मिले थे। विवेचक ने आरोपितों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल करने के साथ ही गैंगस्टर की कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजी थी।

# कूड़ा हटाने को लेकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

**जासं, पिपरौली** : गीडा थाना के हरदिया गांव में कूड़ा हटाने के विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने सोमवार को आठ लोगों पर बलवा और मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

हरदिया के शौर्य निधि मिश्रा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पिता घर की सफाई कर कूड़ा हटा रहे थे। तभी पड़ोसी आकर गाली देने लगे। विरोध पर मुझे अपने घर मे खींचकर ले गए और पिटाई की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सन्तोष, भगवानदास और सत्यम पर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। दूसरे पक्ष से सन्तोष मद्देशिया की तहरीर पर शौर्य निधि मिश्रा, नितिन, निधि, जगदम्बा, करुणा निधि पर बलबा और मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः–30–08–2023

# जबरन गेहूं और तख्ता उठा ले जाने का आरोप

**श्रीरामपुर(एसएनबी)** । क्षेत्र के सुरवल निवासी राजकुमार मिश्र ने अपने गांव के निवासी द्वारिका मिश्र व विद्यानंद मिश्र पर उनके पुराने घर के टीन शेड में रखे तख्ता, गेहूं तथा अन्य सामान उठा ले जाने का आरोप लगाया है।मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सुरवल,पोरहीमपुर,थाना श्रीरामपुर निवासी राजकुमार मिश्र पुत्र रामायण मिश्र ने अपने ही गांव के निवासी द्वारिका मिश्र व विद्यानंद मिश्र पर श्रीरामपुर थाने में प्रार्थना पत्र देकर यह आरोप लगाया है कि वे लोग उनके पुराने मकान के टीन शेड से दिन में ही उनके गैरमौजूी में तख्ता,गेहूं तथा अन्य सामान उठा ले गए,मांगने पर झगड़ा करने पर उतारू हैं।इस बाबत पूछे जाने पर थानाध्यक्ष श्रीरामपुर अनिल कुमार सिंह ने बताया इस मामले की लिखित जानकारी मिली है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# छात्राओं को पुलिस ने किया जागरूक

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान के तहत स्कूलों व कालेजों में छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के बारे में ज़ानकारी देते हुए उनके सुरक्षा के बाबत आयोजन किया जा रहा है। जहां स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के रामलक्षन स्थित शिव मार्डन एकेडमी में रामलक्षन चौकी इंचार्ज द्वारा जागरूकता अभियान के माध्यम से छात्राओं को 363, 366 आईपीसी की मामलों की जानकारी देते हुए सरकार द्वारा जारी हेल्प लाईन नम्बरों के विषय में जानकारी दिया। जैसे 1090 महिला हेल्प लाईन, 181 सीएम हेल्प लाईन, 112 के संबंध में जानकारी देते हुए जगारूक किया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थितियों में अपने बचाव के लिये उपर्युक्त नम्बरों को डायल करें।

# मारपीट मामले में पुलिस ने किया समझौता

**बरहज (एसएनबी)।** बरहज थाना क्षेत्र के ग्राम खोरी गांव में सोमवार की सुबह बाइक चोरी की सूचना पर दबिश देने आयी पुलिस और परिजनों के साथ हुई मारपीट में दोनों तरफ के लोग घायल हो गये। सूत्रों की मानें तो सुरौली पुलिस बिना रवानगी के ही खोरी गांव में दबिश देने के लिए आयी हुई थी। मारपीट के दौरान पुलिसकर्मी भी गंभीर रूप से घायल हुए थे। अपनी कमी को छुपाने के लिए पुलिसकर्मियों ने मामले में सुलह समझौता कर लिया। पीड़ित खोरी निवासी रामविचार विश्वकर्मा के दरवाजे पर लगा सीसी टीवी कैमरे की सीडीआर को पुलिस ने मंगाया और प्रकरण से सम्बन्धित क्लिप को डिलीट कराया। पुलिस ने रामविचार के साथ सुलह समझौता कर लिया लेकिन पुलिसकर्मियों की चोट से घायल रामविचार विश्वकर्मा मेडिकल कराने के बाद पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर इस पूरे प्रकरण में पुलिस की भूमिका के विरूद्ध जांचकर कार्यवाही की मांग करेगा।

# 20 ली कच्ची शराब के साथ एक धराया

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत रुद्रपुर क्षेत्र के आबकारी निरीक्षक कुलदीप सिंह अपने हमराही सिपाहियों मुकेश, रंजन, विमलेश के साथ क्षेत्र भ्रमण पर थे, कि जरिये मुखबीर की सूचना पर कि क्षेत्र में प्लास्टिक में रखे गये अवैध कच्ची शराब को एक व्यक्ति द्वारा बेचा जा रहा है, जहां आबकारी टीम ने ग्राम एकलामिश्रौलिया में अलगू पुत्र नेबूलाल के पास से अवैध 20 लीटर कच्ची शराब बरामद कर रुद्रपुर कोतवाली लाया, जिसे आबकारी एक्ट के तहत न्यायालय भेज दिया गया।

# बजाज एजेन्सी के मामले मे मुकदमा दर्ज

**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नकहनी चौराहे पर इन्दल बजाज ऐजेन्सी पर हुए मामले मे एक नामजद व तीन अज्ञात लोगो के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज हुआ है। इस सम्बन्ध मे इन्दल गुप्ता पुत्र स्व गोपीचंद गुप्ता ग्राम चकअ फकीर थाना भटनी निवासी थाने मे दिये गये तहरीर मे लिखा है कि प्रियान्शु पुत्र हरेराम तिवारी ग्राम ठाकुर कोडरा थाना कोतवाली सलेमपुर व तीन अज्ञात लोगो के साथ मेरे बजाज ऐजेन्सी पर आकर ऐजेन्सी के कर्मचारियों के साथ गाली देते हुए लेजर रिकार्ड फाईल फांड कर पुल पर मारपीट कर घायल कर दिये जाने के बाद जानमारने की धमकी देते हुए चले गये।

# न्यायिक अधिकारियों ने किया राजकीय बाल गृह तथा पाथ वात्सल्य खुला आश्रय गृह का निरीक्षण

**देवरिया (एसएनबी)**। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट , तथा सिविल जज (जे0 डी0 ) द्वारा राजकीय बाल गृह एंव पाथ वात्सल्य खुला आश्रय गृह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती इन्द्रिरा सिंह द्वारा निर्देशित किया गया कि परिसर को निरंतर स्वच्छ रखा जाये तथा बच्चों के खेलने की समुचित व्यवस्था की जायें जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। इसके साथ ही बच्चों के दिनचर्या में व्यायाम को भी रखा जाये जिससे बच्चे शारीरिक रूप से मजबूत रहें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के सचिवध्अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार दूबें द्वारा भोजन हेतु खाद्य सूची का निरीक्षण किया गया तथा भोजन में पौष्टिक आहार के साथ-साथ मीनू के अनुसार ही भोजन दिये जाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि राजकीय बालगृह देवरिया में कुल 20 बच्चें तथा पाथ वात्सल्य खुला आश्रय में कुल 10 बच्चें वर्तमान में उपस्थित पाये गये। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजू कुमारी ने बच्चों के स्वास्थ सम्बन्धित समस्याओं तथा प्रपत्रो को व्यवस्थित रूप से करने के लिए कठोर निर्देश दिए। इस निरीक्षण में मुख्य रूप से अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश इन्द्रिरा सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अशोक कुमार दूबें,मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजू कुमारी , सिविल जज (जे0 डी0 ) श्रीकान्त गौरव,, राजकीय बाल गृह देवरिया के प्रभारी अधीक्षक सावित्री देवी, पाथ वात्सल्य एवं खुला आश्रय गृह समन्वयक अमित कुमार चौबे व अन्य सम्बन्धित कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# पुलिस ने छात्राओं को किया जागरूक

गौरीबाजार, हिन्दुस्तान संवाद। गौरीबाजार पुलिस ने मंगलवार को चंद्रशेखर आजाद इंटर कॉलेज की छात्राओं को अपराध के खिलाफ जागरूक किया। छात्राओं से डरने व संकोच करने की बजाए सामना करने व पुलिस को सूचना देने पर जोर दिया।

गौरीबाजार पुलिस टीम की महिला कांस्टेबल सारिका यादव व प्रीती दूबे ने छात्राओं को आत्मरक्षा की जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें सशक्त होने का एहसास हर पल होना चाहिए। कहीं आते-जाते यदि रास्ते में अथवा कार्य स्थल या फिर घर के आसपास कहीं कोई मनचला आपको परेशान करे, तो घबराएं नहीं। ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए टोल फ्री नंबर पर कॉल करके पुलिस को सूचना दीजिए।

इस दौरान वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु 108, पुलिस कंट्रोल - नंबर - 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 आदि के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि शिकायत करने वालों का नाम-पता गोपनीय रखा जाएगा। इस दौरान बालिकाओं व ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं एवं बच्चियों को मिशन शक्ति अभियान व सुरक्षा व आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें सुरक्षा व आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए नियम-कानून के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य डा. हरेंद्र मौर्य, शिक्षक जितेन्द्र मोहन सिंह, मीना सिंह, नीरजा सिंह, प्रभात रंजन मणि, दिलीप सिंह, प्राद सिंह, अजय पांडेय, राकेश दीक्षित राकेश दीक्षित, मधूसूदन चौबे व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



मंगलवार को चंद्रशेखर आजाद इंटर कॉलेज गौरीबाजार में छात्राओं को जागरूक करती महिला कांस्टेबल सारिका व प्रीति । ● हिन्दुस्तान

# दोपहर में ट्रकों को न मिले प्रवेश

देवरिया। पूर्वांचल ट्रक मालिक कल्याण समिति ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर रेलवे माल गोदाम से कसया रोड के लच्छीराम पोखरा तक भारी वाहनों की नोइंट्री जारी रखने की मांग की। उन्होंने दोपहर में 12 से 2 बजे तक भारी वाहनों के आने-जाने की छूट को खत्म करने की मांग की है।

पूर्वांचल ट्रक मालिक कल्याण समिति के अध्यक्ष राघवेन्द्र बहादुर सिंह, मंत्री रमाशंकर वर्मा तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंबरीश यादव के नेतृत्व में ट्रक चालक पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा से मिलकर दोपहर में माल गोदाम से कसया रोड तक भारी वाहनों के लिए दोपहर 12 से 2 बजे तक की गयी छूट को समाप्त करने की मांग की। इसमें कहा है कि माल लेकर आने-जाने वाले ट्रकों के लिए दोपहर में 12 से 2 बजे तक नो इंट्री में छूट दी गयी है। ट्रकों के आने-जाने से दोपहर में जाम लग जाता है तथा आये दिन दुर्घटना होती रहती है।

# वृद्ध पर जानलेवा हमला हमले में आठ पर केस

देवरिया। भूमि विवाद में वृद्ध पर कुछ लोगों ने दरवाजे पर चढ़ कर जनलेवा हमला करते हुए घायल कर दिया था। पीड़ित की तहरीर पर गौरीबाजार पुलिस ने आठ लोगों के विरुद्ध बलवा, मारपीट, तोड़ फोड़ और हत्या का प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। गौरीबाजार थाना क्षेत्र के सिरजम गांव के रहने वाले हरिवंश विश्वकर्मा( 70 ) कानपुर आर्डिनेंस फैक्ट्री से सेवानिवृत्त हैं।

# ट्रक की ठोकर से सफाईकर्मी की मौत

**हादसा**

- सड़क की सफाई करते समय ट्रक ने रौंदा
- एसएसबीएल स्कूल के सामने हुआ हादसा

देवरिया, निज संवाददाता। एक ट्रक की ठोकर से नगर पालिका के एक सफाई कर्मी की मंगलवार की सुबह मौत हो गयी। सड़क की सफाई कर रहे सफाई कर्मी को तेज गति से जा रहे ट्रक ने रौंद दिया। आनन-फानन में सफाई कर्मी को इलाज कराने को इमरजेंसी ले जाया गया। जहां पर डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजन बिलखने लगे।

लार थाना क्षेत्र के देवसिया निवासी मुन्ना (45) पुत्र रामा बासफोर शहर के पुरानी गंडक कालोनी के पास परिवार समेत रहता था। वह देवरिया नगर पालिका में सफाई कर्मी के पद पर संविदा पर तैनात था। उसके दो लड़के तथा दो लड़किया हैं। मंगलवार की सुबह साढ़े पांच बजे वह शहर के गोरखपुर रोड पर एसएसबीएल इण्टर कालेज के पास डयूटी के दौरान सफाई कर रहा था। इस दौरान तेज गति से ओवरब्रिज की तरफ जा रहे ट्रक ने मुन्ना को रौंद दिया। आस-पास के लोग उसे लेकर मेडिकल कालेज की इमरजेंसी में पहुंचे। जहां पर डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। नगर पालिका के सफाई कर्मी की ट्रक की ठोकर से मौत की खबर दर्जनों की संख्या में सफाई कर्मी इमरजेंसी पहुंच गये। नपा के सफाई कर्मी व समाज के नेता वीरेन्द्र बांसफोर ने परिजनों को ढ़ाढ़स बधाया। मौत खबर सुनते ही कुछ दूर पर रहने वाले मुन्ना की पत्नी और बच्चे इमरजेंसी पर पहुंचे और विलाप करने लगे। मुन्ना अपने परिवार को एकलौता कमाऊ सदस्य था। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

**संदिग्ध हालत में किशोरी की मौतः** सोमवार की रात को इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में एक किशोरी की मौत हो गयी। डाक्टरों ने जहरीला पदार्थ खाने की आशंका जाहिर की थी। खामपार थाना क्षेत्र के पिपरा बघेल निवासी मंशा वर्मा ( 17 ) पुत्री राजू की सोमवार को दोपहर बाद अचानक तबीयत खराब हो गयी। परिजन इलाज कराने को स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र पर लेकर गये, जहां पर हालत गंभीर देख डाक्टर ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कर इलाज शुरू किया। लेकिन इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गयी।



मंगलवार को पुलिस लाइन में त्योहार को देखते हुए पुलिस व प्रशासनिक अफसरों के साथ बैठक करते कमिश्नर व डीआईजी।

## कमिश्नर और डीआईजी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# पर्वों पर शांति व सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखें

देवरिया, निज संवाददाता। कमिश्नर अनिल ढींगरा एवं डीआईजी जे रविंद्र गौड़ ने मंगलवार को पुलिस लाइन में पुलिस व प्रशासनिक अफसरों के साथ बैठक की। इसमें आगामी पर्वों पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त, दुरूस्त रखने तथा महिलाओं के आवागमन के दौरान विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। कहा गया कि चेहल्लुम और जन्माष्टमी पर्व के दौरान सिर्फ परंपरागत जुलूस और शोभायात्रा को अनुमति दी जायेगी।

मंडलायुक्त ने कहा है 30-31 अगस्त को रक्षाबंधन के पर्व पर 29 अगस्त की मध्य रात्रि से 31 अगस्त की मध्य रात्रि तक परिवहन विभाग तथा नगर बस सेवा महिलाओं के लिए निःशुल्क बस की सुविधा उपलब्ध करायेगा। इस दौरान पुलिस पूरी सतर्कता बरते, जिससे कोई अप्रिय घटना न हो। अवैध बस और टैक्सी स्टैंड के खिलाफ संबंधित अधिकारी समन्वय बनाकर संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। आबकारी विभाग को अवैध और मिलावटी शराब के खिलाफ अभियान चलाने तथा इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्ती से निपटने को कहा। उन्होंने कहा कोई भी नयी अनुमति संबंधित पुलिस अधिकारी, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को जानकारी देकर ही अनुमति प्रदान करें। जुलूस में किसी प्रकार का हथियार का प्रदर्शन न किया जाए। विद्युत की निर्बाध आपूर्ति करने को फाल्ट व जर्जर तार को तत्काल ठीक कराएं।

डीआईजी ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि यात्रा के दौरान माताओं-बहनों की सुरक्षा को लेकर खतरा बने शोहदों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। एआरटीओ अधिकारी को निर्देशित किया वसूली की शिकायत नहीं आनी चाहिए। डीएम अखंड प्रताप सिंह एवं एसपी संकल्प शर्मा ने मंडलायुक्त एवं डीआईजी को उनके निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में सीडीओ रविंद्र कुमार, सभी एसडीएम, क्षेत्राधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



सदर कोतवाली का निरीक्षण करते कमिश्नर अनिल ढींगरा व डीआईजी जे रविन्दर गौड़।

### कमिश्नर व डीआईजी ने कोतवाली का भी किया निरीक्षण

मंडलायुक्त एवं डीआईजी ने बैठक के बाद सदर कोतवाली का निरीक्षण किया। इसमें संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया। कमिश्नर व डीआईजी ने अफसरों की बैठक में पुलिस अधिकारियों से कहा कि रक्षा बंधन के त्योहार में बड़ी संख्या में महिलाओं द्वारा यात्रा किया जायेगा। इस दौरान चैन स्नेचिंग की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस विशेष निगरानी व सतर्कता बरते।

# ऑटो की ठोकर से दंपति व बेटी घायल

सलेमपुर। मईल क्षेत्र के बलिया दक्षिण गांव निवासी कमलेश यादव बाइक से पत्नी व बेटी को लेकर देवरिया की तरफ जा रहे थे। कोतवाली क्षेत्र के सलेमपुर-देवरिया मार्ग पर महदहा चौराहे के ऑटो ने बाइक में ठोकर मार दी और मौके से फरार हो गया। घटना में कमलेश यादव, संगीता देवी व सोनाली गम्भीर रूप से घायल हो गई।

# छापेमारी में कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

रुद्रपुर। छापेमारी में कच्ची शराब का एक कारोबारी टीम के हत्थे चढ़ गया। मंगलवार की सायं करीब साढ़े पांच बजे आबकारी निरीक्षक कुलदीप सिंह के नेतृत्व में टीम ने क्षेत्र के एकला मिश्रौलिया गांव में छापेमारी की। जिसमें एकला मिश्रौलया गांव का रहने वाला अलगू प्लास्टिक की बोरी में कच्ची शराब बेचते हुए धरा गया। टीम ने बोरी की तलाशी ली जिसमें 40 पालीथीन के पैकेट मिले।

# मतांतरण प्रकरण की जांच के लिए पहुंचीं खुफिया एजेंसियां

## आरएसएस ने पुलिस को कठघरे में खड़ा किया, एसडीएम व तहसीलदार ने दर्ज किए लोगों के बयान

जागरण संवाददाता, कसया, कुशीनगर: मतांतरण के आरोप में बीते सोमवार की शाम कुड़वा दिलीपनगर धन्नीपट्टी में जर्मन नागरिक सहित सात के पकड़े जाने का मामला गरम होता दिख रहा है। दूसरे दिन मंगलवार को एसडीएम व तहसीलदार ने जांच की। ग्रामीणों का बयान दर्ज किया गया। खुफिया एजेंसियां भी गांव पहुंची और जानकारी इकट्ठा की। इस दौरान यह बात सामने आई कि गोरखपुर की पूर्वांचल ग्रामीण सेवा संस्था द्वारा गरीब तबके को उद्यम या किसी अन्य कार्य के लिए दिए आर्थिक सहयोग दिया जाता है। इस पर कोई ब्याज नहीं लिया जाता। संस्था के द्वारा ही बैठक भी की जाती है। ऐसे में मतांतरण की आशंका को भी बल मिला है।

सुबह घटना की जांच करने एसडीएम योगेश्वर सिंह पहुंचे तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक डा. चंद्रशेखर सिंह ने नाराजगी जताई। कहा कि ऐसे संवेदनशील मामले में आरोपितों को छोड़े जाने में जल्दबाजी दिखाए जाने से पुलिस व प्रशासन की भूमिका कठघरे में है। इस पर प्रभारी निरीक्षक डा. आशुतोष तिवारी ने कहा कि कि पकड़े गए जर्मनी के ट्रेवनवर्ग हाईनवर्ग कालमैंस स्पाइस, पादरी बाजार गोरखपुर की रहने वाली सोमवती, विराष हाउस मिलित लाइंस गोरखपुर के पादरी के जयसन, पीपीगंज गोरखपुर के डा. विनय मौर्य, लुम्बिनी हाउस कोट्टम केरल के सुनील साहू, देवरिया रामगुलाम टोला के अतुल चौबे व कसया मदनपुर की सीमा के विरुद्ध कोई तहरीर नहीं मिली। मौके पर कोई आपत्तिजनक वस्तु या साहित्य भी नहीं मिला। ऐसे में शांतिभंग में चालान किया गया। इस पर संघ चालक ने आरोप लगाया कि बीते 30 मार्च को भी ऐसी घटना होने पर तहरीर दी गई थी, लेकिन घटना का अल्पीकरण कर दिया गया। जांच के दौरान यह भी सवाल उठा कि पर्यटन वीजा पर आए जर्मन नागरिक से संबंधित तथ्यों की जांच नहीं की गई, उसके आने की जानकारी तक प्रशासन व पुलिस को नहीं थी। दूसरी ओर आइबी, एलआइयू ने संस्था संचालक एवं ग्रामीणों से अलग-अलग पूछताछ की। नाम बताने से मना करते हुए एजेंसी से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि उच्च स्तर से जांच का निर्देश मिले हैं।



कुड़वा धन्नीपट्टी गांव में मतांतरण मामले में जांच करते (दाएं से) नायब तहसीलदार शैलेश सिंह, एसडीएम योगेश्वर सिंह • जागरण

**जांच में संस्था के कार्य करने की सामने आई बात**: गांव में संचालित खुशहाली मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी सहित अनेक स्वयंसेवी संगठन कार्य कर रहे हैं। यह सभी पूर्वांचल ग्रामीण सेवा संस्थान शाखा धुरिया रोड कसया से जुड़े हैं। दिव्यांगता, दुग्ध उत्पादन व पशु आहार बनाने संबंधी संगठनों के जरिये लोगों से जुड़ते हैं। गांव में संगठन के संचालक उमापति पांडेय से एसडीएम ने पूछा तो बताया गया कि संस्था के माध्यम से आठ लाख के सहयोग से पशु आहार बनाने की फैक्ट्री मैंने लगाई गई है। यह भी बताया गया कि सोमवार को पहले मेरी फैक्ट्री पर बैठक हुई। इसमें 50 लोग शामिल रहे। जांच में यह भी सामने आया कि संस्था ने गांव सहित क्षेत्र में 36 काउ शेड बनवाया है। एक के निर्माण पर 50 हजार रुपये का खर्च दर्शाया गया। माह में एक बार गांव व क्षेत्र के लोगों के साथ बैठक की जाती है। कैंडल जलाकर प्रार्थना सभा होती है। एसडीएम ने ग्रामीणों सहित लाभान्वितों के बयान दर्ज किए।

> सोमवार की शाम को गांव में घटित घटना को लेकर आज जांच पड़ताल की गई है। स्वयंसेवी संस्था संचालक एवं ग्रामीणों के अलग-अलग बयान दर्ज किए गए हैं। रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इसे डीएम को भेजी जाएगी।
> **योगेश्वर सिंह, एसडीएम, कसया**

**बीते 30 मार्च को भी पकड़ा गया था आयोजन**: इसी गांव में 30 मार्च यानि रामनवमी के दिन भी एक ऐसी ही घटना सामने आई थी। पुलिस ने छापेमारी कर एक धर्म ग्रंथ, कैंडल, पूजा सामग्री के साथ बाहर से आए पांच लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान किया था। तत्कालीन एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव ने आरोपितों को एक सप्ताह के लिए जेल भेजा था।

**होटल एवं विद्यालय संचालक की भूमिका आई सामने**: एसडीएम की जांच में कसया में संचालित एक होटल और दो निजी विद्यालय संचालकों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। सोमवार को चालान हुए सात आरोपितों में से एक महिला आरोपित उसी विद्यालय से संबंधित है।

# दुकान में घुसकर महिला से छेड़खानी

जासं, देवरिया: मदनपुर उपनगर के एक मोहल्ले में दुकान में घुसकर कुछ लोगों ने एक महिला के साथ छेड़खानी व मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध छेड़खानी, मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

मोहल्ले की रहने वाली महिला का कहना है कि वह अपने तीन बच्चों के साथ घर पर रहती है, साथ ही दुकान चलाती है। पति बाहर रहते हैं। 18 अगस्त को दुकान में कुछ युवक घुस गए और पिटाई करते हुए छेड़खानी की। इस मामले में पुलिस ने मोहल्ले के अजय, राहुल, अच्छेलाल, राहुल की मां व राहुल के अज्ञात साथी के विरुद्ध छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार ने कहा कि जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बाइक सवार को अनियंत्रित पिकअप ने कुचला, मृत्यु

जासं, गोरखपुर : झंगहा के गोबड़ौर-बोहाबार मार्ग पर मंगलवार को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित पिकअप ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने उसकी पहचान करौता के मनोज के रूप में की। घटना में बहन अर्चना और उसकी बच्ची को भी चोट लगी। अर्चना की हालत गंभीर है। दुर्घटना के बाद पिकअप पलट गया।

मनोज सोमवार की सुबह चचेरी बहन अर्चना और उसकी बच्ची आदिती को बाइक से महुअरकोल दवा कराने गया था। वापस आते समय शिकारगढ़ गांव के पास पिकअप ने टक्कर मार दीं। इससे वह गिर गया, पीछे बैठी चचेरी बहन और उसकी बच्ची दूर जाकर गिरी।

# बोलेरो क्षतिग्रस्त

भागलपुर : स्थानीय पुल पर लगे बैरियर से मंगलवार की रात बोलेरो टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गई, जिसके चलते आधे घंटे तक मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस के सहयोग से जाम हटाया जा सका। लार के रेवली गांव के रहने वाले मुन्ना मिश्र मंगलवार की सुबह परिवार के सदस्यों को छोड़ने के लिए वाराणसी एयरपोर्ट बोलेरो से पहुंचे। शाम को लौटते समय भागलपुर पुल पर लगे बैरियर से बोलेरो टकरा गई, जिससे बोलेरो क्षतिग्रस्त हो गई। (जासं)

## अधेड़ की मृत्यु

**सलेमपुर :** स्थानीय रेलवे स्टेशन के दक्षिणी रेलवे ढाला के समीप सोमवार की रात ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मृत्यु हो गई। मौके पर जीआरपी पहुंची और जांच की। देर शाम तक शव के शिनाख्त करने में पुलिस को सफलता नहीं मिल सकी थी। (जासं)

## आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा

**देवरिया :** गौरीबाजार के सिरजम में रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने एक घर में घुसकर अधेड़ की पिटाई की। पुलिस ने आठ लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास, बलवा समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। गांव के हरिवंश विश्वकर्मा का कहना है कि 28 अगस्त को अपने मकान का छत लगवा रहे थे, इस बीच पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोग उनके घर में घुस गए और पिटाई करनी शुरू कर दी। लोगों के बीच बचाव करने के बाद मामला शांत हो सका। इस मामले में पुलिस ने गांव के हरिद्वार, गुलाब, अमीर, शिव लोचन, चंद्रभान, हरिद्वार की पत्नी, गुलाम की पत्नी, अमीर की पत्नी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह ने बताया कि विवेचना की जा रही है। (जासं)

# बाइक एजेंसी मालिक से मारपीट के मामले में मुकदमा

जासं, भटनी : बाइक एजेंसी में घुसकर मालिक की हुई पिटाई व तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने एक नामजद व तीन अज्ञात के विरुद्ध मंगलवार को मुकदमा दर्ज कर लिया। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी में जुट गई है। भटनी थाना के चकऊर फकीर के रहने वाले इंदल गुप्ता की बाइपास रोड पर बाइक एजेंसी है। सोमवार की दोपहर बाद सलेमपुर कोतवाली के ठाकुर कोड़रा के रहने वाला प्रियांशु तिवारी कुछ लोगों के साथ पहुंचा और मारपीट करने के साथ ही तोड़फोड़ किया। इस मामले में पुलिस ने प्रियांशु तिवारी समेत चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# त्योहारों में निकलने वाले जुलूस में हथियार का नहीं होगा प्रदर्शन

- मंडलायुक्त व आइजी ने पुलिस लाइन सभागार में की बैठक
- रक्षाबंधन पर रोडवेज बसों में सुरक्षा का करें पुख्ता इंतजाम



पुलिस लाइन सभागार मे बैठक को संबोधित करते मंडलायुक्त अनिल ढींगरा (दाएं) आइजी जे.रविन्द्र गौड़, डीएम अखंड प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा • जागरण



बैठक मे उपस्थित अधिकारीगण • जागरण

जासं, देवरिया: त्योहारों के मद्देनजर मंडलायुक्त अनिल ढींगरा व आइजी जे. रविन्द्र गौड़ ने मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समेत अन्य त्योहारों पर निकलने वाले जुलूस में हथियार का प्रदर्शन नहीं होगा। लार में निकलने वाले डोल मेले में भी सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहे। त्योहार में सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि 30 व 31 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व है। इसको लेकर दो दिनों तक परिवहन निगम की तरफ से निशुल्क बस सेवा की सुविधा दी जा रही है। इसको लेकर पुलिस पूरी तरह से सतर्क रहे। बसों में सुरक्षा की दृष्टि से जांच की जाय, जिससे चैन स्नेचिंग समेत अन्य घटनाओं पर रोक लग सके। बस चालक व परिचालक की भी जांच की जाएं, ताकि वह नशे में वाहन न चलाएं। मंदिरों पर बिजली के खंभों पर करंट की स्थिति न उत्पन्न हो, इसकी भी जांच करा ली जाए। अवैध वाहन स्टैंड नहीं चलने चाहिए। इसके लिए आपसी समन्वय बनाकर अधिकारी जांच करें और कार्रवाई करें। कच्ची के विरुद्ध भी अभियान चलाया जाए। मंडलायुक्त कहा कि चेहल्लुम और जन्माष्टमी के लिए जुलूस व शोभायात्रा की अनुमति दी जाए। जुलूस में किसी प्रकार का हथियार का प्रदर्शन न किया जाए।

आइजी ने कहा कि महिला अपराध की रोकथाम को सख्त कार्रवाई करें। शोहदों के विरुद्ध कार्रवाई में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी थानों में शांति कमेटी की बैठक अवश्य कर लें। इस दौरान डीएम अखंड प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ रवींद्र कुमार, एसडीएम योगेश कुमार, सीमा पांडेय, सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी, एआरटीओ आशुतोष शुक्ल आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## वाहनों की नीलामी कराएं

मंडलायुक्त व आइजी दोपहर बाद सदर कोतवाली पहुंचे और निरीक्षण किया। परिसर में रखे गए पुराने वाहनों की नीलामी न्यायालय से अनुमति लेकर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कोतवाली परिसर को साफ-सुथरा रखा जाए। इस दौरान उन्होंने दो फरियादियों से भी बातचीत कर उनकी समस्या जानने का प्रयास किया।

# पति ने कर ली दूसरी शादी अब हिस्सा देने से भी इन्कार

**जासं, देवरिया:** पति ने दूसरी शादी कर ली है, साथ ही अब हिस्सा देने से भी इन्कार कर दिया है। मंगलवार को पहली पत्नी एसपी कार्यालय पहुंची और अपनी शिकायत दर्ज कराई।

तरकुलवा के कंचनपुर की रहने वाली ललिता देवी एसपी कार्यालय पहुंची। उनका कहना है कि पति ने दूसरी शादी रचा ली है। वह अपने बच्चों को लेकर देवरिया शहर में किराये के कमरे में रहती हैं। साथ ही बच्चों की परवरिश कर रही हैं। पहले 18 कट्ठा खेत उन्हें मिला था, जिसमें फसल की बोआई करती थीं, अब पति वह भी देने से इन्कार कर दिया है। घर जाने पर मारपीट कर भगा दे रहे हैं। एसपी ने तरकुलवा पुलिस को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# गुलशन की तय थी शादी, दोस्त की बाइक लाने गए थे

देवरिया। चार भाइयों में सबसे छोटे गुलशन कॉस्मेटिक की दुकान चलाते थे और दिसंबर में उनकी शादी होनी थी। इसकी तैयारी में घर के लोग जुटे थे। मुनेश गुजरात में नौकरी करते थे। कुछ दिन पहले घर आए और बाइक को गोरखपुर के लिए ट्रेन से बुक कराए थे। मंगलवार को दोनों दोस्त बाइक गोरखपुर से लेकर घर जा रहे थे। इसी दौरान वे हादसे के शिकार हो गए। संवाद



**गुलशन।** फाइल फोटो



अंसारी रोड पर जाम में काफी देर तक फंसे रहे राहगीर। संवाद

# देर शाम तक बाजार में लगा रहा जाम

देवरिया। राखी के बाजार के कारण मंगलवार की देर शाम तक शहर के विभिन्न बाजारों में जाम से लोगों को जूझना पड़ा। सबसे अधिक जाम की समस्या अंसारी रोड और सब्जी मंडी रोड पर रही। राखी की खरीदारी देर शाम तक काफी संख्या में लोग के आने जाने के कारण वाहनों से जाम लगा रहा। संवाद



प्रदर्शन करते बगापार के किसान संवाद

## मुआवजे के लिए किसानों ने किया प्रदर्शन

सलेमपुर। लार ब्लॉक के हरखौली चौराहे पर मंगलवार को सड़क में निकली जमीन के मुआवजा की मांग करते हुए बगापार के किसानों ने पूर्व विधायक स्वामी नाथ के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक स्वामी नाथ ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि बगापार के जिन-जिन किसानों की भूमि राम जानकी मार्ग में निकल रही है उन सभी किसानों को मुआवजा शीघ्र नहीं मिला तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष सिंह, नित्यानंद पांडेय, सुभाष यादव, विनय यादव आदि मौजूद रहे। संवाद

# त्योहारों पर न हो कोई चूक, अधिकारी सुविधा और सुरक्षा का रखें ख्याल

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। 30 और 31 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व है। इस दौरान सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक नहीं होनी चाहिए। 29 अगस्त की मध्य रात्रि से 31 अगस्त की मध्य रात्रि तक परिवहन विभाग की ओर से बस सेवा महिलाओं के लिए निशुल्क उपलब्ध कराई जानी है। पुलिस विभाग विभाग इस बात का ख्याल रखे कि चेन स्नेचिंग आदि कोई अप्रिय घटना न हो। ड्राइवर या कंडक्टर नशे में न रहें। बसों की स्थिति ठीक रहे। ये हिदायतें मंगलवार को कमिश्नर अनिल ढींगरा व डीआईजी जे रविंद्र गौड़ ने जनपद दौरे के दौरान अधिकारियों को दीं।

दोपहर करीब 12 बजे दोनों अधिकारियों ने सदर कोतवाली का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन में आगामी पर्वों को लेकर शांति व्यवस्था के लिए आयोजित बैठक में

## कमिश्नर व डीआईजी ने किया जनपद का दौरा पुलिस लाइंस में की बैठक

पुलिस विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया। मंडलायुक्त ने कहा है कि चेहल्लुम और जन्माष्टमी पर्व के दौरान सिर्फ परंपरागत जुलूस और शोभायात्रा को अनुमति दी जाए। कोई भी नवीन अनुमति देने से पहले संबंधित पुलिस अधिकारी जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को जानकारी दें।

जुलूस में किसी प्रकार के हथियार का प्रदर्शन न किया जाए। पर्व और त्योहार के अवसर पर सभी जनपदों में विद्युत की निर्बाध आपूर्ति हो, जहां भी फाल्ट हो अथवा जर्जर तार हों, उन्हें तत्काल ठीक कराएं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभियान चलाकर मिलावटी खाद्य पदार्थों के धंधेबाजों के खिलाफ कार्रवाई करें।

डीआईजी ने कहा कि कहीं भी महिलाओं के साथ कोई अप्रिय घटना न घटे। माताओं-बहनों की सुरक्षा को लेकर खतरा बने शोहदों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। सभी थानों पर पीस कमेटी की बैठक पर्व से पहले अवश्य कर लें। छोटी से छोटी घटना को प्रशासन गंभीरता से ले। ज्वाइंट टीम गठित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

एआरटीओ परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया वसूली की शिकायत नहीं आनी चाहिए। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने मंडलायुक्त और डीआईजी को आश्वस्त किया कि उनके निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी रविंद्र कुमार, एसडीएम, क्षेत्राधिकारी, एआरटीओ, परिवहन विभाग के अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, पुलिस विभाग के संबंधित अधिकारी आदि रहे।

# घर में घुसकर पीटा, केस दर्ज

देवरिया। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के सिधुवा गांव निवासी तेतरी देवी ने एसपी को तहरीर देकर बताया कि 22 अगस्त की शाम को घर में घुसकर गांव के कुछ लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। मामले में पुलिस ने पारस, सिट्टू, सुभावती, प्रभुदलाय, पार्वती, विशाल, रुस्तम, रेनू के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# मारपीट कर रुपये छीनने का आरोप

देवरिया। शहर के रामगुलाम टोला मोहल्ला निवासी अभय कुमार मद्धेशिया का आरोप है कि वह 28 अगस्त को परीक्षा देकर आ रहे थे। इसी दौरान भीखमपुर रोड पर कुछ लोगों ने उन्हें पीट दिया और रुपये छीन लिए। इस मामले में पुलिस ने प्रेम, सोलू पाठक और अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

# छेड़खानी और मारपीट का केस दर्ज

देवरिया। सलेमपुर कोतवाली निवासी एक महिला ने पांच लोगों के खिलाफ मारपीट और छेड़खानी का केस दर्ज कराया है। आरोप है कि 23 अगस्त को गोलबंद लोगों ने घर में घुसकर मारपीट कर छेड़खानी की। संवाद

# छेड़खानी का केस दर्ज

देवरिया। मदनपुर थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पांच नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है। आरोप है शराब के नशे में 18 अगस्त को कुछ लोग आए और अश्लील हरकत करते हुए मारपीट भी की। संवाद

# युवक की पिटाई कर तेजाब फेंकने में पांच पर केस

रुद्रपुर। नगर के पकड़ी वार्ड में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट कर एक युवक पर तेजाब फेंकने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने कार्रवाई न्यायालय के निर्देश पर की।

घटना दो माह पहले छह जून की है। पकड़ी वार्ड के रामू पांडेय ने न्यायालय में वाद दाखिल कर बताया था कि छह जून की रात वह दरवाजे पर अपने दोस्त के साथ खड़े थे। इस दौरान पुरानी रंजिश में कुछ लोगों ने उन्हें पीटकर घायल कर दिया और उनके चेहरे पर तेजाब फेंक दिया। घायल का उपचार जिला अस्पताल में कराया गया। उन्होंने कोतवाली पुलिस पर तहरीर देने के बाद भी कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। कोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने पकड़ी वार्ड के अंकित पांडेय, कुलदीप पांडेय, शेरू पांडेय, अजय शंकर पांडेय और रुक्मिणी के विरुद्ध केस दर्ज किया है। संवाद



रामपुर गौनरिया चौराहा पर सड़क जाम करते ग्रामीण और मृतक के परिजन। संवाद

# लेन-देन के विवाद में पिटाई से व्यक्ति की मौत, मुख्य मार्ग पर शव रख दिया धरना

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। हाटा कोतवाली (जिला देवरिया) थानाक्षेत्र के करज गांव के रहने वाले एक अधेड़ की कुछ लोगों ने रविवार की शाम पिटाई कर दी। मंगलवार सुबह गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन शव को लेकर घर पहुंचे। इसके बाद रामपुर गौनरिया चौराहा स्थित मुख्य मार्ग पर शव रखकर प्रदर्शन करने लगे। महुआडीह और हाटा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत कर परिजनों को मनाया। करीब दो घंट तक आवागमन बाधित रहा।

जिले के करज गांव (हाटा कोतवाली) के रहने वाले दूधनाथ यादव (55) रविवार की शाम को स्थानीय चौराहा पर बाजार करने जा रहे थे। इसी बीच पास के मठिया गांव में कुछ लोगों से लेन-देन को लेकर कहासुनी हो गई।

## पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद माने परिजन, करीब दो घंटे तक आवागमन रहा बाधित

थोड़ी ही देर में विवाद इतना बढ़ गया कि कुछ लोगों ने दूधनाथ की पिटाई शुरू कर दी। बीच बचाव के बाद मामला शांत हो गया। सोमवार को दोनों पक्षों के बीच सुलह भी हो गया, लेकिन मंगलवार की सुबह दूधनाथ की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें हाटा सीएचसी ले जाया गया, जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां दोपहर में मौत हो गई। इसकी जानकारी होते ही घर में चीख पुकार मच गई। परिजन शव लेकर घर पहुंचे। इसके बाद रामपुर गौनरिया चौराहा पर शव रख कर देवरिया -हाटा मुख्य मार्ग जाम कर आरोपियों पर हत्या का केस दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की मांग करने लगे।

# खोरी गांव से पड़ोस के घर का फुटेज साथ ले गई पुलिस

बरहज। क्षेत्र के खोरी गांव में सोमवार को दबिश देने आई सुरौली थाने की पुलिस और कुछ ग्रामीणों से हाथापाई हो गई। जिसमें कुछ लोगों को चोटें आई थीं। मामले में पुलिस ने पड़ोसी के घर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज कब्जे में ले ली है। जबकि बाइक उठा ले जाने के मामले में रिश्तेदारों ने थाने के बाहर सुलह-समझौता कर लिया। सुरौली थाना पुलिस मंगलवार को खोरी गांव निवासी रामविचार विश्वकर्मा के घर पहुंची। लोगों के अनुसार पुलिस ने मामले की पड़ताल करने के बाद पड़ोस के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज लिया। जो साथ ले गई। सोमवार को सुरौली थाने से दो पुलिसकर्मी खोरी गांव निवासी रामविचार विश्वकर्मा के घर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने प्रार्थना पत्र का हवाला देते हुए बाइक उठा ले जाने मामले की पड़ताल करने लगे। जिसको लेकर पुलिस और कुछ लोगों में मारपीट हो गई। जिसमें रामविचार का सिर फट गया। जबकि अन्य कुछ लोगों को भी चोटें आना बताया जा रहा है। लोगों के अनुसार रामविचार के रिश्तेदार ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बाइक उठा ले जाने का आरोप लगाया था। लेकिन घटना के बाद दोनों पक्षों ने थाने के बाहर सुलह-समझौता कर लिया। इंस्पेक्टर सुरौली नवीन चौधरी ने बताया कि पूछताछ के लिए पुलिस गई थी। लेकिन दोनों पक्षों ने सुलह-समझौता कर लिया है। फिलहाल पुलिस फुटेज निकालने जैसी बात से इन्कार कर रही है। संवाद

# मारपीट व तोड़फोड़ का केस

सलेमपुर। भटनी में बाइक एजेंसी संचालक से लूट व मारपीट के आरोपियों पर पुलिस ने मंगलवार को मारपीट व तोड़फोड़ का केस दर्ज किया। कार्रवाई के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भटनी के चकउर फकीर गांव निवासी इंदल कुमार गुप्त नकहनी चौराहे के पास बजाज मोटर एजेंसी चलाते हैं। सोमवार शाम सलेमपुर के ठाकुर कोड़रा गांव निवासी प्रियांशु तिवारी से इंदल का विवाद हो गया। इससे नाराज आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर एजेंसी संचालक के साथ मारपीट की उनकी जेब में रखे 75 हजार रुपये लूट लिए। वहीं, जाते समय आरोपियों ने एजेंसी की लेजर बुक फाड़ दी।

शिकायत पर पुलिस ने प्रियांशु तिवारी व अज्ञात पर मारपीट व तोड़फोड़ आदि धाराओं में केस दर्ज किया है। एसओ डॉ. महेंद्र कुमार ने कहा कि एजेंसी संचालक के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है। संवाद

# सलेमपुर में खड़े ट्रक से टकराए बाइक सवार, दो दोस्तों की मौत

## बलिया जनपद के निवासी थे दोनों, ट्रक चालक फरार

देवरिया। सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के महदहां गांव के पास मंगलवार की रात बाइक सवार दोस्त खड़े ट्रक से पीछे से जा टकराए। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों को मेडिकल कालेज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बलिया के जापलिंगगंज निवासी गुलशन कुमार सिंह (33) और मुनेश (30) बाइक से देर शाम गोरखपुर से बलिया घर जा रहे थे। रात करीब नौ बजे सलेमपुर-देवरिया मार्ग पर महदहां के पास एक ढाबे पर खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गए। तेज आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंच गए। दोनों को बाहर निकाला और एम्बुलेंस से मेडिकल कालेज पहुंचाया, जहां चेकअप के बाद डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों के मोबाइल फोन के जरिए पहचान कर घर वालों को सूचना दी। मेडिकल कॉलेज पहुंचे परिजनों के अनुसार गुलशन अपने दोस्त मुनेश की बाइक लाने के लिए गोरखपुर गए थे। लौटते समय हादसा हुआ है। सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। संवाद >> संबंधित पेज 7 पर

# जमीन 'हवा' में, झांसे में आकर गंवाए करोड़ों, अब काट रहे पुलिस के चक्कर

## दो महिलाओं ने लोगों को गोरखपुर, देवरिया, लखनऊ आदि शहरों में प्लॉट दिलाने का दिया झांसा

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। शहर की दो महिलाओं ने जमीन दिलाने का झांसा देकर लोगों को खूब चूना लगाया। जिस जमीन का पता बताकर महिलाओं ने लोगों से करोड़ो रुपये ठग लिए। हकीकत में वे जमीनें कहीं मौजूद ही नहीं हैं। दोनों महिलाओं के चक्कर में आए लोगों ने कर्ज लेकर और गहने बेचकर रुपये दिए और उनकी गाढ़ी कमाई डूब गई।

सबसे गंभीर बात तो यह है कि केस दर्ज होने के बाद भी दोनों खुलेआम घूम रही हैं। इस गिरोह ने लोगों को गोरखपुर, देवरिया, लखनऊ आदि शहरों में प्लॉट दिलाने का झांसा दिया है।

शहर के एक मुहल्ले की रहने वाली ज्योति और काजल की जोड़ी ने बड़े-बड़े जालसाजों को भी पीछे छोड़ दिया। अभी तक प्लॉटिंग और बोर्ड दिखाकर जमीन के नाम पर लोगों को ठगा जा रहा था। लेकिन, गिरोह ने नए अंदाज में शहर की करीब 40 महिलाओं को अपना निशाना बनाया। इनके निशाने पर ऐसे परिवार रहे जो काफी रुपये वाले हों और जिनके घर में महिलाओं की पकड़ मजबूत हो।

इनके चक्कर में फंस चुकी रीमा सिंह ने बताया कि भाई-बहन और गुट के लिए जमीन खरीदने के नाम पर 66 लाख रुपये दे चुकी हैं, यहां तक कि अपने गहने भी बेच दिए। यही हाल प्रियंका, अर्चना सहित कई महिलाओं का रहा है, जिन्होंने अपने घर-परिवार से जमीन लेने के नाम से रुपये लिए और जालसाजी महिलाओं के जाल में फंसते गईं।

सूत्रों के मुताबिक ज्योति के तार गोरखपुर और लखनऊ में प्रॉपर्टी का काम करने वाले लोगों से जुड़े हैं। इसके कारण जिन लोगों को इन शहरों में जमीन लेने की इच्छा होती थी उन्हें भी जमीन दिलाने का झांसा देती थीं। एक बड़ी कंपनी के एजेंसी धारक से भी इस गिरोह ने 80 लाख रुपये लिए हैं। एक महिला को सोनूघाट के पास जमीन दिलाने के लिए 12 लाख रुपये इस गिरोह ने लिए हैं। अब ये महिलाएं घर की पूंजी गंवा कर चक्कर काट रही हैं।

**दो महिलाओं ने 40 लोगों से 6.50 करोड़ रुपये ठगे**



अमर उजाला में प्रकाशित खबर।

> मामले में कोतवाली में तीन नामजद के खिलाफ केस दर्ज है। जांच की जा रही है। जमीन देने के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ पुलिस केस दर्ज करती है। विवेचना पूर्ण होने पर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया जाता है।
> – संकल्प शर्मा, एसपी

## अजय ने घर में ही सीखे जमीन खरीद-फरोख्त के दांवपेच

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। गोरखपुर में शारदा सिटी में प्लाटिंग के नाम पर करोड़ों रुपये के हेरफेर में फंसे रुद्रपुर के छपिया खुर्द निवासी अजय श्रीवास्तव का राजस्व विभाग से गहरा रिश्ता रहा है। पिता कानूनगो बंदोबस्त के पद से रिटायर हुए हैं। वहीं, भाई लेखपाल हैं। अजय बचपन से ही ऐसे माहौल में बड़ा हुआ जहां जमीन से जुड़ी सारी जानकारी उसे मिलती रही। अजय के संपर्क में देवरिया के भी कई अवैध प्लॉटिंग करने वाले लोग जुड़े हैं।

आरोपी अजय श्रीवास्तव जमीन की बारीकियों को जानता है। गांव पर कम आना-जाना हुआ। पिता सलेमपुर और रुद्रपुर तहसील में कानूनगो बंदोबस्त थे और गोरखपुर से रिटायर हुए थे। गांव के सूत्रों के अनुसार घर में राजस्व कर्मी होने के कारण अजय पढ़ाई के समय से ही जमीन की नाप-जोख और नक्शे आदि की जानकारी रखता था। स्नातक की पढ़ाई के दौरान ही इसकी

### फिर दोस्तों के साथ गोरखपुर में किया करोड़ों का खेल

दोस्ती गोरखपुर और लखनऊ के कई जमीन कारोबारियों से हो गई। धीरे-धीरे प्लॉटिंग का काम करते-करते इसने जिले में भी पैठ बना ली। अपने गांव के ही करीब चार लोगों को लखनऊ में जमीन दिलाने का काम भी किया। इतना ही नहीं शहर के कुछ प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करने वाले लोगों के जरिए गोरखपुर में शारदा सिटी में भूमि दिलाने के नाम पर रुपये ले लिए थे।

अब मामले का खुलासा होने पर इसे रुपये देने वाले लोगों में हड़कंप है। पुलिस अजय की तलाश कर रही है और वह छिप रहा है। इसके कारण लोगों को रुपये डूबने की चिंता सताने लगी है। सूत्र बताते हैं कि अब इसके निशाने पर देवरिया भी था। शहर के विस्तारीकरण को देखते हुए गोरखपुर के मित्रों के साथ देवरिया में भी बड़ा खेल करने की सोच रहा था। पर इससे पहले मामले का खुलासा हो गया।

## जांच करने की मिली थी जिम्मेदारी खुद बन बैठे जमीन के मालिक

देवरिया। जमीन के कारोबार में राजस्व कर्मियों की भी मिलीभगत रहती है। वह प्रापर्टी डिलिंग का काम करने वाले लोगों से साठगांठ कर हिस्सेदारी तय करते हैं और पूरे खेल में शामिल रहते हैं। 2021 में शहर के गोरखपुर रोड स्थित एक जमीन की जांच जिलाधिकारी ने लेखपालों को सौंपी। हालत यह रही कि चार लेखपालों ने सरकारी सेवा नियमावली की अनदेखी कर खुद ही जमीन का बैनामा करा लिया। इस मामले में तत्कालीन डीएम ने चारों लेखपालों को निलंबित कर दिया था। संवाद

## बैतालपुर मिल की भूमि पर कब्जा जमाने वालों की तैयार होगी कुंडली

देवरिया। बैतालपुर चीनी मिल की भूमि को राज्य सरकार के नाम से दर्ज करने की कवायद शुरू कर दी गई है। इस पर कब्जा जमाने वाले लोगों का पूरा ब्योरा सीआरओ ने एसडीएम सदर से तलब किया है। कलेक्ट्रेट बार के पूर्व अध्यक्ष बृजबकि तिवारी ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की थी। सीआरओ रजनीश राय ने हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में उपजिलाधिकारी सदर से कहा है कि चीनी मिल की जमीन पर कब्जा जमाने वाले सभी लोगों का नाम, पता उपलब्ध कराया जाए, अभी तक उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई, इसकी भी जानकारी दी जाए। संवाद

# हाईट गेट बैरियर में बोलेरो ने मारी टक्कर, क्षतिग्रस्त

## भागलपुर पुल पर बलिया की तरफ लगे हाईट गेट बैरियर पर हुई दुर्घटना

देवरिया। सामने से आ रहे वाहन की लाइट आंखों पर पड़ने की वजह से मंगलवार की देर शाम एक बोलेरो चालक भारी वाहनों को रोकने के लिए लगे हाईट गेट बैरियर से टकरा गई। दुर्घटना में बोलेरो क्षतिग्रस्त हो गई। चालक बाल-बाल बच गया। राहगीरों ने चालक को बोलेरो से बाहर निकाला और गाड़ी को सड़क से किनारे किया, तब तक दोनों तरफ जाम लगा रहा।

लार थाना क्षेत्र के ग्राम रेवली निवासी मुन्ना मिश्रा मुंबई में रहकर नौकरी करते हैं। कुछ दिन से गांव आए हैं। मंगलवार सुबह परिजनों को वाराणसी एयरपोर्ट अपनी बोलेरो से छोड़ने गए थे। लौटते समय देर शाम वह भागलपुर पुल पर पहुंचे थे। इसी बीच देवरिया की तरफ से आ रही गाड़ी की लाइट आंख पर पड़ने से वह चकरा गए और उनका वाहन बलिया की तरफ लगे हाईट गेट बैरियर में टकरा गया। टक्कर तेज होने से हाइट गेट बैरियर टेढ़ा हो गया और बोलेरो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक मुन्ना बाल बाल-बच गए। भागलपुर चौकी पुलिस ने राहगीरों की मदद से गाड़ी के अंदर फंसे मुन्ना मिश्रा को बाहर निकाला और गाड़ी को बीच सड़क से किनारे किया। तब तक पुल पर दोनों तरफ जाम लगा रहा। संवाद



भागलपुर पुल पर हाईट गेट बैरियर से टकराई बोलेरो। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-30-08-2023

# दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार

पडरौना। कसया थाने के दरोगा विपिन सिंह व कांस्टेबल देवेन्द्र यादव व आशुतोष सिंह ने दहेज हत्या के मुकदमें में वांछित लालबहादुर यादव उर्फ राजबहादुर यादव निवासी ग्राम सोहसा मठिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एक सप्ताह पूर्व नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी।

# पुलिस ने गायब बच्चे को परिवारीजनों से मिलाया

तमकुहीराज, हिन्दुस्तान संवाद। तमकुहीराज कस्बे में बैंक चेकिंग के लिए निकले दो पुलिस कर्मियों को एक अबोध बालक सड़क किनारे रोते हुये मिला। बच्चे के रोने व अपना नाम पता बताने में असमर्थ होने के कारण पुलिस कर्मी काफी परेशान हुये। दो घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस कर्मियों ने बच्चे के परिजनों को ढूंढ निकाला। नगर पंचायत तमकुहीराज में तमकुही सेवरही मुख्य मार्ग किनारे एक रोते बिलखते अबोध बच्चे पर पुलिस कर्मियों की नजर पड़ी। बच्चा कुछ भी बताने में असमर्थ था। पुलिस कर्मी अबोध को लेकर समीप की आबादी में पहुंचे। दो घंटे के बाद अबोध बच्चे की पहचान नगर पंचायत वार्ड नंबर 4 के अरहम 2 पुत्र जुनैद के रूप में हुई।

# अपराधियों के खिलाफ अभियान, वांछित गिरफ्तार

पटहेरवा। अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पटहेरवा थाने के प्रभारी निरीक्षक अनिल उपाध्याय ने थाना क्षेत्र के एक मुकदमे में वांछित अभियुक्त विजयी निवासी रजवटिया थाना पटहेरवा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# प्रशिक्षित हुए कम्प्यूटर ऑपरेटर व मोहर्रिर

**पडरौना।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देश पर मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रितेश कुमार सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में जनपद के सभी थानों के कम्प्यूटर ऑपरेटर व मोहर्रिर की कार्यशाला आयोजित की। इसमें सीएम डैश बोर्ड के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एएसपी ने अपराध से जुड़े अपराधियों पर शिकंजा कसने तथा अभियुक्तों की सूची बनाकर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# एएसपी ने लगवायी पुलिस कर्मियों की दौड़

**पडरौना।** रिजर्व पुलिस लाइन में मंगलवार को परेड का आयोजन किया गया। परेड की सलामी लेने के बाद एएसपी ने पुलिसकर्मियों की दौड़ लगवायी। बलवा ड्रिल सामग्री के साथ मॉकड्रिल कराई गई। अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रितेश कुमार सिंह ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में परेड की सलामी ली तथा परेड का निरीक्षण किया।

# साढे तीन लाख का गांजा बरामद

**पडरौना, निसं।** पटहेरवा पुलिस ने सोमवार की देर रात फोरलेन स्थित महुअवा कांटा के समीप से एक अंतरराज्यीय तस्कर को दबोचने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने तस्कर के पास साढ़े तीन लाख रुपये का 17.65 किग्रा गांजा बरामद की है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पटहेरवा पुलिस को महुअवा कांटा चौराहा के समीप चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध को देखा। जब उसे पुलिस ने बुलाया तो वह बैग छोड़ कर भागने लगा। पुलिस टीम ने उसे दौड़ा कर पकड़ लिया। बैग की तलाशी के दौरान उसमें 17. 650 किग्रा अवैध गांजा बरामद हुआ।

# प्रार्थना सभा में शामिल लोगों के बयान दर्ज

**फॉलोअप**

**मल्लूडीह, हिन्दुस्तान संवाद।** कसया थाने के कुड़वा दिलीपनगर, टोला धन्नीपट्टी में एक दिन पूर्व हुई प्रार्थना सभा में शामिल लोगों का मंगलवार को एसडीएम व नायब तहसीलदार कसया ने लिखित बयान दर्ज किया। तहसील प्रशासन इसकी रिपोर्ट तैयार करने में जुटा है। प्रार्थना सभा के बहाने धर्मांतरण की मौखिक शिकायत पर एक दिन पूर्व कसया पुलिस ने एक जर्मन नागरिक समेत सात लोगों को हिरासत में लेकर शांतिभंग में चालान किया था। बाद में सभी को थाने से ही जमानत दे दी गयी।

कुड़वा दिलीपनगर के धन्नीपट्टी निवासी व आरएसएस के जिला संघ चालक डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने प्रदेश नेतृत्व समेत जिला प्रशासन से क्षेत्र में धर्मांतरण की शिकायत की थी। मौखिक सूचना पर सोमवार को पुलिस ने धन्नीपट्टी में प्रार्थना सभा करा रहे जर्मन नागरिक समेत सात लोगों को हिरासत में लिया था। मौके पर धर्मांतरण के साक्ष्य नहीं मिले थे। बाद में शांति भंग में उनका का चलान किया गया था। आरोग गंभीर थे, लिहाजा डीएम के निर्देश जांच शुरू हो गयी है। मंगलवार को सुबह उपजिलाधिकारी कसया योगेश सिंह और नायब तहसीलदार कसया शैलेश सिंह ने गांव में पहुंचकर ग्रामीणों से लगायत प्रार्थना सभा में शामिल लोगों से पूछताछ कर लिखित बयान दर्ज किया।

धन्नीपट्टी निवासी उमापति पाण्डेय से नायब तहसीलदार ने घंटों पूछताछ की और लिखित बयान पर हस्ताक्षर कराया। उमापति पाण्डेय ने ग्रामीणों के सामने नायब तहसीलदार को बताया कि जर्मनी, केरल और बंगलुरू से आये लोग हाइड्रोफोनिक विधि से हरा चारा उगाने के बारे में पशुपालकों को जानकारी देते हैं। उसी संबंध में मीटिंग का आयोजन हुआ था। फैक्ट्री पर सबसे पहले मीटिंग हुई।

इसके बाद धन्नीपट्टी गांव के उत्तर हरिजन बस्ती के समीप नहर के किनारे बगीचे में राजेश्वर सिंह के बुलाने पर मीटिंग हुयी।



धन्नीपट्टी में एसडीएम योगेश सिंह ने बयान दर्ज किया।

> शिकायत व डीएम के निर्देश पर गांव में पहुंचकर प्रार्थना सभा में शामिल लोगों का बयान दर्ज किया गया। इसकी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। शीघ्र डीएम को सौंप दी जायेगी।
>
> **योगेश्वर सिंह**, एसडीएम कसया

# अपहृत नाबालिग पनियहवा में मिली

छितौनी। हनुमानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से आठ दिन पूर्व गायब नाबालिग को पुलिस ने पनियहवा रेलवे स्टेशन से बरामद की है। नाबालिग के पिता ने पिछले 23 अगस्त को पुलिस को तहरीर सौंप गांव के एक किशोरी समेत तीन लोगों के खिलाफ खिलाफ अपहरण करने का आरोप लगाते हुये कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में जुटी थी। आरोपी मंगलवार को दोपहर उसे कहीं बाहर ले जाने के फिराक में था कि पनियहवा रेलवे स्टेशन के समीप से पुलिस ने नाबालिग को बरामद कर ली।

### सेवरही के रकबा दुलमापट्टी के समीप गंडक में उकसाने पर कूदी थीं दो युवतियां, ट्यूशन शिक्षक गिरफ्तार

# नहर में कूदी सहेलियों में एक का शव मिला

तमकुहीराज, हिन्दुस्तान संवाद। सेवरही थाना क्षेत्र स्थित रकबा दुलमापट्टी के सामने बडी गंडक नहर पुल से नहर में एक साथ दो युवतियों ने एक दूसरे का हाथ पकड़कर छलांग लगा दी थी। तीन दिन नहर की खाक छानने के बाद एसडीआरएफ की टीम ने मंगलवार को एक युवती का शव घटनास्थल से दस किलोमीटर दूर तमकुहीराज थाना क्षेत्र के सरेया खुर्द के समीप बिहार सीमा स्थित गोपालपुर थाने के जीरो आडी रेगुलेटर से बरामद कर लिया।




युवती की लाश मिलने की सूचना पहुंचे एसडीएम तथा जांच करती पुलिस।

- एसडीआरएफ को बिहार सीमा में जीरो आडी रेगुलेटर के समीप मिला एक युवती का शव
- तरया सुजान थाने में दर्ज है एक ही गांव की दो युवतियों की गुमशुदगी

> एक युवती का शव बरामद कर लिया गया है। नहर में ही उसकी सहेली की तलाश जारी है। पूरे प्रकरण की जांच पुलिस गहनता से कर रही है।
>
> **विकास चंद्र**, एसडीएम, तमकुहीराज

शव बरामद होने के बाद पुलिस की जांच में सामने आया है कि दोनों सहेलियों ने उकसाने का आत्महत्या के उद्देश्य से नहर में छलांग लगायी थी। पुलिस ने इस मामले में असलम नामक ट्यूशन शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। वह दोनों सहेलियों को ट्यूशन पढ़ाता था। उकसाने वालों में किसी अन्य के शामिल होने की भी संभावना है। पुलिस घटना को चुनौती के रूप में लेकर पूरी घटना का जल्द खुलासा करने के दावा कर रही है।

मंगलवार को एसडीआरएफ टीम ने घटना स्थल से लगभग दस किलोमीटर दूर बिहार सीमा में स्थित जीरो आडी रेगुलेटर से एक युवती के शव को बरामद किया। मौके पर एसडीएम विकास चंद्र व सीओ जितेंद्र सिंह कालरा की अगुवाई में पहुंची पुलिस व राजस्व टीम ने बरामद शव की शिनाख्त परिजनों से करायी तो वह जमसड़िया की लापता 18 वर्षीय युवती का निकला। गांव से ही लापता उसकी सहेली का अब तक पता नहीं चल सका है। नहर में उसकी तलाश की जा रही है।

बीते रविवार को सेवरही थाना क्षेत्र स्थित रकबा दुलमापट्टी के सामने बडी गंडक नहर पुल से दो युवतियों के गंडक नहर में छलांग लगाने की चर्चा से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। घटना स्थल पर भारी भीड़ जुटने के बाद सेवरही पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों से दोनों युवतियों की घंटों तलाश करायी, लेकिन सफलता नहीं मिली। तरयासुजान थाना क्षेत्र के जमसड़िया से दो सहेली युवतियों के घर से गायब होने की जानकारी हुई, जिनकी गुमशुदगी परिजनों ने थाने में दर्ज करायी थी। एसडीएम विकास चंद्र की अगुवाई में एसडीआरएफ की टीम ने गंडक नहर में खोजबीन शुरू की, लेकिन शाम तक कोई सफलता नहीं मिली। दूसरे दिन सोमवार को एसडीआरएफ टीम ने गंडक नहर में खोजबीन का काफी प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली थी।

**ट्यूशन देने वाला शिक्षक गिरफ्तार, गांव के युवक ने भी खाया था जहर :** एक ही गांव की दो सहेलियों के नहर में कूदने की वजह जानने में जुटी पुलिस पूरे मामले में कई एंगिल पर जांच कर रही है। दोनों युवतियों के लापता होने के ही दिन गांव के एक युवक ने जहर खा लिया था। उसका इलाज गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। ग्रामीण उसके जहर खाने की वजह भी दोनों सहेलियों के गायब होने के प्रकरण से जोड़ कर चर्चा कर रहे हैं। पुलिस ने इस एंगिल को भी अपनी जांच में शामिल किया है। एक युवती का शव बरामद होने के बाद पुलिस की एक टीम उस युवक से पूछताछ करने मंगलवार की शाम को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रवाना हुई। ग्रामीणों से पुलिस को पता चला है कि दोनों सहेलियां एक ही शिक्षक से ट्यूशन पढ़ती थी। पुलिस को उस पर संदेह तब हुआ जब युवतियों के गायब होने के बाद उसका मोबाइल नंबर काफी देर के लिए बंद हो गया था। असलम नामक शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

इस संबंध में सीओ जितेंद्र सिंह कालरा ने बताया कि घटना का संबंध तरयासुजान थाने से है। इसलिए बरामद शव का पीएम व जांच की जिम्मेदारी तरयासुजान पुलिस को सौंपी गई है। शीघ्र मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# सभासद के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज

**कप्तानगंज।** कस्बे के वार्ड नंबर के 14 सभासद बैजनाथ चौहान के ससुराल से लापता होने पर मंगलवार की देर शाम पुलिस ने उनकी पत्नी बबिता चौहान की तहरीर पर गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर खोजबीन तेज कर दी है।

कप्तानगंज नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 के सभासद बैजनाथ चौहान लगभग एक सप्ताह से ससुराल हाटा थाना क्षेत्र के छितौनी गांव से लापता हैं। परिवारीजनों ने काफी खोजबीन की, मगर अब तक पता नहीं चल सका है। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह ने बताया कि सभाषद के गुमशुदगी का केस दर्ज कर लिया गया है।

# छात्र की पिटाई का वीडियो वायरल

**जटहा बाजार।** पडरौना कोतवाली के पड़री स्थित एक निजी इंग्लिश मीडियम स्कूल में दसवीं के एक छात्र की बेरहमी से पिटाई का मामला प्रकाश में आया है। कुछ लोगों ने इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल किया है।

इस स्कूल में ग्राम सभा बबुइया के कोठिलवा टोला निवासी दसवीं का छात्र है। आरोप है कि क्लास में टीचर के पढ़ाते समय जंगले की तरफ झांकने को लेकर शिक्षक ने उसे पीट दिया।

# डेयरी की आड़ में चल रहा था खेल

मल्लूडीह। कुडवा दिलीपनगर के ग्रामीणों का आरोप है कि डेयरी फार्म की आड़ में प्रार्थना सभा के जरिए धर्मान्तरण का खेल चल रहा है। शिवाकांत सिंह, राहुल सिंह, राज कुमार, संदीप, विनोद, संजय सिंह आदि का कहना है कि 30 मार्च को हुए प्रार्थना में धर्मान्तरण की शिकायत की गयी। उस बार भी शामिल लोगों को शांति भंग में चालान किया गया था।

# एक सप्ताह से गायब महिला की लाश मिली

हाटा/ मथौली बाजार। हाटा कोतवाली क्षेत्र के देवरिया माइनर में झांगा बाजार से पोखरभिंडा महादेवा माइनर में लगे फाटक के समीप मंगलवार को सुबह आठ बजे एक अज्ञात महिला का शव फंसा मिला। उसकी शिनाख्त सुरसती (40)पत्नी रामदास मौर्या निवासी पैकौली टोला मंगुरही, कोतवाली हाटा के रुप में हुई। परिजनों के अनुसार महिला एक सप्ताह से घर से गायब थी। परिजनों ने गुमशुदगी की सूचना कोतवाली में बीते 25 अगस्त को दर्ज करायी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि दो दिन से नहर के फाटक में शव फंसा हुआ था। शव को नहर में फंसे होने का चर्चा फैल गई। पुलिस ने शव को बाहर निकलवा कर शिनाख्त की कोशिश की। सफलता नहीं मिलने पर पुलिस पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी में थी तभी हाटा कोतवाली क्षेत्र के पैकौली टोला मगुरही से कुछ लोग पहुंचे। उन्होंने शव की शिनाख्त सुरसती (40 )पत्नी रामदास मौर्या निवासी पैकौली टोला मंगुरही के रूप में की।

# 17.6 किग्रा गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

पटहेरवा : पटहेरवा क्षेत्र में हाईवे के किनारे महुअवा कांटा के समीप सोमवार की रात पुलिस ने एक अंतरराज्यीय गांजा तस्कर को 17.6 किग्रा गांजा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक अनिल उपाध्याय ने बताया कि एसएसआइ सभाजीत सिंह पहुंचे तो बैग लेकर वाहन की प्रतीक्षा कर रहा तस्कर भागने लगा। पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। पूछताछ तस्कर की पहचान बिहार प्रांत के जिला बेतिया के थाना भितहां के गांव रूपही टाड़ के निवासी टुन्टुन पटेल के रूप में हुई। उसने बताया कि वह झारखंड से गांजा लेकर आ रहा था, तमकुहीराज उतरना था, लेकिन बस में सो जाने के कारण यहां पहुंच गया। (जासं)

# संपत्ति संबंधी अपराध में लिप्त अपराधियों पर लगाएं गैंगस्टर



पुलिस लाइन सभागार में संबोधित करते एएसपी रितेश कुमार सिंह बीच में • जागरण

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** एएसपी रितेश कुमार सिंह ने कहा कि संपत्ति संबंधी अपराध पर प्रभावी रोकथाम लगाना प्राथमिकता है। इसे लेकर पुलिसकर्मी सजगता बरतें। इस तरह के अपराध में लिप्त अपराधियों को चिन्हित कर इन पर कड़ी नजर रखें और इनके विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई सुनिशचित करें। ताकि इनके द्वारा अपराध से अर्जित संपत्ति को जब्त किया जा सके।

वे मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उपस्थित सभी थानों के कंप्यूटर आपरेटर व कांस्टेबल मोहर्रिर को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लूट, चोरी व नकबजनी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए शहर, बाजार में कड़ी चौकसी बरती जा रही। पुलिसकर्मी अपने दायित्वों के प्रति चौकन्ना रहें। कहा कि इस तरह के अपराध की घटनाओं में शामिल अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की जाए।

वहीं अभियान चलाकर उनकी संपत्ति का जब्तीकरण किया जाए। जिससे कि अपराधियों में भय का माहौल बने और समाज में इसका सकारात्मक असर हों। समीक्षा बैठक के दौरान पुलिसकर्मियों को डैशबोर्ड के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सीओ सदर उमेश चंद्र भट्ट, कसया कुंदन कुमार सिंह, खड्डा संदीप वर्मा, तमकुहीराज जितेंद्र सिंह कालरा, आरआई रुपेश कुमार, वाचक पुलिस अधीक्षक, प्रभारी सीसीटीएनएस सहित संबंधित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# खनन के ठिकानों पर छापामारी तीन ट्रैक्टर व एक लोडर सीज



कप्तानगंज थाना परिसर में खड़ी मिट्टी लदी ट्रालियां व लोडर • जागरण

**जागरण संवाददाता, कप्तानगंज**: खेतों से मिट्टी व छोटी गंडक से बालू खनन की लगातार मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेकर एसडीएम व्यास नारायण उमराव ने सोमवार की रात में कप्तानगंज तहसील के कारी मदरहवां, भिऊरा हसनगंज, बभनौली, टेढ़िया आदि घाटों पर छापामारी की।

घाटों पर भंडार किए गए बालू को उन्होंने नदी में डलवाया और अज्ञात तस्करों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के लिए थाने में तहरीर सौंपी। नारायणपुर गांव के समीप मिट्टी खनन में लगाए गए तीन ट्रैक्टरों व एक लोडर को पकड़कर थाने में भिजवाया और उन्हें सीज करने का निर्देश दिया। प्रशासन की ओर से की गई कार्रवाई से धंधेबाजों में हड़कंप की स्थिति है।

तहसीलदार कृष्ण गोपाल त्रिपाठी ने भी कई घाटों पर छापामारी की। निकाल कर रखे गए बालू को नदी में डलवाया। एसडीएम ने बताया कि अवैध तरीके से किए जा रहे मिट्टी व बालू के खनन को रोकने के लिए लगातार छापामारी की जाएगी। खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, धंधेबाजों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

# एक घंटे बाद मिला भटका अबोध

तमकुहीराज : तमकुहीराज के गुदरी मोहल्ला निवासी जुनैद का दो वर्षीय पुत्र अरहम मंगलवार की सुबह घर से घूमते-घूमते बाजार में गया व गुम हो गया। पता न चलने पर परेशान स्वजन ने पुलिस को घटना की जानकारी दिए। प्रभारी निरीक्षक नीरज राय के निर्देश पर सिपाही राहुल पांडेय की टीम ने एक घंटे में बाजार में खोजबीन कर अरहम की तलाश कर पिता को सौंप दिया। (जासं)

# सरकारी भूमि से प्रशासन ने हटवाया अतिक्रमण

जागरण संवाददाता, अहिरौली बाजार: विकास खंड सुकरौली के खोट्ठा गांव में सरकारी भूमि पर अवैध रूप से हक जता रहे रामनरेश यादव को मंगलवार को तहसील प्रशासन ने बेदखल कर दिया। भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटवाकर ओवरहेड टैंक का निर्माण कराने के लिए सुरक्षित किया गया।

ग्राम प्रधान प्रवीण सिंह की ओर से बंजर भूमि को चिह्नित कर ओवरहेड टैंक का निर्माण कराने के लिए ग्राम पंचायत से प्रस्ताव पास कराया गया था। गांव के रामनरेश यादव उसे अपनी बैनामा की भूमि बता कब्जा किए हुए थे। जबकि उनकी भूमि दूसरी है। ग्राम प्रधान ने सफाई कराना शुरू किया तो रामनरेश रोकने लगे।

मजबूर होकर ग्राम प्रधान ने पैमाइश के लिए तहसील में आवेदन किया। तहसीलदार धर्मवीर सिंह, प्रभारी कानूनगो रामानंद प्रसाद, लेखपाल हरिशंकर सिंह, सुनीता सिंह की टीम मौके पर पहुंची। पैमाइश के दौरान पता चला कि यह भूमि बंजर है। राजस्व टीम ने भूखंड को ओवरहेड टैंक का निर्माण कराने के लिए सुरक्षित कर दिया। मनीष राय, दयाशंकर राय, गुड्डू सिंह, पन्नेलाल यादव, अजीत पांडेय, सतीश पांडेय समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# लापता सभासद के मामले में गुमशुदगी दर्ज

कप्तानगंज : कस्बा के वार्ड नंबर 14 के सभासद बैजनाथ चौहान के ससुराल से लापता होने के मामले में मंगलवार की देर शाम पुलिस ने पत्नी बबिता चौहान की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज किया है। सभासद बैजनाथ एक सप्ताह पहले हाटा कोतवाली के छितौनी गांव में ससुराल में गए थे और वहीं से लापता हो गए। स्वजन ने काफी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चल सका। उनकी पत्नी ने कप्तानगंज थाने में तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की थी। (विज्ञप्ति)

# शिक्षक पर छात्र की पिटाई का आरोप

भैरोगंज :जटहाबाजार के पड़री स्थित एक निजी स्कूल के कक्षा 10वीं के छात्र ने शिक्षक पर पिटाई करने का आरोप लगाया है। पिटाई का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गया है।पडरौना कोतवाली के बबुइयां निवासी अहसान आलम निजी स्कूल में 10वीं में पढ़ता है।आरोप है कि पढ़ते समय खिड़की से बाहर देखने पर शिक्षक ने पिटाई कर दी।(जासं)

# 17.6 किलोग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

समउर बाजार। पटहेरवा थाना क्षेत्र के महुअवा कांटा के पास से सोमवार की रात पुलिस ने एक अंतरराज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 17.6 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय भेज दिया है।

प्रभारी निरीक्षक अनिल उपाध्याय ने बताया कि एसआई आकाश सिंह, कांस्टेबल विनोद यादव, सोहित यादव, अभिलाष कुमार आदि के साथ सोमवार की रात एनएच पर गश्त कर रहे थे। उसी समय सूचना मिली कि पटहेरिया चौराहे पर एक युवक गांजा के साथ महुअवा कांटा के पास किसी वाहन की प्रतीक्षा कर रहा है। इसको गंभीरता से लेते हुए एसएसआई सभाजीत सिंह को तुरंत घटनास्थल पर भेजा।

दो बैग लिए सड़क के किनारे खड़े युवक के पास पहुंचे तो उसने बैग छोड़कर भागने का प्रयास किया। इस पर पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की तो बैग में गांजा होना बताया। आरोपी ने बताया कि वह यह गांजा झारखंड से ला रहा है।

उसकी पहचान बिहार के जिला बेतिया (पश्चिम चंपारण) के थाना भीतहा के गांव रूपही टाड़ के निवासी टुनटुन पटेल के रूप में हुई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अनिल उपाध्याय ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर को न्यायालय भेजा जा रहा है। संवाद

# अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**रामकोला।** पुलिस ने 15 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस बरामद शराब को कब्जे में लेकर गिरफ्तार युवक के खिलाफ विधिक कार्रवाई में जुटी है।

रामकोला एसओ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने 26 वर्षीय नन्द किशोर कुमार निवासी जगपकड़ बहरामपुर पोस्ट जगपकड जिला पूर्वी चम्पारण (बिहार) को पकड़ियार नौगावा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया है।

तलाशी के दौरान छह बोतल अंग्रेजी शराब और 30 बोतल बीयर समेत कुल 15 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। बरामद शराब को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई में जुटी है। संवाद

# दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट के आरोपी की जमानत निरस्त

**पडरौना।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी से दुष्कर्म के मामले में आरोपी की जमानत याचिका मंगलवार को निरस्त कर दी गई। एडीजे के न्यायालय में जमानत याचिका दायर की गई थी। अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपनी 16 साल की बेटी से महराजगंज जिले घुघली थाना क्षेत्र का एक व्यक्ति प्रेम संबंध बनाकर उसका अश्लील वीडियो और फोटो इंटरनेट पर डालने की धमकी देकर उसे छेड़ता था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पहले तो पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज किया, लेकिन विवेचना के बाद दुष्कर्म की धारा बढ़ा दी। संवाद

# दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**कसया।** क्षेत्र के सोहसा मठिया गांव निवासी दहेज हत्या का आरोपी लालबहादुर यादव उर्फ राजबहादुर फरार चल रहा था। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसकी जानकारी कसया के इंस्पेक्टर डॉ. आशुतोष तिवारी ने दी है। संवाद

# मारपीट के मामले में वांछित गिरफ्तार

पटहेरवा। पटहेरवा पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया।

पटहेरवा एसओ अनिल उपाध्याय ने बताया कि घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में वांछित अभियुक्त विजयी निवासी रजवटीया को उसके घर से सोमवार की रात गिरफ्तार किया गया है। वह कहीं भागने की फिराक में था। उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई कर मंगलवार को न्यायालय भेजा गया है। संवाद

# अब किशोरियों की खुदकुशी की वजह तलाशेगी पुलिस

## नहर में कूदकर जान देने वाली किशोरियों के बारे में सटीक जानकारी न होने से कार्रवाई शुरू नहीं कर रही थी पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी





बिहार बॉर्डर स्थित जीरो बाड़ी पुल पर घटना की चर्चा करते एसडीएम विकास चंद्र, सीओ व एसएचओ तरयासुजान। शव निकालती एसडीआरएफ की टीम। संवाद

कुशीनगर। आत्महत्या करने की नीयत से अपने घर से करीब 15 किलोमीटर दूर सेवरही थाना क्षेत्र में आकर मुख्य पश्चिमी गंडक नहर में कूदीं दोनों सहेलियों में एक का शव मिलने के बाद पुलिस अब इस बात को लेकर आश्वस्त हो गई है कि दोनों ने जान दी है।

इसके पहले तक पुलिस कोई ठोस आधार न होने के कारण कार्रवाई करने से बच रही थी। जैसे ही एक का शव नहर में मिला, कार्रवाई शुरू कर दी। सबसे पहले किशोरियों के कोचिंग टीचर को गिरफ्तार किया। पुलिस अब इन दोनों किशोरियों की आत्महत्या करने की वजह तलाशने में जुट गई है।

तरयासुजान थाना क्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीय किशोरी और इसी गांव की दूसरी किशोरी रविवार को एक साथ लापता थीं। दोनों सहेलियां थीं। रविवार को इन दोनों की चप्पलें और दुपट्टे मुख्य पश्चिमी गंडक नहर के पुल पर मिले थे। इनके नहर में कूदने की आशंका से रविवार से ही खोजबीन चल रही है, लेकिन पता नहीं चल रहा था।

पुलिस अधिकारी इस बात को मानने से कतरा रहे थे कि इन दोनों ने नहर में कूदकर जान देने की कोशिश की है। लेकिन घटनास्थल पर मिलीं चप्पलें और दुपट्टे की वजह से संदेह के आधार पर तलाश की जा रही थी। दो दिन घटनास्थल के आसपास ही खोजबीन हो रही थी। नहर में पानी भरा होने और बहाव तेज होने के कारण ये बहकर काफी दूर चली गई थीं।

मंगलवार को सुबह से एसडीआरएफ की टीम उन्हें खोजते हुए कुशीनगर जनपद की सीमा पार कर बिहार प्रांत में गोपालगंज जनपद की सीमा में करीब 500 मीटर अंदर कुचायकोट थाना क्षेत्र के जीरो ऑडी सुखदेवपट्टी के पास पहुंच गई। वहां नहर में एक किशोरी की लाश मिली। यह जगह दोनों सहेलियां जहां डूबी थीं, वहां से करीब 14 किलोमीटर दूर है।

शव को नहर से बाहर निकाला गया। तब तक घर के अन्य लोग भी पहुंच गए। तमकुहीराज के एसडीएम विकास चंद्र, सीओ जितेंद्र सिंह कालरा, तरयासुजान के इंस्पेक्टर अमित शर्मा, सेवरही के हर्षवर्धन सिंह और तमकुहीराज के नीरज राय भी आ गए। वहां किशोरी के परिजन शव देखकर विलाप करने लगे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एक किशोरी का शव मिलने के बाद दोनों किशोरियों के नहर में कूदकर जान देने की बात काफी हद तक पुष्ट हो गई।

दूसरी की तलाश भी वहां से एक किलोमीटर के दायरे में की गई, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। तब तक अंधेरा हो गया। इस वजह से रेस्क्यू रोकना पड़ा। बुधवार को सुबह पुनः उसकी तलाश होगी।

# जुलूस में हथियार का नहीं होगा प्रदर्शन : मंडलायुक्त

## मंडलायुक्त व आइजी ने पुलिस लाइन सभागार में अधिकारियों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

- रक्षाबंधन पर्व को लेकर रोडवेज की बसों में सुरक्षा का करें इंतजाम
- रोडवेज चालकों व परिचालकों की भी जांच कराने के निर्देश



पुलिस लाइन सभागार में बैठक को संबोधित करते मंडलायुक्त अनिल ढींगरा (दांए) आइजी जे.रविन्द्र गौड़, डीएम अखंड प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा • जागरण

जासं, देवरियाः त्योहारों के मद्देनजर मंडलायुक्त अनिल ढींगरा व आइजी जे. रविन्द्र गौड़ ने मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समेत अन्य त्योहारों पर निकलने वाले जुलूस में हथियार का प्रदर्शन नहीं होगा। लार में निकलने वाले डोल मेले में भी सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहे। त्योहार में सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि 30 व 31 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व है। इसको लेकर दो दिनों तक परिवहन निगम की तरफ से निशुल्क बस सेवा की सुविधा दी जा रही है। इसको लेकर पुलिस पूरी तरह से सतर्क रहे। बसों में सुरक्षा की दृष्टि से जांच की जाय, जिससे चैन स्नेचिंग समेत अन्य घटनाओं पर रोक लग सके। बस चालक व परिचालक की भी जांच की जाएं, ताकि वह नशे में वाहन न चलाएं। मंदिरों पर बिजली के खंभों पर करंट की स्थिति न उत्पन्न हो, इसकी भी जांच करा ली जाए। अवैध वाहन स्टैंड नहीं चलने चाहिए। इसके लिए आपसी समन्वय बनाकर अधिकारी जांच करें और कार्रवाई करें। कच्ची के विरुद्ध भी अभियान चलाया जाए। मंडलायुक्त कहा कि चेहल्लुम और जन्माष्टमी के लिए जुलूस व शोभायात्रा की अनुमति दी जाए। जुलूस में किसी प्रकार का हथियार का प्रदर्शन न किया जाए।

आइजी ने कहा कि महिला अपराध की रोकथाम को सख्त कार्रवाई करें। शोहदों के विरुद्ध कार्रवाई में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी थानों में शांति कमेटी की बैठक अवश्य कर लें। इस दौरान डीएम अखंड प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ रवींद्र कुमार, एसडीएम योगेश कुमार, सीमा पांडेय, सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी, एआरटीओ आशुतोष शुक्ल आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### वाहनों की नीलामी कराएं

मंडलायुक्त व आइजी दोपहर बाद सदर कोतवाली पहुंचे और निरीक्षण किया। परिसर में रखे गए पुराने वाहनों की नीलामी न्यायालय से अनुमति लेकर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कोतवाली परिसर को साफ-सुथरा रखा जाए। इस दौरान उन्होंने दो फरियादियों से भी बातचीत कर उनकी समस्या जानने का प्रयास किया।

# गंडक में कूदी एक सहेली का शव मिला, प्रेम संबंध में शिक्षक गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

कुशीनगर। सेवरही क्षेत्र के रकबा दुलमापट्टी गांव के भगवानपुर टोले के पास रविवार को मुख्य पश्चिमी गंडक नहर में कूदीं दो सहेलियों में एक का शव तीसरे दिन मंगलवार को मिल गया। दूसरी किशोरी की तलाश जारी है। वहीं, फोन पर बात करने और किशोरियों को ट्यूशन पढ़ाने वाले शिक्षक को प्रेम संबंध में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जहर खाने वाले किशोर पर भी पुलिस को संदेह है। फिलहाल उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

तरयासुजान के एक गांव की 17 वर्षीय किशोरी और गांव की ही उसकी सहेली रविवार को नहर में कूद गई थीं। मंगलवार सुबह एसडीआरएफ की टीम उन्हें खोजते हुए घटनास्थल से 14 किमी. दूर बिहार के गोपालगंज पहुंची। वहां कुचायकोट क्षेत्र के जीरो ऑडी सुखदेवपट्टी के पास एक की लाश मिली। नहर में कूदीं सहेलियों में एक के चाचा ने शव की शिनाख्त की। >> संबंधित पेज 3

## टीचर से पुलिस कर रही पूछताछ, जहर खाने वाले किशोर पर भी संदेह

मामले में किशोरियों के ट्यूशन टीचर असलम को गिरफ्तार किया गया है। वह इंटर की इन छात्राओं को पढ़ाता था। यह कार्रवाई दोनों से फोन पर बातचीत करने और प्रेम संबंध के मामले में हुई है। जहर खाने वाले किशोर की हालत अभी गंभीर है। उसका इलाज गोरखपुर में चल रहा है। इस घटना में उसके भी शामिल होने का संदेह है। ठीक होकर आने के बाद उससे भी पूछताछ होगी।

**-धवल जायसवाल**, एसपी, कुशीनगर

# अब घटना की तह में जाने के लिए पुलिस ने शुरू की कार्रवाई

कुशीनगर। दोनों सहेलियों के नहर में कूदकर जान देने की बात से पुलिस मंगलवार को तीसरे दिन शव मिलने के पहले तक इन्कार करती रही। पुलिस का कहना था कि जब तक दोनों मिल नहीं जातीं, तब तक जांच या कार्रवाई का कोई आधार नहीं बन रहा है।

एक किशोरी का शव मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई भी शुरू कर दी। सबसे पहले उनके कोचिंग टीचर असलम को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई दूसरी किशोरी के पिता की तरफ से दी गई गुमशुदगी की तहरीर के आधार पर की गई। पुलिस इस मामले में गुमशुदगी पहले ही दर्ज कर चुकी है।

पुलिस अब असलम से पूछताछ कर रही है। माना जा रहा है कि पूछताछ में अभी कई ऐसे राज बाहर आएंगे, जिसका किसी को अंदाजा भी न होगा कि ऐसी भी घटना हो सकती है। क्योंकि एक गांव की रहने वालीं दो सहेलियों का एक साथ इस तरह नहर में कूदना किसी को समझ में नहीं आ रहा है।

आखिर कौन सा रहस्य है, जो या तो लोगों को पता नहीं है या जाहिर नहीं करना चाहते। पुलिस दोनों किशोरियों का पता चलने से पहले कुछ भी बताने या कार्रवाई करने से इन्कार करती रही। संवाद

## दूसरी किशोरी की मां और अन्य लोग अंधेरे में भी खोजते रहे बेटी को

कुशीनगर। दूसरी किशोरी की मां और रिश्तेदारों को जब पता चला कि एक किशोरी का शव बिहार सीमा में मिला है तो वे भी पहुंचे। इस उम्मीद में कि एक का शव मिला है तो शायद उनकी बेटी का भी कहीं आसपास मिल जाए। एसडीआरएफ और पुलिस के साथ आसपास नजरें दौड़ाते रहे। पुलिस के जाने के बाद अंधेरे में भी टॉर्च की रोशनी में उसे ढूंढने की कोशिश की। उन्हें भी सफलता नहीं मिली तो निराश मन से घर लौट आए। संवाद


10 वर्ष पु
मैं रणजीत सिंह, गां
नजदीक ब्यास
जालन्धर–144302
का बहुत इलाज क
10 वर्ष पहले ब्रेन
मेरी टांग, बाज, हाथ
करना बन्द कर दिया
को youtube पर
शुरु करवाया तो मात्र
से ही मुझे 90 % त

# एक शव मिलने से दूसरी की भी खुदकुशी की आशंका

कुशीनगर। तरयासुजान थाने के इंस्पेक्टर अमित शर्मा ने बताया कि किशोरियों के बारे में कुछ पता न चलने के कारण कोई जांच या कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। एक का शव मिलने के बाद यह बात पुष्ट हो गई है कि दोनों ने नहर में कूदकर जान दी थी। अब पुलिस की निगाह घटना के कारणों की तरफ है।

जांच के साथ-साथ कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। कोचिंग टीचर को गिरफ्तार करने के बाद घटना से जुड़े हर पहलू पर गहन जांच की जाएगी। जो भी दोषी मिलेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। संवाद

# गांव वाले भी हैं हैरान

**कुशीनगर।** एक किशोरी का शव मिलने के बाद उसके गांव के लोग भी हैरान थे। कई लोग यह कह रहे थे कि उन्हें अंदाजा नहीं था कि दोनों नहर में कूद जाएंगी। किशोरी के घर पर सन्नाटा छाया हुआ था। शाम को परिजन घर आए।

जब यह मालूम हो गया कि किशोरी अब इस दुनिया में नहीं है और उसका शव मिल गया है। घर पर चीत्कार मच गई। कई लोग यह कहते सुने गए कि बेटी की खोजबीन की जानकारी होने पर वहां चले गए थे। संवाद

# सभासद के लापता होने के मामले में पुलिस ने दो दिन बाद दर्ज की गुमशुदगी

## परिजन परेशान, घर में नहीं जल रहा चूल्हा, पत्नी ने दी थी नामजद तहरीर

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** सूदखोरों के दबाव में आई पुलिस ने दो दिन बाद सिर्फ गुमशुदगी का केस दर्ज किया है। घटना को लेकर लापरवाही बरत रही पुलिस नौ दिन से लापता भाजपा सभासद का पता नहीं लगा सकी। चिंता में डूबे सभासद के घर चूल्हा नहीं जला। सुबह सभासद के मकान के इर्द-गिर्द घूमकर एक सूदखोर गाली देते हुए धमकी दे रहा था। सभासद के परिजन दहशत में जीने को मजबूर हैं।

नगर के वार्ड संख्या 14 हरिनाथ उत्तरी निवासी बैजनाथ चौहान सभासद हैं। 21 अगस्त को वह ससुराल हाटा गए थे। शाम को घर के लिए चले लेकिन उसी दिन से लापता हैं। आज तक उनका पता नहीं चल सका। तीन दिन पूर्व सभासद की पत्नी बबिता देवी ने पुलिस को नगर के पांच सूदखोरों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर पति का ब्याज पर दिए गए रुपये के लिए अपहरण करने का आरोप लगाया।

टाल-मटोल में जुटी पुलिस ने मंगलवार को गुमशुदगी दर्ज कर खानापूर्ति कर ली लेकिन अब तक लापता सभासद का पता नहीं लगा सकी। एसओ विनय कुमार सिंह ने बताया कि गुमशुदगी का केस दर्ज कर लिया गया है। अभी सभासद का पता नहीं चला है। तलाश की जा रही है। पीड़ित परिवार को कौन धमका रहा है। इसकी जानकारी नहीं है।

### एसओ की सख्ती के बाद ढाला उस पार का बंद हुआ जुआ

**नगर** के ढाला उस पार जुआ का धंधा भी सूदखोरों की सरपरस्ती में चलता है। कस्बा के अलावा गैर जिले से भी लोग जुआ खेलने आते हैं। एसओ विनय कुमार सिंह की सख्ती के बाद इस स्थान पर जुआ का धंधा बंद हो गया। लेकिन स्थान बदलकर कस्बा के एक मकान में जुआ का धंधा चल रहा है। नगर चौकी पर तैनात सिपाही भी सूदखोरों के संपर्क में हैं। इनकी काल डिटेल की जांच की जाए तो कलई खुल जाएगी।

### कप्तानगंज में गहरी हैं सूदखोरों की जड़ें सफेदपोश देते हैं संरक्षण

**नगर** में सूदखोरों की जड़ें काफी गहरी हैं। मामला फंसने पर सफेदपोश इनकी मदद करते हैं। भाजपा सभासद के मामले में एक जनप्रतिनिधि के साथ रहने वाले कुछ करीबी लोग सूदखोरों की मदद कर रहे हैं। यही वजह है कि पुलिस भी चुप है। दो साल पूर्व सभासद की हाटा रोड पर मौजूद 47 डिस्मिल जमीन उधार दी गई रकम का ब्याज जोड़कर बैनामा करा लिया। यही सूदखोर अब भी सभासद के पीछे पड़े हैं। नगर के मंगलबाजार, बौलिया कप्तानगंज चौक और चकबंदी चौराहा के आसपास के रहने वाले सूदखोर काफी कम दिनों में करोड़पति बन गए हैं। इसमें एक सगे भाई और मामा-भांजे शामिल हैं। सभासद की पत्नी का आरोप है कि सूदखोर 15 से 30 प्रतिशत ब्याज जोड़कर लाखों रुपये का कर्जदार बना दिए हैं और कस्बे की जमीन बैनामा कराने के लिए दबाव बना रहे हैं। इनके दबाव में आई पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं।

# सल्फास बेचने वाले दुकानदार पर गैरइरादतन हत्या का केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** सल्फास खाने से युवक की हुई मौत के मामले में पुलिस ने बीज दुकानदार पर केस दर्ज कर लिया है। कार्रवाई के बाद से दुकान बंद कर दुकानदार फरार है। अवैध तरीके से सल्फास बेचने वाले दुकानदार पर मृतक के बड़े भाई ने जनहानि बताते हुए केस दर्ज कराया है।

कप्तानगंज थाना क्षेत्र के इंदरपुर चौराहा निवासी 28 वर्षीय मनीष सिंह किसी बात से घर वालों से नाराज था। 21 अगस्त को कप्तानगंज-इंदरपुर रोड पर स्थित सिंह बीज भंडार पर गया और दो गोली सल्फास की खरीदकर गुस्से में खा लिया। इसकी तबीयत बिगड़ने पर घर वाले अस्पताल ले गए। गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान 22 अगस्त की इसकी मौत हो गई।

मृतक के भाई सुखसागर सिंह ने पुलिस से इसकी शिकायत की। आरोप है कि सिंह बीज भंडार पर अवैध तरीके से सल्फास की गोलियां बेची जाती हैं। बीज भंडारों पर ये गोलियां नहीं बेची जा सकती हैं जो प्रतिबंधित हैं।

बावजूद इसके खुलेआम कृषि विभाग की मिलीभगत से बीज दुकानदार सल्फास की गोली बेच रहा था। दुकानदार की लापरवाही के चलते मनीष की मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सिंह बीज भंडार के प्रोपराइटर नरसिंह सिंह के खिलाफ गैरइरादतन हत्या समेत तीन गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। फरार चल रहे आरोपी दुकानदार की तलाश पुलिस कर रही है। एसओ विनय सिंह ने बताया कि दुकानदार पर केस दर्ज कर लिया गया है।

## बच्चे हों या युवा किसी को बेच देते हैं सल्फास की गोली

**कप्तानगंज** बाजार में मौजूद बीज भंडार के सभी दुकानों पर सल्फास की गोलियां बेधड़क बेची जाती हैं। कृषि विभाग की मिलीभगत से दुकानदार महंगे दाम पर प्रतिबंधित गोलियों को बेचते हैं। गुस्से में आकर युवक और युवतियां इन दुकानों से सल्फास की गोली खरीदकर निगल लेते हैं। इससे इनकी जान चली जाती है। दुकानदार चंद रुपये की लालच में बच्चे हों या युवा किसी को भी सल्फास की गोली बेच देते हैं। कई दुकानें तो बिना लाइसेंस की संचालित हो रही हैं।

# बेरोजगारों से पांच लाख की ठगी

## दिल्ली में जानकारी होने के बाद लौटे युवक तो बंद मिली ट्रैवेल एजेंसी

**पडरौना।** विदेश भेजने के नाम पर एक ट्रेवेल एजेंसी खोलकर बीस बेरोजगारों से लाखों रुपये जालसाज हड़प लिए हैं। एजेंसी पर ताला लटकने के बाद पुलिस से युवकों ने शिकायत की है। मकान मालिक ने भी पुलिस को अलग से तहरीर दी है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। हनुमानगंज थाना क्षेत्र के सत्येंद्र कुमार पांडेय, विजय कुशवाहा, इम्तियाज अली, प्रतिभानाथ कुशवाहा, मनीष कुशवाहा, संतोष गुप्ता, चंद्रशेखर कुशवाहा, मुकेश कुमार, शिव शंकर शर्मा, राधेश्याम शर्मा, राजेश कुमार एक जालसाज के संपर्क में कुछ दिन पूर्व आए। विदेश में रोजगार दिलाने के लिए उसने हनुमानगंज थाना क्षेत्र के छितौनी बाईपास पर खुली एक ट्रेवेल एजेंसी संचालक के पास ले गया।

एजेंसी संचालक ने विदेश भेजने के नाम पर एक युवक से 40 से 50 हजार रुपये यानी पांच लाख से अधिक रुपये वसूला और वीजा देकर युवकों को दिल्ली भेज दिया। दिल्ली जाने के बाद युवकों को पता चला कि ट्रेवेल एजेंट ने जो वीजा दिया है वह फर्जी है। वापस लौटे युवक ट्रैवेल एजेंसी पर गए तो ताला बंद मिला।

सीओ खड्डा संदीप वर्मा ने बताया कि जांच कर जालसाजों पर केस दर्ज कराया जाएगा।

# मारपीट में घायल बुजुर्ग की मौत, शव रखकर लगाया जाम

## मारपीट करने वालों पर केस दर्ज करने की मांग, पुलिस ने कराया शांत

संवाद न्यूज एजेंसी



हाटा-देवरिया मार्ग पर करज गांव के पास शव रख कर गांव वालों ने लगाया जाम। संवाद

**हाटा।** मारपीट में घायल बुजुर्ग की मंगलवार की शाम को गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। इससे नाराज लोग शाम को शव रखकर देवरिया-हाटा मार्ग जाम कर हंगामा करने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझाकर सड़क जाम खत्म कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इसकी वजह से दो घंटे तक इस मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा।

कुशीनगर के हाटा कोतवाली क्षेत्र का करज गांव देवरिया जिले में पड़ता है। करज गांव निवासी 63 वर्षीय दूधनाथ यादव की रविवार की शाम हाटा कोतवाली के मठिया गांव के कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल दूधनाथ का इलाज गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। मंगलवार की शाम इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

घर वाले शव लेकर गांव पहुंचे और देवरिया-हाटा मार्ग पर शव रखकर शाम छह बजे सड़क पर जाम लगा दिया। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इनका आरोप है कि विवाद की सूचना देने के बाद पुलिस ने मारपीट करने वालों पर केस दर्ज नहीं किया था।

मौके पर पहुंची पुलिस से परिजन मारपीट करने वाले आरोपियों पर हत्या का केस दर्ज करने की मांग करने लगे। करीब दो घंटे बाद किसी तरह नाराज लोग माने और पुलिस ने जाम खत्म कराकर आवागमन बहाल कराया। इंस्पेक्टर निर्भय कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिली है। केस दर्ज किया जाएगा। मारपीट की किसी ने सूचना नहीं दी थी।

# कसया के एसडीएम ने लिए प्रार्थना सभा से जुड़े लोगों के बयान

## कुड़वा उर्फ दिलीपनगर गांव के धन्नीपट्टी टोला में जर्मन नागरिक सहित सात को पुलिस ने लिया था हिरासत में

संवाद न्यूज एजेंसी

**कसया।** डीएम के निर्देश पर कसया थाना क्षेत्र के कुड़वा दिलीपनगर गांव के धन्नीपट्टी टोला में मंगलवार को कसया के एसडीएम पहुंचे। आरएसएस के जिला संघचालक डॉ. सीएस सिंह ने वहां धर्म परिवर्तन कराने की डीएम से शिकायत की थी। एसडीएम के साथ नायब तहसीलदार भी गांव में पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों एवं इससे जुड़े लोगों से करीब चार घंटे पूछताछ की और उनके बयान लिए।

सोमवार को कसया पुलिस ने जर्मन नागरिक सहित सात लोगों को हिरासत में लिया था। बीती रात ही सभी आरोपियों को जमानत पर छोड़ दिया गया। मामला तब और गंभीर हो गया, जब आरएसएस के जिला संघ चालक डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने इस मामले को प्रदेश नेतृत्व के संज्ञान में डाल दिया।

मंगलवार को सुबह कसया के एसडीएम योगेश्वर सिंह और नायब तहसीलदार शैलेश सिंह ने गांव में पहुंचकर ग्रामीणों से लगायत प्रार्थना सभा में उपस्थित लोगों से पूछताछ की और उनके लिखित बयान दर्ज किए।



कुड़वा दिलीपनगर के धन्नी पट्टी गांव में धर्मांतरण की सूचना पर लोगों से बयान लेते कसया एसडीएम योगेश्वर सिंह। संवाद

धन्नीपट्टी निवासी उमापति पांडेय से नायब तहसीलदार ने विधिवत पूछताछ की। उनका लिखित बयान लिए और हस्ताक्षर कराए। उमापति पांडेय ने ग्रामीणों के सामने नायब तहसीलदार को बताया कि जर्मनी, केरल और बंगलूरू से आए लोग हैड्रोफोनिक विधि से हरा चारा उगाने के बारे में पशुपालकों को बता रहे थे। मीटिंग का आयोजन उमापति ने ही किया था।

सोमवार को उनकी फैक्ट्री पर सबसे पहले बैठक हुई। इसके बाद धन्नीपट्टी के उत्तर हरिजन बस्ती के पास नहर के किनारे बगीचे में राजेश्वर सिंह के बुलाने पर बैठक हुई। इस बैठक में हैड्रोफोनिक विधि से चारा उगाने और पशुओं की देखभाल करने के बारे में विस्तार से बताया गया। इसी बीच गांव के ही संजय सिंह कौशिक वहां पहुंच गए और प्रजेंटेशन दे रहे अतुल चौबे से बहस करने लगे। विवाद में ग्रामीणों ने धर्मांतरण करने का आरोप लगाया। विवाद की सूचना पर पहुंची कसया थाने की पुलिस ने सात लोगों को हिरासत में लेकर चालान कर दिया।

प्रार्थना सभा में उपस्थित उमापति पांडेय पुत्र सूर्यनाथ पांडेय, प्रियंका पत्नी कैलाश, सीमा पत्नी अमितेश, व्यास पुत्र मिठाई प्रसाद से लिखित बयान दर्ज किए गए। प्रार्थना सभा में उपस्थित सभी लोगों ने अपने बयान में कहा कि हम लोगों को उमापति पांडेय और राजेश्वर सिंह मीटिंग के लिए बुलाए थे। मीटिंग में पशुशेड, हैड्रोफोनिक विधि से चारा उगाने के बारे में विस्तार से बताया गया।

हैड्रोफोनिक विधि में ट्रे में चारा उगाकर पशुओं को खिलाया जाता है। उमापति पांडेय ने ही अपनी पत्नी पुष्पा पांडेय के नाम से पशुआहार बनाने की मिल बना रखी है। उसका उद्घाटन फादर ने महीनों पूर्व किया था। उसमें उमापति पांडेय ने बड़ा सा भोज कार्यक्रम भी रखा था। उस कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीणों को भोजन कराया गया था।

मिल का नाम खुशहाली मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी केएमपीसीएल रखा गया है, जो एक संस्था से जुड़ा हुआ है। उसे पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति गोरखपुर संचालित करती है।

पूर्वांचल में कुल 54 से 55 समूह हैं, जो 19 जिलों में काम करते हैं।पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति की ओर से पैसा और पशु आहार बनाने की मशीन दी जाती है। उसकी कीमत 5 लाख 75 हजार रुपये है, जो पूरी तरह से दान स्वरूप दी जाती है।

मिल से जुड़े सदस्यों को डिस्काउंट पर पशु आहार दिया जाता है। कसया और आसपास की सभी इकाइयों को मदनपुर स्थित धर्मोदय विद्या विहार से नियंत्रित किया जाता है।

बयान में प्रियंका पत्नी कैलाश ने बताया कि 30 मार्च को जो प्रार्थना सभा हुई थी, उसमें धर्मांतरण के बारे में बताया गया था। जब गांव के लोगों ने हमको समझाया तो हमने ऐसी बैठक में जाना छोड़ दिया।

इस संबंध में शिकायतकर्ता डॉ. सीएस सिंह ने कहा कि धर्मांतरण का काम हो रहा है। यदि समय रहते इसे नहीं रोका गया तो आम जनमानस एक न एक दिन अवश्य प्रभावित होगा। अभी जर्मनी के लोग आकर गांवों में ऐसा काम कर रहे हैं।

### 30 मार्च को इसी गांव में हुआ था धर्मांतरण का विवाद

**कसया** थाना क्षेत्र के कुड़वा उर्फ दिलीपनगर गांव के धन्नीपट्टी टोला के बगल में एक बगीचे में बाइबिल रखकर कुछ लोगों को धर्मांतरण कराने की सूचना पर कसया पुलिस मौके पर गई। वहां कुछ लोगों को पकड़कर लाई थी, जिन्हें शांतिभंग के अंदेशा में चालान कर दिया था।

*कुड़वा दिलीपनगर गांव के धन्नीपट्टी में प्रार्थना सभा से जुड़े लोगों के बयान उच्चाधिकारियों के निर्देश पर दर्ज किए गए हैं। इसकी रिपोर्ट बनाकर सौंप दी जाएगी।*

*- योगेश्वर सिंह, एसडीएम, कसया*

### लोगों को इसी तरह लालच देकर फंसाते हैं अपने चंगुल में

**ग्रामीणों** ने बताया कि धर्मांतरण के लिए पहले इसी तरह से लोगों को अनुदान देकर प्रभावित करते हैं। अपने पूरे जाल में जकड़ने के बाद से अपने धर्म के प्रति लोगों को जोड़ते हैं। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं है। पूरी तरह से जब लोग उनके झांसे में आ जाते हैं, तब जाकर उनको अपने धर्म के प्रति विश्वास में लेकर इस तरह के कार्य किए जाते हैं।

*कुड़वा दिलीपनगर गांव के धन्नीपट्टी में मौके पर मिले लोगों को लाकर पूछताछ की गई थी। उसी दिन उनका चालान कर दिया गया था। इस मामले कोई तब्दीली नहीं हुई है।*

*- डॉ. आशुतोष तिवारी एसएचओ कसया*

# बंजर की भूमि से हटवाया अतिक्रमण

**पडरौना।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र की ग्राम सभा खोठ्ठा में बंजर भूमि पर हुए अतिक्रमण को मंगलवार को प्रशासन ने हटवाया। यहां पानी टंकी का निर्माण कराया जाएगा। गांव के एक व्यक्ति ने इस बंजर की भूमि पर अतिक्रमण कर लिया था। ग्राम प्रधान प्रवीण सिंह ने इस पर पानी टंकी के निर्माण लिए भूमि चिह्नित किया था। वहां हुए अतिक्रमण हटवाने गए तो उन्हें विरोध झेलना पड़ा था। संवाद

# छोटे भाई ने बहन को खुदकुशी करने से बचाया

पडरौना। सेवरही थाना क्षेत्र के सिसई गांव में एक किशोरी ने फंदा लगाकर जान देने की कोशिश की। बहन को रूठकर जाते देखकर छोटा भाई भी दौड़कर पीछे गया। जब तक वह पहुंचा, बहन गले में फंदा लगा चुकी थी। किसी तरह उसे बचाया और उसे आनन-फानन में परिजन जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वह अब ठीक है।

सेवरही थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली कक्षा आठ की छात्रा घरवालों से नाराज थी। सोमवार को किशोरी ने घर में फंदा लगाकर जान देने की कोशिश की। घर पर मौजूद छोटे भाई ने शोर मचाया। पड़ोस के लोगों ने फंदे से किशोरी को उतारा और सीएचसी में पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां किशोरी का इलाज चल रहा है।

किशोरी के पिता दुबई में काम करते हैं। घर पर मां बच्चों के साथ रहती हैं। घटना के समय मां खेत में काम करने गई थीं। घरवालों ने बताया कि नादानी में किशोरी ने आत्मघाती कदम उठा लिया, लेकिन छोटे भाई की तत्परता और समय से इलाज की वजह से उसकी जान बच गई। अब वह ठीक है। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-30-08-2023

# पत्नी के हत्यारोपी को उम्र कैद और 5 हजार जुर्माना

**फैसला 1**

■ पनियरा कस्बे में अगस्त-2019 में हुई थी घटना

महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता। जिले के पनियरा कस्बे में बीते 20 अगस्त-2019 को हुई एक महिला की हत्या के मामले में कोर्ट ने सजा सुनाई है। जनपद न्यायाधीश जयप्रकाश तिवारी ने इस मामले में मृतका के पति दिनेश को दोषी पाए जाने पर उसे अपने 40 पृष्ठीय विस्तृत फैसले में आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। साथ ही पांच हजार रुपये के अर्थदंड लगाया गया है। अर्थदंड न देने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

वादी मुकदमा शिब्बन चौरसिया ने 21 अगस्त-2019 को थाना पनियरा में तहरीर दी। बताया कि उसने अपनी बेटी इंदू की शादी 15 वर्ष पूर्व कस्बा पनियरा निवासी दिनेश पुत्र नंदलाल से की थी। शादी के कुछ दिनों बाद से ही दामाद उसकी बेटी इंदू को प्रताड़ित करने लगा। 20 अगस्त-2019 को उसके नाती विष्णु ने फोन कर बताया कि उसकी मम्मी मर गई है। इस सूचना पर वह अपने पूरे परिवार के साथ तत्काल अपनी बेटी के घर पनियरा कस्बे में पहुंचा। वहां उसकी बेटी इंदू मृत अवस्था में पड़ी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर विवेचना के बाद आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया। विचारण के दौरान जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ब्रजेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने 14 गवाहों व 12 दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर कठोर सजा की मांग की। साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर जिला जज ने सजा सुनाई।

# टोल प्लाजा मैनेजर का दर्ज किया गया बयान

जासं, नौतनवा : गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग के छपवा टोल प्लाजा पर अवैध वसूली का मामला चर्चा में आते ही उच्चाधिकारियों ने संज्ञान लिया है। मंगलवार को थाने पर एसडीएम मुकेश कुमार सिंह व सीओ आभा सिंह ने टोल मैनेजर सहित कर्मचारियों से बयान दर्ज किया। ट्रक चालकों व निष्कासित टोल कर्मियों का इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो में अवैध वसूली का आरोप लगाया गया था।

गैर फास्टैग वाहनों को फर्जी बिल देकर एनएचआइ को चूना लगाने की बात कही गई थी। वहीं ओवरलोड वाहनों से भी बिना कोई रसीद के वसूली की जा रही है। इंस्पेक्टर मनोज कुमार राय ने कहा कि मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है, वीडियो व प्रसारित खबरों को संज्ञान लेते हुए टोल कर्मियों से उनका पक्ष लिया गया है।

# नेपाल में पकड़ा गया तस्करी का कपड़ा ले जा रहा ट्रक

जासं, सोनौली : सोनौली सीमा सटे नेपाल के बेलहिया भंसार कर्मियों ने नेपाल भारतीय नंबर के ट्रक से तस्करी का कपड़ा बरामद किया हैं।

मामले में बिहार निवासी दो कस्टम क्लियरिंग एजेंट को हिरासत में लिया गया हैं। ट्रक भारतीय क्षेत्र से औषधीय कच्चे माल के कागजात पर नेपाल प्रवेश किए थे। नेपाल भंसार कर्मियों ने जब ट्रक में लदे माल के कागजात के अनुरूप जांच की तो उसमें कपड़े भी लदे मिले।

बेलहिया भंसार चीफ मणिराम पौडेल का कहना हैं कि कपड़ा तस्करी के आरोप में पकड़े गए ट्रक को राजस्व अधिनियम के तहत जब्त किया गया है। मामले की जांच चल रही है।

# तीन वारंटियों को जेल

जासं,कोठीभारः कोठीभार पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार राय ने बताया कि मंगलवार को इंदल निवासी ग्राम जहदा, भोली निवासी शेषपुर व यहीं के तेतरी को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# लापता युवक को देवरिया पुलिस ने घायलावस्था में किया बरामद

जासं, नौतनवा : नगर क्षेत्र के सरोजनी नगर वार्ड के रहने वाले युवक को 12 दिन बाद देवरिया की पुलिस ने घायलावस्था में बरामद कर सोमवार को नौतनवा पुलिस सौंप दिया। पुलिस ने युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौतनवा में भर्ती कराया है।


सीएचसी में भर्ती सौरभ सिंह● जागरण

युवक की पत्नी कुसुम सिंह ने थाना में तहरीर देकर दो लोगों पर धन की लालच में मारपीट का आरोप लगाया है। महिला ने बताया कि पति सौरभ सिंह को 16 अगस्त को दो लोगों के साथ गोरखपुर गए थे। देर रात घर नहीं लौटे, फोन भी बंद था। 17 अगस्त को थाना में तहरीर दीं तो पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर लिया। सोमवार को देवरिया पुलिस ने सूचना दी। इसके बाद वह स्वजन सहित देवरिया पहुंचीं। जहां उनके पति के शरीर व सिर पर गंभीर चोट थे। पति को काफी प्रताड़ित किया गया है, जिससे वह कुछ बताने की स्थिति में नहीं हैं। इंस्पेक्टर मनोज कुमार राय ने कहा कि युवक की तलाश की जा रही थी। मामले की जांच की जा रही है।

# दुष्कर्म का वांछित गिरफ्तार

जासं, नौतनवा : दुष्कर्म, मारपीट के वांछित को पुलिस ने छपवा तिराहा से मंगलवार दोपहर गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर मनोज कुमार राय ने बताया कि आरोपित अकमल खां निवासी सोनपिपरी खुर्द थाना कोल्हुई का चालान किया गया है।

# दुष्कर्म मामले में आरोपी को दबोचा

नौतनवा। नौतनवा पुलिस ने मंगलवार को कस्बे के छपवां चौराहे के निकट से दुष्कर्म के मामले एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसओ मनोज कुमार राय ने बताया कि कस्बे के ही एक युवती की तहरीर पर कोल्हुई थाना क्षेत्र निवासी अकमल खान पर 376, 504 एव 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# पुलिस ने पढ़ाया सौहार्द का पाठ

निचलौल। थाना परिसर में मंगलवार को कृष्ण जन्माष्टमी और चेहल्लुम को लेकर पीस कमेटी के सदस्यों की बैठक हुई। उपस्थित सदस्यों को पुलिस ने आपसी सौहार्द व शांति का पाठ पढ़ाया।

पीस कमेटी के सदस्यों के साथ ग्रामीणों क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को भी सुनीं। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि किसी भी प्रकार की अड़चन बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संवाद

# तीन वांछित अपराधियों को भेजा जेल

**सिसवा बाजार।** अपराधियों के गिरफ्तारी के संबंध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोठीभार पुलिस ने तीन वांछित अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार राय ने बताया कि फरार चल रहे वारंटी शेषपुर निवासी भोली व तेतरी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। फरार चल रहे जहदा निवासी इंदल को भी जेल भेजा गया। संवाद

# दहेज हत्या के अभियुक्त को आजीवन कारावास

**महराजगंज।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दहेज हत्या के मामले की सुनवाई करते हुए अभियुक्त दिनेश निवासी पनियरा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया है। जिला शासकीय अधिवक्ता बृजेंद्र नाथ त्रिपाठी ने बताया कि 21 सितंबर 2019 को इंदू हत्या के मामले में पनियरा थाने में केस दर्ज हुआ था। मृतका के पिता ने तहरीर देकर दामाद दिनेश पर हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। गवाही और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने यह सजा सुनाई है। संवाद

# दुष्कर्म के आरोपी युवक को भेजा जेल

**नौतनवां।** दुष्कर्म में आरोपी युवक को नौतनवां पुलिस ने मंगलवार को नौतनवां कस्बे के छपवा तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक कोल्हुई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का नौतनवां कस्बा निवासी एक युवती से प्रेम संबंध था। युवती ने बताया कि आरोपी शादी का झांसा देकर तीन साल तक दुष्कर्म करता रहा और बाद में शादी से इन्कार कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म तथा अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर तलाश में जुटी थी। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर नौतनवां कस्बा के छपवा तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि युवक के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया। संवाद

# दवा के कच्चे माल की आड़ में सरहद पार हो गया अवैध कपड़ा

## भंसार राजस्व चोरी कर नेपाल लाया गया कपड़ा सीज, दो लोगों को गिरफ्तार कर हो रही पूछताछ

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** दवा रॉ मेटेरियल की गाड़ी में चोरी छिपे भारत से नेपाल पहुंचा कपड़ा बरामद होने के बाद नेपाल भंसार विभाग ने सीज कर दिया है। दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। ट्रक चालक दवा बनाने वाले कच्चे माल को गाड़ी में ऊपर लादे हुए था, नीचे छिपा कर कपड़ा भी लाया था। मुखबिर की सूचना पर नेपाल कस्टम अधिकारियों ने जांच की तो मामला पकड़ा गया।

जानकारी के अनुसार, नेपाल में कपड़ा ले जाने पर कस्टम ड्यूटी ज्यादा है और दवा रॉ मेटेरियल पर कम है। इस वजह से यह खेल किया जाता है। यह पकड़ में तब आता है, जब कोई मुखबिर नेपाल कस्टम को सूचना देता है। सामान्य तौर पर ट्रक में लदे में सामान की जांच कस्टम अधिकारी 15 से 20 प्रतिशत तक करते हैं। पूरे सामान की जांच नहीं हो पाती है, ऐसे में झासा देकर सामान नेपाल ले जाने वाले अपने मंसूबे में कामयाब हो जाते हैं।

भारत के सोनौली कस्टम ने बिल अनुसार मेडिकल रॉ मेटेरियल को पास किया तो ट्रक नेपाल के बेलहिया कस्टम में पहुंचा। ट्रक जब नेपाल भंसार कार्यालय पहुंचा तो जांच अधिकारी ने ट्रक जांच की तो दवा के रॉ मेटेरियल के अलावा कपड़ा बरामद किया। भंसार के अधिकारियों ने गाड़ी को खाली करा दिया। मंगलवार सुबह जब भंसार के गोदाम में जांच करने अधिकारी पहुंचे तो कपड़ा गायब मिला। इस सूचना के बाद पूरे भंसार क्षेत्र को बंद कर हर गाड़ी की तलाशी ली गई। इस दौरान बरामद कपड़ा भंसार के अंदर ही खाली खड़े ट्रक से अधिकारियों ने बरामद कर लिया। दोनों ट्रक को पास कराने वाले रकसौल बिहार के दो युवकों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुट गए।



भंसार कार्यालय परिसर में खड़ा ट्रक। संवाद

*भारतीय ट्रक जो भारत से मेडिकल रा मेटेरियल लेकर के आया था। जिसकी जांच हुई तो अवैध कपड़ा व अन्य सामान बरामद किया गया। प्रकरण की जांच कराई जा रही है, जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।* -**मनीराम पौडेल,** कस्टम चीफ, भैरहवा, नेपाल

*नेपाल कस्टम में पकड़े गए ट्रक के संबंध में जानकारी मिली है जांच कराई जा रही है, जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।* -**रमाकांत तिवारी,** डिप्टी कमिश्नर, कस्टम, नौतनवा

### अनलोड कर सांठगांठ होने पर नेपाल भेज देते हैं

सूत्रों का कहना है कि जिन सामानों पर नेपाल में ड्यूटी बहुत ज्यादा है, उन्हीं सामानों को नेपाल में सेटिंग कर भेजा जाता है। सोनौली और नौतनवा थाना क्षेत्र में 50 से अधिक ऐसे ट्रांसपोर्टर हैं, जो बाहर अन्य प्रदेशों से सामान नेपाल के नाम पर मंगा कर कैरियरों के माध्यम से नेपाल भेजते हैं। अनलोड कर सेटिंग होने पर नेपाल भेज देते हैं। जबकि नेपाल आए हुए माल को उतारने अथवा भेजने का काम कस्टम की देखरेख में होना चाहिए। कस्टम के अधिकारी कहते हैं कि जो भी ट्रक नेपाल के लिए जाता है, उन सामानों को 10, 15 प्रतिशत माल को हम जांच कर सकते हैं। पूरे ट्रक को जांच करना संभव नहीं है।

**केस 1** जुलाई को भारत नेपाल सीमा सोनौली से सटे भैरहवा भंसार कार्यालय के अधिकारियों ने फर्जी कागजात के सहारे भंसार परिसर से बाहर निकल रही प्याज की गाड़ी को पकड़ कर चालक को गिरफ्तार कर लिया था। ट्रक को सीज करने के बाद प्याज को नीलाम कर चालक को जेल भेज दिया। प्याज लदे वाहन में भन्सार के सभी कागजात फर्जी तरीके से बनाए गए थे।

**केस 2** मई भैरहवा भंसार से फर्जी कागजात के आधार पर मछली लदे एक ट्रक को भंसार के अधिकारियों ने पकड़ कर सीज कर दिया है। भंसार राजस्व ड्यूटी चोरी करने के आरोप में भंसार विभाग ने ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया था। जिसमे मछली गाड़ी के सभी पेपर फर्जी तरीके से बनाए गए थे।

### टैक्स बचाने के लिए होती है चोरी

नेपाल भंसार में हर एक वस्तु जो भारत सहित अन्य देशों से नेपाल में आयात होती है। उस सामान पर नेपाल सरकार ने वस्तु अनुसार ड्यूटी मानक तय कर रखा है। जिसकी चोरी के लिए यह सब खेल खेला जा रहा है। भंसार विभाग ने दवा रा मेटेरियल पर 5 प्रतिशत ड्यूटी लगा रखी है, जबकि कपड़े पर 20 प्रतिशत ड्यूटी है। इस वजह से ऐसा खेल किया जा रहा है।

# किशोरी को भगाने के मामले में केस दर्ज

निचलौल। थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी को एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया है। इस मामले में पुलिस ने मंगलवार को किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर एक युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि किशोरी के पिता ने पुलिस से बताया था कि उसकी लड़की को एक युवक बीते 19 अगस्त को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। जिसकी काफी खोजबीन की गई, लेकिन उसका कहीं भी पता नहीं चल सका। संवाद

# मारपीट के दो अभियुक्तों पर लगा अर्थदंड

महराजगंज। सिविल जज प्रवर खंड ने मारपीट के मामले की सुनाई करते हुए अभियुक्त भोला व उन्नी गुप्ता निवासी कुवारी सती निचलौल को 1500-1500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड नहीं देने की दशा में सात दिन का कारावास भुगतना पड़ेगा। शासकीय अधिवक्ता प्रवींद्र कुमार ने बताया कि 22 नवंबर 2017 को पुरानी रंजिश को लेकर खेत से तोरी उखाड़ने के दौरान मारपीट हुई थी। भोला व उन्नी के खिलाफ न्यायालय में पुलिस ने आरोप पत्र दाखिल किया। संवाद

# अवैध वसूली के वायरल वीडियो की जांच शुरू

**नौतनवां।** गोरखपुर सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित छपवा टोल प्लाजा पर बगैर फास्ट टैग लगे वाहनों से अवैध वसूली संबंधी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। मामला एसडीएम मुकेश कुमार सिंह, सीओ नौतनवां आभा सिंह के पास पहुंचा है तो उन्होंने इसकी जांच शुरू करा दी गई। दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी बात कही है।

सीओ नौतनवां आभा सिंह ने बताया कि टोल प्लाजा का वायरल हो रहे वीडियो के मामले में शिकायत मिली है। पूछताछ के लिए वर्तमान टोल प्लाजा मैनेजर और कर्मियों को बुलाया गया। टोल प्लाजा पूर्व कर्मी निष्कासित का आरोप लगा रहे हैं। उन्हें भी बुलाया गया था। दोनों पक्ष से प्रार्थना पत्र लेने के साथ बयान भी लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# हेरोइन तस्करी के अभियुक्त को नौ माह सश्रम कारावास

**महराजगंज।** अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय कोर्ट संख्या एक ने हेरोइन तस्करी के अभियुक्त क्यामुद्दीन निवासी वीरगंज, नेपाल को नौ माह सश्रम कारावास से दंडित किया है। एक हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। शासकीय अधिवक्ता राघवेंद्र उपाध्याय ने बताया कि चार नंबर 2022 को सोनौली पुलिस ने क्यामुद्दीन को 20 ग्राम हेरोइन के साथ नेपाल सीमा के पास से गिरफ्तार किया था। न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। गवाही समेत साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने यह सजा सुनाई है। संवाद

# एनडीपीएस में नौ माह का सश्रम कैद

महराजगंज, निज संवाददाता। मादक पदार्थ हेरोइन की तस्करी में अपर सत्र न्यायाधीश (त्वरित न्यायालय) फूलचंद्र कुशवाहा ने सोनौली निवासी कयामुद्दीन उर्फ छोटू उर्फ टाइगर को दोषी करार दिया है। नौ माह के सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया है। दो हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

4 नवंबर 2022 को सोनौली चौकी एसआई इंचार्ज मनीषा सिंह हमराहियों के साथ सोनौली में गश्त कर रही थीं। मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति पीएनबी व रोडवेज बस स्टेशन के पीछे से मादक पदार्थ लेकर आ रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देख संदिग्ध भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से बीस ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम कयामुद्दीन उर्फ छोटू उर्फ टाइगर व पता जुगौली सोनौली बताया।

बरामदगी के आधार पर सोनौली पुलिस एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपित के खिलाफ केस दर्ज की। विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दी।

विचारण के दौरान विशेष लोक अभियोजक राघवेन्द्र पांडेय ने गवाहों की गवाही कराकर सजा की मांग की। पुलिस कार्यालय के अनुसार मामले में पैरोकार अखिलेश यादव व कोर्ट मोहर्रिर हेड कांस्टेबिल अरुण कुमार राय ने अभियोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# नपा अध्यक्ष ने लगाया छवि धूमिल करने का आरोप

सिसवा, हिसं। सिसवा नगरपालिका में आरोप-प्रत्यारोप का सियासी माहौल गरमाता जा रहा है। नगरपालिका अध्यक्ष के विरुद्ध पहले सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक पोस्ट से बदनाम किए जाने का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था, कि अब उनके विरुद्ध भ्रामक पर्चा बांटे जाने का मामला सामने आया है। इसको लेकर अध्यक्ष ने एक बार फिर से एसपी सहित कोठीभार पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नपा अध्यक्षा शकुंतला जायसवाल द्वारा एसपी व कोठीभार पुलिस को दिए गए तहरीर के अनुसार नपा के सुभाष नगर निवासी व विवेकानंद नगर वार्ड निवासी दो युवकों द्वारा उनके खिलाफ आय से अधिक धन अर्जित किए जाने का नगर में पर्चा बांटा जा रहा है। इसकी जानकारी उनको 20 अगस्त को उस समय हुई जब एक आरोपित द्वारा सुभाष नगर वार्ड निवासी एक व्यक्ति के घर उक्त पर्चा दिया गया। जबकि इसके ठीक एक दिन पहले 19 अगस्त को दूसरे आरोपित द्वारा शास्त्रीनगर वार्ड निवासी एक व्यक्ति को दूरभाष केंद्र



सिसवा नपा अध्यक्ष ने कोठीभार एसओ को तहरीर देकर आपत्तिजनक पर्चा बांट छवि धूमिल करने का आरोप लगाया है।

" नपा अध्यक्ष की तहरीर मिली है। जांच-पड़ताल की जा रही है। शीघ्र ही केस दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया से संबंधित मामले की जांच साइबर सेल द्वारा की जा रही।

**सुनील कुमार राय,** एसओ कोठीभार

" सिसवा नपा का विकास कुछ राजनीतिक विरोधियों को रास नहीं आ रहा है। इसके चलते उन लोगों द्वारा मुझे व नपा को बदनाम किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। नगरपालिका का विकास कार्य जारी रहेगा। मामले में अगर न्यायोचित कार्रवाई नहीं होती है, तो न्यायालय का शरण लेने को बाध्य होना

केस दर्ज करने और गिरफ्तारी के आश्वासन पर माने सभासद

# ईओ के चैम्बर में सभासदों से मारपीट, दिया धरना

## तहरीर

चौक बाजार, हिसं। नगर पंचायत चौक के कार्यालय में मंगलवार को ईओ के चेम्बर में दो सभासदों के साथ मारपीट की घटना आने के बाद हड़कंप मच गया। मारपीट का आरोप लगाकर पीड़ित सभासद धरना पर बैठ गए। इसकी सूचना मिलते ही चौक पुलिस मौके पर पहुंची। समझाने का प्रयास शुरू हुआ। सभासदों की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपितों की गिरफ्तारी के आश्वासन पर सभासद धरना स्थगित किया।

नपं चौक के वार्ड नंबर 15 के सभासद पवन वर्मा व वार्ड नंबर 7 के सभासद श्रीराम गुप्ता ने चौक पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह दोनों मंगलवार को नगर पंचायत चौक के कार्यालय में गए थे। आरोप लगाया कि ईओ के कमरे मे पहले से बैठे तीन लोग देखते ही अपशब्द बोलने लगे। विरोध करने पर कुर्सी उठाकर फेंका और मारपीट करने लगे। मारपीट के बाद तीनों आरोपित फरार हो गए। इस घटना की जानकारी मिलते ही सभासद आक्रोशित हो गए। आक्रोशित सभासद नगर पंचायत कार्यालय पहुंच कर धरने पर बैठ गए। मौके पर पहुंच कर चौक पुलिस ने मामले को संभाला। एसओ के आश्वासन पर सभासदों ने धरना खत्म कर दिया। एसओ प्रशांत कुमार पाठक ने कहा कि प्रार्थनापत्र मिला है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।



नगर पंचायत चौक में मारपीट के विरोध में मंगलवार को सभासदों ने धरना दिया।

### पहले भी गरमा चुका है नगर पंचायत का मामला

नपं अध्यक्ष प्रतिनिध अजय मद्धेशिया व मल्लू समेत ज्ञात व 150 अज्ञात के खिलाफ बीते 13 जून को नपं चौक के बड़े बाबू ने केस दर्ज कराया है। नपं की पहली बैठक स्थगित करने पर आरोपितों ने ठेकी चौराहा पर जाम लगाया था। उसके बाद नपं कार्यालय पहुंच हंगामा करने का आरोप लगा था। प्रकरण में विवेचना के बाद चौक पुलिस 19 आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय व उनके पिता के खिलाफ पुलिस चार्जशीट दाखिल नहीं की है।

# खाद, चावल समेत एक गिरफ्तार

खनुआ। एसएसबी 66वीं वाहिनी के जवानों ने गश्त के दौरान भारत नेपाल सीमा के खैराघाट के पास खाद ,चावल, साइकिल सहित एक गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए नौतनवां कस्टम को सौंप दिया है।

डिप्टी कमांडेंट प्रभाकर चतुर्वेदी ने बताया कि खैराघाट के जवान गश्त करते हुए खैराघाट गांव के पास भारत नेपाल सीमा के पास पहुंचे थे। उसी दौरान भारतीय सीमा की तरफ से आरोपित लोग साइकिल पर बोरा लेकर नेपाल सीमा में प्रवेश करने के फिराक में थे। इस दौरान एसएसबी जवानों ने दौड़ाकर एक आरोपित को दबोच लिया। चार फरार होने में कामयाब रहे। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम इरफान निवासी बुधिया थाना कोल्हुई बताया। डिप्टी कमांडेंट ने बताया कि बरामद सामान व एक आरोपित को अग्रिम कार्रवाई के लिए नौतनवां कस्टम को सौंप दिया है।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-30-08-2023

# फोन पर दी जान से मारने की धमकी, केस

**बस्ती** । एक व्यक्ति के किसी ने फोन पर जान से मारने की धमकी देते हुए फिरौती मांगी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। पुरानी बस्ती थानान्तर्गत पाण्डेय बाजार निवासी नीरज कुमार गुप्ता को किसी ने फोन किया और पैसे की मांग करते हुए जान से मारने की धमकी दिया। मामले में पीड़ित नीरज कुमार गुप्ता पुत्र शिवशंकर गुप्ता निवासी पाण्डेय बाजार थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर धारा 386 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पदोन्नति पर सहकर्मियों ने दी बधाई

**बभनान** । पैकोलिया थाने पर तैनात उपनिरीक्षक मैनेजर सिंह को शासन द्वारा निरीक्षक पद पर पदोन्नति दिए जाने पर सहकर्मियों ने मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद, उपनिरीक्षक देवव्रत शर्मा, ओमप्रकाश भारती, विजय प्रकाश दीक्षित, इरसाद खान, सोनू यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सात बिछड़े परिवारों को कराया एक

**बस्ती** । जनपद बस्ती के पति-पत्नी के सात जोड़ों के बीच विभिन्न कारणों से चल रहे पारिवारिक मनमुटाव के चलते इनके आपसी रिश्ते पिछले कई महीनों से खराब चल रहे थे। अभी तक दोनों पक्ष एक दूसरे के साथ नहीं रहना चाहते थे । सभी जोड़ों के दोनों पक्षों को प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पांडेय व महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला का. श्यामा पाठक, महिला का. आशा गोंड, महिला का. सुमन सिंह की कोशिशों और समझाने बुझाने पर दोनों पक्ष एक साथ रहने को तैयार हो गए। सुलहनामा लिखवा कर सभी जोड़ों को महिला थाने से राजी-खुशी विदा किया गया ।

# पुरानी रंजिश को लेकर युवक की पिटाई, एफआईआर

**बस्ती** । पुरानी रंजिश की बात को लेकर एक व्यक्ति को आरोपियों ने गालियां देते हुए मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। पुरानी बस्ती थानान्तर्गत पूरब टोला में पुरानी रंजिश की बात को लेकर विजय सोनकर को आरोपी रामू सोनकर व जगदीश सोनकर ने मिलकर पहले गालियां दी। जिन्हे ऐसा करने से मना किया गया तो विजय को मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित विजय सोनकर पुत्र गुड्डू सोनकर निवासी पुरब टोला इण्डियन कान्वेंट के सामने थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर पुलिस ने रामू सोनकर पुत्र जगदीश सोनकर, जगदीश सोनकर पुत्र रामअचल निवासीगण पुरब टोला इण्डियन कान्वेन्ट के सामने थाना पुरानी बस्ती के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पुलिया की रेलिंग से टकराई बाइक, चालक गम्भीर

**दुबौलिया।** दुबौलिया-पेंदाघाट मार्ग पर धर्मूपुर नहर पुलिया के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर रेलिंग से टकरा गई जिससे चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे सीएचसी कप्तानगंज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल बस्ती भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार स्थानीय कस्बा निवासी राकेश पुत्र राम बहाल मंगलवार को पल्सर मोटरसाइकिल से जा रहे थे। धर्मूपुर नहर पुलिया के पास बाइक अनियंत्रित होकर रेलिंग से टकरा गई जिससे वे गम्भीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हे निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कप्तानगंज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने उन्हे जिला अस्पताल बस्ती रेफर कर दिया जहां इलाज चल रहा है।

# मामूली विवाद में महिला की पिटाई, केस दर्ज

**बस्ती** । मामूली विवाद को लेकर एक महिला को अभियुक्तो ने मिलकर पिटाई किया तथा जान से मारेन की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। परसरामपुर थानान्तर्गत बरहपुर काजी गांव की रहने वाली रेखा पत्नी सुकई ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बेटी सावली घर के सामने बर्तन धुल रही थी। इस दौरान विपक्षी प्रीती, बन्दना व सुमित्रा आयी और बेटी से वाद विवाद करने लगी। जिनका उसने विरोध किया तो विपक्षियों ने गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी प्रीती पत्नी विजय, वन्दना पुत्री सुन्नरे, सुमित्रा पत्नी सुरेमन निवासीगण बरहपुर काजी थाना परसरामपुर के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# जमीन कब्जाने से रोका तो युवक की पिटाई, केस

**बस्ती** । जमीन पर कब्जा कर रहे लोगो का विरोध करने पर एक युवक की जमकर पिटाई किया गया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। परसरामपुर थानान्तर्गत मगनापुर गांव में कुछ लोगो द्वारा एकराय होकर सियाराम बाबा के जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था। जिसका सियाराम द्वारा विरोध करने पर उन्हें आरोपियों द्वारा गालियां देते हुए मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी गयी। मामले में पीड़ित सियाराम बाबा पुत्र रामतीरथ निवासी मगनापुर थाना परसरामपुर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ठेकेदार, रामकुमार पुत्रगण रामगोपाल तथा कालू पुत्र ठेकेदार , पिन्टू शुक्ला पुत्र गया प्रसाद निवासीगण मगनापुर थाना परसरामपुर के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पैसे के लेनदेन को लेकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

**बस्ती** । पैसे की लेनदेन को लेकर कुछ लोगो ने एक महिला को गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। सोनहा थानान्तर्गत हसनापुर गांव में पैसे के लेन देन की बात को लेकर रीता देवी को अभियुक्त अभयराम व सरस्वती ने मिलकर गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता रीता देवी पत्नी रामअवध निवासी ग्राम हसनापुर ,थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अभयराम पुत्र त्रिवेनी व सरस्वती पत्नी अभयराम निवासीगण ग्राम हसनापुर , थाना सोनहा के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# अनियंत्रित डीसीएम पलटी चालक की मौत

**नगर बाजार (एसएनबी)।** तेज रफ्तार डीसीएम अनियंत्रित होकर सड़क के बगल  गड्ढे में पलट गयी। जिससे वाहन चालक की मौत हो गयी। स्थानीय लोगो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को डीसीएम से बाहर निकलवाते हुए पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर बसहवा फ्लाई ओवर के पास गोरखपुर से अयोध्या की ओर जा रही तेज डीसीएम वाहन मंगलवार की भोर में अनियंत्रित होकर सड़क से उतरकर गड्डढे में गिर गयी। जिससे चालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे फुटहिया चौकी इंचार्ज राजीव सिंह ने डीसीएम को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस की शिनाख्त में मृतक की पहचान राजेन्द्र पुत्र दीप सिंह निवासी सिलवाली थाना नगरा जनपद  भिंड के रूप में हुई । घटना के बारे में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष नगर संतोष कुमार ने बताया किशव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और परिजनों को सूचना देने का प्रयास किया जा रहा है।

# पन्द्रह लोगों पर सीआरपीसी की कार्रवाई

**बस्ती ।** जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कलवारी थाने की पुलिस ने पन्द्रह लोगो को सीआरपीसी के तहत पाबन्द किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार कलवारी पुलिस ने दीनानाथ पुत्र राजाराम, ठाकूर प्रसाद पुत्र अईयर, रामनाथ पुत्र भागीरथ, रामकेश पुत्र दयाराम, रामनाथ पुत्र राजाराम, अमरनाथ पुत्र राजाराम, घनश्याम पुत्र राजाराम निवासीगण पाकड़डाड़ थाना कलवारी, अजय, रामसवारे , शत्रुधन पुत्रगण जामवंत, जामवंत पुत्र वंशराज निवासीगण गौसैसीपुर थाना कलवारी, ध्रुपचन्द्र पुत्र रामपलट निवासी कलवारी एहतमाली थाना कलवारी, केशराम पुत्र धर्मराज निवासी कलवारी एहतमाली थाना कलवारी, आकाश पुत्र मुन्नी लाल, अमन पुत्र रामरूप निवासीगण बेईली थाना कलवारी के विरुद्ध धारा 110 जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही किया है।



अस्पताल चौराहे पर सपा नेता का पुतला जलाते विश्व हिन्दू महासंघ कार्यकर्ता।

# विहिंम ने फूंका स्वामी प्रसाद का पुतला

बस्ती। विश्व हिंदू महासंघ ने मंगलवार को सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला जलाया। जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल चौराहे के निकट पुतला जलाते हुए मुर्दाबाद के नारे लगाए। राकेश सिंह, रामनाथ चतुर्वेदी, सौरभ तिवारी, अरुण प्रताप सिंह, अजय सिंह, अजय मिश्रा, संदीप तिवारी, बिंदु गोपाल त्रिपाठी आदि शामिल रहे।

# तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

बस्ती। गौर पुलिस ने केसरई पुरवा अकेलवा गांव निवासी अमित प्रताप चौधरी को एक बाइक व 315 बोर का तमंचा के साथ गिरफ्तार किया गया है। आर्म्स एक्ट के तहत चालान कर उसे जेल रवाना कर दिया है।

# रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस को मिले सुराग

फॉलोअप

बस्ती, निज संवाददाता। पाण्डेय बाजार चौक के इलेक्ट्रानिक्स कारोबारी व विहिप नेता नीरज कुमार गुप्ता से तीन लाख रुपये रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर आलोक प्रसाद ने दावा किया है कि जल्द ही रंगदारी मांगने वालों का खुलासा कर लिया जाएगा।

प्रथम दृष्टया रंगदारी मांगने वाले कारोबारी को करीब से जानने वाले लग रहे हैं। मालूम हो कि पिछले दो महीनों से अलग-अलग नंबरों से फोन कर व्यापारी से रंगदारी मांगी जा रही है। रुपये नहीं देने पर अंजाम भुगतने को धमकी भी फोन पर मिल रही है। व्यापारी नीरज गुप्ता विश्वहिंदू परिषद गोरक्ष प्रांत बस्ती इकाई के जिला धर्म प्रसार प्रमुख हैं। उन्हें पहला फोन 12 जुलाई को रात करीब 10 बजे आया था। रात 12 बजे के बीच चार-पांच नंबरों से कई बार फोन कॉल आए। जिसमें 50 लाख रुपये की डिमांड की। उस समय नीरज अमरनाथ की यात्रा पर थे। 16 जुलाई को फिर फोन आया और इसके बाद कई बार उसने बात की गई। धमकी दिया कि रुपये का इंतजाम कर लो, वरना अंजाम ठीक नहीं होगा। पुलिस ने सोमवार को नीरज की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर तहकीकात शुरु कर दी है।

**प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त, पुलिस ने भेजा जेल : सल्टौआ।** सोनहा क्षेत्र के डढ़िया गांव में धार्मिक स्थल पर स्थापित प्रतिमा को बीती रात एक युवक ने क्षतिग्रस्त कर धर्मस्थल पर ही बैठ गया। ग्रामीण इसकी सूचना पुलिस को दी। अतिरिक्त निरीक्षक दयानंद यादव मौके पर पहुंचकर प्रदीप निवासी मझौवा लालसिंह को पकड़कर थाने ले आए। पुलिस ने आरोपी को शांतिभंग में चालान कर एसडीएम कोर्ट में पेशकर जेल रवाना कर दिया।

# शिक्षक दिवस पर धरना देंगे अध्यापक

बस्ती। प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक मंगलवार को जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह की अध्यक्षता में प्रेस क्लब सभागार में हुई। बैठक में पुरानी पेंशन बहाली के साथ ही 18 सूत्री मांगों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आन्दोलन के प्रथम चरण में जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन दिया गया। इसके बाद भी मांगे नहीं मानी गई, ऐसी स्थिति में पांच सितम्बर को शिक्षक दिवस के दिन बीएसए कार्यालय पर मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा।

संघ के जिला उपाध्यक्ष सुधीर तिवारी ने कहा कि 18 सूत्री मांगों में पुरानी पेंशन नीति बहाली व अन्य सुविधा दिये जाने समेत अन्य मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा।

# गैंगरेप के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

बस्ती। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम प्रमोद कुमार गिरि की अदालत ने गैंगरेप के आरोपी मनीष पांडेय की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। मामला नगर थानाक्षेत्र के एक गांव का है। एडीजीसी अजय बहादुर पाल व अधिवक्ता एसएन दुबे ने अदालत को बताया कि पीड़िता एक कार की एजेंसी में काम करती है। तहरीर में घटना तीन अक्तूबर 2023 शाम की बताई गई है। इसके अनुसार पीड़िता ड्यूटी से वापस घर जा रही थी, रास्ते में आरोपी आदित्य, मनीष ने पीड़िता को पकड़कर साइकिल से गिरा दिया। उसे घसीटते हुए पास के खेत में ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया।

मामले को सुनकर न्यायाधीश ने इसे जघन्य प्रवृति का अपराध बताया। कहा कि ऐसे मामले में आरोपियों को जमानत देने से समाज पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। ऐसी दशा में जमानत अर्जी खारिज की जाती है। उल्लेखनीय है कि आरोपी आदित्य की जमानत अर्जी अदालत पहले ही खारिज कर चुकी है।

## नाबालिग को अगवा करने का आरोपी दबोचा

छावनी। थानाक्षेत्र के एक गांव में बीते दिनों एक नाबालिक को उसी गांव के ही एक व्यक्ति ने बहला-फुसलाकर भगा लिया था। नाबालिक की मां की तहरीर पर गांव के ही रफीक पर अगवा करने व एससी एसटी का मामला पुलिस ने पंजीकृत किया था। आरोपी रफीक को पुलिस ने मंगलवार दिन में बबुरहावा ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार कर लिया है।

# दलित छात्र की पिटाई कर नाम काटने पर मांगी आख्या

**बस्ती, निज संवाददाता।** विकास खंड दुबौलिया क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र की पिटाई मामले में सीडब्लूसी ने डीआईओएस से आख्या मांगी है। दलित छात्र ने आरोप लगाया था कि प्रधानाचार्य समेत विद्यालय के तीन शिक्षकों ने छात्र सभा में उसकी पिटाई की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। घर पर शिकायत करने की बात पर उसका नाम काट दिया। छात्र ने शिकायती पत्र सीडब्लूसी के समक्ष दिया था।

सीडब्लूसी के चेयरपर्सन प्रेरक मिश्र ने छात्र के प्रार्थना-पत्र पर जिला विद्यालय निरीक्षक से आख्या मांगी है। छात्र ने अपने प्रार्थना-पत्र में बताया कि पांच अगस्त को छुट्‌टी के समय सभा चल रही थी। कुछ छात्र शोर मचा रहे थे। एक शिक्षक मेरे पास आए और मेरी पिटाई करने लगे। शिकायत करने की बात पर प्रधानाचार्य और दो शिक्षकों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते गाली दी और पिटाई कर दी। इसके बाद उसका नाम काटकर टीसी दे दिया गया। मामले की सुनवाई करते हुए न्याय पीठ के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा, सदस्य अजय श्रीवास्तव, मंजू त्रिपाठी, डॉ. संतोष श्रीवास्तव की टीम ने निर्णय लिया कि डीआईओएस से पांच सितम्बर तक आख्या प्रस्तुत करें। प्रधानाचार्य भी न्याय पीठ के सामने उपस्थिति होकर स्पष्टीकरण दें। बताते चलें कि ऐसे ही एक मामले में प्रधानाचार्य को निलंबित कर दिया गया। निलंबन भी उस समय किया गया, जब जांच अधिकारी ने प्रधानाचार्य को आरोप से बरी कर दिया था।

# दिन में सुनी कथा, रात को फंदे से लटका

**नगर बाजार।** थानाक्षेत्र के मंझरिया गांव के राजगीर का सोमवार रात घर में फंदे से लटका शव मिला। दिन में पत्नी के साथ हंसी-खुशी के माहौल में सत्यनारायण भगवान की कथा सुनी। रात को फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच कर रही है।

मंझरिया निवासी 23 वर्षीय बैजनाथ प्रजापति राजगीर का काम करते थे। अभी दो साल पहले सीएम सामूहिक विवाह योजना में कप्तानगंज ब्लाक में दुबौलिया ब्लॉक के मझौवा की रहने वाली बिन्दुमती के साथ उनकी शादी हुई थी। सोमवार की सुबह दोनों पति-पत्नी ने बाग में स्थित घर पर एक साथ सत्यनारायण व्रत कथा सुनी। रात को बैजनाथ के दिमाग में क्या आया कि उसने साड़ी को कुंडी में फंसा कर फंदा लगा लिया। घटना के बाद शोर मचाने पर जब तक लोग पहुंचे तब तक वह दम तोड़ चुका था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मौजूदगी में शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# प्रधान प्रतिनिधि के खिलाफ केस दर्ज

हर्रैया। सरकारी खजाने से गांव में ग्राम प्रधान द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण में दोयम दर्जे का ईंट लगाने की शिकायत करना एक युवक को भारी पड़ गया। प्रधान प्रतिनिधि ने शिकायतकर्ता को पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर हर्रैया पुलिस प्रधान प्रतिनिधि के खिलाफ मारपीट की धाराओं में केस दर्जकर जांच में जुटी हैं। पीड़ित केशवपुर गांव निवासी महेश पांडेय ने तहरीर में बताया कि ग्राम पंचायत केशवपुर के राजस्व गांव राजाजोत में प्रधान प्रतिनिधि राजमणि चौधरी सड़क निर्माण में दोयम दर्जे की ईंट का प्रयोग कर रहे थे। इसकी शिकायत संबंधित अधिकारी से की गई। जेई रुद्रदेव जांच करने मौके पर पहुंचे।

# जालसाजी करने का वांछित गिरफ्तार

बस्ती। हरैया पुलिस ने जालसाजी के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त सूरज चौहान निवासी बनगवॉ खास थाना परसरामपुर को गिरफ्तार कर जेल रवाना किया है। प्रभारी निरीक्षक हरैया राणा देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वांछित अभियुक्त गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया गया है।



मंगलवार को हाईवे पर बड़हर खुर्द गांव के सामने पलटा श्रद्धालुओं से भरा ऑटो।

# श्रद्धालुओं की ऑटो पलटा एक की मौत, सात घायल

हरैया, निज संवाददाता। राष्ट्रीय राजमार्ग मार्ग पर बड़हर खुर्द गांव के सामने मंगलवार की सुबह श्रद्धालुओं को गोरखपुर से लेकर अयोध्या जा रहो ऑटो को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। अनियंत्रित ऑटो सड़क किनारे जाकर पलट गया। उसमें सवार गोरखपुर जिले के चौरीचौरा थानाक्षेत्र के रहने सभी आठ लोग घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष राणा देवेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस व निजी साधनों से घायलों को इलाज के लिए सीएचसी हरैया भिजवाया। मौजूद चिकित्सक ने 55 वर्षीय एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया।

चौरीचौरा थानांतर्गत बिलेरा मठिया गांव निवासी आठ लोग ऑटो में सवार होकर अयोध्या दर्शन करने जा रहे थे। बड़हर खुर्द गांव के पास पहुंचे थे कि किसी अज्ञात वाहन की ठोकर से अनियंत्रित होकर ऑटो पलट कर पेड़ से टकरा गया, मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना पाकर पहुंची हरैया पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी हरैया भिजवाया, जहां पर एक घायल श्रद्धालु छोटेलाल (55) को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घायलों में लालचंद, भभूति, भगवती प्रसाद, मीना देवी, प्रदुम्न, कपिलदेव और रामसंवारे शामिल हैं।

# पूर्व ब्लाक प्रमुख समेत दो की अर्जी खारिज की

बस्ती। विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए प्रमोद गिरि की अदालत में कंचना सिंह व अन्य बनाम उत्तर प्रदेश राज्य मामले में त्रयंबक नाथ पाठक व अशोक सिंह ने अपील किया था। जिसमें दोनों ने अदालत में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर साक्ष्य के लिए कागजात दाखिल करने की अनुमति मांगी थी। अदालत ने दोनों का प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

अधिवक्ता के जरिए अशोक सिंह ने अदालत को बताया कि प्रत्याशी कंचना सिंह के चुनाव में वह मतगणना अभिकर्ता थे, उक्त केस में निचली अदालत में मतगणना अभिकर्ता पहचान पत्र व अन्य कागजात दाखिल नहीं हो सका। जिसे न्यायहित में दाखिल किया जाना आवश्यक है। उन्होंने अदालत में साक्ष्य दाखिल करने की अनुमति मांगी। जबकि त्रयंबक नाथ पाठक ने अदालत में बताया कि कथित घटना के समय वह सहायक रिटर्निंग अफसर द्वारा नियुक्त मतगणना अभिकर्ता थे। जिसका समर्थन साक्षी ने भी किया है। एडीजीसी देवानंद सिंह व रश्मि त्रिपाठी ने आपत्ति करते हुए कहा कि दोनों को निचली अदालत में सफाई साक्ष्य के लिए पर्याप्त अवसर मिला था लेकिन दोनों के द्वारा सफाई साक्ष्य दाखिल नहीं किया गया। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद न्यायाधीश ने प्रार्थना पत्र निरस्त कर बहस के लिए एक सितंबर को उपस्थित होने का आदेश दिया है।

## हाईप्रोफाइल मामले में अब पुलिस ने बनाया कार्रवाई का मन

# रेप पीड़िता का पुलिस की सुरक्षा में मेडिको लीगल

**फॉलोअप**

- एफआईआर, मेडिकोलीगल के बाद अब गिरफ्तारी की तैयारी
- न्यायालय में जल्द होगा 164 का बयान फिर गिरफ्तारी

**बस्ती, निज संवाददाता।** जिले के नगर पंचायत अध्यक्ष रुधौली पर दुष्कर्म का केस दर्ज होने के बाद उनकी मुश्किलें बढ़ने लगी हैं। मंगलवार को पुलिस सुरक्षा में रेप पीड़िता का मेडिको लीगल जिला मुख्यालय पर सरकारी चिकित्सक ने किया और अदालत में 164 के बयान पूरे होने के बाद इस हाईप्रोफाइल केस में आरोपी नगर पंचायत चेयरमैन की गिरफ्तारी तय मानी जा रही है।

इस संबंध पूछे जाने पर एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि मंगलवार को जिला महिला हॉस्पिटल में रेप पीड़िता का मेडिकोलीगल करा दिया गया है। अब न्यायालय में 164 के बयान के बाद आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी। लीगल एक्शन में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाएगी। गौरतलब है कि नौकरी देने के बहाने चेयरमैन पर क्षेत्र की महिला ने शारीरिक शोषण का आरोप लगाया है। इस बात की नामजद तहरीर देकर चेयरमैन धीरसेन निषाद और माया पाठक के खिलाफ रुधौली पुलिस ने दुष्कर्म, षड्यंत्र रचने और एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। इस बाबत सीओ रुधौली प्रीती खरवार ने तफ्तीश शुरू कर दी है। रेप पीड़िता के घर पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पीड़िता ने नगर पंचायत अध्यक्ष से अपने जानमाल की सुरक्षा करने की गुहार लगाई है।

### पिछले दो महीने से विवादों से घिरे हैं चेयरमैन रुधौली

नगर पंचायत अध्यक्ष, उनके कार्यालय सहयोगियों सहित आधा दर्जन लोगों पर एक मीडियाकर्मी के साथ मारपीट करने, सामान छीनने, कैमरा तोड़ने का केस महीने भर पहले भी दर्ज हो चुका है। इस मामले में आरोपी एक नगर पंचायत कर्मी की गिरफ्तारी हो चुकी है। नपं. अध्यक्ष की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मीडिया कर्मियों ने धरना दिया था। उनकी ओर से उच्चाधिकारियों को ज्ञापन भी दिया जा चुका है। यह मामला ठंडा भी नहीं हुआ इसी बीच रेप करने व एसएसी, एसटी का मुकदमा दर्ज हो चुका है।

# कांग्रेस ने ट्वीट कर उठाया गोशाला की बदहाली का मुद्दा

बस्ती, निज संवाददाता। यूपी कांग्रेस की ओर से विकास खंड गौर के हथिनास सहित अन्य गोशालाओं में गोवंशीय पशुओं के मरने का मुद्दा उठाया गया है। आईएनसी उत्तर प्रदेश की तरफ से किए गए ट्वीट में कहा गया है कि बस्ती के गोशालाओं में गोवंश मर रहे हैं। गोवंश के नाम पर बनने वाली सरकार को कुछ नजर नहीं आ रहा है।

बस्ती के गौर विकास खंड स्थित हथिनास, सेमरा, बनकटी विकास खंड के शोभनपार सहित गई गोशालाओं में लगातार मर रहे गोवंश का मुद्दा उठाते हुए कहा गया है कि गोशालाओं का प्रयोग केवल राजनीति के लिए किया जा रहा है। सरकार और अधिकारियों को जानवरों के जान की क्या चिंता है। 28 अगस्त को किए गए ट्वीट पर 12 लोगों ने कमेंट किया है तो 129 लोगों ने रीट्वीट किया है। करीब छह हजार लोगों ने इस पोस्ट को देखा है। इस ट्वीट के साथ कुछ खबरों को भी साझा किया गया है। इस बाबत पूछे जाने पर सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति ने कहा कि लगातार गोवंश की तलाश के लिए कांबिंग की जा रही है। कैटिल कैचर से गोवंश को पकड़कर पास की गोशालाओं में संरक्षित किया जा रहा है।

# 21 को एनपीएस का होगा पुतला दहन

बस्ती। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संगठन मंत्री मारूफ खान की अध्यक्षता में बनकटी न्याय पंचायत डीहीखोर, प्राथमिक विद्यालय खोरिया पर पेंशन बहाली संयुक्त मंच एनजेसीए की बैठक हुई। संघर्ष की रणनीति तय की गई।

जिला संगठन मंत्री मारूफ खान ने कहा कि आगामी 21 सितम्बर को पुरानी पेंशन बहाल किए जाने के एक सूत्री मांग को लेकर बीएसए कार्यालय में धरना देकर एनपीएस का पुतला जलाया जाएगा। इसी के साथ ज्ञापन सौंपा जाएगा। कोषाध्यक्ष रामरेखा चौधरी, उपाध्यक्ष मंजेश राजभर, राघवेन्द्र उपाध्याय, रवि प्रताप सिंह, मो. कौसर आदि ने भी अपने विचार रखे।

# पुरानी पेंशन हमारा अधिकार :सिंह

बभनान। पुरानी पेंशन बहाली के लिए बीआरसी बभनान में प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने करते हुए पेंशन बहाली आंदोलन को लेकर शिक्षकों से समर्थन की मांग की।

बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने कहा पुरानी पेंशन हमारा अधिकार है, जिसे हम लेकर रहेंगे। हम अपनी जवानी देश के रीढ़ को जवान बनाने में लगाते हैं लेकिन हमारे देश की राजनीति हम सभी के बुढ़ापे को गर्त में डालने का काम कर रही है। ऐसे में हर शिक्षक की जिम्मेदारी है कि पुरानी पेंशन बहाली को लेकर होने वाले संघर्ष में कंधे से कंधा मिलाकर चले।

# महिला कैदियों ने बनाई राखियां

बस्ती। जेल में रक्षाबंधन के त्योहार को खास अंदाज में मनाया जाएगा। इस साल जेल में बंद महिला कैदियों ने खुद राखियां तैयार की हैं, इसे बाहर भी स्टाल पर बेंचा जा रहा है।

जेलर अपूर्वव्रत पाठक ने बताया कि जेल में बंद कैदियों को रक्षासूत्र बांधने के लिए उनकी बहनें हर साल आती हैं। जेलर ने बताया कि यहां निरुद्ध कैदियों व बंदियों की कलाइयों पर बहनों से राखी बंधवाने के लिए जेल प्रबंधन कारागार नियम के अनुसार तैयारियां कर ली गई हैं। जेल मैनुअल के मुताबिक ही रक्षाबंधन का महापर्व जेल में मनाया जाएगा।

# मारपीट की वारदातों में 13 लोगों पर नामजद रिपोर्ट

बस्ती। सोनहा थानाक्षेत्र के पचमोहनी गांव में पारिवारिक विवाद में मारपीट हो गई। घटना में 40 वर्षीय चंपा देवी और 23 वर्षीय संदीप गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल चंपा ने आरोप लगाया है कि सोनहा थानाक्षेत्र के हसनपुर गांव के दो रिश्तेदारों ने लाठी से मिलकर पीटा।

सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए पीएचसी सल्टौआ पहुंचाया। वहीं पैसे के लेन-देन की बात को लेकर हसनापुर गांव में भी मारपीट की घटना सामने आई है। रीता देवी ने गांव के ही अभयराम और सरस्वती के खिलाफ मारपीट व धमकी का मामला दर्ज कराया है। परसरामपुर थानाक्षेत्र के मगनापुर गांव में जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में मारपीट की घटना सामने आई है। पुलिस ने सियाराम बाबा की तहरीर पर ठेकेदार, रामकुमार, कालू व पिंटू शुक्ल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इसी थानाक्षेत्र के बरहपुरकाजी में आपसी रंजिश को लेकर दो परिवारों के मारपीट हो गई है। पुलिस ने रेखा की तहरीर पर प्रीती, वंदना, सुमित्रा के खिलाफ मामला दर्ज कर घटना छानबीन शुरू कर दी है। पुरानी बस्ती पुलिस पूरब टोला इण्डियन कान्वेंट निवासी विजय सोनकर की तहरीर पर रामू सोनकर व जगदीश सोनकर पर एफआईआर दर्ज की है।

# जेलों में रक्षाबंधन की रहेगी व्यवस्था

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। बीते वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्षाबंधन के अवसर पर राखी बांधने जेल आने वाली बहनों को अपने भाइयों से मिलने की नियमानुसार समुचित व्यवस्था की जाएगी। कारागार राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति ने सभी जेलों के वरिष्ठ अधीक्षकों, अधीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वे पिछले वर्षों की तरह ही इस वर्ष भी रक्षाबंधन पर्व के शुभ अवसर पर जेल आने वाली बहनों को अपने भाइयों से मिलने की नियमानुसार समुचित व्यवस्था कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि रक्षाबंधन पर कोई भी बन्दी बिना राखी बंधवाए न रह जाए, इसका ध्यान रखें। उन्होंने राखी बांधने आने वाली बहनों से अपील की है कि एक से अधिक राखी लेकर आएं और अधिक से अधिक बन्दियों को राखी बांधें।

# मारपीट कर स्कूल से नाम काटने के आरोप में जांच का आदेश

**जासं, बस्ती**: दुबौलिया थानाक्षेत्र में स्थित एक इंटर कालेज में 11वीं कक्षा के छात्र को मारने पीटने, उसे जातिसूचक शब्द कहने और स्कूल से नाम काटने के मामले में न्याय पीठ बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रेरक मिश्र ने डीआइओएस को प्रकरण की जांच के आदेश दिए हैं।

विद्यालय के एक छात्र ने न्याय पीठ में दो दिन पूर्व अपने स्वजन के साथ उपस्थिति होकर प्रार्थना पत्र दिया। बताया कि शाम को छुट्टी के समय कुछ छात्र शोर मचा रहे थे, अध्यापकों ने उसे शोर मचाने वाला समझ कर मारा पीटा। जब उसने प्रतिवाद किया तो उसे जाति सूचक अपशब्द कहते हुए उसी समय उसका नाम काट कर स्थांतरण पत्र हाथ में पकड़ा दिया गया। मामले की सुनवाई करते हुए न्याय पीठ के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा, सदस्य अजय श्रीवास्तव, मंजू त्रिपाठी, डा.संतोष श्रीवास्तव की टीम ने निर्णय लिया और पत्र लिखकर जिला विद्यालय निरीक्षक को आदेश दिया है। मामले की जांच आख्या पांच सितंबर तक न्याय पीठ के समक्ष प्रस्तुत करने तथा प्रधानाचार्य को भी न्याय पीठ के समक्ष उपस्थिति होकर स्पष्टीकरण देने के लिए भी कहा गया है। अध्यक्ष ने कहा कि छात्र के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। शिक्षा के आधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है।

# नशा करने वाले में टीबी का खतरा अधिक

- दोबारा टीबी होने पर सावधानी बरतें, समय से कराएं इलाज
- दो बार टीबी के शिकार हुए, अब ठीक होकर हुआ सामान्य जीवन

**जासं,बस्ती**: पब्लिक लाइब्रेरी आफ़ साइंस जर्नल (पीएलओएस) में प्रकाशित भारत के एक अध्ययन के अनुसार एक बार स्वस्थ होने के बाद 10 से 12 प्रतिशत मरीज़ दोबारा टीबी की चपेट में आते हैं। इसमें उपचार पूरा होने के छह माह के अंदर संक्रमण की संभावना सबसे ज्यादा होती है। धूम्रपान और शराब का सेवन करने, अनियंत्रित मधुमेह और कुपोषण से ग्रसित व्यक्तियों को इसका खतरा अधिक होता है।

डीटीओ डा.एके मिश्रा ने बताया कि आमतौर पर उपचार छह महीने से एक वर्ष तक चलता है, लेकिन ऐसा देखा गया है कि कई मरीजों में उपचार के बाद भी टीबी फिर से उभर आती है।

इसे रिलैप्स टीबी या रिकरिंग टीबी कहा जाता है। दोबारा टीबी होने के अलग-अलग कारण हो सकते हैं। पहली बार इलाज ठीक से या पूरा न हो पाना, जिससे पहले से भी गंभीर या ड्रग रेजिस्टेंस टीबी होने की सम्भावना रहती है। इसके अलावा स्वस्थ हुए व्यक्ति की सेहत कमज़ोर होने की वजह से भी दोबारा भी टीबी का संक्रमण हो सकता है। दोनों ही स्थितयों में मरीज़ का उचित फालोअप होना चाहिए।

**दो बार टीबी होने के बाद भी जी रहे सामान्य जिंदगी**: बीसीए डिग्री धारक 32 वर्षीय युवक प्रिंस (बदला नाम) दो बार टीबी के शिकार हुए, लेकिन अब स्वस्थ होकर एक सामान्य जीवन जी रहे हैं। प्रिंस ने बताया कि जनवरी 2019 में खांसी की शिकायत हुई। प्राइवेट डाक्टर ने जांच में टीबी की पुष्टि की जिसके बाद छह माह तक पूरा इलाज लिया। इलाज पूरा होने पर डाक्टर ने दोबारा टीबी की जांच नहीं की। एक साल बाद दोबारा खांसी आने लगी और मुंह से खून भी आने लगा। टीबी क्लीनिक में बलगम की जांच कराई तो मालूम हुआ कि ड्रग रेजिस्टेंस (डीआर) टीबी है। टीबी क्लीनिक के सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर (एसटीएस) गौहर अली ने बताया कि दवा का पूरा कोर्स करने पर डीआरटीबी के मरीज भी ठीक हो जाते हैं।

**इलाज के साथ उचित सहयोग भी जरूरी**: जिला कार्यक्रम समन्वयक एनटीईपी अखिलेश चतुर्वेदी का कहना है कि टीबी का सबसे सही और सटीक इलाज स्वास्थ्य विभाग के पास है। यहां इलाज के साथ उचित फालोअप किया जाता है। इलाज पूरा होने पर जांच के बाद ही रोगी को टीबी मुक्त घोषित किया जाता है। वर्तमान में जिले में 3578 टीबी रोगियों का इलाज चल रहा है। हर पंजीकृत मरीज़ को इलाज पूरा होने तक 500 रुपए प्रति माह पोषण के लिए दिए जाते हैं।

# एसडीएम ने शराब की दुकानों का किया निरीक्षण, मिली खामियां

**जागरण संवाददाता, छावनी, बस्ती:** एसडीएम हर्रैया गुलाब चंद ने सिरौली बाबू गांव के देशी व अंग्रेजी शराब के साथ ही बीयर शाप का भी निरीक्षण किया।

इस दौरान स्टाक रजिस्टर में ओवर राइटिंग मिलने पर अंग्रेजी शराब की दुकान पर 10 हजार रुपये, देशी पर 7500 रुपये तथा बीयर की दुकान पर 2500 रुपये का जुर्माना लगाया। दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे बंद मिलने पर फटकार लगाते हुए दुकानदारों को कैमरा सही कराने का निर्देश दिया।

मंगलवार की शाम छह बजे एसडीएम हर्रैया व थानाध्यक्ष छावनी नारायन लाल श्रीवास्तव ने सिरौली बाबू गांव स्थित शराब की दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। अचानक एसडीएम व पुलिस की गाड़ी देख चखना की दुकानों पर मौजूद लोग दुकान छोड़कर भाग निकले। एसडीएम ने बताया कि दुकानों में कमियां मिली हैं, दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई है। 15 दिन के अंदर सारी कमियां दूर करने का निर्देश दिया गया है।

# किशोरी को भगाने का आरोपित गिरफ्तार

छावनी, बस्ती : छावनी थानाक्षेत्र के एक गांव की किशोरी को उसी गांव के ही एक युवक ने बहला फुसलाकर भगा लिया था। पुलिस ने पीड़िता की मां के तहरीर पर आरोपित रफीक के विरुद्ध भादवि के साथ ही एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। मामले में आरोपित को छावनी पुलिस ने मंगलवार को दिन में थाना क्षेत्र के बबुरहवा ओवर ब्रिज के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# मारपीट कर स्कूल से निकाला, सीडब्लूसी में पहुंचा मामला

बस्ती : दुबौलिया थाना क्षेत्र के एक इंटर कालेज के 11वीं कक्षा के छात्र ने न्याय पीठ बाल कल्याण समिति के समक्ष उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र दिया। बताया कि उसे विद्यालय के अध्यापकों ने मारा पीटा गया और जाति सूचक अपशब्द कहकर विद्यालय से निकाल दिया ।चेयर पर्सन प्रेरक मिश्रा ने मामले की जांच के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र जारी किया है।

उक्त विद्यालय के एक छात्र ने न्याय पीठ में उपस्थिति होकर जरिए प्रार्थना पत्र बताया कि शाम को छुट्टी के समय कुछ छात्र शोर मचा रहे थे।अध्यापकों ने शोर मचाने वाला समझ कर उस बालक की पिटाई कर दी।

जब इस छात्र ने प्रतिवाद किया तो उसे जाति सूचक अपशब्द कहे और उसी समय छात्र का नाम काट कर स्थानांतरण पत्र हाथ में पकड़ा दिया। मामले की सुनवाई करते हुए न्याय पीठ के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा, सदस्य अजय श्रीवास्तव, मंजू त्रिपाठी, डा संतोष श्रीवास्तव की टीम ने पत्र लिखकर जिला विद्यालय निरीक्षक को आदेश दिया है की मामले की जांच आख्या 5 सितंबर तक न्याय पीठ के समक्ष प्रस्तुत करें।

# पूर्व प्रमुख त्रयंबक पाठक की साक्ष्य की अर्जी खारिज

जागरण संवाददाता,वस्ती: एमपी एमएलए कोर्ट के अपर जिला जज प्रमोद कुमार गिरि ने बीस साल पूर्व एमएलसी चुनाव में हुए बवाल के मामले में साक्ष्य दाखिल करने की पूर्व प्रमुख त्रयम्बक पाठक और अशोक सिंह की अर्जी निरस्त कर दिया है। अब निचली अदालत में प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर ही अपील सुनी जाएगी।

राज्य की ओर से विशेष अधिवक्ता देयानंद सिंह व रश्मि त्रिपाठी ने न्यायालय में बीस साल पूर्व के घटनाक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि बस्ती सिद्धार्थनगर स्थानीय प्राधिकारी विधान परिषद के द्विवार्षिक चुनाव 2003 के मतदान के बाद 3 दिसंबर 2003 को तहसील भवन में चल रही मतगणना अंतिम चरण में थी। इस बीच शाम 3.45 पर एमएलसी प्रत्याशी कंचना सिंह और उनके पति आदित्य विक्रम सिंह निवासी अठदमा स्टेट थाना रुधौली, संजय जायसवाल पूर्व विधायक निवासी पांडेय बाजार थाना पुरानी बस्ती,मोहम्मद इरफान पुत्र पूर्व विधायक कमाल यूसुफ निवासी डुमरियागंज थाना डुमरियागंज जिला सिद्धार्थनगर,पूर्व प्रमुख गौर महेश सिंह निवासी ग्राम डुहवा थाना गौर,पूर्व प्रमुख परसरामपुर त्रयम्बक पाठक निवासी ग्राम तक्कीपुर थाना परसरामपुर,पूर्व प्रमुख सल्टौआ बृजभूषण सिंह निवासी ग्राम पिपरा संसारपुर थाना वाल्टरगंज,अशोक सिंह निवासी ग्राम पड़री थाना रुधौली अपने साथ 30- 40 समर्थकों को लेकर मतगणना स्थल पर पहुंच गए। सुरक्षा में लगे क्षेत्राधिकारी ओमप्रकाश सिंह से कहासुनी की। मतगणना में लगे एआरओ से बदसलूकी की और 50 मत पत्र भी उठा ले गए थे। तत्कालीन डीएम के निर्देश पर सहायक निर्वाचन अधिकारी राजीव शर्मा, जगन्नाथ प्रसाद व श्रीश दुबे की तरफ से शिकायती प्रार्थना पत्र कोतवाली में दिया गया। जिसके आधार पर विवेचना होने के बाद सभी आरोपितों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। दौरान सुनवाई पूर्व प्रमुख बृजभूषण सिंह की मौत हो गई। अन्य सभी आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में सुनवाई हुई। दोनों पक्ष की दलील सुनने के बाद अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अर्पिता यादव ने गाली देने व जान से मारने की धमकी देने के आरोपों से सभी आरोपितों को बरी कर दिया। बाकी अन्य धाराओं में दोषी मानते हुए प्रत्येक को तीन वर्ष की सजा व 4500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया था। इसी आदेश के विरुद्ध अपील विचारा धीन है। आरोपित त्रयम्बक पाठक व अशोक सिंह द्वारा धारा 391 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत अर्जी देकर कहा गया कि वह मतगणना के समय अभिकर्ता थे।

# मूर्ति खंडित करने वाला गिरफ्तार

जासं.भानपुर, वस्ती: सोनहा थाना क्षेत्र के असुरैना पोखरा पर बने हनुमान मंदिर में स्थापित मूर्ति को खंडित करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बाद में शांति भंग में उसका चालान कर दिया गया।

ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी कि मझौवा लाल सिंह निवासी प्रदीप कुमार ने हनुमान जी की मूर्ति खंडित कर दिया व खुद उस पर बैठ गया। ग्रामीणों ने उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। आरोपित ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए दूसरी मूर्ति लगवा देने की बात कही। इस बात पर ग्रामीण भी सहमत हो गए। निरीक्षक दयानंद यादव ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया गया है।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर हुई बैठक में बनी रणनीति

**जासं, बस्ती:** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संगठन मंत्री मारूफ खान की अध्यक्षता में बनकटी न्याय पंचायत डीहीखोर प्राथमिक विद्यालय खोरिया में पेंशन बहाली संयुक्त मंच की बैठक हुई। इसमें मांगों को लेकर संघर्ष की रणनीति तय की गई। बैठक में संघ जिला संगठन मंत्री मारूफ खान ने कहा कि 21 सितंबर को पुरानी पेंशन बहाल किये जाने के एक सूत्रीय मांग को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया जाएगा। एनपीएस का पुतला फूंकने के साथ ही ज्ञापन सौंपा जायेगा।

संघ के कोषाध्यक्ष रामरेखा चौधरी, उपाध्यक्ष मंजेश राजभर राघवेन्द्र उपाध्याय, रवि प्रताप सिंह, मो. कौसर,ने कहा कि शिक्षक और कर्मचारियों के लिये पुरानी पेंशन बुढ़ापे की लाठी है। कई राज्य सरकारों ने इसे लागू भी कर दिया है पर केंद्र सरकार इस दिशा में गंभीर नहीं है। वक्ताओं ने कहा कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो जाती चरणबद्ध ढंग से आंदोलन जारी रहेगा। आदर्श शिक्षामित्र वेलफेयर एसोशिएसन के बनकटी अध्यक्ष राघवेन्द्र उपाध्याय ने पुरानी पेंशन बहाली का पूर्ण समर्थन करते हुए कहा कि शिक्षामित्रों को भी समान कार्य समान वेतन दिया जाए और दो महीने से बकाया लंबित मानदेय अविलंब रक्षाबंधन से पहले दिलाया जाय। दिव्या पाण्डेय,शशिकला पाण्डेय, बालकृष्ण यादव,राजकुमार दुबे, ओम प्रकाश उपाध्याय, मनोरमा देवी, इंद्रावती देवी, चंद्रावती देवी, शोभावती देवी आदि मौजूद रहे।

## आंदोलन तेज करने को लेकर मांगा शिक्षकों का समर्थन

**बभनान:** पुरानी पेंशन बहाली योजना को लेकर चल रहे आंदोलन को गति प्रदान करने के लिए मंगलवार को बीआरसी बभनान में प्राथमिक शिक्षक संघ के जनपदीय अध्यक्ष उदय शंकर शुक्ला अध्यक्षता में शिक्षकों की बैठक हुई।इसमें आंदोलन की रणनीति तैयार की गई। उन्होंने पेंशन बहाली आंदोलन को तेज करने के लिए शिक्षकों से समर्थन मांगा ।

ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा अधिकार है,जिसे हम लेकर रहेंगे।

कहा कि हम अपनी जवानी देश के रीढ़ को जवान बनाने में लगाते हैं ,लेकिन हमारे देश की राजनीति हम सभी के बुढ़ापे को गर्त में डालने का काम कर रही है। ऐसे में हर शिक्षक की जिम्मेदारी है कि पुरानी पेंशन बहाली को लेकर बढ़चढ़कर हिस्सा ले।

मंत्री विनोद यादव, कुदरहा अध्यक्ष चंद्रभान, अनिल सिंह, अवधनारायण, पाटेश्वरी निषाद, संजय चौहान, कार्यवाहक ब्लाक अध्यक्ष विक्रमजीत रजनीश मिश्र, शरीफुल्लाह, इंद्रावती, रुकैया, अरुण पांडे, नंद किशोर, जनार्दन शुक्ला उपस्थित रहे ।



बैठक को संबोधित करते प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल • सौ.स्वयं

# रंजिश को लेकर मारपीट

बस्ती। परशुरामपुर थाना क्षेत्र के बरहपुरकाजी में आपसी रंजिश को लेकर दो परिवारों के मारपीट हो गई है। इस संबंध में रेखा की तहरीर दी। जिसमें गांव की प्रीती, वंदना, सुमित्रा पर आरोप लगाया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर घटना छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

## किशोरी को अगवा करने का आरोपी गिरफ्तार

**छावनी।** पुलिस ने किशोरी को अपहृत करने वाले आरोपी को थानाक्षेत्र के बबुरहवा के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से अपहृता को मुक्त कराकर विधिक कार्रवाई शुरू की गई है। एसओ नरायन लाल ने बताया कि एसआई बीरेंद्र यादव को सूचना मिली कि किशोरी को बहलाफुसला कर भगा ले जाने का आरोपी रफीक उर्फ तौफीक गांव की अपहृता के साथ बबुरहवा हाईवे के पास खड़ा है। आरोपी उसे लेकर कहीं जाने की फिराक में है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर उसे पकड़ लिया। संवाद

## ओवर राइटिंग पर लगाया गया जुर्माना

**बस्ती।** सिरौली बाबू गांव में स्थित अंग्रेजी, देशी व बीयर की दुकानों पर मंगलवार को एसडीएम हर्रैया गुलाब चंद ने छापा मारा। इस दौरान स्टॉक रजिस्टर में ओवर राइटिंग मिली। इसे आपत्तिजनक मानते हुए अंग्रेजी शराब की दुकान पर 10 हजार रुपये, देशी पर 75 सौ रुपये और बीयर की दुकान पर ढाई हजार रुपये जुर्माना लगाया। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरा बंद मिला। इसे लेकर दुकानदारों को फटकार लगाते हुए सभी कैमरों को सही कराने की हिदायत दी। संवाद

# विश्व हिंदू महासंघ ने स्वामी प्रसाद मौर्य का फूंका पुतला



विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ताओं ने स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला जलाया। संवाद

बस्ती। विश्व हिंदू महासंघ ने मंगलवार को जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल चौराहे के पास एमएलसी और सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला फूंका।

जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य लगातार हिन्दू धर्म के विरूद्ध जानबूझकर जहर बोल रहे हैं। मांग किया स्वामी प्रसाद को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाय। सपा के शह पर वे हिन्दू धर्म को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं, इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

स्वामी प्रसाद मौर्य ने बयान दिया था कि हिंदू नाम का कोई धर्म है ही नहीं, हिंदू धर्म केवल धोखा है। जिसको आप धर्म मानते हो वह इनका धंधा है। संवाद

# आत्महत्या के मामले में सोनहा पुलिस की अंतिम रिपोर्ट निरस्त

**बस्ती।** न्यायालय पंचम के न्यायिक मजिस्ट्रेट अखिल कुमार ने सोनहा पुलिस की ओर से लगाए गए अंतिम रिपोर्ट को निरस्त कर दी। मामला, सोनहा थाना क्षेत्र के करमहिया ऊर्फ तुरकौलिया गांव का है।

इसी गांव की निवासी ऊषा देवी पत्नी राजकपूर ने अधिवक्ता एसएन दुबे के माध्यम से न्यायालय में प्रोटेस्ट दाखिल कर अदालत को बताया कि सोनहा थाने में 10 फरवरी 2023 को प्रार्थिनी के इकलौते बेटे प्रदीप ऊर्फ अमन की हत्या कर गांव के ही रामजनम, रघुवीर, सविता, बविता, परमात्मा व मोहित ने बाग में लटका दिया।

मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना की। विवेचना के दौरान विवेचक आरोपी के झांसे में आकर न्यायालय में अंतिम रिपोर्ट भेजा दी। अंतिम रिपोर्ट से असंतुष्ट ऊषा देवी ने न्यायालय में प्रोटेस्ट दाखिल की। संवाद

# पुलिस के प्रयास से टूटने से बचा सात पति-पत्नी का रिश्ता

बस्ती। महिला थाना पुलिस टीम ने पति-पत्नी के सात जोड़ों के बीच चल रहा आपसी मनमुटाव दूर कर उनका रिश्ता टूटने से बचाया। मंगलवार को सभी जोड़ों को उनके परिवार वालों के साथ राजीखुशी के माहौल में घर भेजा।

एसएचओ महिला थाना भाग्यवती पांडेय ने बताया कि विभिन्न कारणों से इनके बीच पारिवारिक मनमुटाव चल रहा था। इसके चलते इनके आपसी रिश्ते पिछले कई महीनों से खराब थे। अभी तक दोनों पक्ष एक दूसरे के साथ नहीं रहना चाहते थे। सभी जोडों के दोनों पक्षों को प्रभारी निरीक्षक के अलावा महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त कांस्टेबल श्यामा पाठक, आशा गोंड, सुमन सिंह तथा ऋचा सिंह की कोशिशों और समझाने बुझाने पर दोनों पक्ष एक साथ रहने को तैयार हो गए। सुलहनामा लिखवा कर सभी जोड़ों को महिला थाने से राजी-खुशी विदा किया गया। संवाद

# कलह की वजह कुछ और... आरोप दहेज उत्पीड़न बना

## 70 फीसदी मामलों में परिवार में कलह की वजह कुछ और, काउंसिलिंग और केस की तफ्तीश में सामने आ रहे ऐसे मामले

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। दहेज उत्पीड़न के 70 फीसदी मामले किसी न किसी दूसरी वजह से शुरू हुई कलह की वजह से सामने आए। आपसी कलह को लेकर शुरू हुआ विवाद दहेज उत्पीड़न तक पहुंच गया।

शादी के एक साल तक तो ठीक रहा, लेकिन इसके बाद घर में कहासुनी होने लगी। झगड़े शुरू हुए और कलह बढ़ती गई। बाद में बहू मायके चली गई, और थाने में दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज करा दिया। दहेज उत्पीड़न के 70 फीसदी मामले ऐसे ही किसी न किसी वजह से हुए झगड़े से शुरू हुए।

**केस 1** परशुरामपुर थानाक्षेत्र की एक युवती की शादी गोंडा के खोड़ारे थानाक्षेत्र में हुई। एक वर्ष तक सब कुछ ठीक चला, लेकिन बाद में कलह होने लगी, जिसकी शुरुआत घर का बर्तन मांजने को लेकर शुरू हुई। संयुक्त परिवार होने की वजह से विवाहिता को ज्यादा बर्तन मांजना पड़ता था। इसे लेकर सुबह-शाम मनमुटाव होने लगा। पति भी परिवार वालों की तरफदारी करने लगा, तो विवाहिता को उसके मायके के लोग साथ लेकर चले गए। कुछ दिन बाद उन लोगों ने थाने में केस कराया कि दहेज को लेकर ससुराल में उसका उत्पीड़न किया जाता है। पुलिस ने जांच की तो सच्चाई सामने आई।

**केस 2** पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र की एक युवती की शादी गोरखपुर के एक गांव में हो गई। शहर के माहौल में पली-बढ़ी लड़की गांव के माहौल में नहीं ढल पा रही थी। शिक्षक पति पर वह शहर में रहने का दबाव बनाने लगी। मगर पति परिवार छोड़कर शहर में किराए का मकान लेकर रहने को तैयार नहीं हुआ। इसे लेकर घर में कलह शुरू हो गई। शादी में विवाहिता के माता-पिता ने अच्छा-खासा दहेज दिया, मगर जब बेटी को गांव में रहने को मजबूर किया जाने लगा, तो वह लोग भी नाराज होने लगे। करीब डेढ़ वर्ष बाद पति-पत्नी में तकरार काफी बढ़ गई और मारपीट की नौबत आने लगी।

**केस 3** कोतवाली क्षेत्र की एक लड़की की शादी मनकापुर गोंडा में हुई। उसका पति रोज शराब पीकर घर आता था। कुछ दिन बाद उसके दोस्त भी साथ आने लगे। वह पत्नी से सबको खाना बनाकर खिलाने के लिए कहता था। कुछ दिन तक तो वह पति की बात मानती रही, लेकिन बाद में उसने खाना बनाने से मना कर दिया। इसे लेकर पति-पत्नी में विवाद होने लगा। नशे में पति उसकी पिटाई करने लगा। कुछ दिन बर्दाश्त करने के बाद विवाहिता मायके चली आई। महिला थाने में काफी दिनों तक काउंसिलिंग चली, लेकिन बात नहीं बनी। बाद में पुलिस को दहेज उत्पीड़न की तहरीर दी गई।

### घरेलू वजह की वजह तमाम

घरेलू विवाद की वजह तमाम दूसरी होती है। दहेज को लेकर भी विवाद के मामले होते हैं। हालांकि काउंसिलिंग में पाया जाता है कि कलह की वजह कुछ और होती है। चूंकि दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाना सबसे आसान होता है, और इसे साबित करने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ती, इसलिए इसका आरोप लोग आसानी से लगा देते हैं।

-**भाग्यवती पांडेय,** प्रभारी निरीक्षक, महिला थाना

### महिलाओं के हक को संरक्षण देता है कानून

दहेज उत्पीड़न कानून विवाहित महिलाओं के हक को सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाया गया। ताकि ससुराल में उसे दहेज के लिए प्रताड़ित न किया जाए। मगर इसका धड़ल्ले से दुरुपयोग शुरू हो गया। अब हालत यह है कि दहेज उत्पीड़न के ज्यादातर मामलों में असली वजह कुछ और होती है। मगर दहेज उत्पीड़न कानून के तहत केस दर्ज करा दिया जाता है। चूंकि इस कानून में महिलाओं को ज्यादा संरक्षण दिया गया है।

-**अवधेश प्रताप सिंह,** वरिष्ठ अधिवक्ता

# किशोरी को अगवा करने का आरोपी गिरफ्तार

**छावनी।** पुलिस ने किशोरी को अपहृत करने वाले आरोपी को थानाक्षेत्र के बबुरहवा के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से अपहृता को मुक्त कराकर विधिक कार्रवाई शुरू की गई है। एसओ नरायन लाल ने बताया कि एसआई बीरेंद्र यादव को सूचना मिली कि किशोरी को बहलाफुसला कर भगा ले जाने का आरोपी रफीक उर्फ तौफीक गांव की अपहृता के साथ बबुरहवा हाईवे के पास खड़ा है। आरोपी उसे लेकर कहीं जाने की फिराक में है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर उसे पकड़ लिया। संवाद

# ओवर राइटिंग मिली, लगाया गया जुर्माना

**बस्ती।** सिरौली बाबू गांव में स्थित अंग्रेजी, देशी व बीयर की दुकानों पर मंगलवार को एसडीएम हर्रैया गुलाब चंद ने छापा मारा। इस दौरान स्टॉक रजिस्टर में ओवर राइटिंग मिली। इसे आपत्तिजनक मानते हुए अंग्रेजी शराब की दुकान पर 10 हजार रुपये, देशी पर 75 सौ रुपये और बीयर की दुकान पर ढाई हजार रुपये जुर्माना लगाया। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरा बंद मिला। इसे लेकर दुकानदारों को फटकार लगाते हुए सभी कैमरों को सही कराने की हिदायत दी। छापे के दौरान वहां अफरा-तफरी मच गई। एसओ नरायन लाल श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। संवाद

# पारिवारिक झगड़े में महिला समेत दो घायल

**वाल्टरगंज।** सोनहा थाना क्षेत्र के पचमोहनी गांव में सोमवार की देर रात एक में पारिवारिक विवाद के चलते मारपीट हो गई। घटना में चंपा देवी (40) तथा संदीप (23) पुत्र राम मिलन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल चंपा ने आरोप लगाया है कि उसके इसी थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव के दो रिश्तेदारों ने लाठी डंडे से मिलकर मारा पीटा। संवाद

# दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली महिला का कराया गया चिकित्सकीय परीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

रुधौली (बस्ती)। नगर पंचायत रुधौली के चेयरमैन धीरसेन निषाद पर दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली पीड़िता का मंगलवार को रुधौली पुलिस ने चिकित्सकीय परीक्षण कराया। इसके लिए उसे महिला पुलिस साथ लेकर जिला अस्पताल गई। बुधवार को भी परीक्षण प्रक्रिया चलेगी। इसके पूर्व रविवार देर रात अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र चौधरी ने पुनः रुधौली थाने पहुंचकर केस में कार्रवाई की समीक्षा की। विवेचक को आगे की प्रक्रिया के लिए निर्देशित किया।

बता दें कि रुधौली थाना क्षेत्र की रहने वाली 35 वर्षीय पीड़िता ने नगर पंचायत अध्यक्ष पर दुष्कर्म, जबरन गर्भपात व एससीएसटी के तहत केस दर्ज कराया है। पुलिस को तहरीर देकर पीड़िता ने बताया कि वह नौकरी की तलाश में थी। इस दौरान एक महिला के जरिये मई 2021 में उसकी मुलाकात नगर पंचायत अध्यक्ष धीरसेन निषाद से हुई। आरोप है कि नपं अध्यक्ष ने नौकरी दिलाने की बात कही। साथ ही अकेले में ले जाकर कहा कि इसके लिए तुम्हें मेरी बात माननी होगी। नौकरी का झांसा देकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। बाद में अगस्त 2022 में सफाई कर्मी की नौकरी दे दी।

## रुधौली के नगर पंचायत अध्यक्ष धीरसेन निषाद पर दर्ज है केस

आरोप है कि पीड़िता के गर्भवती होने पर एक माया नाम की महिला के हाथों दवा भेजकर जबरन खिलवा दी। रुधौली पुलिस ने नपं अध्यक्ष धीरसेन निषाद निवासी केवटहिया वार्ड नंबर-15 शहीद कीर्तकरनगर रुधौली व माया पाठक पता अज्ञात के खिलाफ दुष्कर्म, षडयंत्र रचने और एससी-एसटी एक्ट में केस दर्ज कर तफ्तीश कर रही है।

# भ्रामक फीडबैक से व्यापारियों पर चल रहा धौंस जमाने का खेल

**फोन करने वाला इलेक्ट्रानिक्स व्यापारी को बताता है फाइनेंसर, डेढ़ माह से रंगदारी मांगने के लिए आ रहे फोन**

संवाद न्यूज एजेंसी

## पहले 50 लाख मांग रहा था, अब तीन लाख

अमर उजाला फॉलोअप

**बस्ती।** इलेक्ट्रानिक्स कारोबारी नीरज गुप्ता से रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस मोबाइल नंबरों के आधार पर छानबीन कर रही है। शुरुआती जांच में पुलिस मानकर चल रही है कि रंगदारी मांगने वाले ने व्यापारी के बारे में जानने के लिए काफी होमवर्क किया है, लेकिन उसे तमाम भ्रामक जानकारियां मिली हैं। फोन पर उसने नीरज गुप्ता से बताया था कि आपका रुपये फाइनेंस करने और ब्याज पर कर्ज देने का अच्छा कारोबार है, जबकि वास्तव में उनका इस तरह के व्यवसाय से दूर-दूर तक रिश्ता नहीं है।

विश्व हिंदू परिषद गोरक्ष प्रांत बस्ती इकाई के जिला धर्म प्रसार प्रमुख व इलेक्ट्रानिक्स के थोक कारोबारी नीरज गुप्ता के पास डेढ़ महीने से रंगदारी मांगने के लिए फोन आ रहे हैं। 12 जुलाई से 26 अगस्त के बीच उनके पास अलग-अलग नंबरों से करीब पचास कॉल आ चुकी हैं।

वह खुद को बिश्नोई गैंग का सदस्य बताते हुए कहता है कि रुपये गूगल-पे कर दो वरना अंजाम बुरा होगा। तहरीर के मुताबिक नीरज गुप्ता के अनुसार उनके पास पहला फोन 12 जुलाई को रात करीब 10 बजे आया था। रात 12 बजे के बीच चार-पांच नंबरों से कई बार कॉल आईं, जिसमें 50 लाख रुपये की डिमांड की गई। इसका इंतजाम कर लो, वरना तुम जानो और तुम्हारा काम।

इसके अलावा फोन पर वह बताता है कि एक डेढ़ माह पहले आप मुंबई गए थे, जबकि नीरज गुप्ता मुंबई कभी गए ही नहीं हैं। हालांकि उसने कुछ बातें बिल्कुल सही बताईं, जिससे स्पष्ट होता है कि या तो रंगदारी मांगने वाले के पास अधकचरी जानकारी है या वह जानबूझकर भ्रमित करने की कोशिश कर रहा है।

पुलिस अधिकारियों का दावा है कि वे जल्द गुनहगार को ढूंढ निकालेंगे। सीओ सिटी आलोक प्रसाद के मुताबिक सर्विलांस के जरिये 50 से अधिक नंबरों की जांच की जा रही है। जल्द ही पुलिस मामले का पर्दाफाश कर देगी। इस बीच कुछ पुख्ता जानकारी पुलिस के हाथ लगी है, लेकिन अभी वह किसी से साझा नहीं करना चाहती।

उधर, शहर के व्यापारियों में इस घटना को लेकर भय उत्पन्न हो गया है। उनका कहना है कि उन्हें पुलिस पर भरोसा है कि जल्द केस का पर्दाफाश हो जाएगा और आरोपी गिरफ्तार किया जाएगा। हालांकि कोई व्यापारी फिलहाल कोई बयान देने को तैयार नहीं है। मगर सभी चाहते हैं कि इस केस का पटाक्षेप जितनी जल्दी हो जाए, उतना अच्छा है।

### सिस्टम पर सरकार का नियंत्रण होना चाहिए

ऐसी घटनाओं पर रोक लगनी चाहिए। बदल रहे माहौल में जो संसाधन प्रयोग हो रहे हैं उस पर सरकार का नियंत्रण होना जरूरी है। ऐसे वस्तुओ व संसाधनों पर रोक होनी चाहिए जो सरकार के हाथ में न हों।

**-अभिषेक गुप्ता,** कारोबारी, इलेक्ट्रानिक्स गुड्स

व्यापारियों के साथ ऐसा अक्सर होता है, मगर इस पर सख्त कदम उठाने की जरूरत है। सबसे पहले व्यापारियों को सुरक्षा का भरोसा होना चाहिए। भय के साये में कोई व्यापार हो ही नहीं सकता। इस मामले में पुलिस तो सक्रिय है। ऐसे मामलों पर सरकार को सख्ती दिखानी होगी। तभी ऐसे मामलों से निजात मिलेगी और व्यापारी खुद को सुरक्षित महसूस कर सकेंगे।

**-किशन सिंह,** होटल कारोबारी


SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-30-08-2023

# त्योंहारों को लेकर शांति कमेटी की हुई बैठक

**पथरा बाजार(एसएनबी)** । स्थानीय थाना परिसर में मंगलवार क. नवनियुक्त थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा की अध्यक्षता में आगामी रक्षाबंधन,श्री ष्ण जन्माष्टममी , चेहल्लुम को लेकर क्षेत्र के सम्भ्रांत व्यक्तियो के साथ बैठक की गई।

उक्त अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष कुशवाहा ने सर्वप्रथम सबसे परिचय प्राप्त किया और अपने बारे में भी संक्षिप्त रूप से जिले में किन किन पदों पर आसीन रहे उसकी भी सबसे जानकारी साझा किया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों से क्षेत्र की समस्यो के बारे में पूछा। साथ ही सभी लोगों से शांति पूर्ण व पारम्परिक ढंग से त्योहार मनाने की अपील की । उन्होंने कहा कि यदि किसी ने माहौल को खराब करने की कोशिश किया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। त्योहार में उपद्रव फैलाने वाले बक्से नहीं जायेंगे। उन्होंने कहा कि जहां भी उपद्रव का अंदेशा हो आप लोग तुंरत थाने के सरकारी मोबाइल नम्बर के साथ पर्सनल नम्बर पर चौबीस घंटे फोन करके सूचना दे सकते हैं । जिससे होने वाली किसी घटना को समय पर नियंत्रित किया जाता जा सके। इस दौरान उप निरीक्षक राघवेन्द्र प्रताप यादव, दयाशंकर तिवारी, मुख्य आरक्षी राजीव कुमार के अलावा ग्राम प्रधान महेंद्र चौबे, मक्खन लाल, अशोक कुमार प्रजापति, इरसाद अहमद,कमर काजमी, रामप्रकाश, अकरम, सरातुल्लाह, विकास चंद्र कौशिक, जैद अहमद,समद, सहित रमेश, रमाकांत, मौलाना उवैदुर्रहमान, हारुन, शिवकुमार अग्रहरि, वाजिद अली सहित तमाम क्षेत्रवासी व दोनों सम्प्रदाय के धर्म गुरु मौजूद रहे।



पथरा थाने पर पीस कमेटी की बैठक करते थानाध्यक्ष

# प्रधान को जान से मारने की मिली धमकी

**भवानीगंज (एसएनबी)** । डुमरियागंज विकास खण्ड के ग्राम पंचायत तेनुहार के ग्राम प्रधान महेन्द्र चौधरी को फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई है। आपको बताते चलें कि ग्राम प्रधान ने भवानीगंज थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि मैं रात में लगभग 9:30 के आस-पास पास डुमरियागंज ब्लाक से घर लौट रहा था तभी मेरे मोबाइल नम्बर 7355139343 पर 9369148615 से फोन आया जो मुझे गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दिया। ऐसे में जब मैंने फोन उठाना बंद किया तो वह मुझे व्हाट्स-एप पर धमकी दे रहा है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष भवानीगंज शिवनारायण सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है।

# खड़ी ट्रक से बैट्री चोरी

उसका बाजार(एसएनबी)। उसका राजा और बृजमनगंज के मार्ग पर गंगाधरपुर गांव में जाने वाली मार्ग के पास खड़ी ट्रक से बैट्री उड़ा ले गए चोर। ट्रक मालिक सरोज विश्वकर्मा ने जब घर से अपने ट्रक के पास आया तो देखा कि ट्रक का तार भी टूटा है और बैट्री गायब है जिसके बाद से ट्रक मालिक हैरान रह गया। ट्रक का नंबर यूपी 55 ए टी 3399 है। ट्रक मालिक ने थाने पर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।




पथरा बाजार थाने में मंगलवार को पीस कमेटी की बैठक करते थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा, मौजूद पुलिसकर्मी व क्षेत्र के लोग।

# शांति पूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील

**पथरा बाजार।** थाना परिसर में मंगलवार को थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा की अध्यक्षता में रक्षाबंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व चेहल्लुम को लेकर बैठक हुई। इसमें थानाध्यक्ष ने सभी से त्योहारों को शांति पूर्ण व पारम्परिक ढंग से मनाने की अपील की। साथ ही कहा कि किसी भी नई परंपरा की शुरुआत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि किसी ने माहौल को खराब करने की कोशिश कि तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। त्योहार में उपद्रव फैलाने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। इस दौरान एसआई राघवेन्द्र प्रताप यादव, दयाशंकर तिवारी, मुख्य आरक्षी राजीव कुमार, प्रधान महेंद्र चौबे, मक्खन लाल, अशोक प्रजापति, वाजिद अली आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने छह की खोली हिस्ट्रीशीट

सिद्धार्थनगर। जिले की पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराध व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए गोवध, चोरी, मारपीट आदि में संलिप्त छह आरोपियों की हिस्ट्रीशीट खोली है। पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र के बर्डपुर न.11 टोला मोहम्मदपुर निवासी शफीक अहमद उर्फ भग्गन व नियाज अहमद, आजाद नगर निवासी भक्कूर उर्फ नूरुद्दीन , परसा महापात्र निवासी इरफान, कोड़रा ग्रांट गांव के इस्लाम नगर टोला निवासी अब्दुल यासीन , बब्लू उर्फ अब्दुल सलाम के विरुद्ध हिस्ट्रीशीट खोली है।

# खड़े ट्रक से बैट्री उठा ले गए चोर

उस्का बाजार। उस्का बाजार थाना क्षेत्र के गंगाधरपुर गांव में जाने वाले मार्ग के पास खड़ी ट्रक से चोर बैट्री उड़ा ले गए। ट्रक मालिक क्षेत्र के महनी गांव निवासी सरोज विश्वकर्मा जब घर से ट्रक के पास आया तो देखा कि ट्रक का तार टूटा है और बैट्री गायब है। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

जासं, खुनुवा: पुलिस ने सीमावर्ती गांव बगहवा के पास से नेपाल ले जा रहे यूरिया खाद को पकड़ कर कस्टम को सौंप दिया। चौकी इंचार्ज बृजेश सिंह ने बताया कि मंगलवार को गश्त के दौरान दो व्यक्ति दो बाइक पर खाद को लेकर नेपाल जाने की फिराक में थे। कार्रवाई के लिए कस्टम कार्यालय को सौंप दिया गया। आरोपितों का नाम सूरज निवासी गुजरौलिया व दूसरे ने अपना नाम वकील निवासी करहिया थाना शोहरतगढ़ है।




# पीस कमेटी की बैठक में शांति व सौहार्द की अपील

जासं, पथरा, सिद्धार्थनगर : थाना परिसर में मंगलवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा ने कहा की आगामी रक्षाबंधन व जन्माष्टम शांति व सौहार्द के वातावरण में मनाएं, कोई भी दिक्कत होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। आपकी समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस तत्पर है। प्रधान महेंद्र चौबे,कमर अब्बास काजमी, विकास चंद्र कौशिक, शारदा ,अकरम अली मौजूद थे।

# छह बदमाशों की खोली गई हिस्ट्रीशीट

जासं, सिद्धार्थनगर : एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस ने छह बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोली है। इनकी निगरानी संबंधित थाने की पुलिस करेगी। जिन बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है उनमें शफीक अहमद उर्फ भग्गन उर्फ सफीकुद्दीन निवासी बड़पुर नंबर 11 टोला मोहम्मदपुर, भक्कूर उर्फ नूरुद्दीन निवासी आजादनगर, इरफान परसा महापात्र, अब्दुल यासीन कोड़रा ग्रांट टोला इस्लाम नगर, बब्लू उर्फ अब्दुल सलाम कोड़रा ग्रांट टोला इस्लाम नगर, नियाज अहमद निवासी बड़पुर नंबर 11 टोला मोहम्मद नगर थाना सिद्धार्थनगर है।

**बीडीओ का प्रधान संघ ने किया स्वागत** : डुमरियागंज : भनवापुर ब्लाक में नवागत खण्ड विकास अधिकारी आलोक उपाध्याय का मंगलवार को प्रधान संघ अध्यक्ष अरविंद उर्फ लालजी शुक्ला के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों ने अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। कुंवर मिश्रा, श्रवण गिरि , प्रवीण अग्रहरि , मंटू गुप्ता, अशोक चौरसिया शामिल रहे।

# छह बोरी यूरिया के साथ दो पकड़े गए

खुनुवा। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के खुनुवा चौकी के जवानों ने मंगलवार को बगहवा गांव के पास से नेपाल ले जाई जा रही छह बोरी यूरिया के साथ दो युवकों को कब्जे में लेकर खुनुवा कस्टम को सौंप दिया। चौकी इंचार्ज बृजेश सिंह ने बताया कि बगहवा गांव के पास दो युवक बाइक से छह बोरी यूरिया लेकर नेपाल जा रहे थे। पूछताछ में उनकी पहचान क्षेत्र के गुजरौलिया गांव निवासी सूरज पुत्र श्रीराम व करहिया निवासी वकील  के रूप में हुई।

# पुलिस बूथ की जमीन पर दुकानदारों का कब्जा

सिद्धार्थनगर। जोगिया पुलिस बूथ की जमीन पर दुकानदारों का कब्जा है। नौगढ़-बांसी मार्ग पर जोगिया एनएच 28, नेशनल हाईवे का निर्माण करा रही कार्यदायी संस्था ने तोड़ दिए थे, पुलिस बूथ का दोबारा निर्माण ना कराए जाने पर पुलिस बूथ की जमीन पर दुकानदारों ने कब्जा कर लिया है। जिससे आमजन को परेशानी होती है।

लोगों ने बताया की पुलिस बूथ होने से लोगों को बहुत फायदा होता था, लेकिन कोतवाली पुलिस इससे अनभिज्ञ है। क्षेत्र के उदयपुर कस्बे में दो माह पूर्व एनएच 233 के जिम्मेदारों ने पुलिस बूथ से सटे नाली निर्माण किया था, इससे पुलिस बूथ को तोड़ दिया गया था। तत्कालीन कोतवाली प्रभारी यशवंत कुमार सिंह ने कहा कि जल्द ही इस मामले को संज्ञान में लेकर काम चालू करवा दिया जाएगा। पुलिस बूथ निर्माण कराने की बात पर सहमति बनी थी। बूथ और सड़क से सटे अतिक्रमण करने वालों को वहां से दुकान हटाने की हिदायत भी दी गई थी। लेकिन बीच में ही उनका गैर जनपद स्थानांतरण हो गया। तब से आज तक भवन नहीं बन सका। जिसका फायदा उठाते हुए दुकानदारों ने सड़क किनारे की जमीन सहित पुलिस बूथ की भी जमीन पर कब्जा कर लिया है। राम मिलन, देवेंद्र त्रिपाठी, राहुल त्रिपाठी आदि ने कहा कि उक्त जमीन पर मॉडल पुलिस बूथ बनाए जाने की आवश्यकता है।

एसडीएम नौगढ़ ललित मिश्रा ने बताया की इस को जल्द से देख कर पुलिस बूथ का अतिक्रमण हटवाया जाएगा, अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई भी की जाएगी। संवाद

# पुलिस ने पकड़ी 6 बोरी यूरिया

सिद्धार्थनगर। खुनुवां पुलिस चौकी के जवानों ने सीमावर्ती गांव बगहवा के पास तस्करी कर ले जाई जा रही 6 बोरी यूरिया पकड़कर कस्टम को सुपुर्द किया है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि मंगलवार को बगहवा के पास दो व्यक्ति दो मोटरसाइकिल पर छः बोरी यूरिया लादकर अवैध रूप से नेपाल ले जा रहे थे। खाद से संबंधित कागजात मांगने पर नहीं दिखा सके। पुलिस ने गुजरौलिया निवासी सूरज करहिया निवासी वकील थाना शोहरतगढ़ पर कार्रवाई की। संवाद

# बॉर्डर पार होते ही दोगुनी हो जाती है मछली की कीमत

## जिले से नेपाल में होती है मछली की तस्करी, निर्यात शुरू हो जाए तो मत्स्थ पालकों की बढ़ जाएगी आमदनी

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। बॉर्डर पार होते ही मछली की कीमत दोगुनी हो जाती है। यही कारण है कि बॉर्डर पर सक्रिय तस्कर एवं उनसे जुड़े कैरियर जिले की मछली को नेपाल में पहुंचाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाते हैं।

हालांकि, एसएसबी, पुलिस और नेपाल पुलिस भी इन तस्करों को दबोचने में लगी रहती है, लेकिन तस्करों को जिले की 68 किमी खुली सीमा का लाभ मिलता है। मछली पालकों का कहना है कि नेपाल में मछली के मूल्य और मांग को देखते हुए निर्यात शुरू किया जाए तो मछली पालकों की आय लगभग दोगुनी हो जाएगी, जबकि फिलहाल यहां कि मछली से तस्कर मालामाल हो रहे हैं।

कालानमक चावल के साथ मछली पालन भी सिद्धार्थनगर की पहचान बन रहा है। वार्षिक वृद्धि के अनुसार जिले में कामर्शियल तालाबों में 54 प्रतिशत वृद्धि हुई है। जिले में एक साल में 56953 एमटी का उत्पादन होता है, यहां की मछली गोरखपुर, वाराणसी, बस्ती, बलरामपुर, महराजगंज सहित अन्य मंडियों में जाती है।

654.96 करोड़ रुपये वार्षिक टर्नओवर हो गया है। मछली पालन से 23 से 30 हजार लोगों को रोजगार मिल रहा है, जबकि जिले में रोजगार के संसाधनों का अभाव है और पांच लाख से अधिक लोग प्रवासी मजदूर हैं। मछली को नेपाल चेकपोस्ट के जरिए नेपाल में निर्यात करने के लिए नियम आड़े आ रहे हैं। फिलहाल निर्यात के लिए जांच लैब की आवश्यकता है।

ये संसाधन उपलब्ध हो जाए तो भारतीय मछली पालकों को लाभ के साथ नेपाल के लोगों को आसानी से पर्याप्त मछली उपलब्ध होगी।



तालाब में मछली पकड़ते मछुआरे। संवाद

### इतना अंतर है मछली की कीमत में

| प्रजाति | सिद्धार्थनगर (रुपये में), | नेपाल (भारतीय/ नेपाली मुद्रा) |
|---|---|---|
| पंगासियस | 90 | 160/270 |
| रोहू | 140 | 300/500 |
| रूपचंदा | 120 -130 | 180/300 |
| कामन कार्प | 140 | 280/450 |

**बॉर्डर पर पकड़े जा चुके है मछली तस्कर :** बढ़नी बॉर्डर के पास से नेपाल ले जाते समय नेपाली पुलिस ने एक क्विंटल 37 किलो मछली के साथ में चार लोगों को साइकिल सहित गिरफ्तार किया था। गैर परंपरागत रास्तों से लाई गई मछली को नेपाल पुलिस ने कृष्णा नगर में शिव नगर से साइकिल से मछली ले जाने वाले लोगों को गिरफ्तार किया था, जिसकी कुल वजन एक क्विंटल 37 किलो थी। पकड़े गए मछलियों को लिखा पढ़ी के बाद जमीन में दफन कर दिया गया था। नेपाल पुलिस के इंस्पेक्टर के विशाल कार्की ने बताया नेपाल में भारतीय किसी भी प्रकार की पशु, पक्षी, मुर्गा, चूजा, मछली इत्यादि का आना वर्जित है, बिना किसी जांच के भारत से नेपाल में मछली भेजने पर सुरक्षा कारणों से रोक है।

सिद्धार्थनगर की कपिलवस्तु कोतवाली पुलिस ने तीन माह पहले ही एक पिकअप में मांगुर मछली और एक डीसीएम झींगा पकड़ा था। इस मामले में कानूनी कार्रवाई की गई, जबकि कोतवाली क्षेत्र के झुलनीपुर बसंतपुर से नरकुल बाजार से एसएसबी ने मछली पकड़कर कस्टम को सौंपा था।

### एसी मंडी बनने पर खुल सकता है विकल्प

बढ़नी के अकरहरा में मछली पालन का निरीक्षण करने आए मत्स्य पालन विभाग के निदेशक प्रशांत शर्मा ने डेबरुआ में 50 करोड़ रुपये की एसी मंडी बनाने का प्रस्ताव मांगा है। एसी मंडी के साथ मछली के प्रोसेसिंग यूनिट बनने की संभावना है, जिसमें लैब होगी। लैब बनने के बाद मछली की जांच होगी, जो निर्यात के लिए आवश्यक है। कस्टम इंस्पेक्टर रामधारी पटेल ने बताया कि एनीमल क्वारंटीन सर्टिफिकेट दिखाने पर मछली का निर्यात हो सकता है। इंडो नेपाल बॉर्डर पर ऐसी जांच की सुविधा नहीं है। यह जांच कोलकाता में होती है।



*एनीमल क्वारंटीन सर्टिफिकेट के लिए दो करोड़ रुपये खर्च होंगे, लेकिन इससे नेपाल में मछली निर्यात का रास्ता साफ हो जाएगा। निर्यात शुरू करने के लिए प्रशासन ने पहल शुरू की है। एक सर्वे के अनुसार नेपाल में करीब दो करोड़ आबादी है और एक नेपाली साल भर में 35 किग्रा मछली खाते हैं, जबकि यूपी में प्रति व्यक्ति 4.5 किलो ही खपत है। -वकार अनवर* फैज, मछली पालक



*नेपाल की पहाड़ी क्षेत्रों में खारे तालाब नहीं बनाए जा सकते हैं, इस कारण नेपाल में मछली के निर्यात की बड़ी संभावनाएं हैं। इसके लिए नेपाल सरकार से भी करनी होगी ताकि निर्यात बढ़े तो अतिरिक्त टैक्स न थोपा जाए। नेपाल में मछली की मांग के कारण ही गैर परंपरागत रास्तों से तस्करी की खबरें आती हैं। निर्यात शुरू हो तो यहां के लोगों की तकदीर बदल जाएगी। -* यासीर महबूब, मछली पालक

*जिले में मछली पालन के क्षेत्र में बेहतर कार्य हो रहा है। नेपाल सहित अन्य देशों में मछली निर्यात की संभावनाओं पर भी कार्य शुरू हुआ है। बढ़नी में 50 करोड़ रुपये से एसी मछली मंडी बनाने का प्रस्ताव भेजा गया है। निर्यात के संबंध में मत्स्य पालन विभाग के निदेशक से निरंतर बात की जा रही है। -*जयेंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी



25 अगस्त को प्रकाशित खबर।




SANT KABEER NAGAR POLICE


उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-30-08-2023

# गैर इरादतन हत्यारोपी की जमानत अर्जी निरस्त

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा प्रथम ने गैर इरादतन हत्यारोपी की जमानत अर्जी निरस्त कर दी है। आरोपी द्वारा दुधारा थाना अंतर्गत कंड़जा निवासी व्यक्ति को मारपीट दिया था जिससे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि दुधारा थाना अंतर्गत कड़ज़ा निवासी सुखा देवी की के पति दिनांक 03.08.23 को समय करीब 8:00 बजे रात को चाय की दुकान पर चले गए। थोड़ी देर में सूंचना मिली कि उसके पति छोटेलाल और उनकी लड़की को गांव का ही चंद्रकेश पटक-पटक कर मार रहा था। भाग कर वह गई तो उसके पति जमीन पर पड़े थे और लड़की रो रही थी तथा सहला रही थी। उसके पति चोट से कराह रहे थे तथा पेट में उसके पति को अंदरूनी चोट लग गई थी। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए व दवा-इलाज कराए। इलाज के दौरान उसके पति के पेट में तेज दर्द होने के कारण मृत्यु हो गई। मामले में मृत्यु से पूर्व थाने पर सूचना मृतक छोटेलाल ने ही दी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के पेट में बड़ी आंत फटने की रिपोर्ट आई। जिसके आधार पर धारा 304 की बढ़ोतरी की गई। आरोपी चंद्रकेश ने जमानत अर्जी सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा प्रथम के न्यायालय में प्रस्तुत किया जिसका जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विशाल श्रीवास्तव ने विरोध किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा ने आरोपी चंद्रकेश की जमानत अर्जी निरस्त कर दिए।

# रक्षाबंधन पर हुई पीस कमेटी की बैठक



पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते प्रभारी निरीक्षक महुली भगवान सिंह।

## त्योहार पर शान्ति व्यवस्था में खलल पैदा करने की कोशिश करने वालों से सख्ती से निपटेगी पुलिस : प्रभारी निरीक्षक

**महुली (एसएनबी)।** रक्षाबंधन त्योहार को सकुशल शान्ति पूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए मंगलवार को महुली थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के प्रधानगण, गणमान्य नागरिक व दोनों समुदायों के लोग भारी संख्या में शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक महुली भगवान सिंह ने रक्षाबंधन त्योहार को सकुशल शान्ति पूर्वक संपन्न कराने के लिए बैठक में शामिल लोगों से पुलिस और प्रशासन का सहयोग करने की अपील किया। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि पुलिस जनता की किसी भी प्रकार की समस्याओं का समाधान कराने तथा विवादों का निपटारा कराने के लिए 24 घंटे मुस्तैद है। उन्होंने कहा कि जब पुलिस जनता का हर प्रकार का सहयोग करने के लिए हमेशा तैयार है तो जनता को भी क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करना जनता की नैतिक जिम्मेदारी होती है। उन्होंने कहा कि त्योहार के मौके पर शान्ति व्यवस्था में खलल डालने की कोशिश जो भी अराजकतत्व करने का प्रयास करेगा उससे पुलिस सख्ती पूर्वक निपटेगी।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि शान्ति व्यवस्था भंग होने पर दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान बैठक में थाने के उपनिरीक्षक अमरेश गिरि,रामचन्द्र सिंह, अजीत कुशवाहा, सोमनाथ मिश्रा, मनीषा, रणविजय यादव, अलीमुलकदर उर्फ ढिलढिल प्रधान, बसीउल्लाह, मोहम्मद अहमद, सुहेल अहमद,सेराज अहमद, सुबाष चन्द्र, रामकेश व सलीम अहमद समेत थाने के सभी पुलिसकर्मी,क्षेत्र के प्रधानगण व तमाम गणमान्य नागरिक सहित दोनों समुदायों के लोग भारी संख्या में शामिल रहे।

# आठ स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे

संतकबीरनगर (एसएनबी)। ऑपरेशन त्रिनेत्र हर घर कैमरा अभियान के तहत मंगलवार को संतकबीरनगर पुलिस द्वारा जनसहयोग से 08 स्थानों पर 30 सीसीटीवी कैमरे लगवाये गये। कैमरा लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को पुलिस द्वारा माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा 01 स्थान पर 16 सीसीटीवी कैमरे, थाना दुधारा पुलिस द्वारा 1 स्थान पर 04 सीसीटीवी कैमरे, थाना धनघटा पुलिस द्वारा 4 स्थानों पर 4 सीसीटीवी कैमरे, थाना मेंहदावल पुलिस द्वारा 01 स्थान पर 05 सीसीटीवी कैमरे, थाना बेलहरकला पुलिस द्वारा 1 स्थान पर 1 सीसीटीवी कैमरा लगवाया गया है।

# किशोरी का अपहरण, आरोपी नामजद

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 13 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर सोमवार की आधी रात को अपहरण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर अपहृता के मां की तहरीर पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर अपहृता और नामजद आरोपी की तलाश सरगर्मी से शुरू कर दी है। घटना के सम्बन्ध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि सोमवार की रात में पूरा परिवार भोजन करने के बाद रोज की तरह सो रहा था। आधी रात को थाना क्षेत्र के उदहा गांव निवासी विकास पुत्र पृथ्वीपाल नामक युवक ने उसकी 13 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर घर से गांव के बाहर सीवान में बुला लिया और बेटी का अपहरण करके उसे कहीं गुप्त स्थान पर बंधक बनाकर छिपाकर रखा हुआ है। बेटी के घर से लापता होने पर जब उसकी खोजबीन शुरू की गई तब जाकर पता चला कि आरोपी विकास नामक युवक द्वारा बेटी को बहला-फुसलाकर उसका अपहरण किया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के उदहा गांव निवासी विकास नामक युवक के विरूद्ध आईपीसी की धारा 363,366 के तहत मुकदमा दर्ज कर अपहृता और आरोपी की तलाश सरगर्मी से शुरू कर दी है।

# छात्राओं ने अधिकारियों को बांधी राखी

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा क्षेत्र में संचालित सेंट थामस स्कूल खाजो की छात्राओं ने मंगलवार को क्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। सेंट थामस स्कूल खाजों के प्रिंसपल फादर सिजो के साथ स्कूल की छात्राएं मंगलवार को सर्वप्रथम एसडीएम धनघटा उत्कर्ष श्रीवास्तव के कार्यालय में पहुंची और उनकी कलाई में राखी बांधकर उनका मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर एसडीएम ने भी छात्राओं को अपने हाथों से मिठाई खिलाई और फोटो भी खिंचवाया। उसके बाद छात्राएं प्रिंसपल के साथ सीओ धनघटा बृजेश सिंह के कार्यालय में भी पहुंची और सीओ की कलाई में राखी बांधकर रक्षाबंधन का त्योंहार मनाया साथ ही सीओ को मिठाई खिलाकर उनका मुंह भी मीठा कराया। अंत में सभी छात्राएं धनघटा थाने पहुंची जहां थाने के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र की कलाई में भी बारी-बारी से राखी बांधी और मिठाई खिलाकर प्रभारी निरीक्षक का मुंह भी मीठा कराया। इस अवसर पर सभी अधिकारियों ने छात्राओं को उपहार भी



भेंट किया साथ ही कहा कि छात्राओं ने राखी बांधकर बहन होने का धर्म निभाया है तो उनकी भी जिम्मेदारी है कि सरकारी सेवा के दौरान वह छात्राओं को बहन मानकर उनका आदर करेंगे साथ ही उनके मान-सम्मान की सुरक्षा के लिए एक भाई की तरह हमेशा अपने कर्तव्य को निभाते रहेंगे। इस दौरान अधिकारियों को राखी बांधने वाली छात्राओं में स्कूल की छात्रा तृप्ति राय, शानवी राय, श्रेया यादव, अनम्या शर्मा के अलावा स्कूल की शिक्षिका खुशबू शामिल रही।

# छात्राओं ने डीएम, एसपी को बांधा रक्षा सूत्र

संतकबीरनगर (एसएनबी)। रक्षा बंधन के पावन पर्व के अवसर पर कूड़ी लाल रुंगटा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज की छात्राओं ने जिलाधिकारी संदीप कुमार, अपर जिला अधिकारी जय प्रकाश, पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, इंस्पेक्टर सर्वेश राय को रक्षा सूत्र बांधा। सभी अधिकारियों ने छात्राओं को आशीर्वाद दिया। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने जनपद की छात्राओं एवं शिक्षकाओं को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर कार्यालय पुलिस अधीक्षक पर सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कालेज खलीलाबाद की छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता को राखी बांधी। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपहार प्रदान करने के साथ-साथ छात्राओं, युवतियों तथा शिक्षकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति कार्यक्रम/शक्ति दीदी के अंतर्गत चलाए जा रहे महिला सशक्तिकरण के विभिन्न प्रयासों के संबंध में अवगत कराया गया तथा सुरक्षा का भरोसा दिलाया।





एसपी को रक्षा सूत्र बांधती छात्राएं व रंगोली प्रतियोगिता का अवलोकन करते अतिथिगण।

**राखी व रंगोली प्रतियोगिता आयोजित**

: जनपद में स्थित उदया इण्टरनेशनल स्कूल में मंगलवार को राष्ट्रीय खेल दिवस पर सुप्रसिद्ध हॉकी के खिलाड़ी मेजर ध्यानचन्द को याद करते हुए खेल संबंधी अनेक गतिविधियां क्रियान्वित हुई। प्रधानाचार्य एसके त्रिपाठी के नेतृत्व में बच्चों द्वारा रचनात्मक-कौशल का चित्र खींचा गया। इसी क्रम में कक्षानुसार राखी बनाओ प्रतियोगिता सदनवार, रंगोली बनाओ प्रतियोगिता भी सम्पन्न कराई गई। प्रधानाचार्य एसके त्रिपाठी ने हॉकी क्षेत्र में भारत को वैश्विक फलक को स्थापित करने वाले हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चन्द और इनकी जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाये जाने के विषय में जानकारी दी। श्री त्रिपाठी ने मेजर ध्यान चन्द के जीवन के संघर्ष और कठिनाइयों को संस्मरण विधा में प्रतिबिंबित किया। उन्होंने बताया कि रंगोली बनाओ प्रतियोगिता में कला शिक्षक सुधीर रावत, संदीप उपाध्याय, प्रवेश तिवारी का विशेष योगदान रहा।

# पत्नी की अपील स्वीकार, पति दोषसिद्ध

- जेएम कोर्ट के दोषमुक्ति आदेश के विरुद्ध पत्नी ने की थी अपील
- सुलह नहीं करने पर देते थे गालियां, करते थे मारपीट

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। एक मामले में अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक प्रथम महेन्द्र कुमार सिंह की कोर्ट ने पत्नी की आपराधिक अपील को स्वीकार करके पति को दोषसिद्ध करार देते हुए एक वर्ष के परिवीक्षा पर छोड़ने का निर्णय दिया। आरोपी पति श्रीधर दूबे पर अपने परिजनों के साथ मिलकर मारपीट करके हाथ तोड़ने का आरोप लगाया गया था। न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने मामले की सुनवाई के पश्चात सभी आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया था। जेएम के दोषमुक्ति आदेश के विरुद्ध वादिनी ने आपराधिक अपील प्रस्तुत किया था।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अभिमन्यु पाल ने बताया कि मामला ग्राम बखिरा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरा का है। प्रकरण में वादिनी वेलावती देवी पत्नी श्रीधर दूबे पुत्री दूधनाथ ने अभियोग पंजीकृत कराया था।

वादिनी का आरोप था कि दिनांक 4 अक्टूबर 2010 को उसके ससुर विद्याधर दूबे पुत्र चन्द्रिका दूबे, पति श्रीधर दूबे पुत्र विद्याधर दूबे एवं सास श्रीमती पूनम दूबे निवासी ग्राम मिर्जापुर पचपेड़वा थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर ने मुकदमा सुलह करने का दबाव दिया। सुलह न करने पर सभी लोग गाली देते हुए लात मूका डंडा से मारे। वादिनी का दाहिना हाथ टूट गया। भाई महेन्द्र ने बचाने का प्रयास किया तो उसे भी मार पीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी दी। दिनांक 5 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खलीलाबाद में डाक्टरी कराया और दिनांक 6 अक्टूबर को एक्सरे हुआ। दिनांक 7 अक्टूबर को मुकदमा दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया।

पुलिस ने मुअसं 1740 / 2010 धारा 323 , 325 , 504 , 506 आईपीसी का अभियोग पंजीकृत किया। विचारण के दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने सभी आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दिनांक 21 फरवरी 2017 को दोषमुक्त कर दिया।

# मारपीट और बाइक तोड़ने के आरोप में दर्ज हुआ मुकदमा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने मारपीट व बाइक तोड़ने के आरोप में आरोपित के विरूद्ध केस दर्ज किया। एसओ दुधारा राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि पीड़ित मेराज अहमद पुत्र हसन नासा निवासी लोहरौली ठकुराई ने प्रार्थना पत्र दिया है।

बताया कि 24 अगस्त को 05 बजे शाम को पुरानी रंजिश को लेकर दयाराम त्रिपाठी ग्राम लोहरौली ठकुराई भाई रियाज अहमद को माँ बहन की गाली देने लगे। जब गाली देने से भाई ने मना किया तो वह लाठी डन्डा से मार पीट दिए। मौके पर पहुँचकर बीच बचाव किया तो उन्हें भी मारा पीटा। माता-पिता विपक्षी के घर उलहना देने गए तो माता पिता को गाली देकर भगा दिए और जान से मार देने की धमकी भी दी।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने युवती से दुष्कर्मी के आरोपित को दबोचकर उसके विरुद्ध अग्रिम कानूनी कार्रवाई किया। प्रभारी निरीक्षक महुली भगवान सिंह के अगुवाई में गठित पुलिस टीम दुष्कर्म, धमकी एवं एससीएसटी के मामले मे वांछित आरोपित अभियुक्त इरशाद पुत्र निसार निवासी छितही को कस्बा महुली से गिरफ्तार किया।

उक्त आरोपित अभियुक्त ने वादिनी के साथ दुष्कर्म करने के साथ ही उसको जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की। जिसके संबंध में वादिनी ने तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया। उक्त आरोपित को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद संबंधित न्यायालय प्रस्तुतकर जेल रवाना कर दिया।

# जिले में दो वारंटी किए गए गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने दो वारंटियों को पकड़कर कानूनी कार्रवाई पूर्ण करने के बाद जेल भेज दिया। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। थाना धनघटा पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त श्याम अवध पुत्र तुलसी निवासी प्रजापतिपुर एवं फिरोज पुत्र शमी निवासी सोनहन थाना धनघटा को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद संबंधित न्यायालय प्रस्तुत कर जेल रवाना कर दिया।

# दुष्कर्म के मामले में वांछित गिरफ्तार

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के मामले वांछित आरोपित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद सर्वेश कुमार राय के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने वांछित आरोपित अभियुक्त मनोज कुमार पुत्र भरतलाल निवासी गोरयाभार को कटहवा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपित अभियुक्त ने वादिनी को प्रेमजाल में फंसाकर दुष्कर्म किया। जातिसूचक शब्दों को प्रयोग करते हुए मारपीट की।

# एसपी ने प्रशिक्षण पूरा होने पर दिया प्रमाण पत्र

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिला प्रशिक्षण इकाई रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा 18 दिवसीय फ्रेशर प्रशिक्षण कोर्स का समापन किया। पुलिस आपातकालीन सेवा यूपी-112 परियोजना के अंतर्गत पुलिस लाइन में दिनांक 11 से 29 अगस्त तक संचालित 18 दिवसीय फ्रेशर कोर्स में 17 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया गया।

इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को यूपी-112 में प्रयुक्त विभिन्न तकनीकों का परिचय, मानव मूल्य, अग्नि, सोशल मीडिया, पुलिस कार्य कौशल, फायर सैफ्टी व महिला संबंधी आदि महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। समापन पर एसपी ने प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रशिक्षुओं को प्रदान किया। साथ ही कर्मियों को जनसेवा की भावना से पीड़ित के साथ मानवीय संवेदना रखते हुए तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराने व स्थानीय पुलिस के साथ बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक डायल - 112 रमजान अली अंसारी, प्रभारी जिला प्रशिक्षण इकाई एसआई सतीश चन्द्र पाल, प्रशिक्षक प्रद्युम्न प्रसाद व सूर्यनाथ यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## एचआरपीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव को लेकर छात्रों का आंदोलन

# मान-मनौवल के बाद दो दिन के लिए धरना टला

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव को लेकर माहौल गर्म है। एक तरफ जहां छात्र चुनाव तिथि निर्धारित करने की मांग कर रहे हैं। वही दूसरी तरफ प्रशासन चुनाव कराने में असमर्थता जता रहा है। वही छात्र व एडीएम से मंगलवार को कलक्ट्रेट में वार्ता हुई लेकिन कोई हल नहीं निकला। इसके बाद शाम को सदर विधायक अंकुर राज तिवारी की वार्ता के बाद छात्रों ने दो दिन के लिए धरना स्थगित कर दिया।

मंगलवार को उपजिलाधिकारी शैलेंद्र दूबे व सीओ दीपांशी राठौर के नेतृत्व में एचआरपीजी कालेज के मुख्य गेट पर धरना दे रहे छात्रों से वार्ता हुई। जिस पर सभी छात्र एडीएम से वार्ता करने को राजी हो गए। कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम से छात्रों की वार्ता हुई। इस दौरान एडीएम ने कहा कि अभी हम चुनाव कराने में असमर्थ हैं। जिसपर छात्र नेता अभिषेक सिंह, गोविंद कुमार यादव, मो. नसीम, शैलेंद्र यादव, सिकंदर पासवान समेत अनेक छात्रों ने कहा कि यदि किसी पार्टी का चुनाव होता तो पुलिस व प्रशासन तैयार हो जाता, लेकिन जब छात्रों की बात होती है तो सभी लोग चुप्पी साथ लेते हैं। ऐसे में जब तक हम लोगों को चुनाव की तिथि घोषित नहीं हो जाती तब तक धरना-प्रदर्शन चलता रहेगा।

**एडीएम ने कोतवाली प्रभारी को कार्रवाई करने का दिया निर्देश:** अपर जिलाधिकारी ने कोतवाली प्रभारी से कहा कि जो छात्र अराजकता करते हैं उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए।



एचआरपीजी कालेज के गेट पर मंगलवार को धरने पर बैठे छात्र।

## सदर विधायक के आश्वासन पर आंदोलन स्थगित

संतकबीरनगर। छात्र संघ चुनाव को लेकर दो दिनों से आन्दोलन कर रहे छात्र नेताओं ने सदर विधायक अंकुर राज तिवारी के आश्वासन पर धरने को दो दिनों के लिए स्थगित कर दिया। विधायक ने वीडियो कालिंग के जरिए आन्दोलनरत छात्र नेताओं से सीधे बात की। कहा कि प्रदेश के किसी भी कालेज में अगर चुनाव होगा तो एचआरपीजी कालेज में भी होगा। अपने प्रतिनिधि उमेश चंद्र तिवारी के फोन से वीडियो काल के जरिए धरने पर बैठे सभी छात्रनेताओं की समस्याओं को सुना।

## तिथि निर्धारित न होने पर दुबारा धरने पर बैठे छात्र

संतकबीरनगर। चुनाव तिथि निर्धारित करने को लेकर छात्र नेता गोविंद कुमार यादव, सिकंदर पासवान, अमित मौर्य, सुहेल अहमद, वेदव्यास, बलराम, सदानंद, विवेक सिंह, अंकित राय, आशुतोष, मोहम्मद सलमान समेत अनेक छात्र कॉलेज के मुख्य गेट पर धरना देने के लिए बैठ गए।

## कॉलेज के गेट पर रात भर धरने पर बैठे रहे छात्र

संतकबीरनगर। हीरालाल रामनिवास डिग्री कॉलेज के गेट पर छात्र रात भर चुनाव की मांग को लेकर धरने पर बैठे रहे। वही पुलिस के कुछ जवान भी मुस्तैद रहकर छात्रों की गतिविधि पर नजर बनाए रहे। छात्र चुनाव की मांग को लेकर अड़े हुए हैं, और प्रशासन चुनाव के मूड में नहीं दिखाई दे रहा है।

## आंदोलन को लेकर मुस्तैद रही तीन थानों की फोर्स

छात्रों के आंदोलन को लेकर पुलिस पूरी तरह से सजग रही। पुलिस अधिकारियों ने कोतवाली पुलिस के अलावा डिग्री कॉलेज के आसपास अतिरिक्त फोर्स को तैनात किया था। कोतवाल सर्वेश कुमार राय ने बताया कि फोर्स पूरी तरह से एलर्ट थी।

# यातायात नियम की दी जानकारी

संतकबीरनगर। प्रभारी यातायात परमहंस यादव के अगुवाई में पुलिस टीम ने ब्लूमिंग बड्स स्कूल औद्योगिक क्षेत्र खलीलाबाद के छात्रों को यातायात नियमों का अनुपालन करने के लिए प्रेरित किया। प्रभारी यातायात ने सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने, लोगों को यातायात के नियमों के बारें में जागरुक करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने की जानकारी दी।

नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने का सुझाव दिया। सभी लोगों से अपील किया कि वह अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने को प्रेरित करें।

# पुलिस ने लगवाया सीसीटीवी कैमरा

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस टीम ने जन सहयोग से जगह-जगह सीसीटीवी कैमरा लगवाया। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक स्थान पर 16 सीसीटीवी कैमरा, थाना दुधारा पुलिस ने एक स्थान पर चार सीसीटीवी कैमरे, थाना धनघटा पुलिस ने चार स्थान पर चार सीसीटीवी कैमरा, थाना मेंहदावल पुलिस ने एक स्थान पर पांच सीसीटीवी कैमरा और थाना बेलहरकला पुलिस ने एक स्थान पर एक सीसीटीवी कैमरा लगवाया।

# 55 वाहनों से 47,500 रुपये समन शुल्क की वसूली

संतकबीर नगर : जनपद की विभिन्न थाने की पुलिस ने यातायात पुलिस कर्मियों के सहयोग से मंगलवार को अभियान चलाया। मांगने पर ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य जरूरी कागजात न दिखाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 55 वाहन चालकों से 47,500 रुपये समन शुल्क की वसूली की। इससे विशेषकर दो पहिया वाहन चालकों में खलबली मची रही। (विज्ञप्ति)

# प्रशिक्षण पूरा करने वालों को मिला प्रमाण पत्र

संतकबीर नगर: एसपी सत्यजीत गुप्ता ने प्रशिक्षण पूरा करने वाले 17 पुलिस कर्मियों को पुलिस लाइन के सभागार में मंगलवार को प्रमाण पत्र दिया। एसपी ने कहा कि आपातकालीन सेवा देने वाले यूपी-112 के 17 पुलिस कर्मियों को पुलिस लाइन में बीते 11 अगस्त से प्रशिक्षण दिया जा रहा था। 18 दिवसीय फ्रेशर कोर्स आज समाप्त हुआ।



पुलिस लाइन सभगार में प्रशिक्षण पूरा करने वाले सिपाहियों के साथ मौजूद एसपी सत्यजीत गुप्ता (मध्य में) • जागरण

पुलिस कर्मियों को विभिन्न तकनीक के बारे में जानकारी, मानव मूल्य, संचार, बातचीत कौशल, कार्यप्रणाली, घटना के प्रकार, एटीआर, डिस्पोजिशन कोड, तनाव अभिप्रेरणा, स्वास्थ्य एवं जीवन की प्रबंधन शैली, आपदा प्रबंधन, इंटरनेट मीडिया, कार्य कुशलता, महिला संबंधित सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों के बारे में प्रशिक्षित किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक-112 लखनऊ द्वारा जारी प्रमाण पत्रों को प्रशिक्षित कर्मियों को प्रदान किया गया है। उनके उज्वल भविष्य की कामना की गयी। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक यूपी-112 रमजान अली अंसारी, जिला प्रशिक्षण इकाई के प्रभारी उप निरीक्षक सतीश चंद्र पाल, प्रशिक्षक प्रद्युम्न प्रसाद, व सूर्यनाथ यादव के अलावा अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। (विज्ञप्ति)

# स्कूलों में बहनों ने भाई की कलाई पर बांधी राखी

संतकबीरनगर, हिन्दुस्तान टीम। जिले के विद्यालयों में मंगलवार को रक्षा बंधन पर्व मनाया गया। इस मौके पर छात्रों को रक्षा बंधन का महत्व बताया।

कूड़ी लाल रूंगटा सरस्वती विद्या मंदिर की छात्राओं ने जिलाधिकारी, अपर जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, कोतवाल, क्षेत्राधिकारी को रक्षा सूत्र बांधा। सभी अधिकारियों ने बहनों को आशीर्वाद प्रदान किया। एसपी ने उन्हें उपहार देने के साथ ही साथ जनपद की महिलाओं, छात्राओं व युवतियों को जिले में मिशन शक्ति कार्यक्रम एवं शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत चलाए जा रहे महिला सशक्तिकरण के विभिन्न प्रयासों के सम्बन्ध में अवगत कराकर सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

मेंहदावल में छात्राओं ने छात्रों को



डीएम संदीप कुमार को राखी बांध टीका लगाती कूंड़ी लाल रूंगटा सरस्वती विद्या मंदिर की छात्राएं। • हिन्दुस्तान

**राखी बांध सुरक्षा का लिया संकल्पः** मेंहदावल के पार्वती कन्या इंटर कालेज, पार्वती पब्लिक इण्टरनेशनल स्कूल सोनौरा पर रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। राखी बांधकर सुरक्षा का वचन लेते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का सम्बोधित करते हुए शिक्षिका कविता शाही, आशा श्रीवास्तव ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के रिश्ते को अटूट बनाने का त्योहार है। रक्षा का मतलब सुरक्षा तो बंधन का मतलब बाध्य है।

## दफ्तरों में पहुंच बांधी राखी लिया सुरक्षा का वचन

धनघटा। खाजो स्थित सेंट थॉमस पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने एसडीम व सीओ के कार्यालय पर पहुंचकर छात्राओं ने कलाई पर रखी बांधी और उनके दीर्घायु होने की कामना की। एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव छात्राओं से राखी बंधवाने के बाद कहा कि रक्षाबंधन के त्यौहार हमें बहनों से आशीर्वाद लेकर मनाना चाहिए। इस मौके पर सीओ वृजेश सिंह, प्रधानाचार्य फादर सीजो खुशबू आदि लोग मौजूद रहे।

# शांतिभंग की आशंका में दो आरोपितों को पुलिस ने दबोचा

संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने मंगलवार को शांतिभंग की आशंका में दो लोगों को उनके घर से लेकर थाने पर पहुंची। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। ये लोग पुरानी रंजिश को लेकर विवाद कर रहे थे। मारपीट करने पर उतारू थे। सूचना मिलने पर पुलिस उनके गांव में पहुंची। (विज्ञप्ति)

# दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने भेजा जेल

संतकबीर नगर : महुली पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपित छित्तही गांव निवासी इरशाद को मंगलवार को महुली कस्बा से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। थानाध्यक्ष भगवान सिंह ने बताया कि पुलिस आरोपित की गिरफ्तारी में जुटी थी। सूचना मिलने पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। (विज्ञप्ति)

# फरार चल रहे दो वारंटियों को भेजा जेल

संतकबीर नगर : धनघटा पुलिस ने फरार चल रहे दो वारंटियों को मंगलवार को उनके घर से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। इसमें प्रजापतिपुर गांव निवासी श्याम अवध व सोनहन गांव निवासी फिरोज शामिल हैं। थानाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने यह जानकारी दी है। (विज्ञप्ति)

# चुनाव को लेकर प्रदर्शन, असलहा लहराने का आरोप

## हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव को लेकर दूसरे दिन भी विरोध जारी

- छात्रसंघ चुनाव कराने पर अड़े छात्र नेता, महाविद्यालय बंद होने से रोष
- वार्ता विफल, प्रशासन का सहयोग न मिलने पर नहीं बनी सहमति

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद में छात्रसंघ चुनाव की मांग हो रही है। लगातार दूसरे दिन भी सड़क पर छात्रों का विरोध जारी रहा। महाविद्यालय बंद होने पर कुछ छात्रों ने मुख्य द्वार पर धरना देकर प्रदर्शन किया। इसके साथ ही छात्र नेताओं ने जिला प्रशासन से मिलकर चुनाव कराने की मांग की। दिनभर पूर्व प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तिथि घोषित होने की चर्चा होती रही। इसी बीच छात्रों के दो गुट में हुए विवाद में एक पक्ष से असलहा लहराने का आरोप है। सूचना पर बड़ी संख्या में पहुंची पुलिस को देखकर अराजकता फैला रहे छात्र वहां से भाग लिये।



हीरालाल रामनिवास स्नातकोतर महाविद्यालय पर जानकारी लेती पुलिस • जागरण



छात्र संघ चुनाव के बारे में निर्णय की प्रतीक्षा करते छात्र नेता • जागरण



महाविद्यालय में असलहा लहराने की सूचना पर पहुंची पुलिस • जागरण

महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव को लेकर 28 अगस्त को बैठक तय थी। महाविद्यालय प्रशासन ने इसकी तैयारी के साथ प्रस्तावित तिथि के अनुसार कार्यक्रम तय किया था। जिला प्रशासन द्वारा दिन में 3.30 बजे होने वाली बैठक निरस्त कर दी। इसे लेकर शुरू हुआ हंगामा व बातचीत रात 11 बजे तक चलता रहा। प्राचार्य व शिक्षकों के अंदर रहने पर कुछ प्रदर्शनकारियों ने बाहर से महाविद्यालय का ताला भी जड़ दिया था। देर रात तक बातचीत का सार्थक परिणाम न निकलने पर छात्रनेताओं ने मुख्य द्वार पर धरना दिया। इस बीच दो दिनों के लिए महाविद्यालय में अवकाश कर दिया गया। चुनाव की मांग को लेकर मंगलवार की सुबह से तीन बजे तक महाविद्यालय में छात्र जुट रहे। रह-रहकर संख्या घटती-बढ़ती रही। चुनाव की मांग को लेकर दिन में छात्रों के एक गुट की कलेक्ट्रेट में अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) संतोष कुमार सिंह और अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश से वार्ता भी हुई। प्रशासन अभी चुनाव कराने पर सहमत नहीं है।

**नहीं थम रहा दो गुट का विवाद** : एक दिन पूर्व धरना में पानी फेंकने को लेकर छात्रों के दो गुट में विवाद हो गया था। इसे लेकर दोनों खेमे में नाराजगी है। मंगलवार को सुबह 10 बजे से महाविद्यालय पर दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। इसमें एक पक्ष पर असलहा लहराकर धमकी देने का आरोप है। पुलिस बल के पहुंचने पर प्रदर्शन करने वाले कई छात्र फरार हो गए। पुलिस ऐसे लोगों को चिह्नित करने में जुटी है। खलीलाबाद कोतवाली के प्रभारी सर्वेश राय ने कहा कि छात्रों के धरना प्रदर्शन के बीच कुछ लोगों के असलहा लहराने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां से वे लोग जा चुके थे। पुलिस ऐसे लोगों को चिह्नित कर रही है। महाविद्यालय प्रशासन से भी सहयोग मांगा जा रहा है।

**इंटरनेट मीडिया पर छाया रहा चुनावी कार्यक्रम** : महाविद्यालय के प्राचार्य के कथित हस्ताक्षर से जारी छात्रसंघ चुनाव के कार्यक्रम का पत्र इंटरनेट मीडिया में वायरल होता रहा। कुछ छात्रनेता इसे सही तो कुछ गलत बता रहे थे। हालांकि बाद में प्राचार्य ने इसे किसी पत्र से इन्कार किया। वायरल पत्र के अनुसार नामांकन पत्र का वितरण एक व दो सितंबर, दो को नामांकन व जांच, तीन को नाम वापसी व अंतिम नामांकन की घोषणा तथा नौ सितंबर को चुनाव होना था।

प्राचार्य प्रोफेसर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी छात्रसंघ चुनाव अभी नहीं हो सकता है। जिला प्रशासन भी इसके लिए तैयार नहीं है। इस बीच कई पर्व पड़ने के कारणों से जिला प्रशासन के साथ बैठक नहीं हो पा रही है। पुलिस के अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अभी तैयार नहीं हैं। महाविद्यालय प्रशासन नवंबर में चुनाव कराने पर अभी विचार कर रहा है। चुनाव कराने से पूर्व प्रशासन के साथ पदों पर दावेदारी करने वाले संभावित छात्रों की बैठक कराना अनिवार्य है। विश्वविद्यालय की सहमति व जिला प्रशासन का सहयोग मिलने पर चुनाव कराया जाएगा।

## सदर विधायक के आश्वासन पर माने छात्रनेता स्थगित किया आंदोलन

जासं, संतकबीर नगर : छात्रसंघ चुनाव को लेकर दो दिनों से आंदोलन कर रहे छात्र नेताओं ने सदर विधायक अंकुर राज तिवारी के आश्वासन पर आंदोलन को स्थगित कर दिया। विधायक ने कहा कि प्रदेश के किसी भी कालेज में अगर चुनाव होगा तो एचआरपीजी कालेज में भी होगा।

छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर छात्रों का एक गुट सोमवार से ही धरने पर बैठा था। सोमवार को छात्रों ने महाविद्यालय मार्ग को जाम कर दिया था। इस बात की जानकारी होने पर मध्य प्रदेश में पार्टी के काम से गए विधायक अंकुर राज तिवारी ने अपने सहयोगियों को धरना पर बैठे छात्र नेताओं के पास भेजा। विधायक ने कालेज प्रशासन के साथ ही जिलाधिकारी संदीप कुमार से भी बात की। उसके बाद छात्रों को भरोसा देकर आंदोलन खत्म कराया।

# गैर इरादतन हत्यारोपित की जमानत अर्जी खारिज

**जासं, संतकबीरनगर** : जिला व सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा ने मंगलवार को गैर इरादतन हत्या के एक मामले में आरोपित की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

दुधारा थानाक्षेत्र के कड़जा गांव निवासी सुखा देवी ने मुकदमा दर्ज कराते हुए कहा कि तीन अगस्त को उनके पति चाय की दुकान पर गए थे। थोड़ी ही देर में उन्हें सूचना मिली कि उनके पति व लड़की को गांव का ही चंद्रकेश पटककर मार रहा है। दौड़ कर जब वह वहां गई तो देखा कि उनके पति जमीन पर पड़े हुए हैं और लड़की रो रही है। वह लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल ले गई। उनकी मृत्यु हो गई। न्यायालय ने अभियोजन व बचाव पक्ष के दलीलों को सुनने तथा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत आरोपित चंद्रकेश की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

# युवती से दुष्कर्म के आरोपित को भेजा जेल

**जासं, संतकबीर नगर** : कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने युवती से दुष्कर्म के आरोपित को मंगलवार को कटहवा मोड़ के पास से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। एक गांव की युवती ने थाने में दी तहरीर में उल्लेख किया था कि गोरयाभार गांव निवासी मनोज कुमार ने कुछ दिन पूर्व उसे प्रेम जाल में फंसाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। कोतवाली प्रभारी सर्वेश राय ने बताया कि इस मामले में

- पुलिस ने आरोपित को कटहवा मोड़ के पास से किया गिरफ्तार
- आरोपित पर दुष्कर्म, मारपीट, एसएसी-एक्ट के तहत मुकदमा

आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म, मारने-पीटने, जान-माल की धमकी देने, एसएसी-एसटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज किया था।

# आठ स्थानों पर लगवाए गए 30 सीसी कैमरे

संतकबीर नगर : आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जनपद की पुलिस ने जनसहयोग से मंगलवार को आठ स्थानों पर 30 सीसी कैमरे लगवाए। इसमें कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक स्थान पर 16, दुधारा पुलिस ने एक स्थान पर चार, धनघटा पुलिस ने चार स्थानों पर चार, मेंहदावल पुलिस ने एक स्थान पर पांच, बेलहरकला पुलिस ने एक स्थान पर एक सीसी कैमरे लगवाए। इन थानों की पुलिस ने सीसी कैमरा लगवाने वाले व्यक्तियों को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि जनपद के अन्य लोग भी ऐसे व्यक्तियों से प्रेरणा लें। वे भी अपने-अपने घरों, कालोनियों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसी कैमरे जरूर लगवाएं। कम से कम एक सीसी कैमरे से सड़क की गतिविधियों पर भी निगरानी रखें। जिससे असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर लगाम लगाया जा सके। उनके इस प्रयास से कानून व्यवस्था बेहतर करने में मदद मिलेगी। (विज्ञप्ति)

# 'पीड़ितों की मानवीय संवेदना से करें मदद'

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने 18 दिवसीय फ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण होने पर 17 पुलिस कर्मियों को प्रमाण पत्र दिया। एसपी ने बताया कि आपातकालीन सेवा यूपी-112 परियोजना के अंतर्गत पुलिस लाइन में 11 से 29 अगस्त तक संचालित 18 दिवसीय फ्रेशर कोर्स में 17 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को यूपी-112 में प्रयुक्त विभिन्न तकनीकों का परिचय, मानव मूल्य, संचार व बातचीत कौशल आदि महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

एसपी ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कर्मियों को जनसेवा की भावना से पीड़ित के साथ मानवीय संवेदना रखते हुए तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। संवाद



मंगलवार को एसपी को राखी बांधतीं कूडी लाल रूंगटा सरस्वती विद्या मंदिर की छात्राएं। संवाद

# एसपी को छात्राओं ने बांधी राखी

संतकबीरनगर। रक्षाबन्धन पर्व पर कूडीलाल रूंगटा सरस्वती विद्या मंदिर की छात्राओं ने डीएम और एसपी को राखी बांधी। एसपी ने छात्राओं को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने छात्राओं में मिष्ठान का वितरण किया। मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत शक्ति दीदी योजना से महिला सशक्तिकरण के विभिन्न प्रयासों के संबंध में जानकारी दी। छात्राओं ने एडीएम, एएसपी, सीओ, एसडीएम, कोतवाल को भी राखी बांधी। इस दौरान प्रधानाचार्य राकेश कुमार अग्रहरि समेत अन्य मौजूद रहे। संवाद

# दुष्कर्म का आरोपी भेजा गया जेल

संतकबीरनगर। महुली पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को मंगलवार को महुली कस्बे से गिरफ्तार किया। एसओ भगवान सिंह ने बताया कि आरोपी ने युवती से दुष्कर्म किया था।

इस मामले में आरोपी पर दुष्कर्म और एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर तलाश की जा रही थी। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया। संवाद

# महाराजगंज का युवक धनघटा में हुआ ठगी का शिकार

## विदेश भेजने के नाम पर गंवा बैठा चार लाख रुपये

संवाद न्यूज एजेंसी

**धनघटा।** महाराजगंज जिले के निवासी युवकों से विदेश भेजने के नाम पर धनघटा में रहने वाला ठगों का गिरोह चार लाख रुपये ऐंठ कर फरार हो गया। मंगलवार को पीड़ित युवक धनघटा थाने पर पहुंचकर प्रार्थना पत्र देकर ठगी का शिकार करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

महाराजगंज जिले के घुघुली थाना क्षेत्र के चौमुखा गांव निवास कमलाकर पांडेय पुत्र सुधाकर पांडेय, युधिष्ठिर मिश्रा पुत्र कृष्ण मुरारी मिश्रा, प्रेम शंकर प्रसाद, दयाशंकर प्रसाद पुत्र गण स्वर्गीय दधिबल प्रसाद समेत विभिन्न स्थानों के रहने वाले 10 लोगों ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया।

जिसमें कहा कि धनघटा क्षेत्र के उमरिया बाजार निवासी युवक धनघटा में कार्यालय खोलकर अपने सहयोगियों के साथ विदेश भेजने के नाम पर लोगों का साक्षात्कार लेते थे। वो लोग भी उसके कार्यालय पर पहुंचे तो उन्होंने चालीस-चालीस हजार रुपये अपने बैंक खाते में जमा करने के लिए कहा।

आरोप है कि बैंक खाता एक महिला के नाम पर संचालित होता है। उसी के खाते में इन 10 युवकों ने 40 -40 हजार रुपये जमा कर दिए। रुपये लेने के बाद आरोपी ने सभी युवकों की 22 अगस्त 2023 को तीन सितंबर के लिए हवाई जहाज टिकट रिजर्व करवाया और अगले ही दिन यानि 23 अगस्त को सभी टिकटों को निरस्त करा दिया।

टिकट निरस्त होने के बाद घबराए युवक धनघटा के बकौली के पास स्थित उसके कार्यालय पर जब पहुंचे तो कार्यालय पर ताला लटक रहा था। अगल-बगल के लोगों से युवकों ने जब इस बाबत जानकारी ली तो पड़ोस के लोगों ने बताया कि यह लोग कार्यालय बंद करके कई दिनों से लापता हैं।

एसओ संतोष मिश्रा ने बताया कि इस मामले का जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# चुनाव नहीं कराएगा प्रशासन, विधायक के आश्वासन पर माने छात्र, धरना खत्म

## करीब एक घंटे तक छात्र नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच चली वार्ता



एचआरपीजी कॉलेज में छात्र संघ चुनाव को लेकर कलक्ट्रेट में छात्र नेताओं से वार्ता करते एडीएम जय प्रकाश और एएसपी। संवाद



एचआरपीजी कॉलेज के गेट पर धरना देते छात्र। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** एचआरपीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव कराने के लिए धरने पर बैठे छात्रों को मंगलवार को पुलिस ने कलक्ट्रेट लाकर अधिकारियों से वार्ता कराई। इस दौरान दोनों पक्षों ने अपने अपने तर्क दिए। बाद में एडीएम जय प्रकाश और एएसपी संतोष कुमार सिंह ने फिलहाल फोर्स उपलब्ध न होने की बात कहकर चुनाव कराने से मना कर दिया।

छात्रों को नवंबर में चुनाव कराने का भरोसा दिया। देर शाम विधायक ने वीडियो कॉल कर छात्रों को आश्वासन दिया कि प्रदेश में कहीं भी छात्रसंघ का चुनाव होगा तो यहां भी चुनाव कराया जाएगा। विधायक के आश्वासन पर छात्र मान गए और धरना समाप्त कर दिया।

एचआरपीजी कॉलेज के छात्र नेताओं ने सोमवार को प्राचार्य को उनके कक्ष में बंद कर बाहर से ताला लगा दिया था। प्राचार्य दो घंटे तक कैद रहे। उसके बाद छात्रनेता कॉलेज गेट पर धरने पर बैठ गए थे। देर रात तक चुनाव के लेकर कोई निर्णय नहीं हो पाया। पूरी रात छात्र नेताओं ने कॉलेज गेट पर धरना दिया। मंगलवार को छात्र नेताओं को वार्ता के लिए कलक्ट्रेट बुलाया गया।

बैठक में एडीएम जय प्रकाश, एएसपी संतोष सिंह, एसडीएम शैलेश दुबे, सीओ दीपांशी राठौर, प्राचार्य प्रोफेसर ब्रजेश त्रिपाठी मौजूद रहे। छात्र नेता अभिषेक सिंह, पंकज चौधरी, उज्ज्वल आदि ने चुनाव कराने पर जोर दिया। एडीएम ने कहा कि अभी ऐसा कहीं कोई आदेश नहीं आया है। जिले में फोर्स की कमी है, जिससे अभी चुनाव कराया जाना संभव नहीं है। इसके बाद भी छात्रनेता नहीं माने और चुनाव कराए जाने की मांग पर अड़े रहे। छात्र नेता वापस कॉलेज गेट पर धरने पर बैठ गए।

### प्रशासन ने फोर्स उपलब्ध न होने की बात कही, नवंबर में चुनाव कराने का दिया भरोसा

*वर्तमान समय में छात्रसंघ चुनाव कराना संभव नहीं है। प्रशासन के पास फोर्स उपलब्ध नहीं है। यह बात छात्र नेताओं को बता दी गई है। अगर किसी जिले में चुनाव होता है तो यहां पर भी नवंबर में चुनाव कराया जा सकेगा। –जय प्रकाश, एडीएम*

*जिला प्रशासन के अधिकारी और छात्र नेताओं के बीच वार्ता हुई है। प्रशासन फोर्स न होने की वजह से चुनाव कराने से मना कर दिया है। छात्र नेता कॉलेज का सहयोग करें और पठन पाठन पर ध्यान दें। चुनाव के लिए कोई निर्देश आएगा तो जरूर कराया जाएगा। –प्रोफेसर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, प्राचार्य, एचआरपीजी कॉलेज*

### देर शाम विधायक ने वीडियो कॉल कर समाप्त कराया धरना

एचआरपीजी कॉलेज गेट पर धरने पर बैठे छात्र नेताओं का धरना मंगलवार की शाम विधायक अंकुर राज तिवारी ने वीडियो कॉल कर समाप्त कराया। मध्य प्रदेश में मौजूद विधायक ने वीडियो कॉल के माध्यम से छात्र नेताओं को आश्वासन दिया कि अगर प्रदेश के किसी भी महाविद्यालय में चुनाव होगा तो एचआरपीजी कॉलेज में चुनाव कराया जाएगा। उन्होंने इस मामले में डीएम से भी बात की। विधायक ने कहा कि छात्र नेताओं के साथ अन्याय नहीं होगा।

### कॉलेज में लगातार पढ़ाई हो रही प्रभावित

एचआरपीजी कॉलेज का संचालन एक जुलाई से शुरू हुआ। तभी से छात्र नेता चुनाव की मांग कर रहे हैं। छात्र नेताओं ने जुलाई में चुनाव के लिए काफी हंगामा किया था। इसके साथ ही गमलों आदि को तोड़ दिया था। उससे कॉलेज का काफी नुकसान हुआ था। तभी से प्रतिदिन छात्र नेता परिसर में हंगामा कर रहे है और चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इससे कॉलेज में पढ़ाई प्रभावित हो गई है। अगस्त के प्रथम सप्ताह में घोषित परिणाम में स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर में कुछ छात्र फेल भी हो गए थे। उस समय भी हंगामा हुआ था। बाद में उन छात्रों को अगली कक्षाओं में प्रोन्नति दी गई।

# बालिका से छेड़खानी करने वाले पर केस

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली बालिका से गांव के ही आरोपी ने छेड़खानी की।

पीड़ित परिजनों का आरोप है कि आरोपी ने आठ साल की बालिका को लालच देकर बुलाया और उससे छेड़खानी की। कोतवाल ने बताया कि इस मामले में आरोपी पर छेड़खानी का केस दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है। संवाद

# साक्ष्य के अभाव में मारपीट के आरोपी चाचा-भतीजा दोषमुक्त

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट दिनेश प्रताप सिंह ने मारपीट के मामले में आरोपी बनाए गए चाचा-भतीजा को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अफरोज अख्तर ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के पडोखर निवासी जोखू प्रसाद ने तहरीर दी थी। जिसमें कहा कि 19 फरवरी 2009 को सुबह सात बजे

**एससी-एसटी एक्ट में दाखिल हुई थी चार्जशीट**

**मेड काटने के विवाद को लेकर हुई थी मारपीट**

वह अपने खेत में नित्य क्रिया के लिए गए थे। जहां देखा कि उसके खेत की उत्तर दिशा के मेड को काट कर पतला कर दिया गया है। पूछने पर पता चला कि गांव के राम प्रसाद यादव ने उसके मेड को तोड़ दिया है। उसने राम प्रसाद यादव के घर शिकायत की।

आरोप है कि राम प्रसाद ने उसे जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया। विरोध करने पर राम प्रसाद, पन्नेलाल, सुभाष, दुर्विजय उसे दौड़ने लगे। वह दौड़कर अपने घर में घुस गया। आरोपी उसके घर में घुस गए लाठी डंडे से उसे और उसकी बेटी के साथ मारपीट की। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट थाने में दर्ज हुई।

विवेचक ने विवेचना के बाद मारपीट और एससी-एसटी का आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। कोर्ट ने साक्ष्य के आधार पर आरोपी बनाए गए राम प्रसाद यादव व पन्ने लाल यादव को साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए कोर्ट ने आरोपी चाचा-भतीजा को दोषमुक्त कर दिया। साथ ही वादी मुकदमा जोखू प्रसाद के विरुद्ध न्यायालय ने नोटिस भी जारी करने का आदेश दिया है।

# कोर्ट ने की गैर इरादतन हत्या के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**संतकबीरनगर।** सत्र न्यायधीश अनिल कुमार वर्मा प्रथम ने गैर इरादतन हत्या के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि दुधारा क्षेत्र के कडजा निवासी सुखा देवी के पति तीन अगस्त को करीब 8 बजे रात को चाय की दुकान पर चले गए। थोड़ी देर में सूचना मिली कि उसके पति छोटेलाल और उनकी लड़की को गांव का ही चंद्रकेश पटक-पटक कर मार रहा था। भाग कर वह गई तो उसके पति जमीन पर पड़े थे और लड़की रो रही थी। लोग घायल पति को अस्पताल ले गए व इलाज कराया। दवा के दौरान उसके पति के पेट में तेज दर्द होने के कारण मृत्यु हो गई। मामले में मृत्यु से पूर्व थाने पर सूचना मृतक छोटेलाल ने ही दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के पेट में बड़ी आंत फटने की रिपोर्ट आई। जिसके आधार पर गैर इरादतन हत्या की धारा की बढ़ोतरी की गई। आरोपी चंद्रकेश ने जमानत अर्जी सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा प्रथम के न्यायालय में प्रस्तुत किया। जिसका जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ने विरोध किया। संवाद

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने युवती से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को मंगलवार को कटहवा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। एसएसआई हरिकेश भारती ने बताया कि आरोपी ने युवती को प्रेमजाल में फंसाकर दुष्कर्म किया। साथ ही उसको जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। इसी मामले में केस दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी।

सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया। संवाद

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-30-08-2023

# स्टेशन पर चौकसी बढ़ाने के निर्देश

गोंडा। मदुरै में ट्रेन हादसे के बाद रेलवे में चौकसी बढ़ा दी गई है। आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम गठितकर जवानों को सभी प्लेटफार्म पर निगरानी के लिए तैनात किया गया है। टीम को किसी संदिग्ध वस्तु के मिलते ही तत्काल अधिकारियों को सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं।

स्टेशन पर कैमरे से मानीटरिंग की जा रही है। मदुरै स्टेशन पर हुई घटना से सबक लेते हुए रेलवे अधिकारियों ने स्टेशनों पर चौकसी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर मंडल वाणिज्य निरीक्षक एसके मिश्रा, आरपीएफ निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह, जीआरपी निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह सहित निरीक्षकों की संयुक्त टीम बनाई गई है। संयुक्त टीम स्टेशन के सभी प्लेटफॉर्म का जायजा ले रही है। इसके अलावा ट्रेन आने पर भी बराबर चेकिंग की जा रही है।

# रोडवेज कर्मियों पर दर्ज केस होगा खत्म

**फैसला**

- एसपी संग त्रिपक्षीय वार्ता के बाद रोडवेज की सीज बस अवमुक्त
- रोडवेज बस स्टेशन के पास अवैध वाहनों पर कसेगा शिकंजा

गोण्डा, संवाददाता। रोडवेज कर्मियों पर दर्ज मुकदमा 10 में खत्म करने और सीज की गई रोडवेज अवमुक्त करने का फैसला होने पर मंगलवार को रोडवेज कर्मियों ने अपना कार्य बहिष्कार वापस ले लिया। रोडवेज कर्मियों ने पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कार्य बहिष्कार करने का ऐलान किया था।

एसपी अंकित मित्तल की अध्यक्षता में हुई बैठक में रोडवेज डिपो के आसपास सड़क पर प्राइवेट वाहनों के संचालन पर रोक लगाने पर भी सहमति बनी है। समझौते के बाद रोडवेज यूनियन के पदाधिकारियों ने बसों के संचालन बहाल रखने का फैसला किया है। रोडवेज के संगठनों के पदाधिकारियों के संयुक्त रूप से कार्य बहिष्कार के ऐलान के बाद मंगलवार सुबह क्षेत्रीय प्रबंधक अंकुर विकास गोंडा डिपो पहुंचे। उन्होंने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक कपिल देव और सीझी कर्मचारियों के साथ बैठकर वार्ता की। इसके बाद एआरएम, कर्मचारी पदाधिकारियों की एसपी के साथ बैठ हुई। इसमें रोडवेज कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने पुलिस कार्रवाई को अनुचित बताया है। साथ ही स्टेशन के आसपास प्राइवेट बसों के संचालन का मामला भी उठाया। वार्ता के बाद एसपी के निर्देश पर रोडवेज की सीज बस को अवमुक्त कर दिया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक अंकुर विकास ने बताया कि रोडवेज कर्मियों पर दर्ज प्राथमिकी 10 दिन में खत्म करने पर सहमति बनी है। साथ ही रोडवेज डिपो के आसपास मार्ग पर अब प्राइवेट बस व अन्य वाहन सवारियां नहीं बैठा सकेंगे । इस फैसले के बाद सभी कर्मचारी काम पर लौट आए हैं।



मंगलवार को रोडवेज बस स्टेशन के सामने खड़े कर्मचारी।

## 88 साल के हैं पूर्व विधायक, महिला अस्पताल की चिकित्सक की तहरीर पर दर्ज की गई रिपोर्ट

# भाजपा के पूर्व विधायक पर मुकदमा दर्ज

**कार्रवाई**

गोण्डा, संवाददाता। भाजपा के वयोवृद्ध पूर्व विधायक के खिलाफ नगर कोतवाली में सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने और लोकसेवक को भय दिखाकर काम कराने के आरोप में मुकदमा लिखा गया है। यह मुकदमा जिला महिला अस्पताल की चिकित्सक की तहरीर पर लिखा गया है। मुकदमा लिखे जाने के बाद सियासत गर्मा गई है। पूर्व विधायक ने राष्ट्रीय अध्यक्ष व मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर डाक्टर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। वहीं भाजपाइयों में इस कार्रवाई को लेकर गुस्सा भी देखने को मिल रहा है।

मामला यह है कि दो बार सदर विधानसभा से भाजपा के विधायक रह चुके 88 वर्षीय पूर्व विधायक तुलसीदास राय चंदानी 25 अगस्त को रुद्रपुर बिसेन निवासी शेखर सिंह पुत्र रमेश सिंह की पत्नी की डिलीवरी कराने की सिफारिश में गए थे। इस दौरान उनकी चिकित्सक डा. रश्मि से कहासुनी हो गई थी। इसके बाद महिला डाक्टर ने पूर्व विधायक पर कई आरोप लगाते हुए नगर कोतवाली में तहरीर दी थी। डाक्टर की तहरीर पर पुलिस ने पूर्व विधायक के विरुद्ध कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

> “ प्राइवेट वार्ड के लिए रुपया मांगने का आरोप निराधार है। डॉ. रश्मि ऐसी डॅक्टर नहीं हैं। निर्धारित शुल्क जमा करने पर मरीजों को प्राइवेट वार्ड उपलब्ध होता है।
>
> डॉ. शालू महेश, सीएमएस

### सीएम के समक्ष उठेगा मुद्दा

गोंडा। तुलसीदास राय चंदानी के खिलाफ नगर कोतवाली में डाक्टर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने का मामला बुधवार को सीएम के समक्ष भी उठाया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप ने बताया कि विधायकों और पदाधिकारियों के साथ पूरे मामले की शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की जाएगी।

**इन धाराओं में दर्ज किया गया पूर्व विधायक पर मुकदमा :** नगर कोतवाली पुलिस ने अपराध संख्या 762 / 2023 के अंतर्गत धारा 332, 353, 323, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। नगर कोतवाल संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि डाक्टर की तहरीर पर मुकदमा लिखा गया है।

**मामले पकड़ा तूल, प्रसूता के पति ने दी तहरीर :** पूर्व विधायक पर मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया है। अब प्रसूता सपना सिंह के पति शेखर सिंह ने भी नगर कोतवाली में तहरीर दी है। तहरीर में आरोप लगाया है कि महिला चिकित्सक ने प्रसूता को प्राइवेट वार्ड दिए जाने के लिए पांच हजार रुपए की मांग की थी। सरकारी फीस देने को तैयार रहने के बावजूद भी प्राइवेट वार्ड के लिए रुपए की मांग की जाती रही। यही नहीं डाक्टर की एक महिला सहयोगी ने सुरक्षित डिलीवरी के लिए भी पांच हजार रुपए की मांग की। डिलीवरी व प्राइवेट वार्ड के लिए रुपया न देना पड़े इसलिए उसने पूर्व विधायक से याचना करके अस्पताल बुलाया था। पूर्व विधायक के अस्पताल से जाने के बाद डाक्टर ने किसी सांसद विधायक के से न डरने और किसी से यह बात बताने पर मुकदमा दर्ज कराकर जेल भेजवाने की धमकी दी थी। मामले की शिकायत सीएमओ से भी की गई है।

### पुलिस गिरफ्तार कर ले, माफी नहीं मांगूगा...

गोण्डा। वहीं दूसरी ओर इस मामले में मुकदमा लिखे जाने से आहत पूर्व विधायक तुलसीदासराय चंदानी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष व मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने 1991, 1993 में विधायक रहने के साथ ही जिलाध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर रहकर पार्टी की सेवा करने का हवाला दिया है। यही नहीं उन्होंने अपनी उम्र 88 साल होने और आज भी कार्यकर्ताओं के लिए सेवा भाव से मदद करने का भी उल्लेख किया है। पत्र में अपनी व्यथा बताते हुए कहा है कि प्राइवेट वार्ड के लिए रुपए की मांग की गई तब उन्हें जाना पड़ा। अस्पताल से लौटने के एक दिन बाद पुलिस ने सूचना दी कि डाक्टर ने तहरीर दी है, उच्चाधिकारियों का निर्देश है कि मुकदमा लिखा जाए, इसलिए आप डाक्टर से माफी मांग लें। उन्होंने कहा कि मैंने डाक्टर के विरुद्ध कोई अभद्र टिप्पणी नहीं की है। भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाने पर मुझे अपराधी बनाने की कोशिश की गई है। उन्होंने मांग की है कि मामले की जांच कराई जाए, पुलिस चाहे तो गिरफ्तार कर ले लेकिन मै भ्रष्टाचार में लिप्त डाक्टर से माफी नहीं मांगूगा।



तुलसीदास राय चंदानी, पूर्व विधायक

> “ पूर्व विधायक कार्यकर्ता के लिए महिला अस्पताल गए थे, जो बुजुर्ग होने के कारण ठीक से चल व बोल भी नहीं पाते वह क्या लाठी चलाएंगे। इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। डॉक्टर के विरुद्ध जांच करके कार्रवाई करनी चाहिए।
>
> –अमर किशोर कश्यप, जिलाध्यक्ष, भाजपा

# आरोपी गिरफ्तार

उमरी बेगमगंज। थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार को हुए महिला के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष संजीव वर्मा ने बताया कि आरोपी ऋषिकेश यादव निवासी गोपालपुर मौजा परास पट्टी पुरवार थाना उमरी बेगमगंज को पकड़ा गया

# सीएम योगी आज गोंडा आएंगे

## तैयारी



.सीएम के दौरे के मद्देनजर चचरी पाल्हापुर में डीएम और एसपी ने लिया जायजा।

करनैलगंज, संवाददाता। बुधवार को दोपहर तीन बजे बाढ़ क्षेत्र का जायजा लेने एक दिवसीय दौरे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित दौरे को लेकर डीएम नेहा शर्मा, एसपी अंकित मित्तल सहित अन्य अधिकारियों ने मंगलवार दोपहर बाद चचरी पल्हापुर का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने युद्ध स्तर पर कार्य कराकर सीएम की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। डीएम नेहा शर्मा ने मुख्यमंत्री के चचरी करनैलगंज आने को लेकर हेलीपैड स्थल सहित अन्य जगहों का दौरा किया। इस दौरान मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। डीएम ने हर हाल में एक दिन के अंदर ही कार्य निपटा लेने की संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया तथा प्रगति कार्यो में तकनीकी समस्याओं से भी अवगत कराने की बात कही। बाढ़ चौकी पल्हापुर के सुंदरीकरा कार्य को पूर्ण कराने का कार्य जोर-शोर से जारी हो गया है। 12 घंटे के भीतर व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त करना किसी चुनौती से कम नहीं है।

# जिले में शांति और व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

## निर्देश

परसपुर/धानेपुर/खरगूपुर, हिटी। थाना परिसर में मंगलवार को थानाध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में क्षेत्रीय ग्राम प्रधान सहित दो समुदाय के दर्जनों प्रबुद्धजन शामिल हुए। एसओ शेषमणि पाण्डेय ने सभी पर्वो को सौहार्दपूर्ण व परम्परागत तरीकी से मनाने की अपील की। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष वासुदेव सिंह, हेड कांस्टेबल राघवेंद्र शाही, एसआई दिनेश सिंह , तेज प्रताप सिंह , एसएसआई सभाजीत सिंह , उदयभान सिंह, जुबेर अहमद व राजाबाबू आदि रहे।

खरगूपुर में थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा कि सभी समुदाय के लोग आपस में मिलजुल कर आगामी त्योहार मनाएं। शांति-व्यवस्था भंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। खरगूपुर नगर पंचायत अति संवेदनशील प्लस श्रेणी में है, यहां त्योहारों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। बैठक में गुद्गुद मिश्रा, ब्रजेन्द्र शुक्ला मौजूद थे।

# चेन स्नेचिंग गिरोह की दो महिलाएं पकड़ीं

गोण्डा, संवाददाता। नगर कोतवाली पुलिस ने मंगलवर को महिला चेन स्नेचिंग गिरोह का पर्दाफाश किया। पुलिस ने गिरोह की दो महिलाओं को भी गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से सोने की चेन बरामद हुई है।

गत 28 अगस्त को विनोद कुमार सिंह निवासी ग्राम माथेपुर पोस्ट बनकटवा देहात थाना वजीरगंज द्वारा कोतवाली नगर में चेन स्नैचिंग की घटना के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज करवाया गया था। पुलिस की टीम ने गीता देवी और गुड्डी देवी निवासी ग्राम कोहरी कोहरा थाना गोला बाजार जिला गोरखपुर को गिरफ्तार किया है।

# मुझे गोली मत मारो की तख्ती लेकर थाने पहुंचा आरोपी

- छात्र से बाइक लूट में वांछित था बस्ती का युवक
- पुलिस आरोपी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई में जुटी

छपिया, संवाददाता। मै अंकित वर्मा पुत्र लक्ष्मन आत्मसमर्पण करने आया हूं मुझे गोली मत मारोह्व तख्ती पर लिखकर बाइक लूट के मामले में वांछित आरोपी ने मंगलवार को थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। उसने पुलिस से खुद की गिरफ्तारी की गुहार लगाई।

मंगलवार को अंकित वर्मा पुत्र लक्ष्मन निवासी गांव धरमपुर थाना परशुराम जिला बस्ती हाथ में तख्ती लेकर थाने पहुंचा। उसने पुलिस से कहा कि मैं खुद आत्मसमर्पण कर रहा हूं। पुलिस की दबिश से तंग हो चुका हूं, अब बर्दाश्त नहीं हो रहा है। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा और चौकी प्रभारी मसकनवा राजेश कुमार द्विवेदी ने लूट के आरोपी पर लगातार दबिश डाल कर दबाव बनाया था। इससे घबराए आरोपी ने खुद थाने में आत्मसमर्पण किया। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि क्षेत्र के पिपरही पुल जंगल के पास बाइक की लूट की घटना में आरोपी की तलाश थी। इस संबंध में अमर जीत पुत्र इंद्र बहादुर निवासी वन टांगिया महुलीखोरी ने लूट का मुकदमा दर्ज कराया था। 20 फरवरी को वह मनकापुर से बोर्ड की परीक्षा देकर वापस घर आ रहा था। गांव के निकट पिपरही पुल के पास पीछे से दो व्यक्ति आए और गाड़ी ओवरटेक करके बाइक के सामने अपनी बुलेट खड़ी कर दी।



मंगलवार को छपिया थाने में हाथ में तख्ती लेकर आरोपी ने किया आत्मसमर्पण।

# जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

छपिया। थाना पुलिस ने जानलेवा हमला करने के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया है। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि आरोपी अंकित कुमार तालागंज को शेखापुर से गिरफ्तार किया गया। उप निरीक्षक चंद्रशेखर प्रकाश सिंह की अगुवाई वाली टीम ने कार्रवाई की है।

# अवैध शराब के साथ आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

वजीरगंज। डुमरियाडीह पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत खिरिया निवासी श्याम बिहारी पुत्र बहाऊ निवासी मजरा बनपुरवा को एक प्लास्टिक की पिपिया में दस लीटर अवैध शराब के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# दो गांवों में पांच सीसीटीवी कैमरे लगवाए

वजीरगंज। थानाक्षेत्र में ऑपरेशन त्रिनेत्र व दृष्टि के तहत पुलिस ने ग्राम पंचायत चौखट में दो व ग्राम पंचायत परसापुर महडौर के प्रधान साहिद ने भवन परसापुर महडौर में तीन सीसीटीवी कैमरे लगवाए। एसओ अभय सिंह ने कैमरा लगवाने वाले लोगों को सम्मानित करने के साथ-साथ इससे होने वाले फायदे गिनाए।

# दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा

गोण्डा। नगर कोतवाली पुलिस ने लड़की को बहला-फुसला कर भगाने व दुष्कर्म करने के आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान मथुरा चौबे निवासी रिंकू उर्फ सूरज के रूप में हुई है। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। आरोप है कि आरोपी नगर क्षेत्र की रहने वाली लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था तथा उसके साथ शोषण किया था। इसके सम्बन्ध में पीड़िता की मां द्वारा मुकदमा दर्ज करवाया गया था।

**दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार:** उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार को हुए महिला के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष संजीव वर्मा ने बताया कि आरोपी ऋषिकेश यादव पुत्र इंद्र बहादुर यादव निवासी गोपालपुर मौजा परास पट्टी पुरवार थाना उमरी बेगमगंज को बहादुरपुर चौराहे के पास गिरफ्तार करके न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

# महिला चिकित्सक से अभद्रता में पूर्व भाजपा विधायक पर केस खत्म

## डाक्टर पर वसूली का आरोप, दोनो पक्ष आमने-सामने

संसू, गोंडा : पूर्व भाजपा विधायक तुलसीदास राय चंदानी व महिला अस्पताल की डा.रश्मि शर्मा के बीच विवाद में देर रात नाटकीय परिवर्तन देखने को मिला। दबाव बनाकर सुलह कराने का आरोप लगाने के बाद महिला चिकित्सक डा.रश्मि शर्मा की तहरीर पर नगर कोतवाली पुलिस ने भाजपा के पूर्व विधायक तुलसीदास राय चंदानी के खिलाफ नगर कोतवाली मुकदमा दर्ज किया और देर रात उसे समाप्त कर दिया। कोतवाल संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपों की पुष्टि न होने पर अंतिम रिपोर्ट लगा विवेचना समाप्त कर दी है।

**महिला चिकित्सक के खिलाफ तीमारदार ने दी तहरीर** : पूर्व विधायक पर मुकदमा दर्ज होने के बाद अब महिला चिकित्सक डा.रश्मि शर्मा पर भी आरोप लगे हैं। तीमारदार रुद्रपुर विसेन के शेखर सिंह ने नगर कोतवाल व सीएमओ को भेजे शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि पत्नी सपना सिंह महिला अस्पताल में प्रसव के लिए गई थी डा.रश्मि शर्मा के सहयोगी ने पांच हजार रुपये मांगे। इस पर उसने पूर्व विधायक तुलसीदास राय चंदानी को फोन कर प्रसव के लिए रुपये छुड़वाने व प्राइवेट वार्ड का शुल्क माफ कराने की मांग की। पूर्व विधायक पहुंचे और वह रुपये लेने के बावत जानकारी ले रहे थे चिकित्सक डा.रश्मि उठकर अंदर चली गई। इसके बाद चिकित्सक ने उसे धमकी भी दी कि किसी सांसद और विधायक से नहीं डरती।



### तुलसीदास रायचंदानी ने मुख्यमंत्री से की कड़ी कार्रवाई की मांग

पूर्व विधायक तुलसीदास रायचंदानी ने महिला अस्पताल की चिकित्सक डा.रश्मि शर्मा पर प्राइवेट वार्ड देने के लिए पांच हजार रुपये मांगने समेत कई गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग मुख्यमंत्री से की है। उन्होंने कहा कि डा.रश्मि पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम का मुकदमा किया जाय। पूरे प्रकरण की जांच शासन से स्तर से गठित टीम द्वारा कराई जाय। इस जांच में दोषी मिलने पर मैं स्वयं अपनी गिरफ्तारी का आश्वासन देता हूं। चेतावनी दी कि पुलिस चाहे मुझे गिरफ्तार कर ले, पर मैं भ्रष्टाचार की जननी से माफी नहीं मांग सकता हूं।

# एसपी के आश्वासन पर रोडवेज कर्मियों का आंदोलन स्थगित

संसू, गोंडा : रोडवेज कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में मंगलवार की रात 12 बजे से चक्का जाम करने की चेतावनी के बाद प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय हुए। पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल से संयुक्त मोर्चा व अधिकारियों ने त्रिपक्षीय वार्ता की। क्षेत्रीय प्रबंधक देवीपाटन क्षेत्र ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि एसपी के आश्वासन पर रोडवेज कर्मियों ने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया है।

संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने कर्मचारियों पर लिखे गए मुकदमा को वापस लिए जाने व नगर कोतवाल को हटाने की मांग को लेकर अधिकारियों को पत्र लिखा था। चेतावनी दी थी कि यदि मांग नहीं मानी गई तो मंगलवार की रात 12 बजे से चक्का जाम करेंगे। क्षेत्रीय प्रबंधक का कहना है कि पुलिस अधीक्षक ने गोंडा डिपो की सीज बस को अवमुक्त करने के साथ मुकदमे को दस दिन के अंदर निस्तारित करने का आश्वासन दिया है। लाल बहादुर शास्त्री चौराहा से रोडवेज तक, गुरुनानक चौराहा से बहराइच मार्ग तक कोई भी निजी वाहन (टैक्सी-बस) का न तो पड़ाव होगा और न ही सवारी बैठा सकेंगे। एसपी के आश्वासन पर आंदोलन स्थगित कर दिया गया है।

# दुष्कर्म आरोपितों की जमानत खारिज

संसू, गोंडा : विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट मोहम्मद नियाज अहमद अंसारी ने ग्राम परसौरा थाना मोतीगंज निवासी सुमित उर्फ भिंडी व मुहल्ला कटहरिया कोतवाली नगर निवासी साहिल का जमानत प्रार्थनापत्र निरस्त कर दिया हैं। विशेष लोक अभियोजक सुनील कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध अलग-अलग मामलों में किशोरी से दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज हुआ था।

# आत्मसमर्पण करने आया हूं... गोली मत मारो

## हाथों में तख्ती लेकर छपिया थाने पहुंचा लूट का आरोपी अंकित

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**मसकनवा (गोंडा)।** छह माह पूर्व परीक्षा देकर बाइक से लौट रहे छात्र से लूटपाट करने का आरोपी मंगलवार को हाथों में तख्ती लेकर थाने पहुंचा। बोला...आत्मसमर्पण करने आया हूं...मुझे गोली मत मारो। पुलिस ने गिरफ्तारी फर्द लिखकर उसे अदालत रवाना किया है।

छपिया थाना क्षेत्र के महुलीखोरी बन टांगिया गांव निवासी अमरजीत चौहान 20 फरवरी को मनकापुर स्थित कॉलेज में परीक्षा देने गया था। वहां से शाम छह बजे बाइक से घर लौट रहा था। गांव के समीप पिपरही पुल के पास पहुंचा था तभी पीछे से बुलेट बाइक से आए दो बदमाशों ने ओवरटेक कर रोक लिया। तमंचे के बल पर धमकाकर बाइक, मोबाइल व पर्स लूटकर दोनों बदमाश




छपिया थाने में तख्ती लेकर सरेंडर करने पहुंचा अंकित वर्मा। स्रोत: वीडियोग्रैब

भाग गए थे। अमरजीत चौहान ने थाना छपिया में दो अज्ञात बदमाशों के

### एसपी ने घोषित किया था 20 हजार रुपये इनाम, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

खिलाफ लूट व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही थी। आरोपी अंकित वर्मा पर एसपी ने 20 हजार रुपये पुरस्कार घोषित किया था।

इसी बीच मंगलवार को आरोपी अंकित वर्मा निवासी निवासी धर्मनगर, थाना परशुरामपुर, जिला बस्ती हाथों में तख्ती लेकर थाने पहुंचा। वह चीख रहा था कि- आत्मसमर्पण करने आया हूं, मुझे गोली मत मारो...। हाथों में लिए तख्ती पर भी उसने यही बात लिखी थी।

प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि लूट के आरोपी अंकित वर्मा को गिरफ्तारी फर्द लिखकर अदालत रवाना किया गया है।

# टीम के सामने विवाद

संसू, झंझरी (गोंडा) : मंगलवार को सीहा गांव में को कोटा चयन प्रक्रिया की जांच करने गए एडीओ आइएसबी वीरेंद्र सिंह व सचिव मुकेश कुमार राय के सामने ग्रामीणों के बीच विवाद शुरू हो गया। विवाद शुरू होते ही जांच करने गए अधिकारी वहां से निकल लिए और इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने ग्रामीणों को शांत कराया। एडीओ वीरेंद्र सिंह ने कहा कि कोटा चयन में धांधली की शिकायत की जांच करने वह गए थे। जांच के दौरान शिकायत कर्ता के न होने पर ग्रामीणों में कहा सुनी शुरू हो गई। इसके बाद वह वहां वापस आ गए। थानाध्यक्ष मोतीगंज कृष्ण गोपाल राय ने कहा कि सूचना मिली थी।

# सीबीआइ–एसआइटी पर भारी हैं जालसाज

संसू, गोंडा : विद्यालयों में शिक्षक-कर्मचारी पद पर तैनाती का मामला हो यह फिर 425 करोड़ रुपये के खाद्यान्न घोटाले का प्रकरण। फर्जीवाड़ा कर भूमि का बैनामा व वसीयत कराने की घटना हो या फिर समस्या के निस्तारण के लिए घूस मांगने की कार्रवाई। इन सब की जांच सीबीआइ, सीबीसीआइडी, राज्य विशेष अनुसंधान दल (एसआइटी) जैसी एजेंसियां कर रही हैं। इतनी जांच व कार्रवाई होने के बाद भी जालसाजों व घपलेबाजों पर कोई असर नहीं दिख रहा। इसका खामियाजा असहाय, गरीब पीड़ितों को भुगतना पड़ रहा है।

**मामलों पर एक नजर** : वर्ष 2004 में जिले में 425 करोड़ रुपये के खाद्यान्न घोटाले का मामला सामने आया था। इसकी जांच आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) को सौंपी गई थी। ईओडब्ल्यू की जांच में आरोपित पाए गए तत्कालीन जिला पंचायत अध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, बीडीओ, ब्लाक प्रमुख समेत कई कर्मी व कोटेदार जेल भेजे गए थे। न्यायालय के आदेश पर वर्ष 2010 में इसकी जांच सीबीआइ को दे दी गई। इसके बाद से सीबीआइ खाद्यान्न घोटाले की जांच अभी कर रही है। सीबीआइ जांच के दौरान भी जिले में कई खाद्यान्न घोटाले हुए। वर्ष 2018 में वजीरगंज में बड़े पैमाने पर खाद्यान्न पकड़ा गया था। इसकी जांच सीबीसीआइडी कर रही है।

कई विद्यालयों में अनियमित तरीके से अध्यापक व कर्मी पद पर तैनाती किए जाने का मामला सामने आया। भर्ती की जांच राज्य विशेष अनुसंधान दल (एसआइटी) को सौंपी गई। एक तरफ एसआइटी की जांच चलती रही वहीं एक शिक्षा माफिया ने 14 लोगों से विद्यालय में भर्ती कराने के नाम पर लाखों रुपये ले लिए। अब कई पीड़ित माफिया के घर का चक्कर काट रहे हैं। मई 2022 से जिले में भूमि बैनामा में फर्जीवाड़ा करने के मामले सामने आए। तत्कालीन डीआइजी के निर्देश पर आरोपितों पर मुकदमा लिखा गया। इसके बाद तो पीड़ितों की लंबी लाइन लग गई। भूमि बैनामा व वसीयत में किए गए फर्जीवाड़ा के मामले में गत एक वर्ष में 100 मुकदमे लिखे जा चुके हैं। इसकी जांच भी एसआइटी के साथ अपराध शाखा कर रही है। वहीं फर्जी शैक्षिक अभिलेख लगाकर शिक्षक की नौकरी हथियाने के में मामले लिखे गए 54 मुकदमों की जांच भी चल रही है। इन सब के बावजूद फर्जीवाड़ा व घपले की शिकायत थमने का नाम नहीं ले रहीं हैं।

---

**फॉलोअप**

**रंगेहाथ पकड़े जा चुके हैं घूसखोर**

गत 11 अगस्त को सदर तहसील परिसर से एंटी करप्शन टीम (भ्रष्टाचार निवारण संगठन) ने लेखपाल बैकुंठ नाथ तिवारी को दस हजार रुपये का घूस लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा था। तरबगंज तहसील में तैनात लिपिक/पेशकार संतोष रावत को एंटी करप्शन टीम ने पांच हजार रुपये घूस लेते हुए तरबगंज बस स्टाप के पास से गिरफ्तार किया था। घूस लेने व मांगने का आडियो व वीडियो प्रसारित होने पर कई लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, निरीक्षक, उपनिरीक्षक समेत 12 कर्मियों को निलंबित भी किया जा चुका है।

# दुष्कर्म आरोपित गिरफ्तार

संसू, गोंडा : नगर कोतवाल संजय कुमार गुप्त ने बताया कि किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपित रिंकू उर्फ सूरज को गिरफ्तार किया गया है। पीड़ित किशोरी की मां की तहरीर पर मुकदमा किया गया था। आरोप है कि गत जुलाई में किशोरी का अपहरण कर आरोपित ने दुष्कर्म किया था।

# नौ वर्ष बीते, नहीं मिली एफआइआर की प्रति

शिव प्रताप शुक्ल • गोंडा

- न्यायालय ने तलब की रिपोर्ट तो पुलिस की कार्यशैली हुई उजागर
- कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक के खिलाफ दिए कार्रवाई के निर्देश

नौ वर्ष से मारपीट के मुकदमे की विवेचना देहात कोतवाली की पुलिस कर रही है, लेकिन पीड़ित को एफआइआर की प्रति नहीं दी गई। यही नहीं, अपराध रजिस्टर में कोई कार्रवाई नहीं दर्ज है। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने इस मामले को अत्यंत गंभीर मानते हुए पुलिस अधीक्षक को कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक के विरुद्ध कार्यवाही के आदेश दिए हैं। मामला ग्राम इमलिया मिश्र के जरवलिया का है।

आठ अप्रैल 2014 को सरसो की मड़ाई के दौरान मुकेश मिश्र के घर गांव के ही कुछ दबंग आ धमके। अभद्रता करते हुए मारपीट करने लगे। इसमें मुकेश, उनके पिता रविंद्र कुमार व उसकी बहन प्रियंका घायल हो गए। पीड़ित व आरोपित दोनों पक्ष थाने गए। दूसरे पक्ष की ओर से पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पीड़ित घायलों का मेडिकल करा कर जेल भेज दिया। जमानत पर रिहा हुए पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से न्याय की गोहार लगाई, लेकिन कुछ नहीं हुआ। थकहारकर पीड़ित ने न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया। 25 मई 2014 को आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश हुआ। पुलिस ने 22 जून 2014 की सुबह 11 बजे मुकदमा दर्ज किया और उसी दिन अंतिम रिपोर्ट लगा दी।

रिपोर्ट क्षेत्राधिकारी सदर के कार्यालय पहुंची तो उन्होंने पुनः विवेचना के लिए आदेश दे दिया। इसके बाद विवेचना दोबारा शुरू हो गई। आठ वर्ष बीत जाने के बाद मामले में कोई कार्रवाई न होते देख पीड़ित मुकेश ने न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में दो दिसंबर 2022 को प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया। न्यायालय ने नौ जनवरी 2023 को कोतवाल को स्वयं हाजिर होकर रिपोर्ट देने का आदेश दिया, लेकिन कोतवाल हाजिर हुए और न ही कोई आख्या भेजी। न्यायालय ने 20 जनवरी 2023 को कोतवाल के विरुद्ध कार्रवाई का आदेश पुलिस अधीक्षक को देकर चार्जशीट मांगी, लेकिन इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद न्यायालय ने पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र को आदेश देकर न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराने व प्रकरण की प्रगति रिपोर्ट मांगी। इतना सब कुछ होने के बाद पुलिस महकमा हरकत में आया। पीड़ित को मुकदमा दर्ज करने की प्रति भी नौ साल बाद न मिलने पर न्यायालय ने नाराजगी जताई है। अधिवक्ता देवी बक्स मिश्र ने बताया कि कोतवाल ने न्यायालय में हाजिर होकर नौ वर्षो से की जा रही विवेचना के बारे में पूरी जानकारी दी। कोतवाल ने तत्कालीन विवेचकों के स्थानांतरण के बाद अपराध रजिस्टर में की गई कार्यवाही दर्ज न होने की बात भी स्वीकारी है।

जिले की महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

# शांति में खलल डालने वाले जाएंगे जेल

**खरगूपुर (गोंडा)।** रक्षाबंधन, जन्माष्टमी व चेहल्लुम को निर्विवाद रूप से संपन्न कराने के लिए मंगलवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा कि सभी समुदाय के लोग मिलजुल-कर त्योहार मनाएं। शांति व्यवस्था में खलल डालने वाले जेल जाने के लिए तैयार रहें। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन राजीव रस्तोगी, धर्मेंद्र कुमार मिश्र, लईक अहमद, साजिद खान, अफसर अली, संतोष श्रीवास्तव, नईम हाशमी, सूरज देवराज, मनीष सोनी मौजूद रहे। (संवाद)

# दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा।** पुलिस ने दुष्कर्म के दो आरोपियों को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी रिंकू उर्फ सूरज निवासी मथुरा चौबे को मंगलवार को उपनिरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म किया था। उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया था। उमरी बेगमगंज थानाध्यक्ष संजीव वर्मा ने बताया कि ऋषिकेश यादव निवासी गोपालपुर परास पट्टी पुरवार को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी के साथ दुष्कर्म किया था। (संवाद)

# महिला की पिटाई, केस

**मसकनवा (गोंडा)।** छपिया क्षेत्र की कुसमी गांव की शोभा देवी ने गांव के एक युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। इसमें कहा कि सोमवार शाम वह फसल की देखभाल के लिए खेत गई थी। जहां देखा कि गांव के दिनेश कुमार ने उसके खेत का पानी काट लिया। मना करने पर दिनेश ने उसे पीटा और जान से मारने की धमकी दी। छपिया इंस्पेक्टर सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। (संवाद)

# दुकानदार को पीटा, धमकाया

**रुपईडीह (गोंडा)।** कौड़िया की ग्राम पंचायत छितौनी आर्यनगर निवासी रमेश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि कस्बे के ही राजू पासवान ने रंजिश को लेकर दुकान पर आकर अपशब्द कहते हुए पिटाई कर दी। पुलिस ने राजू के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। (संवाद)

# चेन उड़ाने वाली दो महिलाएं गिरफ्तार

**गोंडा।** नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि विनोद कुमार सिंह निवासी माथेपुर बनकटवा देहात, थाना वजीरगंज दो दिन पहले पत्नी के साथ बाजार आए थे। यहां दो महिलाओं ने उनकी पत्नी की चेन चुरा ली थी। मामले में केस दर्ज कर आरोपी महिलाओं की तलाश की जा रही थी। मंगलवार को गुरुनानक चौक चौकी प्रभारी पिंटू यादव ने गीता देवी व गुड्डी देवी निवासी ग्राम कोहरी कोहरा, थाना गोला बाजार, गोरखपुर को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी गई सोने की चेन बरामद हुई है। (संवाद)

# चार के खिलाफ मारपीट का केस

**खरगूपुर (गोंडा)।** क्षेत्र के ग्राम विरमापुर निवासी अनोखी लाल मिश्र की पत्नी रंजना देवी (45) ने थाने में तहरीर दी है। इसमें कहा कि गांव के सूबेदार मिश्र, चिंताराम, उसकी पत्नी व रमाशंकर ने 17 अगस्त की देर रात पाइप से पानी निकालने के विवाद को लेकर उसे लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि चारों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**बभनान (गोंडा)।** प्रभारी निरीक्षक छपिया सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि जानलेवा हमले के आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी अंकित वर्मा उर्फ विक्रम पटेल निवासी तालागंज ग्रंट शेखापुर थाना छपिया को उपनिरीक्षक चंद्रशेखर प्रकाश सिंह गिरफ्तार किया है। (संवाद)

# भूमि विवाद में पिटाई का आरोप

**नवाबगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के दुल्लापुर गांव निवासी प्रिंस तिवारी ने थाने पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि नवाबगंज गिर्द के ठटिया गांव निवासी गुड्डू तिवारी उर्फ सुरेंद्र से उसका भूमि विवाद चल रहा है। आरोप है कि मंगलवार सुबह वह बाजार आ रहा था। गुड्डू उर्फ सुरेंद्र तिवारी और उनके बेटों ने रास्ते में रोककर उसे पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। प्रिंस ने बताया कि बीते शनिवार को भी गुड्डू तिवारी ने अपने परिवार के लोगों संग मिलकर उसे तथा उसके चाचा परमेश्वर तिवारी को लाठी-डंडों से पीटा था। जिसका मुकदमा थाने में दर्ज कराया गया था। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि मामले में पहले से मारपीट का मुकदमा दर्ज है। (संवाद)

# दुष्कर्म के दो आरोपियों की जमानत खारिज

**गोंडा।** बालिकाओं से दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के दो मामलों में आरोपियों का जमानत प्रार्थनापत्र न्यायालय ने खारिज कर दिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार नगर क्षेत्र की एक बालिका ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि मोहल्ला कटहरिया निवासी साहिल उसके घर आता-जाता था। 18 मई 2023 को दिन में 12 बजे भी वह आया और घर में अकेली होने का फायदा उठाकर उसने चाकू दिखाकर दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी दी।

मोतीगंज की एक महिला ने थाने में तहरीर देकर कहा कि उसकी 14 साल की बेटी अपने नाना के घर में रहती थी। चार जून 2023 को ग्राम भरोसी मौजा राजापुर निवासी सुमित उर्फ भिंडी उसे बहलाकर भगा ले गया। दोनों मामलों में पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना शुरु की तो जबरन दुष्कर्म की पुष्टि हुई। सुनवाई के दौरान अपराध की गंभीरता देखते हुए विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) मोहम्मद नियाज अहमद अंसारी ने आरोपी अभियुक्त साहिल व सुमित का जमानत प्रार्थनापत्र निरस्त कर दिया। (संवाद)

# रोडवेजकर्मियों की हड़ताल टली

## वार्ता में एसपी ने दिया मुकदमा वापसी का आश्वासन

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** रोडवेज कर्मचारियों पर दर्ज एफआईआर के विरोध में चक्काजाम करने का फैसला एसपी से कर्मचारी नेताओं की वार्ता के बाद स्थगित कर दिया गया है। कार्रवाई के विरोध में रोडवेजकर्मियों ने मंगलवार मध्यरात्रि से चक्काजाम का ऐलान किया था। मंगलवार को रोडवेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के नेताओं और एसपी के बीच वार्ता हुई। इसमें रोडवेजकर्मियों पर दर्ज मुकदमा खत्म करने व सीज बस रिलीज करने पर सहमति बनने के बाद यह निर्णय लिया गया है।

**नगर कोतवाली पुलिस ने रिलीज की रोडवेज बस**

बहराइच में 25 अगस्त को मंडलीय समीक्षा में जाते समय एसपी अंकित मित्तल रोडवेज बस स्टेशन के पास जाम में फंस गए थे। एसपी के निर्देश पर नगर कोतवाल संजय गुप्ता ने रोडवेज की एक बस को कोतवाली लाकर एमवी एक्ट में सीज कर दिया था। इससे नाराज रोडवेजकर्मियों ने बस स्टेशन तिराहे पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया था।

मामले में कोतवाली पुलिस ने जाम लगाने वाले रोडवेज के 19 कर्मचारियों को नामजद करते हुए 35 के खिलाफ केस दर्ज किया था। इसके विरोध में रोडवेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने बैठक कर मंगलवार मध्यरात्रि से चक्काजाम का ऐलान किया था।

रोडवेज के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक वित्त देवीपाटन क्षेत्र जयपाल सिंह, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक कपिलदेव, रोडवेज कर्मचारी संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष अरुणभानु तिवारी, यूपी रोडवेज इंप्लाइज यूनियन के क्षेत्रीय मंत्री आरके दूबे, रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के शाखा अध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह व यूपी रोडवेज इंप्लाइज यूनियन के शाखा अध्यक्ष उमेश कुमार ने मंगलवार को एसपी से मिलकर वार्ता की। कर्मचारी नेताओं ने एसपी से रोडवेज की सीज बस को रिलीज करने, कर्मचारियों पर दर्ज मुकदमा दस दिन के अंदर खत्म करने के साथ ही बस अड्डे से एलबीएस चौराहे, गुरुनानक चौराहे से बहराइच रोड तक निजी वाहनों के संचालन पर रोक की मांग रखी।

कर्मचारी नेताओं और एसपी की वार्ता में बनी सहमति के बाद नगर कोतवाली पुलिस ने रोडवेज बस रिलीज कर दी। कर्मचारी नेता आरके दूबे ने बताया कि एसपी ने मुकदमा खत्म कराने का आश्वासन दिया है। जिसके बाद चक्काजाम स्थगित कर दिया गया है।



गोंडा में मंगलवार को एसपी कार्यालय जाते रोडवेज कर्मचारी। संवाद

## तीसरे दिन भी पूर्व महामंत्री का अनशन जारी

**गोंडा।** सिविल बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के चुनाव की मांग को लेकर पूर्व महामंत्री विजय प्रकाश त्रिपाठी का क्रमिक अनशन तीसरे दिन भी जारी रहा। मंगलवार को अनशन पर बैठे विजय को अधिवक्ताओं ने फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। विजय ने कहा कि जब तक चुनाव की तिथि की घोषणा नहीं हो जाती तब तक अनशन जारी रहेगा। आंदोलन के लिए बनाई गई संघर्ष समिति में पूर्व महामंत्री राम आशीष त्रिपाठी, प्रदीप कुमार पांडेय व वरिष्ठ अधिवक्ता शिवकुमार त्रिपाठी भी शामिल हैं। (संवाद)

# महिला डॉक्टर से बदसलूकी में पूर्व विधायक रायचंदानी पर केस

## जिला महिला अस्पताल की ईएमओ डॉ. रश्मि शर्मा की तहरीर पर नगर कोतवाली में एफआईआर

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** जिला महिला अस्पताल की इमरजेंसी में हुए विवाद के मामले में ईएमओ डॉ. रश्मि शर्मा की तहरीर पर पूर्व विधायक तुलसीदास रायचंदानी के खिलाफ नगर कोतवाली पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। दूसरी ओर पूर्व विधायक ने डॉ. रश्मि शर्मा पर वसूली का आरोप लगाते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। इसमें डॉ. रश्मि शर्मा की बर्खास्तगी की मांग की है।

जिला महिला अस्पताल की ईएमओ डॉ. रश्मि शर्मा ने रविवार को पूर्व विधायक तुलसीदास रायचंदानी पर गाली देने व मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए नगर कोतवाली में तहरीर दी थी। जांच के बाद पुलिस ने पूर्व विधायक के खिलाफ सरकारी कर्मचारी के साथ मारपीट करने, जान-बूझकर अपमान करने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद पूर्व विधायक ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर डॉ. रश्मि शर्मा को बर्खास्त करने की मांग की।

पत्र में पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि डॉ. रश्मि शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ता शेखर सिंह से प्रसव के नाम पर पांच हजार रुपये मांगे थे। शेखर ने संबंधित डॉक्टर को एक पत्र लिखा, लेकिन उसने कार्यकर्ता के सामने ही पत्र फाड़कर फेंक दिया। वह अस्पताल पहुंचे तो ईएमओ डॉ. रश्मि शर्मा ने उनका अपमान किया। पूर्व विधायक ने डॉ. रश्मि शर्मा को बर्खास्त करने के साथ ही उनके खिलाफ मुकदमा लिखने और विधिक कार्रवाई की मांग की है।

### तुलसीदास रायचंदानी ने भी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मुख्यमंत्री को भेजा शिकायती पत्र




डॉ. रश्मि शर्मा व पूर्व विधायक तुलसीदास रायचंदानी। संवाद

### डॉक्टर के पक्ष में उतरेगा पीएमएस

**डॉक्टर** व पूर्व विधायक के बीच हुए विवाद के मामले में प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ डॉ. रश्मि शर्मा के पक्ष में आ गया है। संघ के पदाधिकारी व एसीएमओ डॉ. जयगोविंद ने बताया कि डॉक्टर के साथ गाली-गलौज करना व मारने की धमकी देना निंदनीय है। प्रारंभिक जांच में यदि मामला सही निकला तो डॉक्टरों का संघ मोर्चा खोलेगा। किसी जनप्रतिनिधि को अपमान करने का अधिकार नहीं है।

### मुफ्त हुआ पूरा इलाज, किसी ने नहीं मांगे पैसे

" इस प्रकरण में डॉ. रश्मि शर्मा की कोई गलती नहीं है। उन्होंने शासन द्वारा तय मानक के अनुरूप प्राइवेट वार्ड के चार्ज की समाप्ति को अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर बताया था। जिस महिला मरीज का मामला है, उसका इलाज पूरी तरफ से मुफ्त किया गया। कहीं किसी ने एक रुपये की मांग नहीं की। बल्कि समर्थकों संग पूर्व विधायक ने लेबर रूम में जाकर चिकित्सकीय मानक का उल्लंघन किया है।

**- डॉ. शालू महेश,** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला महिला अस्पताल

### सीएमओ कार्यालय पहुंचे भाजपाई, तीसरे दिन की शिकायत

**पूर्व** विधायक पर मुकदमा दर्ज होने के बाद रुद्रपुर विसेन निवासी शेखर सिंह ने मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सीएमओ कार्यालय जाकर डॉ. रश्मि शर्मा की शिकायत की। आरोप लगाया कि डॉ. रश्मि शर्मा ने सकुशल प्रसव कराने के लिए उनसे पांच हजार रुपये की मांग की थी। इस दौरान विष्णु प्रताप नारायण सिंह, राजेश तिवारी व अन्य भाजपाई मौजूद रहे।

### परेशान किया तो छोड़ दूंगी नौकरी : डॉ. रश्मि

**जिला** महिला अस्पताल की ईएमओ डॉ. रश्मि शर्मा ने कहा कि मुझे गाली देकर अपमानित किया गया, जिसका मेरे पास पूरा साक्ष्य है। शिकायत करने के बाद समझौता करने के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा था। अब तीन दिन बाद नया आरोप लगाया जा रहा है। दूसरे प्रदेश से आकर यहां नौकरी कर रही हूं। अगर ज्यादा परेशान किया गया तो नौकरी छोड़ दूंगी। डॉ. रश्मि शर्मा ने कहा- विभागीय अधिकारी भी समझौता करने का दबाव बना रहे हैं। मार गाली सहकर नौकरी नहीं कर सकती।

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-30-08-2023

# आज जिले में आ सकते हैं सीएम

बलरामपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को बलरामपुर में आ सकते हैं। सीएम योगी के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासनिक अमला मंगलवार देर शाम तक तैयारियों में जुटा रहा। माना जा रहा है कि सीएम योगी शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पर आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। साथ ही वह कई विकास कार्यों की समीक्षा भी कर सकते हैं। हॉलकि मुख्यमंत्री का कोई अधिकृत कार्यक्रम बलरामपुर में देर शाम तक नहीं पहुंचा था।

अपर जिलाधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां की गई हैं। ऐसा माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री जिले में आ सकते हैं। मंगलवार शाम को शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर तुलसीपुर में भी अधिकारियों की चहलकदमी बढ़ गई थी। मंदिर व पुलिस तथा प्रशासन के लोग मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर आपस में सामंजस्य बैठा रहे थे।

# ग्रामसभा की जमीन से पेड़ काटने पर पांच पर केस

महराजगंज तराई। ग्राम पंचायत महादेव गोंसाई के मुजरा रामस्वरूप पुरवा में पानी की जमीन प कीमती खैर का पेड़ काट रहे पांच लोगों के खिलाफ क्षेत्रीय लेखपाल ने स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। लेखपाल राजीव यादव ने इस बारे में बताय ग्राम समाज की जमीन पर पेड़ काटने की सूचन मिली थी।

मौके पर पहुंचने पर लकड़कट्टे लकड़ी छोड़क भाग गए। जिसके बाद रामबरन, कृष्ण कुमार, मात प्रसाद, श्यामू व भोला निवासीगण रामस्वरूप पुरव के खिलाफ थाने तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराय गया है। थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदम पंजीकृत किया गया है। आरोपियों की तलाश की ज रही है।

# जच्चा ब बच्चा की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा

सादुल्लाह नगर, संवाददाता। सादुल्लाह नगर के मनकापुर रोड पर संचालित एचएफ हेल्थ केयर हॉस्पिटल में जच्चा बच्चा की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा काटा।

स्थानीय क्षेत्र के ग्राम मनवागढ़ निवासी चांदनी पत्नी कौशल को परिजनों ने डिलीवरी के लिए एचएफ हॉस्पिटल में 27 अगस्त को भर्ती करवाया था। चांदनी ने 28 अगस्त को एक बच्ची को जन्म दिया, जिसके थोड़ी देर बाद नवजात शिशु की मौत हो गई। इस पर परिजनों ने चिकित्सकों की लापरवाही बताते हुए आक्रोश जताया, लेकिन कुछ देर बाद जब चांदनी की भी मौत हो गई तो परिजनों ने अस्पताल कर्मियों पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप है कि अप्रशिक्षित चिकित्सकों की लापरवाही के चलते जच्चा व बच्चा दोनो की मौत हुई है। एचएफ हेल्थ केयर हॉस्पिटल सहित क्षेत्र में संचालित निजी हास्पिटल में सब आयुष चिकित्सक तैनात हैं।

# अवैध वाहनों पर रोक लगाने की मांग

उतरौला। उतरौला विकास मंच के अध्यक्ष आदिल हुसैन ने बाजार में बढ़ रहे अवैध वाहनों के संचालन पर रोक लगाने की मांग की है। कहा है कि सुबह से शाम तक भारी वाहनों का आवागमन बना रहता है जिससे जाम की समस्या उत्पन्न होती है। नगर क्षेत्र में बड़े वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने की मांग की है।

# वारंटियों को पकड़ा

बलरामपुर : थाना हरैया, तुलसीपुर, गौरा चौराहा व सादुल्लाहनगर की पुलिस ने तीन वारंटियों को दबोच लिया है।हरैया थाना में कस्बा गुगौली निवासी पिंटू कौशल को गिरफ्तार कर अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायालय भेजा गया। थाना सादुल्लाहनगर में गोकुला बुजुर्ग निवासी राजेश को गिरफ्तार किया गया है। थाना तुलसीपुर में पिपरहवा विशुनुपर निवासी बरैय्या उर्फ अबू सहमा को गिरफ्तार किया है। गौरा चौराहा में हरहटा निवासी डिप्टी को गिरफ्तार किया है। (संसू)

# वांछित को भेजा जेल

बलरामपुर : भैंस की चोरी करने वाले वांछित को देहात कोतवाली की पुलिस ने जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना महराजगंज तराई के ग्राम रामस्वरूपपुरवा महादेव गोंसाई निवासी रामजी वर्मा को सिसईघाट रेलवे ब्रिज के पास गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से दो भैंस बरामद की गई है। (संसू)

# चोरी का आरोपित गिरफ्तार

तुलसीपुर : बाइक चोरी के आरोपित को तुलसीपुर थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गदुरहवा निवासी इबरार को चोरी की बाइक के साथ थान तुलसीपुर के सिकटिहवा के पास से गिरफ्तार किया गया है। (संसू)

# 76 छुट्टा मवेशियों को पकड़ा

बलरामपुर। नगर के मुख्य मार्गों व चौराहे पर मौजूद छुट्टा मवेशियों को पकड़ने का अभियान चल रहा है। अब तक 76 छुट्टा मवेशियों को गोआश्रय केंद्र भेजा जा चुका है। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी राजमणि वर्मा ने बताया कि नगर के बहराइच, तुलसीपुर, उतरौला, गोंडा रोड व सभी चौराहों पर घूम रहे छुट्टा मवेशियों को पकड़ कर गोआश्रय केंद्र भेजने का अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार तक 76 मवेशियों को पकड़कर बहराइच रोड स्थित सेवक रामपुरवा ग्राम में पालिका से संचालित गोआश्रय केंद्र पहुंचाया जा चुका है। सभी पशुपालकों को अपने-अपने मवेशियों को बांधकर रखने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान नगर पालिका के सुरेश कुमार गुप्ता, बृजेश पाल व अनवर अहमद सहित कई कर्मचारी अभियान में लगे हैं। (संवाद)

# परेड का किया निरीक्षण

बलरामपुर : शारीरिक व मानसिक रूप से जवानों को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन दौड़ लगाने का सुझाव क्षेत्राधिकारी लाइन राधारमण सिंह दिया है। शस्त्रों का अभ्यास कराया गया। बैरक व भोजनालय का निरीक्षण करके साफ-सफाई रखने का निर्देश दिय गया। प्रतिसार निरीक्षक किशन लाल गौतम मौजूद रहे। (संसू)

## मोटर साइकिल के साथ चोर गिरफ्तार

बलरामपुर। तुलसीपुर थाने की पुलिस ने चोरी की मोटर साइकिल सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस ने कोतवाली नगर के मोहल्ला गदुरहवा निवासी इबरार को सिकटिहवा गांव के पास से गिरफ्तार किया है। उसे जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

# नशामुक्ति केंद्र के नाम पर अनुदान हड़पने की साजिश पर फिरा पानी

## जिला स्तरीय टीम सत्यापन में जुटी, कई की खुली पोल

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। नशामुक्ति केंद्र का संचालन दिखाकर केंद्र सरकार से अनुदान हड़पने के लिए स्वयं सेवी संस्थाओं के खेल से पर्दा उठने लगा है। 12 संस्थाओं ने अनुदान के लिए दावा पेश किया था।

सत्यापन शुरू हुआ तो कई संस्थाओं का केंद्र ही नहीं मिला। सिर्फ किरायेनामे के आधार पर संस्थाओं ने केंद्र संचालित दिखाया। सत्यापन में किराए पर देने वाले मकान मालिक ही अब मुकर रहे हैं। इससे प्रशासन ने और गहराई से जांच कराने की रणनीति तैयार की है।

केंद्र सरकार समाज को नशामुक्त बनाने का अभियान चलाती है। इसी के तहत उन संस्थाओं को प्रोत्साहित भी किया जाता है, जो समाज में नशामुक्ति के लिए कार्य करती हैं।

इसी का लाभ उठाकर कई संस्थाएं अनुदान हड़पने का दांवपेच चलाती हैं। जिले में भी शहर के साथ तहसीलों में नशामुक्ति केंद्र दिखाकर अनुदान के लिए आवेदन किया गया। जिलाधिकारी ने आवेदनों के दावों

### बिना मानक पूरे किए ही संस्थाओं ने तैयार किया प्रस्ताव, अब काट रहे कन्नी

### जारी है सत्यापन कार्य

> नशामुक्ति केंद्र के लिए आए आवेदनों का सत्यापन किया जा रहा है। इसके लिए बाकायदा अधिकारियों की टीम है। संस्थाओं के दावों की पड़ताल कराई जा रही है।
>
> **- एमपी सिंह**, जिला समाज कल्याण अधिकारी

की पड़ताल के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी के साथ एसडीएम को भी जिम्मेदारी दी।

शहर में एक निजी नर्सिंग होम के बाहर एक संस्था ने नशामुक्ति केंद्र का बोर्ड लगाया। जब सत्यापन करने अधिकारी गए तो नर्सिंग होम का संचालक मुकर गया। उसने बाकायदा लिखित में दिया कि उनके नर्सिंग होम के बाहर पता नहीं कब संस्था ने बोर्ड लगा दिया। इसी तरह तहसील स्तर के कई केंद्रों की जांच में किराए के मकान में नशामुक्ति संचालित किए जाने के दावों की पोल खुली।

# गरीबों को मिलेगा सस्ता न्याय

उतरौला। बार व बेंच में समन्वय स्थापित कर गरीबों को सस्ता व सुलभ न्याय मिलेगा। साथ ही न्यायालयों पर बढ़ रहे मुकदमों से राहत भी मिलेगी। यह बाते मंगलवार को तहसील सभागार में अधिवक्ताओं को सम्बोधित करते हुए तहसीलदार उतरौला शैलेन्द्र सिंह ने कही। तहसीलदार शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि अधिवक्ता समाज का दर्पण है। अधिवक्ताओं के सहयोग के बिना न्यायिक कार्य सम्भव नहीं है।

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-30-08-2023

हिन्दुस्तान

# बालक से छेड़छाड़ मामले में पांच वर्ष का सश्रम कारावास

- न्यायालय ने दोषसिद्ध अभियुक्त पर ठोंका पचास हजार का जुर्माना
- अदा न करने पर पांच वर्ष का सश्रम कारावास

बहराइच, संवाददाता। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट के जज वरुण मोहित निगम ने बालक से छेड़छाड़, पाक्सो एक्ट में आरोपी को दोषी सिद्ध पाए जाने पर पांच वर्ष का सश्रम कारावास व पचास हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। जुर्माना अदा न करने पर पांच माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

यह प्रकरण देहात कोतवाली के एक मोहल्ले का है। एक परिवार किराए के मकान में रहता था। इस परिवार के आठ वर्षीय बालक को कार चालक ट्यूशन आदि को ले जाता था। चालक नगर कोतवाली के धनकुट्टीपुरा निवासी अजय कुमार श्रीवास्तव पुत्र उमेश चंद्र श्रीवास्तव बालक को अश्लील वीडियो दिखाकर अकेले में प्राइवेट पार्ट पर हाथ फेरवाना आदि गलत कार्य करता था। परिजनों को इसकी भनक मार्च 2020 को हुई, तो उन्होंने तत्काल चालक को नौकरी से निकाल दिया। इन हरकतों से बालक मानसिक व शारीरिक रूप से प्रभावित होकर उसकी हालत विक्षिप्तता जैसी हो गई। जिला शासकीय अधिवक्ता पाक्सो एक्ट संत प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़ित बालक की मां ने इसकी शिकायत 12 अक्तूबर 2020 को एसपी के यहां की। एसपी के निर्देश पर देहात कोतवाली में छेड़छाड़ व पाक्सो एक्ट में केस दर्ज किया गया। इस मामले मे उपनिरीक्षक ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। पीड़ित बालक के कोर्ट में बयान दर्ज कराए। तहकीकात के बाद कोर्ट में चार्ज शीट दाखिल की।

हिन्दु

# महिलाओं को जागरूक किया

कैसरगंज। कैसरगंज पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत राजकीय बालिका इन्टर कालेज में शिविर लगाकर कालेज की छात्राओं व महिलाओं को अपराध और अपराधियों के बारे में जागरूक किया।

प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह के नेतृत्व में महिला आरक्षी ने हो रहे अपराध से बचाने और रोकथाम के लिए जागरूक किया।

# गुमशुदा किशोर को परिजनों का सौंपा

महसी (बहराइच)। फखरपुर थाना क्षेत्र निवासी एक किशोर दो दिन पूर्व घर से निकला था और लापता हो गया था। मंगलवार को पुलिस ने उसे तलाश कर परिजनों को सौंप दिया है। फखरपुर थाना क्षेत्र के विजौव्वापुर ग्राम पंचायत के मजरा मौलापुरवा निवासी सलीम का बेटा नसीम (15) दो दिन पूर्व लापता हो गया था। मंगलवार को परिजनों ने बौडी थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई। पुलिस ने कुछ ही घंटों में नसीम को जैता बाजार से तलाश कर परिजनों का सौंप दिया। पिता सलीम ने बताया कि नसीम मानसिक विक्षिप्त है। -संवाद

# लापता किशोर को पुलिस ने किया बरामद

संसू, बौंडी (बहराइच) : फखरपुर के बिजौव्वापुर ग्राम पंचायत के मौलापुरवा गांव निवासी सलीम ने मंगलवार को बौंडी थाने में अपने 15 वर्षीय बेटे नसीम के दो दिन पूर्व इलाके के खैराबाजार से लापता होने की सूचना दी।

एसओ अंजनी कुमार राय ने पुलिस टीम गठित कर गुमशुदा किशोर की तलाश में भेजा। चार घंटे बाद पुलिस ने नसीम को जैतापुर कस्बे से बरामद कर सूचना एसओ को दी। पुलिस ने बरामद किशोर को उसके पिता के सिपुर्द कर दिया। बरामदगी टीम में एसआइ जितेश कुमार सिंह, आरक्षी अब्दुल सत्तार, प्रतीक वर्मा, प्रदीप यादव, राहुल सिंह आदि शामिल रहे।

# दो के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस

**विशेश्वरगंज (बहराइच)।** थाना क्षेत्र निवासी एक युवक का शव बीते 25 अगस्त को नहर में उतराता मिला था। प्रकरण में मृतक की पत्नी ने दो लोगों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र निवासी मृतक जोखु पुत्र रामशब्द (40) की पत्नी रामवती ने तहरीर में बताया कि उसके पति ने पड़ोसी गांव महादेव परसिया निवासी जोखू पठान पुत्र हाफिज उल्ला से 10 हजार रुपए उधार लिए थे।

बीती 22 अगस्त को जोखू पठान शाम को पैसा मांगने घर आया था। पैसा न दे पाने पर पति के साथ गाली गलौज की थी और दरवाजे पर खड़ी बाइक उठा ले गया था। बाइक लेने के लिए पति जोखू भी पीछे-पीछे गया था। जहां ददुदन साई व जोखू पठान ने जान माल की धमकी देते हुए उसे भगा दिया। इसके बाद से उसका पति घर वापस नहीं लौटा। 25 अगस्त को उनका शव सरयू नहर में उतराता मिला। रामवती ने आरोप लगाया कि दोनों की प्रताड़ना से तंग आकर ही उसके पति ने आत्महत्या की। थानाध्यक्ष अनुज त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। (संवाद)

# चोरी की बाइक के साथ चोर पकड़ा

रुपईडीहा (बहराइच)। थाना क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व चोरी हुई एक बाइक को पुलिस ने बरामद कर लिया है। रुपईडीहा थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र निवासी एक युवक की बाइक चोरी हो गई थी। जिसके बाद मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही थी। मंगलवार को पुलिस ने सीतापुरवा से नेपाल जाने वाले मार्ग पर दबिश देकर चोरी की बाइक समेत चोर को दबोच लिया। चोर की पहचान सीतापुरवा के मजरा सहजना निवासी गफ्फार के रूप में हुई है। -संवाद

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-30-08-2023

## 34 वाहनों का पुलिस ने किया चालान

श्रावस्ती। पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों के अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर वाहनों की चेकिंग की। चेकिंग के दौरान वाहनों के कागजात, हेलमेट, सीटबेल्ट, तीन सवारी आदि की जांच की गई। जिसमें 34 वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए गए। सभी वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम में ई-चालान कर वाहन स्वामियों पर 47 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## कच्ची शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने कच्ची शराब बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। सोमवार शाम को मल्हीपुर थाने की पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। बरामद शराब को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान अंबर लाल पुत्र दिल्ले निवासी मोहनपुर भरथा थाना मल्हीपुर के रूप में हुई।

## चाकू के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। अपराध नियंत्राण के लिए अपराधियों के विरुद्ध पुलिस की ओर से धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस ने चाकू के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। सोमवार शाम को कोतवाली भिनगा की पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से एक अदद अवैध चाकू बरामद किया। बरामद चाकू को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान नारायण वर्मा पुत्र कोयले निवासी पतिझिया कोतवाली भिनगा के रूप में हुई।

## एएसपी ने किया परेड का निरीक्षण

श्रावस्ती। अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। इसके बाद परेडों को दौड़ लगवाई गई। साथ ही टोलीवार ड्रिल करवाया गया। इसके बाद एएसपी ने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्वार्टर गार्ड, जीडी कार्यालय, कैश
शस्त्रागार, परिवहन शाखा, डीसीआर शाखा, मालखाना स्टोर आदि क
लिया। साथ ही आवश्यक निर्देश दिया। आदेश कक्ष में गार्द रजिस्टरों
किया तथा सुरक्षा ड्यूटी के संबंध में सभी गार्द कमांडरों को आदेश दि

# लालच में आकर साझा न करें व्यक्तिगत सूचनाएं

संसू,कटरा( श्रावस्ती) : जेतवन इंटर कालेज में साइबर अपराध रोकने के लिए जागरूकता गोष्ठी हुई। पुलिस चौकी प्रभारी ने छात्रों को साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए। लालच में फंस कर निजी सूचनाएं किसी से साझा न करने की सलाह दी।

जेतवन पुलिस चौकी प्रभारी शशी शेखर जरोरा ने कहा कि साइबर अपराध करने के लिए कई तरीके अपनाए जा रहे हैं। इंटरनेट पर कई तरह के फ्राड हो रहे हैं। लोगों को बताया जाता है कि इस लिंक से यह काम करेंगे तो अधिक लाभ मिलेगा। कुछ ऐसे लिंक हैं जिस पर क्लिक करने पर फायदे का लालच दिखाया जाता है। इंटरनेट से किसी भी प्रकार के डाटा को छेड़छाड़ करने के लिए साइबर अपराधी की ओर से फोन किया जाता है। इसके बाद तमाम प्रकार की सूचनाएं मांगी जाती हैं। ऐसे फोन या एसएमएस आते हैं तो जवाब न दें। साइबर अपराध अधिकतर ई-मेल के माध्यम से किया जाता है। टेक्स्ट मैसेज के द्वारा भी किया जाता है। ऐसे ई-मेल को पढ़ने के बाद लिंक पर क्लिक करते हैं तो उससे ठगी का शिकार हो सकते हैं।



जेतवन इंटर कालेज में छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव के बारे में बताते जेतवन पुलिस चौकी प्रभारी शशी शेखर जरोरा ( दाएं ) ● जागरण

● पुलिस चौकी प्रभारी शशी शेखर जरोरा ने छात्र-छात्राओं को बताए कानून, किया सजग

प्रधानाचार्य पवन कुमार सिंह बौद्ध ने कहा कि साइबर ठगी होने की स्थिति में तुरंत 1930 नंबर पर फोन कर सूचना दें। शिकायत दर्ज करने के बाद पैसे वापस मिलने की संभावना काफी बढ़ जाती है। गृह मंत्रालय के साइबर क्राइम पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराएं। इसके तुरंत बाद अपने बैंक को पूरी घटना के बारे में जानकारी दें। अपने साथ हुई ठगी की शिकायत नजदीकी पुलिस थाने में जाकर दर्ज करानी चाहिए।

# रैतिक परेड का निरीक्षण

**श्रावस्ती।** रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा में मंगलवार को एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने रैतिक परेड की सलामी ली। उन्होंने शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई। अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोली वार ड्रिल करवाया। इसके बाद उन्होंने शस्त्रों सहित यूपी 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर मिली खामियों को दूर करने के लिए प्रभारी यूपी 112 को निर्देशित किया। क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा का निरीक्षण किया। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक मौजूद रहे। संवाद

# एसपी ने की शिकायतों की सुनवाई

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को एसपी प्राची सिंह ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान 15 फरियादियों ने अपनी परेशानी एसपी के समक्ष बताई। इसमें चार मामले भूमि विवाद, छह पारिवारिक विवाद व पांच अन्य विवाद से संबंधित थे। एसपी ने संबंधित थाना व चौकी प्रभारियों को फोन कर शिकायतों का समयबद्ध स्तर पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया। संवाद

# बनकटी गांव में लगी चौपाल

श्रावस्ती। ऑपरेशन कवच अभियान के तहत सिरसिया पुलिस ने नेपाल सीमा से सटे बनकटी गांव में चौपाल लगाया। जहं ग्राम प्रधान, ग्राम प्रहरी सहित ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों से मूलभूत जानकारी लिया। इसके बाद गांव में पैदल गस्त कर धार्मिक स्थलों, छोटे बड़े मार्गों व पगडंडियों की जानकारी लेने के साथ ही ड्रोन से गांव का फोटो भी लिया। इस दौरान थाना प्रभारी सहित सभी संबंधित मौजूद रहे। संवाद

# कच्ची शराब के साथ दबोचा

तुलसीपुर (श्रावस्ती)। मल्हीपुर पुलिस ने सोमवार रात गश्त के दौरान मोहनपुर भरथा निवासी अंबर लाल को दस लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की है। (संवाद)

# महिलाओं को किया जागरूक

**श्रावस्ती।** महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा से उन्हें जागरूक करने के लिए जिले में मिशन शक्ति व ऑपरेशन डिकॉय अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार को टीम की ओर से स्कूलों व विभिन्न बाजारों में जाकर महिलाओं व बच्चियों को जागरूक किया गया। शक्ति मोबाइल टीम की ओर से मंगलवार को सिरसिया के पंडित ब्रह्मदत्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चैलाही व इकौना के जगतजीत इंटर कॉलेज में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिलाओं व युवतियों को पावर लाइन 1090 सहित अन्य टोल फ्री नंबरों के बारे में जानकारी दी गई। संवाद

# सड़क हादसे रोकने के लिए चिह्नित होंगे ब्लैक स्पाट

## डीएम की अध्यक्षता में हुई सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** सड़क हादसे रोकने के लिए जल्दी नए सिरे से ब्लैक स्पाट चिह्नित किए जाएंगे। यह फैसला मंगलवार को डीएम कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में हुआ। डीएम ने मार्ग दुर्घटना वाले ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करने के साथ ही कम उम्र के बच्चों के वाहन चलाने पर प्रभावी स्तर से रोक लगाने का निर्देश भी पुलिस व परिवहन विभाग के जिम्मेदारों को दिया।

यातायात सुरक्षा सप्ताह संचालित होने के बाद भी जिले में सड़क हादसे कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। बीते तीन माह के दौरान केवल संयुक्त जिला चिकित्सालय में ही सड़क दुर्घटनाओं में घायल हुए 161 लोग इलाज के लिए भर्ती हुए हैं। इसी प्रकार सिलौला सीएचसी में अप्रैल से लेकर अब तक कुल 89 व मल्हीपुर में 57 लोग सड़क हादसों में घायल होकर अस्पताल पहुंचे। इसमें से कई की इलाज के दौरान मौत भी हो गई। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में इस पर गंभीर चिंता जताई गई।



कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्देश देतीं डीएम। -संवाद

### शासी निकाय की बैठक संपन्न

**श्रावस्ती।** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार डीएम कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में शासी निकाय (आत्मा) की बैठक हुई। इसमें वर्तमान वित्तीय वर्ष में कराए जाने वाले कार्यों के प्रस्ताव को अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया। इस दौरान डीएम ने कृषक उत्पादक संगठन के उत्पाद को उचित मूल्य पर निर्यात के लिए बढ़ावा देने तथा कृषक उत्पादक संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने के लिए मासिक बैठक करने का निर्देश दिया। उप कृषि निदेशक कमल कटियार ने आत्मा योजना के तहत आयोजित होने वाले कृषि मेले, फसल प्रदर्शन, कृषक प्रशिक्षण, प्रचार के बारे में जानकारी दी। -संवाद

बैठक में दुर्घटना आशंकित ब्लैक स्पाट क्षेत्रों को नए सिरे से चिह्नित किए जाने के साथ ही शहर के प्रमुख मार्ग पर सड़क सुरक्षा से जुड़े संकेतक लगवाने, स्पीड ब्रेकर बनवाने, रिफ्लेक्टिंग, रम्बलिंग स्ट्रिप बनाने तथा मार्गों के मोड़ पर डिवाइडर व सड़क के किनारे पेड़ों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने का निर्देश भी संबंधित विभाग को दिया गया।